Email ID : pmcpd2020@gmail.com, pmcpd2003@gmail.com

सफलतम 256वाँ अंक

# अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी

वर्ष : 22 अंक : 4 नवम्बर, 2021

**भारतीय तटरक्षक का जहाज 'सार्थक' राष्ट्र को समर्पित** : राष्ट्र की समुद्री सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए स्वदेशी रूप से निर्मित भारतीय तटरक्षक के समुद्र तटीय गश्त पोत (ओपीवी) 'सार्थक' को भारतीय तटरक्षक के महानिदेशक के. नटराजन द्वारा 28 अक्टूबर, 2021 को गोवा में कमीशन कर, राष्ट्र को समर्पित किया गया।

2,450 टन ढोने वाला 105 मीटर लम्बा यह जहाज दो (9,100 किलोवाट) डीजल इंजन द्वारा संचालित है जिसे 26 समुद्री मील की अधिकतम गति प्राप्त करने के लिए डिज़ाइन किया गया है ।





'आईसीजीएस सार्थक' गुजरात के पोरबंदर में स्थित रहेगा और कमांडर, तटरक्षक क्षेत्र (उत्तर-पश्चिम) के संचालन और प्रशासनिक नियंत्रण के तहत् भारत के पश्चिमी समुद्र तट से संचालित होगा।

'आईसीजीएस सार्थक' गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा भारतीय तटरक्षक के लिए बनाए जा रहे पाँच ओपीवी की शृंखला में चौथा है। ये ओपीवी बहु-मिशन प्लेटफॉर्म हैं, जो समवर्ती संचालन करने में सक्षम हैं।

यह जहाज अत्याधुनिक उपकरणों, मशीनरी, सेंसर और हथियारों से सुसज्जित है जो इसे एक कमांड प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाते हैं तथा खोजबीन और बचाव, समुद्री अपराधों का मुकाबला करने और समुद्री संरक्षण व सुरक्षा सहित तटरक्षक चार्टर के अनिवार्य कर्तव्यों को निभाने में सक्षम बनाते हैं।

भारतीय तटरक्षक स्वदेशी प्लेटफॉर्मों को शामिल करने में अग्रणी है और आईसीजीएस सार्थक 'आत्म-निर्भर भारत' का एक ज्वलंत उदाहरण है ।

## आपके इस अंक में


| | |
|---|---|
| मासिक घटनाओं का सार संग्रह : स्मरणीय तथ्य | 5 |
| अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य | 6 |
| राष्ट्रीय परिदृश्य | 15 |
| अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी | 21 |
| आर्थिक परिदृश्य | 23 |
| प्रादेशिक परिदृश्य | 29 |
| पुरस्कार एवं सम्मान | 37 |
| खेल परिदृश्य | 42 |
| अद्यतन सामान्य ज्ञान | 48 |
| विगत परीक्षाओं में आए करेन्ट अफेयर्स पर आधारित प्रश्न | 61 |
| कौन, क्या है? | 65 |
| सम-सामयिक घटनाओं पर आधारित : नवीनतम वस्तुनिष्ठ प्रश्न | 66 |



सम्पादक
**एल.सी. गुप्ता**

**सम्पादकीय कार्यालय**
पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स
गंगा मन्दिर भरतपुर (राज.)
Mob. 8104919720

**इस अंक का मूल्य** : 15/-
**वार्षिक सदस्यता शुल्क** : 180/-
**सदस्यता शुल्क**: पत्रिका के सदस्यता शुल्क हेतु (केवल) इलेक्ट्रॉनिक मनीऑर्डर या इंस्टेंट मनीऑर्डर या पेटीएम द्वारा 'अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी' (Antarrashtriya Chronology) के नाम **'पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, गंगा मन्दिर, भरतपुर (राज.) 321001'** के पते पर भेजें।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक एल.सी. गुप्ता के लिए विकास ऑफसेट, एफ-74, हीरावाला इण्डस्ट्रीज एरिया, कानोता, जयपुर से मुद्रित तथा पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, गंगा मन्दिर से प्रकाशित।
**सम्पादक : एल.सी. गुप्ता**


अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी में प्रकाशित किसी भी सामग्री अथवा चित्र के लिए सम्पादक की सहमति होना आवश्यक नहीं है। इस पत्रिका में प्रकाशित सूचनाएँ, समाचार, ज्ञान एवं तथ्य पूरी तरह से सत्यापित किए गए हैं। यदि कोई जानकारी या तथ्य गलत प्रकाशित हो गया है तो प्रकाशक, सम्पादक या मुद्रक, उससे किसी व्यक्ति-विशेष को पहुँची क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं है।

# स्व चिंतन ...

एक प्राचीन दंतकथा है– एक तत्वज्ञानी ने अपनी पत्नी से कहा 'काम समेट लो और कुटी के अन्दर आकर पट बन्द कर लो, संध्या आने वाली है।' एक शेर जो उस तत्वज्ञानी की कुटी के बाहर छिपा बैठा था, उसने यह बात सुनी तो सोचने लगा कि यह संध्या कौन है जिससे यह तत्वज्ञानी भी भयभीत है। शेर सोचने लगा कि निश्चित ही संध्या कोई महाशक्ति है, जिसके डर से निर्भय होकर रहने वाला यह तत्वज्ञानी भी सारा काम समेटकर कुटी में छिपकर बैठने के लिए कह रहा है। संध्या जैसी महाशक्ति से खुद को बचाने के लिए शेर ने स्वयं को कुटी के पास ही झाड़ियों में छुपा लिया। उधर एक धोबी घाट पर फैले कपड़ों को समेटकर चलने को हुआ तो उसने देखा कि उसका गधा वहाँ नहीं है। अपने गधे को ढूँढ़ता हुआ धोबी जब तत्वज्ञानी की कुटी के पास आया, तो उसने झाड़ियों में छुपे शेर को देखा, लेकिन अंधेरे में वह उसे पहचान नहीं सका, उसे लगा कि यह उसका गधा है, जो काम से बचकर यहाँ आकर छुप गया है। धोबी शेर को कान पकड़कर ले आया और उस पर कपड़ों का गट्ठर रखकर उसे पीटते हुए घर चल दिया। रास्ते में शेर को एक दूसरा शेर मिला तो उस शेर की दशा देखकर उससे पूछा कि उसकी यह दशा कैसे हो गई, तो पहले वाले शेर ने कहा कि मित्र मैं महाशक्ति के चंगुल में फँस गया हूँ, यह बहुत बुरी तरह पीटती है और इतना भारी बोझ उठवाती है।

यह भ्रम का भय ही था जिसने शेर को गधा बना दिया। अक्सर व्यक्ति जब अपनी शक्ति को न पहचानकर अनर्गल विचारों में खोकर भ्रम में फँस जाता है तो ऐसा ही होता है। हम अपनी शक्तियों को दूसरों की तुलना में कम आँकते है, किसी कार्य या परीक्षा के लिए स्वयं को कम योग्य समझते हैं और यह मान लेते हैं फलां काम तो हम कर ही नहीं सकते। ऐसे भ्रमित विचारों के भँवर में फँसकर हम हतोत्साहित होकर बैठ जाते हैं। स्वयं को कमतर आँकने की हमारी यह भ्रमित प्रवृत्ति शनैः शनैः हमें नकारा बना देती है, इसका परिणाम यह होता है कि जिस मुकाम को हम पा सकते थे, जो लक्ष्य हमारे प्रयासों की परिधि में थे, हम उनसे कोसों दूर हो जोते हैं और अंततः ऐसी स्थिति में पहुँच जाते हैं जहाँ पर होने की न तो कभी हमने आकांक्षा की थी न ही हम उसके योग्य थे।

कुछ व्यक्ति सोचते हैं कि मैं शारीरिक रूप से कमजोर हूँ अतः मैं श्रमसाध्य कार्य करने में अक्षम हूँ, ऐसे ही कुछ परीक्षार्थियों में यह धारणा बन जाती है कि वह विषय विशेष में कमजोर है और सम्बन्धित विषय में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकते हैं। ऐसी मिथ्या मान्यताएँ उनके प्रदर्शन को प्रभावित अवश्य करती हैं, जबकि उनके मन में यह भी होता है कि यह कोई सार्वभौमिक सत्य नहीं है, यदि प्रयास करेंगे तो यह भी सम्भव है। ऐसा हम सोचते तो हैं किन्तु इसे अपनी धारणा नहीं बना पाते क्योंकि भ्रामक व अनर्गल मान्यताएँ व विचार जितनी शीघ्रता से मस्तिष्क में स्थापित हो जाते हैं, सकारात्मक विचारों को धारणारूप में जड़ जमाने में उतना ही अधिक समय लगता है।

अतः यह आवश्यक है कि भ्रम से प्रारम्भ होकर धारणा में बदल चुकी अपनी इस मानसिक स्थिति से स्वयं को बाहर निकालें, स्वयं की क्षमताओं का सही-सही आंकलन करें, अपनी आन्तरिक शक्तियों को पहचानें और उस लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाएँ जिसको पाने की इच्छा आपके मन में हिलोरें लेती है और जिसको पाने के आप योग्य हैं। यह समझ लीजिए कि ये आपके विचार ही हैं जो आपके कर्म की गति, शक्ति और दिशा का निर्धारण करते हैं।

यह सब कहने में जितना आसान लगता है वास्तविकता में यह उतना आसान है नहीं। पहले तो भ्रमित मस्तिष्क से अपनी क्षमताओं का साक्षात्कार करना आसान नहीं है, अपनी सुप्त शक्तियों को पुनः जाग्रत कर कार्यशील बनाना तो और भी दुष्कर है। लेकिन यह असम्भव भी नहीं है, विश्वास के साथ निरन्तर प्रयास व प्रयोग करने से आप अवश्य ही ऐसा कर पाएँगे।

अस्तु निश्चित ही अपना आत्मावलोकन करना आवश्यक है, अपनी क्षमताओं व शक्तियों से स्वयं को अवगत कराना आवश्यक है, इसके साथ यह भी आवश्यक है कि हम अपनी उन छुपी हुई क्षमताओं पर विश्वास करें, उन्हें परिमार्जित करें तथा उन्हें कुशलतापूर्वक कार्यरूप दें। आप जैसा सोचगें वैसे ही आपके कर्म होंगे और जैसे आपके कर्म होंगे वैसे ही परिणाम आपके सामने साकार होंगे।

अंततः युग प्रवर्तक स्वामी विवेकानन्द के विचारों के इस मर्म को सदैव स्मरण रखिए कि ईश्वर ने हम सभी को समान मस्तिष्क के साथ जन्म दिया है किन्तु हम उतने ही सफल और महान् बन पाते हैं जितना हम अपनी शक्तियों को पहचानकर उनका विकास कर पाते हैं।

## आगामी प्रतियोगी परीक्षाएँ

- **11 व 15 नवम्बर, 2021** : कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित स्टेनोग्राफर ग्रेड 'सी' व 'डी' परीक्षा, 2020 (कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा)
- **16 नवम्बर से 15 दिसम्बर, 2021** : कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित जीडी कॉन्सटेबल भर्ती परीक्षा-2021 (कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा)
- **11 व 13 नवम्बर, 2021** : आरपीएससी द्वारा आयोजित लेक्चरर (आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा विभाग) संवीक्षा परीक्षा, 2021
- **19 दिसम्बर, 2021** : राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित संगणक सीधी भर्ती परीक्षा-2021
- **27 व 28 दिसम्बर, 2021** : राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित ग्राम सेवक / ग्राम विकास अधिकारी (प्रा.) परीक्षा-2021
- **29 जनवरी, 2022** : राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित सहायक अग्निशमन अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा-2021
- **29 जनवरी, 2022** : राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित फायरमैन सीधी भर्ती परीक्षा-2021

# मासिक घटनाओं का सार-संग्रह

- केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा 26 अक्टूबर से 1 नवम्बर, 2021 की अवधि को किस रूप में मनाया जा रहा है? **'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021'**
- प्रधानमंत्री द्वारा 'आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन' का शुभारम्भ 25 अक्टूबर, 2021 को कहाँ से किया गया? **वाराणसी**
- भारत द्वारा 27 अक्टूबर, 2021 को परीक्षण की गई बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि 5' की मारक क्षमता कितनी है? **5000 किमी.**
- भारतीय मूल की अनीता आनंद को किस देश की रक्षा मंत्री 26 अक्टूबर, 2021 को नियुक्त किया गया है? **कनाडा**
- अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी संघ द्वारा वर्ष 2020-21 के लिए किसे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (पुरुष व महिला क्रमशः) पुरस्कार हेतु अक्टूबर 2021 में चुना गया है? **हरमनप्रीत सिंह व गुरजीत कौर**
- किस क्रिकेट टीम ने टी-20 क्रिकेट के इण्डियन प्रीमियर लीग (14वाँ संस्करण) का खिताब कोलकाता नाइट राइडर्स को परास्त कर अक्टूबर 2021 में जीता? **चेन्नई सुपरकिंग्स**
- फ्रांस ने विश्वभर में फैले अपने सशस्त्र बलों के संचार को बढ़ाने के लिए कौनसा उपग्रह अक्टूबर, 2021 में लॉन्च किया? **सिराक्यूज 4ए (Syracuse 4A)**
- 2021 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप (सातवाँ संस्करण) का आयोजन 17 अक्टूबर से 14 नवम्बर, 2021 तक कहाँ किया जा रहा है? **संयुक्त अरब अमीरात और ओमान**
- भारत में जूनोडिक बीमारियों की निगरानी हेतु किस संघ की शुरुआत जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 14 अक्टूबर, 2021 को की गई? **एक स्वास्थ्य (वन हेल्थ) सहायता संघ**
- जर्मन बुक ट्रेड 2021 का शांति पुरस्कार जिम्बाब्वे की किस लेखिका व फिल्म निर्माता को दिया गया है, जो यह पुरस्कार पाने वाली पहली अश्वेत महिला हैं? **त्सित्सी डैंगारेम्बगा**
- किन देशों के सशस्त्र बलों द्वारा पहले त्रि-सेवा अभ्यास 'कोंकण शक्ति 2021' का समुद्री चरण 24 - 27 अक्टूबर, 2021 को अरब सागर में किया गया? **भारत और यूनाइटेड किंगडम**
- फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने पाकिस्तान व उसके किस मित्र राष्ट्र को 'ग्रे सूची' में डाल दिया है? **तुर्की**
- अमेरिकी संस्था 'वर्ल्ड जस्टिस प्रोजेक्ट' द्वारा 14 अक्टूबर, 2021 को जारी 'रूल ऑफ लॉ इंडेक्स 2021' में डेनमार्क को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ। भारत कौनसे स्थान पर रहा? **79वें (स्कोर-0.50)**
- प्रधानमंत्री द्वारा 13 अक्टूबर, 2021 को लॉन्च की गई 'पीएम गतिशक्ति' किससे सम्बन्धित है? **अवसंरचना निर्माण**
- डीआरडीओ द्वारा एकीकृत परीक्षण रेंज, चाँदीपुर (ओडिशा) से 22 अक्टूबर, 2021 को सफलतापूर्वक परीक्षण किए गए 'हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट (हीट)' को क्या नाम दिया गया है? **अभ्यास (ABHYAS)**
- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने अटल मिशन (अमृत 2.0) को कब तक जारी रखने की मंजूरी 12 अक्टूबर, 2021 को दी है? **वर्ष 2025-26 तक**
- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा सैनिक स्कूल सोसाइटी के साथ सरकारी और निजी क्षेत्र के कितने विद्यालयों की सम्बद्धता का अनुमोदन 12 अक्टूबर, 2021 को किया? **100 विद्यालयों**
- डेविड कार्ड, जोशुआ एंग्रिस्ट व गुदडो इम्बेन्स किस देश से हैं जिन्हें अर्थशास्त्र के क्षेत्र में वर्ष 2021 का नोबेल पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा 11 अक्टूबर, 2021 को की गई? **अमेरिका**
- 'द नॉर्वेजियन नोबेल कमेटी' द्वारा वर्ष 2021 का 'नोबेल शांति पुरस्कार' किसे प्रदान करने की घोषणा 8 अक्टूबर, 2021 को की गई? **मारिया रेसा(फिलीपींस) व दिमित्री मुराटोव (रूस)**
- ऐसिमेट्रिक ऑर्गेनोकैटलिसिस (Asymmetric Organocatalysis) के विकास के लिए रसायन विज्ञान में क्षेत्र में 2021 का नोबेल पुरस्कार किसे देने की घोषणा 6 अक्टूबर, 2021 को की गई? **बेंजामिन लिस्ट (जर्मनी) व डेविड डब्ल्यू.सी. मैकमिलन (यूएसए/यूके)**
- 'वैश्विक खाद्य सुरक्षा सूचकांक 2021' में भारत ने कौनसा स्थान प्राप्त किया है? **71वाँ**
- भारत सरकार ने राज्य के स्वामित्व वाली 1986 में निगमित किस कम्पनी को 'महारत्न' का दर्जा अक्टूबर 2021 में प्रदान किया है? **पॉवर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएफसी)**
- विनोथराज पीएस के निर्देशन में बनी वह तमिल फिल्म जिसे 94वें ऑस्कर अवॉर्ड के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना गया है? **कूझंगल (Pebbles)**
- अमेरिका की पहली महिला उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की जीवनी '**Kamala Harris: Phenomenal Woman**' पुस्तक के लेखक कौन हैं? **चिदानंद राजघट्टा**
- उत्तर प्रदेश सरकार ने लखीमपुर खीरी हिंसा की जाँच के लिए एक सदस्यीय आयोग का गठन किसकी अध्यक्षता में 7 अक्टूबर, 2021 को किया है? **प्रदीप कुमार श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय)**
- अक्टूबर 2021 में जारी हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2021 में शीर्ष स्थान प्राप्त जापान व सिंगापुर का वीजा फ्री स्कोर क्या है? **192**
- किस राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा 'राम वन गमन पर्यटन परिपथ परियोजना' के पहले चरण का उद्घाटन 7 अक्टूबर, 2021 को किया गया? **छत्तीसगढ़**
- कॉम्बैट ट्रेनिंग स्कूल, अम्पारा (श्रीलंका) में 4-15 अक्टूबर, 2021 के मध्य भारत एवं श्रीलंका के बीच आयोजित द्विपक्षीय संयुक्त युद्धाभ्यास (8वाँ संस्करण) का शीर्षक क्या था? **मित्र शक्ति-2021**
- किस खाड़ी देश ने वर्ष 2028 तक मंगल और बृहस्पति के बीच स्थित एक क्षुद्रग्रह पर एक प्रोब भेजने की घोषणा 5 अक्टूबर, 2021 को की? **संयुक्त अरब अमीरात (यूएई)**
- भारत की वह महिला क्रिकेटर, जो ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट शतक (1 अक्टूबर, 2021 को) बनाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई हैं? **स्मृति मंधाना**
- किसने भारतीय वायुसेना के नए उपप्रमुख के रूप में पदभार 1 अक्टूबर 2021 को ग्रहण किया? **एयर मार्शल संदीप सिंह**
- इन्वेस्ट इंडिया को किस अवधि के लिए जिनेवा स्थित 'डब्ल्यूएआईपीए' (World Association of Investment Promotion Agencies) का अध्यक्ष चुना गया है? **वर्ष 2021-2023**



# अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

- भूटान और चीन के मध्य सीमा विवाद हल हेतु समझौता
- भारत और डेनमार्क के मध्य चार समझौतों पर हस्ताक्षर
- भारत प्रकृति और लोगों के लिए उच्च आकांक्षा गठबन्धन में हुआ शामिल
- भारत, इजराइल, यूएई और अमेरिका संयुक्त आर्थिक मंच बनाने पर सहमत
- डब्ल्यूएमओ द्वारा जलवायु स्थिति रिपोर्ट जारी
- भारत ने जयनगर-कुर्था रेल लिंक नेपाल सरकार को सौंपी
- चीन द्वारा नया भूमि सुरक्षा कानून पारित
- चीन में नया शिक्षा कानून पारित
- एफएटीएफ ने तुर्की को भी ग्रे सूची में डाला
- बारबाडोस ने ब्रिटेन की महारानी को राष्ट्रप्रमुख पद से प्रतिस्थापित किया
- संयुक्त राष्ट्र द्वारा अफगानिस्तान हेतु विशेष ट्रस्ट फण्ड स्थापित
- वैश्विक खाद्य सुरक्षा सूचकांक-2021
- वैश्विक भुखमरी सूचकांक —2021
- सऊदी अरब ने लॉन्च किया राष्ट्रीय अवसंरचना कोष
- भारत छठी बार मानवाधिकार परिषद् का सदस्य चुना गया
- संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन
- अक्षय ऊर्जा राष्ट्र आकर्षक सूचकांक
- हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2021
- उत्सर्जन अन्तराल रिपोर्ट 2021
- उत्पादन अन्तराल रिपोर्ट 2021

## भूटान और चीन के मध्य सीमा विवाद हल हेतु समझौता

- चीन और भूटान ने कई वर्षों से चले आ रहे सीमा विवाद को सुलझाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (Memorandum of Understanding-MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।
  - ✓ इस थ्री-स्टेप रोडमैप को विशेषज्ञ समूह की दसवीं बैठक में कुनमिंग में अप्रैल 2021 में अन्तिम रूप दिया गया था।
- भूटान और चीन ने 14 अक्टूबर, 2021 को हुए एमओयू को भूटान-चीन सीमा वार्ता में तेजी लाने के लिए 'तीन-चरणीय रोडमैप' (three step roadmap) कहा है।

### भूटान - चीन सीमा विवाद

- भूटान और चीन के बीच वार्ता वर्ष 1984 से मुख्य रूप से दो अलग-अलग क्षेत्रों के सीमा विवाद पर केन्द्रित रही है – इनमें डोकलाम और दूसरा भूटान के पश्चिम में इंडिया-चीन-भूटान ट्राइजंक्शन है, जो 495 वर्ग किलोमीटर तक फैला है।
- इसके अलावा जाकरलंग और पसाम्लंग घाटी (495 वर्ग किलोमीटर में विस्तृत) है, ये दोनों उत्तरी तिब्बत से उत्तरी भूटान तक स्थित हैं।
  - ✓ हाल ही में चीन ने भूटान के पूर्वी साकतेंग इलाके पर भी दावा किया था।

## भारत और डेनमार्क के मध्य चार समझौतों पर हस्ताक्षर

- डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन (Mette Frederiksen) 9-11 अक्टूबर 2021 तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आईं।
- इस यात्रा के दौरान भारत और डेनमार्क अपनी महत्वाकांक्षी 'हरित रणनीतिक साझेदारी' के क्रियान्वयन के लिए पाँच वर्ष की एक संयुक्त कार्य योजना पर सहमत हुए।
- दोनों प्रधानमंत्रियों ने पेरिस समझौते और संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास लक्ष्यों (एसडीजी) द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार, जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौती का मुकाबला करने की पहल पर सहयोग की पुष्टि की।

### समझौते

- दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के मध्य लम्बी वार्ता के बाद कौशल विकास और उद्यमिता, पारम्परिक ज्ञान डिजिटल लाइब्रेरी, सम्भावित अनुप्रयोगों के साथ उष्णकटिबंधीय जलवायु के लिए प्राकृतिक प्रशीतकों (रेफ्रिजरेंट) के लिए उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना और भू-जल संसाधनों और एक्वीफर्स के मानचित्रण के क्षेत्र में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- **विशेष–** दूसरा भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन 2022 में कोपेनहेगन में आयोजित किया जाएगा।

## भारत प्रकृति और लोगों के लिए 'उच्च आकांक्षा गठबन्धन' में हुआ शामिल


- भारत आधिकारिक तौर पर 'प्रकृति और लोगों के लिए उच्च आकांक्षा गठबन्धन' (High Ambition Coalition for Nature and People) में 7 अक्टूबर, 2021 को (फ्रांसीसी और भारतीय सरकारों के बीच नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह के दौरान) शामिल हो गया है।
- एचएसी (High Ambition Coalition for Nature and People) 70 से अधिक देशों का एक समूह है और 30×30 की रक्षा के लिए वैश्विक लक्ष्य को अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।
- भारत द्वारा इस गठबन्धन में शामिल होने की घोषणा चीन द्वारा आयोजित एक उच्च स्तरीय जैव विविधता बैठक से ठीक पहले की गई है।
  - ✓ अन्तिम रूप दी जाने वाली जैव विविधता संधि के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा करने के लिए यह वर्चुअल बैठक 11-15 अक्टूबर, 2022 को आयोजित की जाएगी। वैश्विक 30×30 लक्ष्य वर्तमान में इस संधि का एक केन्द्र बिन्दु है।
- **विशेष–** भारत एचएसी में शामिल होने वाली प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) के ब्रिक्स ब्लॉक में से पहला है।

### गठबन्धन के बारे में

- 'प्रकृति और लोगों के लिए उच्च आकांक्षा गठबन्धन' (High Ambition Coalition for Nature and People) पेरिस में

# संजीव®

## 46 वर्षों के विश्वसनीय एवं लोकप्रिय संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुलिस कॉन्स्टेबल एवं ग्राम विकास अधिकारी पुस्तकें बाजार में उपलब्ध







### पुस्तक की विशेषताएँ

- सम्पूर्ण नवीनतम पाठ्यक्रम का समावेश
- सभी टॉपिक्स पर विस्तृत एवं सटीक विषय सामग्री
- वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का विशाल संग्रह
- विगत परीक्षाओं के हल प्रश्न पत्र
- राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा के हल प्रश्न-पत्रों की पुस्तिका निःशुल्क
- अनुभवी विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार

### निःशुल्क डाउनलोड करें

- राजस्थान आर्थिक समीक्षा 2020-21 का सार संग्रह
- राजस्थान बजट 2021-22 का सार संग्रह
- राजस्थान समसामयिकी (जनवरी से अक्टूबर 2021)
- राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी (जनवरी से अक्टूबर 2021)
- परीक्षार्थी www.sanjivprakashan.com से निःशुल्क डाउनलोड करें। परीक्षार्थी प्रत्येक माह की समसामयिकी एवं नई सामग्री हेतु समय-समय पर संजीव वेबसाइट का अवलोकन करें।

**अपने निकटतम पुस्तक विक्रेता से आज ही खरीदें।**

SHAKUN

प्रकाशक – संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com

'वन प्लैनेट समिट' (One Planet Summit) में जनवरी 2021 में शुरू किया गया था।

- इस गठबन्धन का उद्देश्य वर्ष 2030 तक विश्व की कम से कम 30% भूमि और महासागर की रक्षा के लिए एक अन्तर्राष्ट्रीय समझौते को बढ़ावा देना है।
- वर्तमान में विश्व भर में अलग-अलग आर्थिक और सामाजिक स्थिति वाले देश एचएसी सदस्यों में शामिल हैं। यूरोपीय, लैटिन अमेरिकी, अफ्रीका और एशिया के देश इसके सदस्य हैं।

## भारत, इजराइल, यूएई और अमेरिका संयुक्त आर्थिक मंच बनाने पर सहमत

- विश्व के बदलते समीकरण के मध्य विश्व की चार प्रमुख आर्थिक शक्तियाँ भारत, इजराइल, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका आर्थिक सहयोग के लिए एक नया मंच बनाने पर सहमत हो गए हैं।
- वस्तुतः भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर की इजराइल की पाँच दिवसीय यात्रा के दौरान भारत के विदेश मंत्री तथा इजराइल के विदेश मंत्री याइर लापिद, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान ने 18 अक्टूबर, 2021 को आयोजित डिजिटल बैठक में उक्त गठबन्धन को बनाए जाने पर सहमति व्यक्त की।
  - ✓ इस वर्चुअल बैठक में चारों मंत्रियों ने परिवहन, प्रौद्योगिकी, समुद्री सुरक्षा और अर्थव्यवस्था एवं व्यापार के क्षेत्र में संयुक्त बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के लिए सम्भावनाओं तथा अतिरिक्त संयुक्त परियोजनाओं के लिए चर्चा की।
- इस मुलाकात को मध्य-पूर्व में एक नए सामरिक और राजनीतिक ध्रुव के तौर पर देखा जा रहा है तथा इन चार देशों के गुट को कूटनीतिक क्षेत्रों में न्यू क्वाड या नया क्वाडिलैटरल सिक्योरिटी डायलॉग [(Quadrilateral Security Dialogue (QSD, also known as the Quad or QUAD)] कहा जा रहा है
- **विशेष** – भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर 17-21 अक्टूबर, 2021 को इजराइल के आधिकारिक दौरे पर रहे, इस दौरान वह विदेश मंत्री के अलावा वहाँ के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से भी मिले।
- खाड़ी देशों के साथ भारत के सम्बन्ध काफी मजबूत हैं लेकिन भारत की इस क्षेत्र में सामरिक मौजूदगी नहीं है जबकि अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस के वहाँ अपने सैन्य बेस मौजूद हैं।
- भारत भी मध्य-पूर्व में नई भूमिका निभाने के अवसर की तलाश कर रहा था, जो उसे इस क्वाड गठबन्धन के रूप में मिल गई है।

## डब्ल्यूएमओ द्वारा जलवायु स्थिति रिपोर्ट जारी

- ✦ **शीर्षक** – द स्टेट ऑफ क्लाइमेट सर्विसेज 2021: वाटर (The State of Climate Services 2021: Water)
- ✦ **जारी करने वाली संस्था** – विश्व मौसम विज्ञान संगठन (World Meteorological Organization: WMO)
- ✦ **जारी करने की तिथि** – 5 अक्टूबर, 2021

- डब्ल्यूएमओ द्वारा जारी इस नवीनतम रिपोर्ट में वैश्विक जलवायु के साथ ही पानी और इससे सम्बन्धित प्रदूषण के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई है।

### रिपोर्ट के महत्वपूर्ण तथ्य

- वर्ष 2018 में, विश्व भर में 2.3 बिलियन लोग पानी के तनाव (water stress) का सामना कर रहे हैं जबकि 3.6 बिलियन लोगों के पास प्रति वर्ष कम से कम एक महीने के पानी की अपर्याप्त पहुँच थी।
  - ✓ एक महीने के पानी की अपर्याप्तता की समस्या का सामना करने वाले लोगों की संख्या वर्ष 2050 तक 5 बिलियन से भी अधिक हो सकती है।
- रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि, यह स्थिति और खराब होती जा रही है क्योंकि पृथ्वी पर केवल 0.5 प्रतिशत पानी ही उपयोग योग्य ताजा पानी उपलब्ध है।
- पिछले 20 वर्षों में पानी से सम्बन्धित खतरों में वृद्धि हुई है। वर्ष 2000 के बाद से बाढ़ से सम्बन्धित आपदाओं में उससे पूर्व के दो दशकों की तुलना में 134% की वृद्धि दर्ज की गई है।
  - ✓ इसी अवधि के दौरान सूखे की संख्या और अवधि में 29% की वृद्धि हुई है।
  - ✓ बाढ़ से सम्बन्धित अधिकांश मौतें और सर्वाधिक आर्थिक नुकसान एशिया में दर्ज किया गया।

### डब्ल्यूएमओ की सिफारिश

- विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने सिफारिश की है कि, देशों को अपने एकीकृत जल संसाधन प्रबन्धन (Integrated Water Resources Management -IWRM) और सूखा एवं बाढ़ के लिए पूर्व चेतावनी प्रणाली (drought forecasting and warning systems) में निवेश बढ़ाना चाहिए।
- डब्ल्यूएमओ द्वारा सभी देशों से बुनियादी हाइड्रोलॉजिकल वैरिएबल (hydrological variables) के लिए डाटा एकत्र करने की क्षमता में अन्तर को दूर करने पर बल दिया गया है।

## भारत ने जयनगर-कुर्था रेल लिंक नेपाल सरकार को सौंपी

- भारत ने बिहार के जयनगर से नेपाल में कुर्था तक 34.9 किलोमीटर लम्बी रेल लाइन का निर्माण पूरा कर यह रेल लाइन नेपाल सरकार को सौंप दी है।
- वस्तुतः परियोजना के लिए कार्यकारी एजेंसी 'इरकान इंटरनेशनल लिमिटेड' ने आधिकारिक तौर पर रेलवे खण्ड की सम्पत्ति 'नेपाल रेलवे कम्पनी लिमिटेड' को 22 अक्टूबर, 2021 को सौंप दी है।
  - ✓ यह खण्ड पहले जयनगर और बिजलपुरा के बीच एक नैरो गेज रेल लिंक था।
  - ✓ यह हिमालयी देश नेपाल की पहली ब्रॉड-गेज ट्रेन है।
- इस परिचालित क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक से व्यापार और वाणिज्य गतिविधियों में वृद्धि होने के साथ ही दोनों देशों के लोगों के बीच जुड़ाव को भी बढ़ाएगा।

### परियोजना के बारे में

- जयनगर-कुर्था सेक्शन 68.7 किलोमीटर लम्बी जयनगर-बिजलपुरा-बर्दिदास रेल सम्पर्क का हिस्सा है। यह रेल सम्पर्क भारत सरकार की ओर से दी गई ₹ 8.77 अरब की सहायता के तहत् तैयार किया जा रहा है।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- ◆ स्वतंत्रता से पूर्व नेपाल से भारत तक लकड़ी ले जाने के लिए कार्गो लाइन के रूप में निर्मित, नेपाल के जनकपुर से बिहार के जयनगर तक 35 किमी रेलवे जनकपुर में लोगों के लिए एक जीवन रेखा थी।

सरकारी नौकरी की तैयारी
अब है आपकी बारी

Mother's Education Hub ®

Your Success Chance is maximum if you are @ Mother's

0141- 2711689

स्मार्ट रणनीति । समर्पित टीम । स्पोर्टिव स्टाफ । गुणवत्ता पूर्ण अध्ययन सामग्री

• नियमित कक्षायें • नियमित टेस्ट सीरिज

# SSC

## CGL/ CPO / 10+2

## Classroom Course & Online Test Series

* New Study Material
* Weekly Test Series
* Problem Solving Session upto Selection

होस्टल सुविधा उपलब्ध
9166583573



**RAJASTHAN** Gopalpura (Head Office)
201, Himmat Nagar, Gopalpura Mode,
Tonk Road, Jaipur-18 | (Mob.) **7073909991**

Android App on Google Play
Download Mother Education Hub Learning App

LALKOTHI 9414748428
JHOTWARA 7073909992
AMBABARI 7073909996
UDAIPUR 9116151416
ALWAR Jail Choraha 7073909994
ALWAR Naya Bass Circle 7300051114

www.motherseudcationhub.org

## चीन द्वारा नया भूमि सुरक्षा कानून पारित

- भारत के साथ सैन्य गतिरोध के बीच चीन ने देश की सम्प्रभुता और क्षेत्रीय अखण्डता को 'पवित्र और अक्षुण्ण' बताते हुए चीन की संसद ने सीमावर्ती क्षेत्रों के संरक्षण और उपयोग को लेकर नया भूमि सीमा कानून अक्टूबर 2021 में पारित किया है।
  - ✓ यह कानून 1 जनवरी, 2022 से लागू होगा।

### कानून के प्रावधान

- कानून में कहा गया है कि सीमा सुरक्षा को मजबूत करने, आर्थिक एवं सामाजिक विकास में मदद देने, सीमावती क्षेत्रों को खोलने, ऐसे क्षेत्रों में जनसेवा और बुनियादी ढाँचे को बेहतर बनाने, उसे बढ़ावा देने और वहाँ के लोगों के जीवन एवं कार्य में मदद देने के लिए देश कदम उठा सकता है।
- वह सीमाओं पर रक्षा, सामाजिक एवं आर्थिक विकास में समन्वय को बढ़ावा देने के लिए उपाय कर सकता है।
- देश समानता, परस्पर विश्वास और मित्रतापूर्ण वार्तालाप के सिद्धातों का पालन करते हुए पड़ोसी देशों के साथ जमीनी सीमा सम्बन्धी मुद्दों से निपटेगा।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- ◆ चीन ने अपने 12 पड़ोसियों के साथ तो सीमा सम्बन्धी विवाद सुलझा लिए हैं, लेकिन भारत और भूटान के साथ उसने अब तक सीमा सम्बन्धी समझौते को अन्तिम रूप नहीं दिया है।
- ◆ भारत और चीन के बीच सीमा विवाद वास्तविक नियन्त्रण रेखा पर 3,488 किलोमीटर के क्षेत्र में है, जबकि भूटान के साथ चीन का विवाद 400 किलोमीटर की सीमा पर है।

## चीन में नया शिक्षा कानून पारित

- चीन ने बच्चों पर दबाव कम करने के लिए अपने यहाँ शिक्षा से सम्बन्धित एक नया कानून 23 अक्टूबर, 2021 को पारित किया है।
- मुख्य सब्जेक्ट में होमवर्क और फिर उसके लिए ट्यूशन के दोहरे दबाव को कम करने के उद्देश्य से पारित किया गया यह कानून छात्रों पर से होमवर्क के दबाव को कम करता है।
- इसके तहत् स्थानीय सरकारों को यह सुनिश्चित करना है कि होमवर्क और ट्यूशन के दोहरे दबाव को कम किया जाए, साथ ही माता-पिता को अपने बच्चों के लिए उचित आराम और व्यायाम के लिए समय की व्यवस्था करने के लिए कहा जाए।
- कानून के अनुसार चीन में सभी नागरिकों को कम से कम नौ वर्ष के लिए विद्यालय जाना आवश्यक है जिसे 'नौ साल की अनिवार्य शिक्षा' कहा जाता है। चीन में अनिवार्य शिक्षा सरकार द्वारा वित्त पोषित है।

## एफएटीएफ ने तुर्की को भी ग्रे सूची में डाला

- वैश्विक वित्तीय निगरानी संस्था एफएटीएफ (Financial Action Task Force) ने अक्टूबर 2021 के अपने निर्णय में पाकिस्तान को अपनी ग्रे सूची में बरकरार रखा है।
  - ✓ पाकिस्तान जून, 2018 से इस सूची में है। एफएटीएफ के अध्यक्ष डॉ. मार्कस प्लीयर के अनुसार पाकिस्तान तब तक ग्रे लिस्ट में रहेगा जब तक कि वह जून, 2018 में सहमत कार्य योजना को पूरा नहीं कर लेता।
- इसके अतिरिक्त इस बार पाकिस्तान के मित्र तुर्की को भी एफएटीएफ ने मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने में कमियों के लिए 'ग्रे लिस्ट' में शामिल किया है।
  - ✓ तुर्की ने अतीत में एफएटीएफ की बैठकों में पाकिस्तान का जोरदार समर्थन किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वैश्विक निगरानीकर्ता उसे काली सूची में नहीं डालें।
- एफएटीएफ द्वारा तुर्की के अलावा, जॉर्डन और माली को भी ग्रे सूची में जोड़ा गया है।
- अक्टूबर 2021 में आयोजित एफएटीएफ की तीन दिवसीय बैठक में बोत्सवाना और मॉरीशस को सूची से हटाने का निर्णय लिया गया है।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- ◆ फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) एक अन्तर्राष्ट्रीय निगरानी निकाय है, जिसे फ्रांस की राजधानी पेरिस में जी-7 समूह के देशों द्वारा वर्ष 1989 में स्थापित किया गया था।
- ◆ एफएटीएफ का काम अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण पर नजर रखना और कार्रवाई करना है।
- ◆ एफएटीएफ का निर्णय लेने वाले निकाय को एफएटीएफ प्लेनरी कहा जाता है। इसकी बैठक एक साल में तीन बार आयोजित की जाती है।

## बारबाडोस ने ब्रिटेन की महारानी को राष्ट्रप्रमुख पद से प्रतिस्थापित किया

- कैरेबियन बारबाडोस (Barbados) ने एक गणतंत्र बनने के प्रयास में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'सैंड्रा मेसन' (Sandra Mason) को अपना पहला राष्ट्रपति चुन लिया है।
- सैंड्रा मेसन (Sandra Mason), जो इस द्वीपीय राष्ट्र की वर्तमान गवर्नर-जनरल हैं, ब्रिटेन से बारबाडोस की स्वतंत्रता की 55वीं वर्षगाँठ के अवसर पर 30 नवम्बर, 2021 को राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगी।
- बारबाडोस का यह कदम ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को बारबाडोस के प्रमुख के पद से भी हटा देगा।
- उल्लेखनीय है कि सैंड्रा मेसन ने सितम्बर 2020 में ब्रिटेन से नाता तोड़ने की घोषणा की थी।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- ◆ बारबाडोस कैरेबियाई द्वीपों में सबसे अधिक जनसंख्या और समृद्ध देशों में से एक है (जनसंख्या : 2.85 लाख)।
- ◆ बारबाडोस पर अंग्रेजों ने 1625 ई. में कब्जा किया था, यहां के लोगों की अंग्रेजी परम्पराओं के प्रति निष्ठा को देखते हुए कई बार इसे लिटिल इंग्लैण्ड (Little England) भी कहा जाता है।
- ◆ कभी केवल शक्कर के निर्यात पर रहने वाला यह देश आर्थिक रूप से पर्यटन पर ज्यादा निर्भर है.
- ◆ बारबाडोस से पहले गुयाना ने वर्ष 1970 में आजाद होने के चार वर्ष बाद गणतंत्र अपनाया था, इसके बाद त्रिनिदाद और टोबैगो ने वर्ष 1976 और डोमिनिका ने वर्ष 1978 में गणतंत्र अपनाया था।

## संयुक्त राष्ट्र द्वारा अफगानिस्तान हेतु विशेष ट्रस्ट फण्ड स्थापित

- अफगान नागरिकों को तत्काल आवश्यक नकदी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र द्वारा अफगानिस्तान के लिए एक विशेष ट्रस्ट फण्ड (Special Trust Fund) की स्थापना की गई है।
- संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 अक्टूबर, 2021 को प्रदत्त जानकारी के अनुसार अगस्त 2021 में तालिबान के कब्जे के बाद से फ्रीज हुए दानदाताओं

के फण्ड का उपयोग करके एक प्रणाली के माध्यम से यह विशेष ट्रस्ट फण्ड स्थापित किया गया है।

- **योगदानकर्ता** – अफगान परिवारों में तरलता लाने के उद्देश्य से स्थापित किए गए इस फण्ड में जर्मनी पहला योगदानकर्ता बना है,जिसने इसके लिए 50 मिलियन यूरो (58 मिलियन डॉलर) देने का वादा किया है।
- **पृष्ठभूमि** – संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (United Nations Development Programme-UNDP) के अनुसार वर्ष 2022 के मध्य तक लगभग 97% अफगान परिवार गरीबी रेखा से नीचे रह रहे होंगे।
  - ✓ अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund -IMF) के 19 अक्टूबर, 2021 के कथनानुसार अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था इस वर्ष 30% तक सिकुड़ सकती है और इससे शरणार्थी संकट (refugee crisis) और बढ़ने की सम्भावना है जो पड़ोसी देशों, तुर्की और यूरोप को प्रभावित करेगा।
  - ✓ वर्तमान में अफगानिस्तान में एक ऐसी अर्थव्यवस्था है जिसमें वस्तुतः कोई घरेलू मुद्रा प्रचलन में नहीं है तथा ऐसी स्थिति में संयुक्त राष्ट्र वहाँ विदेशी मुद्राओं के प्रभुत्व के बनने से बचना चाहता था, जो अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था को कमजोर कर देंगी।

## वैश्विक खाद्य सुरक्षा सूचकांक-2021

- ✦ **शीर्षक** – वैश्विक खाद्य सुरक्षा सूचकांक 2021 (Global Food Security Index - 2021)
- ✦ **संस्करण** – 10वाँ
- ✦ **जारीकर्ता** – कोर्टेवा एग्रीसाइंस (Corteva Agriscience) द्वारा प्रायोजित तथा इकॉनोमिस्ट इम्पेक्ट, लंदन (Economist Impact) द्वारा विकसित।
- ✦ **जारी करने की तिथि** – 19 अक्टूबर, 2021

- जीएफएसआई (Global Food Security Index) सामर्थ्य (Affordability), उपलब्धता (Availability), गुणवत्ता व सुरक्षा (Quality and Safety), प्राकृतिक संसाधन व लचीलापन (Natural Resources and Resilience) के आधार पर खाद्य सुरक्षा के अन्तर्निहित कारकों को मापता है।
- यह आय और आर्थिक असमानता सहित 58 अद्वितीय खाद्य सुरक्षा संकेतकों का आकलन करता है।

### जीएफएसआई में शीर्ष 10 राष्ट्र

| रैंक | राष्ट्र | स्कोर | रैंक | राष्ट्र | स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आयरलैण्ड | 84.0 | 7 | कनाडा | 79.8 |
| 2 | ऑस्ट्रिया | 81.3 | 8 | जापान | 79.3 |
| 3 | यूके | 81.0 | 9 | फ्रांस | 79.1 |
| 4 | फिनलैण्ड | 80.9 | 9 | अमेरिका | 79.1 |
| 5 | स्विट्जरलैण्ड | 80.4 | 11 | जर्मनी | 78.7 |
| 6 | नीदरलैण्ड | 79.9 | | | |

### जीएफएसआई में निम्नतम स्थान प्राप्त 5 राष्ट्र

| रैंक | राष्ट्र | स्कोर | रैंक | राष्ट्र | स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|
| 113 | बुरूण्डी | 34.7 | 110 | सूडान | 37.1 |
| 112 | यमन | 35.7 | 109 | मलावी | 37.3 |
| 111 | मोजाम्बिक | 35.9 | | | |

#### जीएफएसआई में भारत की स्थिति

- रिपोर्ट में कहा गया है कि भोजन की उपलब्धता, गुणवत्ता और सुरक्षा के साथ-साथ खाद्य उत्पादन के लिए प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के मामले में भारत ने जीएफएस इंडेक्स 2021 में पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका से बेहतर स्कोर किया है।
- 113 देशों के 2021 के इस सूचकांक में भारत 57.2 अंकों के समग्र स्कोर के साथ 71वें स्थान पर रहा है।
- भारत का स्कोर केवल 2.7 अंक बढ़कर वर्ष 2021 में 57.2 हो गया, जो वर्ष 2012 में 54.5 था।
- हाल ही में जारी किए गए ग्लोबल हंगर इंडेक्स (Global Hunger Index-GHI)2021 में भारत 101वें स्थान पर था ।

#### विभिन्न मानकों में भारत का स्कोर

- ✓ सामर्थ्य (Affordability) में 5.2,
- ✓ उपलब्धता (Availability) में 65.7,
- ✓ गुणवत्ता व सुरक्षा (Quality and Safety) में 59.1, तथा
- ✓ प्राकृतिक संसाधन व लचीलापन (Natural Resources and Resilience) में 52.8

#### जीएफएसआई में भारत के पड़ोसी देशों की स्थिति

| रैंक | राष्ट्र | स्कोर | रैंक | राष्ट्र | स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|
| 34 | चीन | 71.3 | 77 | श्रीलंका | 54.1 |
| 72 | म्यांमार | 56.7 | 79 | नेपाल | 53.7 |
| 75 | पाकिस्तान | 54.7 | 84 | बांग्लादेश | 49.1 |

- रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन का स्कोर 9.6 अंक बढ़कर 2021 में 71.3 हो गया, जो 2012 में 61.7 था।इसी प्रकार पाकिस्तान का स्कोर 9 अंक बढ़ा, (पाकिस्तान 2012 में 45.7 था, जो बढ़कर 2021 में 54.7 हो गया), नेपाल का स्कोर 7 अंक बढ़ा (2012 में 46.7 अंक से 2021 में 53.7 अंक हो गया) और बांग्लादेश का स्कोर 4.7 अंक बढ़ा( 2012 में 44.4 अंक से 2021 में 49.1 अंक हो गया)।

## वैश्विक भुखमरी सूचकांक –2021

- ✦ **शीर्षक** – वैश्विक भुखमरी सूचकांक–2021 (Global Hunger Index,GHI 2021)
- ✦ **जारीकर्ता** – कंसर्न वर्ल्डवाइड (Concern Worldwide) और वेल्टहंगरहिल्फ (Welthungerhilfe) द्वारा संयुक्त रूप से प्रकाशित
- ✦ **जारी करने की तिथि** – 14 अक्टूबर, 2021

- वैश्विक भुखमरी सूचकांक (जीएचआई) को तैयार करने के लिए चार संकेतकों का प्रयोग किया जाता है। इन संकेतकों में अल्पपोषण (Undernourishment) चाइल्ड वेस्टिंग (Child Wasting) चाइल्ड स्टंटिंग (Child Stunting) बाल मृत्यु-दर(Child Mortality) शामिल हैं।

- इसके लिए आँकड़े खाद्य और कृषि संगठन (अल्पपोषण डेटा) संयुक्त राष्ट्र इंटर-एजेंसी ग्रुप फॉर चाइल्ड मॉर्टेलिटी एस्टीमेशन ( बाल मृत्यु-दर डेटा) से प्राप्त किए जाते हैं जबकि बच्चों की वेस्टिंग और स्टंटिंग के आँकड़े यूनिसेफ, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) तथा विश्व बैंक के संयुक्त डेटाबेस से लिए जाते हैं।

### जीएचआई : शीर्ष राष्ट्रों की स्थिति

- पाँच (5) से कम स्कोर प्राप्त करने वाले विश्व के 18 देशों को संयुक्त रूप से 1–18 की शीर्ष रैंक प्रदान की गई है, इन देशों के नाम अग्रांकित हैं – बेलारूस, बोस्निया-हर्जेगोविना, ब्राजील, चिली, चीन, क्रोएशिया, क्यूबा, एस्टोनिया, कुवैत, लाटविया, लुथवानिया,मोंटेनीग्रो, उत्तरी मेसीडोनिया, रोमानिया, सर्बिया, स्लोवाकिया, तुर्की तथा उरूग्वे।
- 1–18 की संयुक्त रैंक के पश्चात् अर्जेंटीना और कोस्टारिका को संयुक्त रूप से 19वीं रैंक प्रदान की गई है।
- 116 देशों के इस सूचकांक में सोमालिया को 50.8 के स्कोर के साथ निम्नतम 116वाँ स्थान दिया गया है।

### जीएचआई में भारत की स्थिति

- वैश्विक भुखमरी सूचकांक (जीएचआई) 2021 में भारत को 27.5 के स्कोर के साथ 116 देशों में से 101वाँ स्थान दिया गया है।
  - ✓ वर्ष 2020 के जीएचआई में भारत 107 देशों में 94वें स्थान पर था।
- रिपोर्ट के अनुसार भारत में चाइल्ड वेस्टिंग की दर 1998 और 2002 के बीच 17.1% से बढ़कर 2016 और 2020 के बीच 17.3% हो गई है।
  - ✓ इसमें कहा गया है कि भारत सबसे अधिक चाइल्ड वेस्टिंग वाला देश है जहाँ कोविड-19 महामारी के चलते लगाए गए प्रतिबन्धों से लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

### जीएचआई में भारत के पड़ोसी देशों की स्थिति

- रिपोर्ट के अनुसार, पड़ोसी देश यथा म्यांमार (71, स्कोर-17.5), नेपाल (76, स्कोर-19.1), बांग्लादेश (76, स्कोर-19.1), और पाकिस्तान (92, स्कोर-24.7) भी भुखमरी को लेकर चिंताजनक स्थिति में हैं, यद्यपि इन्होंने भारत से बेहतर प्रदर्शन किया है।

## सऊदी अरब ने लॉन्च किया राष्ट्रीय अवसंरचना कोष

- खाडी देश सऊदी अरब ने अगले दशक में विभिन्न परियोजनाओं में 200 अरब रियाल निवेश करने के लिए 'राष्ट्रीय अवसंरचना कोष' (National Infrastructure Fund -NIF) 25 अक्टूबर, 2021 को लॉन्च किया है।
- 'राष्ट्रीय अवसंरचना कोष' (एनआईएफ) पानी, परिवहन, ऊर्जा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में निवेश करके सऊदी अरब की अर्थव्यवस्था को बदलने और तेल राजस्व (oil revenue) पर कम निर्भर बनाने की योजनाओं में योगदान देगा।
  - ✓ यह निजी क्षेत्र को सशक्त बनाकर और विभिन्न आर्थिक पहलों की पेशकश करके तेल पर अपनी निर्भरता को कम करेगा तथा ऐसी ही परियोजनाओं को बढ़ावा देकर सऊदी के 'विजन 2030' के लक्ष्य को प्राप्त करने में योगदान देगा।
  - ✓ यह नवोन्मेषी वित्तीय समाधान प्रदान करेगा, जो बदले में निवेश के अवसरों को बढ़ाने में अपना योगदान देगा।

## भारत छठी बार यूएन मानवाधिकार परिषद् का सदस्य चुना गया

- भारत को संयुक्त राष्ट्र में एक बड़ी सफलता उस समय प्राप्त हुई जब उसे 'संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद्' (United Nations Human Right Commission-UNHRC) के वर्ष 2022-24 के कार्यकाल के लिए 14 अक्टूबर, 2021 को पुनः चुना गया।
  - ✓ 193 सदस्यीय महासभा में भारत को 184 वोट मिले, जबकि आवश्यक बहुमत 97 था।
  - ✓ भारत का वतर्मान कायर्काल 31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त हो रहा है। वर्ष 2022-2024 के चुनाव के लिए एशिया-प्रशांत देशों की श्रेणी में पाँच खाली सीटें थीं, इसमें भारत, कजाकिस्तान, मलेशिया, कतर और संयुक्त अरब अमीरात की सीटें शामिल थीं।
  - ✓ भारत को संयुक्त राष्ट्र के इस महत्वपूर्ण संगठन के लिए रिकॉर्ड छठी बार चुना गया है।
- वस्तुतः 76वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद् के 18 नए सदस्यों (13 नए तथा 5 पुनर्निर्वाचित सदस्य) के लिए चुनाव किया गया, जो जनवरी 2022 से शुरू होकर तीन साल की अवधि के लिए काम करेंगे।
- **यूएनएचआरसी के लिए चुने गए कुल नए सदस्य** –अर्जेंटीना, बेनिन, कैमरून, इरिट्रिया, फिनलैण्ड, जाम्बिया, होंडुरास, भारत, कजाकिस्तान, लिथुआनिया, लक्जमबर्ग, मलेशिया, मोंटेनेग्रो, पराग्वे, कतर, सोमालिया, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका।
  - ✓ ट्रम्प प्रशासन द्वारा 47 सदस्यीय इस निकाय को छोड़ने के तीन वर्ष से अधिक समय बाद पहली बार अमेरिका इस समूह में शामिल हुआ है।
- संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टी एस तिरुमूर्ति हैं।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- ◆ संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद्, संयुक्त राष्ट्र के अंग के रूप में कार्यरत एक अंतर-सरकारी निकाय है, जिसकी स्थापना वर्ष 2006 में हुई थी।
- ◆ इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैण्ड में स्थित है।
- ◆ 47 सदस्यीय **'संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद्'** में अफ्रीकी देशों के समूह के पास 13 सीटें, एशिया-प्रशांत देशों के समूह के पास 13 सीटें, पूवी यूरोपीय देशों के समूह के पास 6 सीटें, लैटिन अमेरिकी और कैरेबियन देशों के समूह के बीच 8 सीटें और पश्चिमी यूरोपीय और अन्य देशों के समूह के बीच 7 सीटें वितरित की जाती हैं।
- ◆ परिषद् के सदस्य तीन साल की अवधि के लिए काम करते हैं। वे लगातार दो कार्यकालों के बाद तत्काल पुनः निर्वाचन के लिए पात्र नहीं होंते।

## संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन

- संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन कॉप-15 (Conference of Parties to the Convention on Biological Diversity) का आयोजन 11 - 15अक्टूबर, 2021 को मुख्यरूप से वर्चुअली हुआ।
- वस्तुतः कॉप15 सम्मेलन दो चरणों में आयोजित किया गया है – इसका पहला चरण 11 अक्टूबर से 15 अक्टूबर, 2021 को वर्चुअली आयोजित किया गया, जिसके बाद कुनमिंग (चीन) में 25 अप्रैल से 8 मई, 2022 तक बैठक होगी, जिसमें प्रतिनिधि व्यक्तिगत रूप से सम्मिलित होंगे।

- ✓ 'संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन' के दौरान तीन बैठकें एक साथ आयोजित की गईं, जिनमें '**कॉप15**' के अलावा, जैवसुरक्षा पर '**कार्टागेना प्रोटोकॉल**', और आनुवांशिक संसाधनों की सुलभता व उन्हें साझा किए जाने पर '**नागोया प्रोटोकॉल**' पर भी बैठकें शामिल हैं।

- **कुनमिंग घोषणापत्र** –चीन के कुनमिंग में आयोजित 'संयुक्त राष्ट्र जैवविविधता सम्मेलन' (कॉप15) के उच्चस्तरीय खण्ड के समापन पर कुनमिंग घोषणापत्र को पारित किया गया।
  - ✓ इस घोषणापत्र में सम्बद्ध पक्षों ने एक कारगर वैश्विक फ्रेमवर्क को विकसित, पारित और लागू करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है, जिसका लक्ष्य वर्ष 2030 तक जैवविविधता को पुनर्बहाली मार्ग पर वापिस लाना है।
  - ✓ इस घोषणा में '**30×30 संरक्षण लक्ष्य**' की अवधारणा प्रस्तुत की गई है, जो कि कॉप – 15 में प्रस्तुत किया गया एक प्रमुख प्रस्ताव है, यह वर्ष 2030 तक पृथ्वी पर भूमि और महासागरों की संरक्षित स्थिति का 30% वहन करेगा।
- **कुनमिंग जैव विविधता कोष** – चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने महत्वाकांक्षी, व्यावहारिक और संतुलित वैश्विक पर्यावरण संरक्षण लक्ष्यों का आह्वान करते हुए विकासशील देशों में जैव विविधता संरक्षण का समर्थन करने के लिए **23.3 करोड़ डॉलर के 'जैव विविधता कोष की घोषणा'** 12 अक्टूबर, 2021 को की।
  - ✓ जापान की सरकार ने भी जापान जैवविविधता कोष को एक करोड़ 70 लाख डॉलर तक बढ़ाए जाने की बात कही है।

## अक्षय ऊर्जा राष्ट्र आकर्षक सूचकांक

- ✦ **शीर्षक** – अक्षय ऊर्जा देश आकर्षक सूचकांक (Renewable Energy Country Attractiveness Index- RECAI)
- ✦ **संस्करण – 58वाँ**
- ✦ **जारी करने वाला संस्थान** – अन्र्स्ट एण्ड यंग (Ernst & Young - EY))
- ✦ **जारी करने की तिथि** – अक्टूबर 2021

- अक्षय ऊर्जा देश आकर्षण सूचकांक (आरईसीएआई) विश्व के शीर्ष 40 बाजारों में उनके अक्षय ऊर्जा निवेश और तैनाती (energy investment and deployment)) के अवसरों के आकर्षण के आधार रैंक करता है।
- कम्पनियों और निवेशकों के लिए पर्यावरण, सामाजिक और संचालन व्यवस्था (Environmental, Social and Governance - ESG) एजेंडा में ऊपर आने के साथ आरईसीएआई यह भी बताता है कि कॉरपोरेट बिजली खरीद समझौता (Power Purchase Agreements - PPAs) स्वच्छ ऊर्जा वृद्धि के प्रमुख तत्व के रूप में उभर रहा है।
  - ✓ पीपीए सूचकांक को सूचकांक में पहली बार शामिल किया गया है।

### सूचकांक में शीर्ष10 स्थान प्राप्त राष्ट्र

| रैंक | राष्ट्र | स्कोर | रैंक | राष्ट्र | स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अमेरिका | 72.8 | 6 | जर्मनी | 67.0 |
| 2 | चीन | 70.7 | 7 | आस्ट्रेलिया | 66.9 |
| 3 | भारत | 70.2 | 8 | जापान | 65.4 |
| 4 | फ्रांस | 67.4 | 9 | ब्राजील | 61.9 |
| 5 | ब्रिटेन | 67.3 | 10 | स्पेन | 61.2 |

- ईवाई (EY) के इस सूचकांक में शीर्ष 30 बिजली खरीद समझौते (Power Purchase Agreements - PPAs) बाजारों में, भारत को छठे स्थान पर रखा गया है।
- **सूचकांक में निम्नतम 5 स्थान प्राप्त राष्ट्र**–केन्या(रैंकः 40वीं, स्कोरः 51.1), इण्डोनेशिया (रैंकः 39वीं, स्कोरः 51.4), जोर्डन (रैंकः 38वीं, स्कोरः 51.5), हंगरी (रैंकः 37वीं, स्कोरः 51.9) तथा कजाखस्तान (रैंकः 36वीं, स्कोरः 53.5)

## हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2021

- हेनले व पार्टनर्स (Henley & Partners) द्वारा वर्ष 2021 के क्वाटर-4 (Q4) के लिए अपना हेनले पासपोर्ट इंडेक्स अक्टूबर 2021 में जारी किया गया।
- 'हेनले पासपोर्ट इंडेक्स' दुनिया के सबसे अधिक यात्रा-अनुकूल पासपोर्ट सूचीबद्ध करता है, जिसमें पासपोर्ट की रैंकिंग आईएटीए (International Air Transport Association) के आँकड़ों के आधार तैयार करता है।

### रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त राष्ट्र

| रैंक | पासपोर्ट | वीजा फ्री स्कोर |
|---|---|---|
| 1 | जापान व सिंगापुर | 192 |
| 2 | जर्मनी व दक्षिण कोरिया | 190 |
| 3 | फिनलैण्ड, इटली, लक्जमबर्ग व स्पेन | 189 |
| 4 | आस्ट्रिया व डेनमार्क | 188 |
| 5 | फ्रांस, आयरलैण्ड, नीदरलैण्ड, पुर्तगाल व स्वीडन | 187 |

### रैंकिंग में भारत की स्थिति

- वर्ष 2021 की इस रैंकिंग में भारत के पासपोर्ट (ताजिकिस्तान और बुर्किना फासो के साथ) को 90वें स्थान पर रखा गया है। भारत के पासपोर्ट धारकों को 58 देशों में वीजा-मुक्त यात्रा करने की अनुमति है।
  - ✓ वर्ष 2020 के सूचकांक की तुलना में भारत की रैंक में 6 स्थान की गिरावट आई है, वर्ष 2020 में भारत को 84वें स्थान पर रखा गया था।

### सूचकांक में भारत के पड़ोसी राष्ट्रों की स्थिति

- इस इंडेक्स में सबसे कमजोर पासपोर्ट अफगानिस्तान का है जिसे 26 वीजा फ्री स्कोर के साथ 116वें स्थान पर रखा गया है।
- इस इंडेक्स में भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान के पासपोर्ट को 31 वीजा फ्री स्कोर के साथ 113वें स्थान (नीचे से चौथा) पर रखा गया है।
- चीन का पासपोर्ट 79 वीजा फ्री स्कोर के साथ सूचकांक में 72वें स्थान पर है।
- सूचकांक में भूटान 96वें (स्कोर : 52), श्रीलंका 107वें (स्कोरः 41),बांग्लादेश 108वें (स्कोर : 40) तथा नेपाल 110वें (स्कोर : 37) स्थान पर रहे।

## उत्सर्जन अन्तराल रिपोर्ट 2021

- ✦ **शीर्षक** – उत्सर्जन अन्तराल रिपोर्ट 2021 : गर्मी जारी है (Emissions Gap Report 2021: The Heat Is On)
- ✦ **जारी करने वाली संस्था** – संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (United Nations Environment Programme-UNEP)
- ✦ **जारी करने की तिथि** – 26 अक्टूबर, 2021

- उक्त रिपोर्ट के अनुसार देशों की संशोधित राष्ट्रीय जलवायु कार्रवाई योजनाओं (Nationally Determined Contributions-NDC) से, पिछले संकल्पों की तुलना में वार्षिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जनों में केवल 7.5 प्रतिशत की ही अतिरिक्त गिरावट होगी।

### रिपोर्ट के अन्य प्रमुख तथ्य

- दुनिया इस सदी में, वैश्विक तापमान में कम से कम 2.7 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की तरफ बढ़ रही है।
- वैश्विक तापमान में बढ़ोत्तरी को 1.5 डिग्री सेल्सियम से कम तक सीमित रखने के लिए, ग्रीनहाउस उत्सर्जनों में 55 प्रतिशत की कटौती की आवश्यकता होगी।
- 1.5 डिग्री सेल्सियस, तापमान वृद्धि की वह सीमा है जिससे पृथ्वी और मानवता के लिए जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को सीमित किया जा सकता है।
  - ✓ 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धि के लक्ष्य तक पहुँचने के लिए, दुनिया को अगले 8 वर्षों में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जनों को लगभग आधा करना होगा।
  - ✓ इसके तहत्, नई एनडीसी योजनाओं और अन्य 2030 संकल्पों के अलावा, वार्षिक उत्सर्जनों से अतिरिक्त 28 गीगाटन समतुल्य कार्बन डाइऑक्साइड को भी हटाया जाना होगा।
- नैट-शून्य संकल्पों को यदि पूर्ण रूप से लागू किया जाता है, तो इससे बड़ा बदलाव आने की सम्भावना है और वैश्विक तापमान में वृद्धि को 2.2 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने में मदद मिलेगी।

## उत्पादन अन्तराल रिपोर्ट 2021

- ✦ **शीर्षक** – उत्पादन अन्तराल रिपार्ट 2021 ( Production Gap Report 2021)
- ✦ **जारी करने वाली संस्था** – संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (United Nations Environment Programme-UNEP)
- ✦ **जारी करने की तिथि** – 20 अक्टूबर, 2021

- उत्पादन अन्तराल रिपार्ट 2021 दर्शाती है कि अगले दो दशकों में, देशों की सरकारें, वैश्विक तेल और गैस उत्पादन में बढ़ोत्तरी होने का अनुमान जता रही है और कोयला उत्पादन में भी मामूली कमी आने की ही सम्भावना है।

### रिपोर्ट के प्रमुख तथ्य

- जीवाश्म ईंधन उत्पादन में, कम से कम वर्ष 2040 तक वृद्धि होने की सम्भावना व्यक्त की गई है।
- रिपोर्ट में 15 मुख्य उत्पादक देशों से जुड़ी जानकारी को साझा करते हुए दर्शाया गया है कि अधिकतर देश अब भी जीवाश्म ईंधन उत्पादन में वृद्धि को समर्थन दे रहे हैं।
- दुनिया की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं ने कोयला आधारित परियोजनाओं के लिए वित्त पोषण रोकने की घोषणा की है, यह जीवाश्म ईंधन के उपयोग को चरणबद्ध ढंग से बन्द करने की दिशा में अहम कदम है।
- रिपोर्ट के अनुसार, तापमान बढ़ोत्तरी को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए जरूरी मात्रा की तुलना में, वर्ष 2030 में 110% अधिक जीवाश्म ईंधनों का उत्पादन होगा।
- मौजूदा योजनाओं से वर्ष 2030 में, 1.5 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोत्तरी को सीमित रखने के लिए जरूरी मात्रा से 240% अतिरिक्त कोयले, 57% अतिरिक्त तेल और 71% अतिरिक्त गैस का उत्पादन होगा।

**महत्वपूर्ण तथ्य**

- ◆ यूएन एजेंसी की यह रिपोर्ट पहली बार वर्ष 2019 में जारी की गई थी और इसमें सरकारों की ऊर्जा उत्पादन योजनाओं और पेरिस समझौते के तहत् उनकी अनुरूपता के बीच के अन्तर को मापा जाता है।

# International News InShort

## सीआरएस

- सीआरएस (Congressional Research Service) अमेरिका की सार्वजनिक नीति अनुसन्धान संस्था है, जिसके द्वारा अक्टूबर 2021 में प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका, रूस और चीन सबसे आधुनिक हाइपरसोनिक हथियार कार्यक्रम चला रहे हैं।
- इनके अलावा ऑस्ट्रेलिया, भारत, फ्रांस, जर्मनी और जापान जैसे देश भी हाइपरसोनिक हथियार तकनीक विकसित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।
- रिपोर्ट में कहा गया है कि हाइपरसोनिक हथियारों के विकास के लिए ऑस्ट्रेलिया ने अमेरिका और भारत ने रूस के साथ इस सम्बन्ध में गठजोड़ किया है।
  - ✓ भारत मैक 7 हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल 'ब्रह्मोस- 2' को विकसित करने में रूस से तकनीकी सहयोग ले रहा है।

## ट्रूथ सोशल

- अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा अपना सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की घोषणा 21 अक्टूबर, 2021 को की गई।
- पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का नाम 'ट्रूथ सोशल' (Truth Social) रखा गया है।
- ट्रम्प का यह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर की तरह ही होगा, जिस पर यूजर्स अपने विचार, फोटो और वीडियोज को शेयर कर सकेंगे।

## जी20 इनोवेशन लीग

- एक सतत् भविष्य बनाने के परिपेक्ष में इटली द्वारा 'जी20 इनोवेशन लीग' (G20 Innovation League) का अनावरण सोरेंटो में आयोजित कार्यक्रम में अक्टूबर 2021 में किया गया।
- इटली के विदेश मामलों और अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्रालय, आर्थिक विकास मंत्रालय और तकनीकी नवाचार और डिजिटल संक्रमण मंत्रालय द्वारा समर्थित इस नई और अनूठी पहल को नवोन्मेषी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है, जो बदले में एक स्थायी भविष्य बनाने में मदद करेगी।
- यह निवेश कोष और संस्थानों के साथ जी20 देशों के सबसे होनहार स्टार्ट-अप को एक साथ लाएगा ताकि वे 'नवोन्मेषी सतत् व्यावसायिक परियोजनाओं' पर सहयोग कर सकें और विकसित कर सकें।



# राष्ट्रीय परिदृश्य

- भारतीय अन्तरिक्ष संघ का शुभारम्भ
- फसल अवशेष जलाने से जुड़े उत्सर्जन में भारत शीर्ष स्थान पर
- राष्ट्रव्यापी नदी तटीय कार्यक्रम का शुभारम्भ
- भारतीय चिड़ियाघरों के लिए विजन प्लान 2021 - 2031 जारी
- केन्द्र सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में साइबर सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश जारी किए
- ब्रह्मपुत्र नदी पर चार लेन सेतु के निर्माण को मंजूरी
- एनएमसीजी और वॉश इंस्टीट्यूट के मध्य समझौता
- भारत की अक्षय ऊर्जा स्थिति पर आईईईएफए की रिपार्ट
- ओवरग्राउण्ड टेलीग्राफ लाइन हेतु संशोधित नियम अधिसूचित
- जम्मू-कश्मीर और दुबई सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर
- भारत का भू-स्थानिक ऊर्जा मानचित्र लॉन्च
- बौद्ध सर्किट विकास हेतु सम्मेलन
- सीएक्यूएम द्वारा 'धूल नियंत्रण एवं प्रबन्धन प्रकोष्ठ' गठन के निर्देश जारी
- राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड के गठन की अधिसूचना जारी
- स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स चिल्ड्रन 2021 रिपोर्ट जारी
- आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत स्वास्थ्य लाभ पैकेज में संशोधन
- इलेक्ट्रिक पेंशन पेमेंट ऑर्डर डिजि लॉकर के साथ एकीकृत
- तेलंगाना में पर्यटन परियोजनाओं का उद्घाटन
- आयुध निर्माणी बोर्ड की सात नई रक्षा कम्पनियाँ राष्ट्र को समर्पित
- स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) को वर्ष2025-26 तक जारी रखने को मंजूरी
- अटल मिशन-अमृत 2.0 को वर्ष 2025-26 जारी रखने को मंजूरी
- कोविड-19 के कारण भारत में जीवन प्रत्याशा में कमी आई

## भारतीय अन्तरिक्ष संघ का शुभारम्भ

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय अन्तरिक्ष संघ (Indian Space Association-ISpA) का शुभारम्भ भारत रत्न जय प्रकाश नारायण और भारत रत्न नानाजी देशमुख की जन्म जयंती के अवसर पर 11 अक्टूबर, 2021 को किया।
- आईएसपीए सम्बन्धित नीतियों की हिमायत करने के साथ ही सरकार एवं उसकी एजेंसियों सहित भारतीय अन्तरिक्ष क्षेत्र के सभी हितधारकों के साथ अपना जुड़ाव सुनिश्चित करेगा।
  - ✓ 'आत्म-निर्भर भारत' दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए आईएसपीए भारत को आत्म-निर्भर, तकनीकी रूप से उन्नत और अन्तरिक्ष क्षेत्र में एक अग्रणी देश बनाने में मदद करेगा।

### आईएसपीए के बारे में

- आईएसपीए अन्तरिक्ष और उपग्रह कम्पनियों का प्रमुख उद्योग संघ है, जो भारतीय अन्तरिक्ष उद्योग की सामूहिक आवाज बनने की आकांक्षा रखता है।
- आईएसपीए का प्रतिनिधित्व अन्तरिक्ष और उपग्रह प्रौद्योगिकियों में उन्नत क्षमताएँ रखने वाली प्रमुख देशी कम्पनियों के साथ-साथ वैश्विक कम्पनियाँ भी करती हैं।
- **संस्थापक सदस्य**– आईएसपीए के संस्थापक सदस्यों में लार्सन एण्ड टुब्रो, नेल्को (टाटा ग्रुप), वनवेब, भारती एयरटेल, मैपमायइंडिया, वालचंदनगर इंडस्ट्रीज और अनंत टेक्नोलॉजी लिमिटेड शामिल हैं।
  - ✓ इसके अन्य प्रमुख सदस्यों में गोदरेज, ह्यूजेस इंडिया, अजिस्ता-बीएसटी एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड, बीईएल, सेंटम इलेक्ट्रॉनिक्स, मैक्सार इंडिया भी सम्मिलित हैं।

## फसल अवशेष जलाने से जुड़े उत्सर्जन में भारत शीर्ष स्थान पर

- जलवायु प्रौद्योगिकी स्टार्ट-अप ब्लू स्काई एनालिटिक्स (Blue Sky Analytics) द्वारा अक्टूबर 2021 में जारी नई रिपोर्ट में दावा किया गया है, कि भारत फसल का अवशेष जलाने से जुड़े उत्सर्जन के मामले में दुनिया में शीर्ष स्थान पर है।
- रिपोर्ट में उपलब्ध आँकड़ों से भारत में वन और फसल अवशेषों के जीवाश्मों को जलाए जाने की हालिया प्रवृत्ति के बारे में पता चलता है।

### रिपोर्ट के प्रमुख तथ्य

- रिपोर्ट के अनुसार भारत की कुल वैश्विक उत्सर्जन में हिस्सेदारी वर्ष 2015 से 2020 की अवधि के दौरान 13% है।
- स्टार्ट-अप ने वर्ष 2020 में फसल अवशेष जलाने से होने वाले उत्सर्जन के 12.2% हिस्से के लिए भारत के जिम्मेदार रहने का जिक्र किया है।
- रिपोर्ट में वर्ष 2019-20 के दौरान उत्सर्जन में 12.8% वृद्धि होने का भी जिक्र किया गया है। इससे इस क्षेत्र में भारत की वैश्विक हिस्सेदारी बढ़ कर 12.2% हो जाती है।
- वर्ष 2016 - 2019 के मध्य फसल अवशेष को जलाने की प्रवृत्ति में कमी आई है।
  - ✓ इस अवधि के दौरान फसल अवशेष आग में 11.39% तक कमी आई है।
- **विशेष** – ब्लू स्काई एनालिटिक्स की स्थापना भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के एक पूर्व छात्र ने की है। यह 'क्लाइमेट ट्रेस' नामक वैश्विक गठबंधन का एक हिस्सा है।

## राष्ट्रव्यापी नदी तटीय कार्यक्रम का शुभारम्भ

- केन्द्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने गढ़मुक्तेश्वर (उत्तर प्रदेश) के बृजघाट में राष्ट्रव्यापी 'नदी तटीय कार्यक्रम' (River Ranching Programme) का शुभारम्भ 8 अक्टूबर, 2021 को किया।
  - ✓ उत्तराखण्ड, ओडिशा, त्रिपुरा और छत्तीसगढ़ जैसे अन्य 4 राज्यों ने भी इस राष्ट्रव्यापी नदी तटीय कार्यक्रम के शुभारम्भ में भाग लिया।
- 'नदी तटीय कार्यक्रम' पारम्परिक मत्स्यपालन, पारिस्थितिकी तंत्र की स्थिरता और अन्तर्देशीय समुदायों का व्यापार और सामाजिक सुरक्षा के उन्नयन को भी सुनिश्चित करता है।
- राष्ट्रीय स्तर के नदी तटीय कार्यक्रम के शुभारम्भ में कुल 5 राज्यों ने हिस्सा लिया और कुल 8.85 लाख मछली के बच्चों (fingerlings) का पालन किया गया।

#### कार्यक्रम के बारे में

- 'नदी तटीय कार्यक्रम' की शुरुआत भूमि और जल का विस्तार, गहनता, विविधता और उत्पादक उपयोग के माध्यम से मछली उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए पीएमएसएसवाई (Pradhan Mantri Swasthya Suraksha Yojana) के अन्तर्गत विशेष गतिविधि के रूप में की गई है।
- मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन मंत्रालय ने पूरे देश में नदी तटीय कार्यक्रम को लागू करने के लिए **राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड, हैदराबाद** को पीएमएसएसवाई के केन्द्रीय क्षेत्र घटक के अन्तर्गत **नोडल एजेंसी** के रूप में नामित किया है।
- 2020-21 के दौरान फेज-1 कार्यक्रम के रूप में, एनएफडीबी (National Fisheries Development Board) ने तीन प्रमुख नदी प्रणालियों **गंगा और उसकी सहायक नदियों, ब्रह्मपुत्र और बराक नदी की सहायक नदियों और महानदी** और अन्य नदियों को लक्षित किया है।
    - ✓ तदनुसार उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा, छत्तीसगढ़, ओडिशा, उत्तराखण्ड और बिहार जैसे नदी बेल्ट की लम्बाई पर ध्यान केन्द्रित करने वाले छह प्रमुख अन्तर्देशीय राज्यों का चयन मछली के बच्चों का पालन करने के लिए लक्षित स्थलों के साथ किया गया है।

## भारतीय चिड़ियाघरों के लिए विजन प्लान 2021 - 2031 जारी

- ✦ **शीर्षक** – भारतीय चिड़ियाघरों के लिए विजन प्लान और केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को मजबूत करने के लिए विजन प्लान 2021-2031 (Vision Plan for Indian Zoos and Strengthening of Central Zoo Authority 2021-2031)
- ✦ **जारी करने की तिथि** – 11 अक्टूबर, 2021(चिड़ियाघर निदेशकों और पशु चिकित्सकों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा)
- ✦ **उद्देश्य** – स्थानीय पक्षियों और जानवरों के संरक्षण पर ध्यान केन्द्रित करते हुए भारतीय चिड़ियाघरों को वैश्विक मानकों पर अपग्रेड करना और केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को मजबूत करना।

- यह विजन दस्तावेज अद्वितीय पशु देखभाल, अत्याधुनिक अनुसंधान और सभी उम्र के लोगों के साथ तालमेल बिठाते हुए आकर्षक आगंतुक अनुभव प्रदान करके 'केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण' (Central Zoo Authority-CZA) और भारतीय चिड़ियाघरों को संरक्षण के लिए एक बड़ी ताकत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।
- यह योजना 10 'परिवर्तन के स्तम्भ'(Pillars of Change) को प्रतिध्वनित करती है जिनमें संरक्षण प्रजनन (conservation breeding), पशु कल्याण (animal welfare), वैज्ञानिक अनुसन्धान (scientific research), आगंतुक अनुभव और शिक्षा (visitor experience and education), स्थिरता (sustainability), उन्नत टीम (elevated teams) और प्रौद्योगिकी संचालित संस्थान (technology driven institutions) से सम्बन्धित लक्ष्य शामिल हैं।

#### प्राणी मित्र पुरस्कार

- विजन जारी किए जाने के अवसर पर सीजेडए द्वारा गठित **'प्राणी मित्र पुरस्कार'** भी (4 श्रेणियों) में प्रदान किए गए, जो निम्न प्रकार हैं –
    - ✓ **उत्कृष्ट पशु रक्षक** – लखीदेवी, भगवान बिरसा प्राणी उद्यान (रांची झारखण्ड)।
    - ✓ **उत्कृष्ट शिक्षाविद्/जीवविज्ञानी** –हरपाल सिंह,शिक्षाविद्, महेंद्र चौधरी प्राणी उद्यान (चटबीर पंजाब)।
    - ✓ **उत्कृष्ट पशु चिकित्सक** – डॉ इलियाराजा, आगरा भालू बचाव सुविधा केन्द्र (उत्तर प्रदेश)
    - ✓ **उत्कृष्ट निदेशक** – डॉ विभु प्रकाश माथुर,निदेशक, गिद्ध संरक्षण प्रजनन केन्द्र (पिंजौर, हरियाणा)।
- **विशेष** – इस अवसर पर वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो द्वारा निर्मित एक आउटरीच फिल्म भी जारी की गई जिसका शीर्षक 'प्रकृति के साथ सद्भाव में रहना, वन्यजीवों के अवैध व्यापार को रोकना' था।

## ब्रह्मपुत्र नदी पर चार लेन सेतु के निर्माण को मंजूरी

- भारत सरकार ने असम के कामरूप जिले में ब्रह्मपुत्र नदी पर एक 3 किलोमीटर लम्बे 4 लेन के सेतु के निर्माण को मंजूरी दे दी है।
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुवाहाटी (असम) दौरे के दौरान 7 अक्टूबर, 2021 को इसकी घोषणा करते हुए बताया कि, इस सेतु पर अनुमानित रूप से कुल ₹ 3,094 करोड़ की लागत आएगी।
- **लाभ** – इस सेतु से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जाने-माने सिल्क टाउन 'सुआलकुची' और औद्योगिक क्षेत्र 'अमीनगाँव' का गुवाहाटी और अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से सीधा सम्पर्क हो जाएगा।
    - ✓ यह परियोजना नदी तट के कटाव को रोकने में भी मदद करेगी और राज्य के आर्थिक विकास की दिशा में परिवहन दक्षता में सुधार होगा।

#### भूमिपूजन व शिलान्यास

##### कोपिली हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट

- केन्द्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने लोंग कू, दीमा हसाओ (Longku, Dima Hasao) स्थित 120 मेगावाट के लोअर कोपिली हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट (Kopili Hydro Electric Project) के भूमि पूजन में भी भाग लिया।
    - ✓ इस परियोजना से असम की पर्यावरण अनुकूल जलविद्युत स्रोत से बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और बिजली की उपलब्धता में सुधार होगा।

##### एआरएनआईपी

- वित्त मंत्री द्वारा दीमा हसाओ(असम) में एशियन डेवलपमेंट बैंक की सहायता प्राप्त एआरएनआईपी (Assam Road Network Improvement Project) के तहत् हाफलांग तिनियाली से लोअर हाफलांग तक 90 किलोमीटर की सड़क के सुधार कार्य का शिलान्यास किया गया।
- 37.5 करोड़ डॉलर की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना में 'एशियन डेवलपमेंट बैंक' से मिलने वाली 30 करोड़ डॉलर की सहायता भी शामिल है।
    - ✓ परियोजना में लगभग 313 किलोमीटर राज्य राजमार्गों व प्रमुख जिला मार्गों का सुधार व उन्नयन और 200 किलोमीटर का सड़क सुरक्षा सुधार शामिल है।

## एनएमसीजी और वॉश इंस्टीट्यूट के मध्य समझौता

- राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (National Mission of Clean Ganga-NMCG) ने शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) में अधिकारियों की सेवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रशिक्षणों की शृंखला के आयोजन के लिए वॉश इंस्टीट्यूट (Water, Sanitation and Hygiene Institute - WASH Institute) के साथ एक एमओयू अक्टूबर 2021 में किया।

- यह एमओयू गंगा बेसिन के कस्बों और शहरों में एफएसएसएम से जुड़े मुद्दों के कुशलता के साथ समाधान करने के लिए भी किया गया है।

### अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- इस परियोजना को यूएसएआईडी (United States Agency for International Development-USAID) द्वारा वित्तपोषण किया जाएगा और 'बिल एण्ड मिलिंडा गेट्स फाउण्डेशन' द्वारा समर्थन दिया जाएगा।
- इस समझौते का उद्देश्य मल गाद और सेप्टेज प्रबन्धन (Faecal Sludge and Septage Management -FSSM) और भारतीय कस्बों व शहरों में अपशिष्ट जल प्रबन्धन की दिशा में तैयारियों में सुधार करना है।
- **विशेष** – 'राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन' (एनएमसीजी), 'बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड' (बीयूआईडीसीओ) और 'मैसर्स अडाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड' ने हंगरी की ऑर्गेनिक टेक्नोलॉजी कम्पनी के साथ मिलकर संयुक्त उद्यम में हाइब्रिड वार्षिकी पीपीपी मोड पर भागलपुर के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के विकास के लिए त्रिपक्षीय रियायत समझौते पर 7 अक्टूकर, 2021 को हस्ताक्षर किए हैं। इस परियोजना की कुल लागत ₹ 385.09 करोड़ है।

## भारत की अक्षय ऊर्जा स्थिति पर आईईईएफए की रिपार्ट

- 'इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एण्ड फाइनेंशियल एनालिसिस' (Institute for Energy Economics and Financial Analysis: IEEFA) द्वारा भारत की अक्षय ऊर्जा की स्थिति पर एक रिपोर्ट जारी की गई जिसके अनुसार लॉकडाउन ने देश में अक्षय ऊर्जा अधिष्ठापन को मंद कर दिया है।
  - ✓ इस तरह की अधिष्ठापन की गति भारत के वर्ष 2022 के लक्ष्य से पीछे है।

### रिपोर्ट के प्रमुख तथ्य

- हरितगृह गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए भारत का लक्ष्य वर्ष 2022 तक 175 गीगावाट (जीडब्ल्यू) एवं वर्ष 2030 तक 450 गीगावाट हरित ऊर्जा स्थापित करना है।
- वित्त वर्ष 2020-21 में ऐसी क्षमता का मात्र 7 गीगावाट जोड़ा गया था।
- केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के आँकड़ों के अनुसार भारत को मार्च 2023 तक 100 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता (40 गीगावाट रूफटॉप सोलर एवं 60 गीगावाट भू-तल-आरूढ़ उपादेयता अनुमाप/ग्राउंड-माउंटेड यूटिलिटी स्केल) स्थापित करनी थी।
- बिजली के कारोबार में वर्ष 2020 की तुलना में 20%, 2019 की तुलना में 37% और 2018 की तुलना में 30% की वृद्धि हुई। इससे 2020 की तुलना में कीमतों में औसतन 38%, 2019 की तुलना में 8% और 2018 की तुलना में 11% की वृद्धि हुई।

## जम्मू-कश्मीर और दुबई सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

- अनुच्छेद 370 के समाप्त किए जाने के पश्चात् केन्द्रशासित प्रदेश के रूप में अस्तित्व में आए जम्मू और कश्मीर के बहुआयामी विकास के लिए जम्मू और कश्मीर प्रशासन ने दुबई सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर 18 अक्टूबर, 2021 को हस्ताक्षर किए हैं।
- इस एमओयू के तहत् दुबई सरकार द्वारा जम्मू और कश्मीर के रियल एस्टेट, औद्योगिक पार्कों, आईटी टावरों, बहुउद्देशीय टावरों, लॉजिस्टिक्स, मेडिकल कॉलेज, सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल आदि के विकास के लिए निवेश किया जाएगा।
- **विशेष** – दुबई का इस एमओयू पर हस्ताक्षर करना भारत के लिए एक बड़ी सफलता है, क्योंकि इस्लामिक सहयोग संगठन( ओआईसी) के सदस्यों ने हमेशा ही कश्मीर पर पाकिस्तान की भावनाओं को आगे रखा है।
  - ✓ उक्त स्थिति के मद्देनजर दुबई का कश्मीर में समझौता करना इसे केन्द्रशासित प्रदेश के तौर पर मान्यता देने के समान है।

## भारत का भू-स्थानिक ऊर्जा मानचित्र लॉन्च

- ✦ **शीर्षक** – भारत का भू-स्थानिक ऊर्जा मानचित्र (Geospatial Energy Map of India)
- ✦ **जारी करने वाला निकाय** – नीति आयोग
- ✦ **जारी करने की तिथि** –18 अक्टूबर, 2021

- **विकास** – नीति आयोग ने भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सहयोग से भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालयों के साथ मिलकर।
- **उद्देश्य** – कई संगठनों में बिखरे हुए ऊर्जा डेटा को एकीकृत करना और इसे समेकित, आकर्षक चित्रात्मक ढंग से प्रस्तुत करना।
- भारत का यह भू-स्थानिक ऊर्जा मानचित्र देश में ऊर्जा उत्पादन और वितरण का एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए ऊर्जा के सभी प्राथमिक और माध्यमिक स्रोतों और उनके परिवहन/प्रेषण नेटवर्क की पहचान करने तथा उनका पता लगाने का प्रयास करता है।

### भू-स्थानिक ऊर्जा मानचित्र : महत्वपूर्ण तथ्य

- यह जीआईएस मानचित्र देश के सभी ऊर्जा संसाधनों की एक समग्र तस्वीर प्रदान करता है, जो पारम्परिक बिजली संयन्त्रों, तेल और गैस के कुओं, पेट्रोलियम रिफाइनरियों, कोयला क्षेत्रों और कोयला ब्लॉकों जैसे ऊर्जा प्रतिष्ठानों का चित्रण करता है।
- यह मानचित्र 27 विषयगत श्रेणियों के माध्यम से अक्षय ऊर्जा बिजली संयन्त्रों (renewable energy power plants) और अक्षय ऊर्जा संसाधन क्षमता (renewable energy resource potential) आदि पर जिले-वार डेटा प्रस्तुत करता है।
- भारत का भू-स्थानिक ऊर्जा मानचित्र योजना बनाने और निवेश सम्बन्धी निर्णय लेने में उपयोगी होगा। यह उपलब्ध ऊर्जा परिसम्पत्तियों का उपयोग करके आपदा प्रबन्धन में भी सहायता करेगा।

## बौद्ध सर्किट विकास हेतु सम्मेलन

- देश में बौद्ध पर्यटन की सम्भावना का दोहन करने के लिए केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय ने 'बौद्ध सर्किट ट्रेन एफएएम टूर' और सम्मेलन (Buddhist Circuit Train FAM Tour and Conference) का आयोजन 4 - 8 अक्टूबर, 2021 को किया।
  - ✓ एफएएम टूर में प्रमुख बौद्ध स्थलों के साथ-साथ बोधगया और वाराणसी के सम्मेलन स्थलों की यात्रा शामिल है।
- इस कार्यक्रम में टूर ऑपरेटरों, होटल व्यवसायियों, मीडिया तथा पर्यटन मंत्रालय एवं राज्य सरकारों के अधिकारियों सहित लगभग 125 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### बौद्ध सर्किट विकास हेतु प्रयास

- पर्यटन मंत्रालय ने 'स्वदेश दर्शन योजना' के तहत् मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात और आन्ध्र प्रदेश राज्यों में बौद्ध सर्किट विकास के लिए ₹ 325.53 करोड़ की 5 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।
- 'प्रसाद योजना' के तहत् वाराणसी में तीन परियोजनाओं पर ₹ 44.19 करोड़ के कार्य स्वीकृत किए गए हैं।
- बौद्ध संरचनाओं के विकास के लिए ₹ 9.5 करोड़ की लागत से धामेक स्तूप में एक ध्वनि तथा प्रकाश शो और एक बुद्ध थीम पार्क, सारनाथ सहित दो परियोजनाएँ पूरी की गई हैं।
- भारत को बौद्ध गंतव्य और दुनिया भर के प्रमुख बाजारों के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय प्रत्येक एक वर्ष को छोड़कर दूसरे वर्ष में बौद्ध सम्मेलन का आयोजन करता है।
  - ✓ आगामी अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन 17 - 21 नवम्बर, 2021 को आयोजित किया जाएगा।

### भारत में बौद्ध धर्म और पर्यटन विकास की सम्भावनाएँ

- बौद्ध धर्म की उत्पत्ति 2500 साल से भी पहले प्राचीन भारत में हुई थी और यह एशिया के अधिकांश हिस्सों में फैल गया।
- बौद्ध धर्म एशिया के एक बड़े हिस्से में फैला हुआ है और केवल पूर्व एवं दक्षिण-पूर्व एशिया में दुनिया के 97 प्रतिशत बौद्ध केन्द्र हैं।
- करीब 500 मिलियन अनुयायियों के साथ, बौद्ध दुनिया की कुल जनसंख्या के 7 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करते हैं।
- बौद्ध धर्म के पवित्र स्थल बुद्ध के जीवन चक्र का अनुसरण करते हैं, जिनमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण निम्नलिखित हैं –
  - ✓ **बुद्ध का जन्मस्थान** : लुम्बिनी (नेपाल)
  - ✓ **बोधगया** : जहाँ उन्होंने ज्ञान प्राप्त किया
  - ✓ **सारनाथ** : जहाँ बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद अपना पहला उपदेश दिया, जिसे धर्मचक्रप्रवर्तन भी कहा जाता है।
  - ✓ **कुशीनगर** : जिसे बुद्ध ने अपने अन्तिम प्रस्थान अथवा महापरिनिर्वाण के लिए चुना था।
  - ✓ **नालंदा** : जो दुनिया के पहले आवासीय विश्वविद्यालयों में से एक था और शिक्षण का एक केन्द्र था।
  - ✓ **राजगीर** : जहाँ गृध्रा कूटा (गिद्धों की पहाड़ी) में बुद्ध ने ध्यान और उपदेश देते हुए कई महीने बिताए।
  - ✓ **श्रावस्ती** : जहाँ उन्होंने अपने कई सुत्त (उपदेश) पढ़ाए।
  - ✓ **वैशाली** : जहाँ बुद्ध ने अपने कुछ अन्तिम उपदेश दिए थे।
- वर्तमान में महात्मा बुद्ध के पवित्र स्थलों पर सारनाथ और बोधगया सहित देश भर में लगभग 6% विदेशी पर्यटक आते हैं।

## सीएक्यूएम द्वारा 'धूल नियंत्रण एवं प्रबन्धन प्रकोष्ठ' गठन के निर्देश जारी

- 'वायु गुणवत्ता प्रबन्धन आयोग' (Commission for Air Quality Management -CAQM) ने उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (Government of National Capital Territory of Delhi) की राज्य सरकारों की सड़कों के स्वामित्व / रख-रखाव / निर्माण से जुड़ी सभी एजेंसियों को अपने-अपने राज्यों में 'धूल नियंत्रण एवं प्रबन्धन प्रकोष्ठ' (Dust Control & Management Cells) स्थापित करने के निर्देश अक्टूबर 2021 में जारी किए।
- इस संदर्भ में सीएक्यूएम ने 10 बिन्दुओं वाला एक धूल निगरानी मानक तैयार किया है।
  - ✓ इस मानक में कई तरह के उपाय यथा रोड स्वीपिंग मशीनों का अधिकतम उपयोग,निर्दिष्ट स्थलों/लैण्डफिल में एकत्रित धूल का वैज्ञानिक निपटान आदि शामिल हैं, जिन्हें धूल नियंत्रण एवं प्रबन्धन प्रकोष्ठों द्वारा सख्ती से अपनाने की जरूरत है।
- **राज्यों द्वारा गठित प्रकोष्ठ** – सीएक्यूएम के निर्देशों की पालना में राज्य सरकारों की सड़कों के स्वामित्व/रख-रखाव से जुड़ी विभिन्न एजेंसियों ने धूल नियंत्रण एवं प्रबन्धन प्रकोष्ठों की स्थापना की है जो निम्नवत हैं –
  - ✓ उत्तर प्रदेश : 17 प्रकोष्ठ
  - ✓ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (जीएनसीटीडी): 11 प्रकोष्ठ
  - ✓ राजस्थान : 8 प्रकोष्ठ
  - ✓ हरियाणा : 2 प्रकोष्ठ

## स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स चिल्ड्रन 2021 रिपोर्ट जारी

- ✦ **शीर्षक** – स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स चिल्ड्रन 2021; ऑन माय माइंडः प्रोमोटिंग, प्रोटेक्टिव एण्ड केयरिंग फॉर चिल्ड्रन्स मेंटल हेल्थ (The State of the World's Children 2021; On My Mind: promoting, protecting and caring for children's mental health)
- ✦ **जारी करने वाला संस्थान** – यूनिसेफ (UNICEF)
- ✦ **जारी करने की तिथि** – 5 अक्टूबर, 2021 (मनसुख मांडविया, केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री द्वारा)

- यूनिसेफ की इस रिपोर्ट में यह पाया गया कि भारत में 15 से 24 साल के लोगों में से लगभग 14 प्रतिशत या सात में से एक ने यह कहा कि उसने खुद को अवसादग्रस्त महसूस किया या चीजों को करने में उसकी बहुत कम दिलचस्पी थी।

### रिपोर्ट के अन्य प्रमुख तथ्य

- कोविड-19 महामारी ने बच्चों की एक पीढ़ी के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ा दी है।
- 21 देशों में औसतन 83% की तुलना में भारत में केवल 41% युवा ही मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए सहायता लेने के इच्छुक थे।
- वर्ष 2020-2021 के दौरान भारत में कक्षा 6 तक के 286 मिलियन से अधिक बच्चे स्कूली शिक्षा से बाहर हो गए थे; केवल 60% बच्चों की ही डिजिटल शिक्षा तक पहुँच थी।
- विश्व में लगभग 13% किशोरों (10-19 आयु वर्ग) के मानसिक विकार के साथ जीने का अनुमान है।
- 15 से 19 वर्ष के बच्चों में आत्महत्या मृत्यु का चौथा प्रमुख कारण है। हर वर्ष 10 से 19 वर्ष की आयु के लगभग 46,000 बच्चे अपना जीवन समाप्त कर लेते हैं (प्रत्येक 11 मिनट में लगभग 1)।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड के गठन की अधिसूचना जारी

- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (Ministry of Road Transport & Highways) ने नए नियमों के साथ 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड' (National Road Safety Board-NRSB) के गठन को 3 सितम्बर, 2021 को अधिसूचित कर दिया है।
  - ✓ इस सम्बन्ध में जानकारी मंत्रालय द्वारा 5 अक्टूबर, 2021 को प्रदान की गई।

### एनआरएसबी : प्रमुख तथ्य

- **प्रधान कार्यालय** – राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में(यह भारत में अन्य स्थानों पर कार्यालय स्थापित कर सकता है)
- **बोर्ड की संरचना** – एक अध्यक्ष तथा 3 - 7 सदस्य

- **उत्तरदायित्व –** सड़क सुरक्षा, नवाचार को बढ़ावा देना और नई तकनीक को अपनाने तथा यातायात व मोटर वाहनों को विनियमित करना।
- **कार्य –** पहाड़ी क्षेत्रों के लिए सड़क सुरक्षा, यातायात प्रबन्धन और सड़क निर्माण के लिए विशिष्ट मानक तैयार करना।
  - ✓ यातायात पुलिस, अस्पताल प्राधिकरणों, राजमार्ग प्राधिकरणों, शैक्षिक एवं अनुसंधान संगठनों और अन्य संगठनों के लिए क्षमता निर्माण तथा कौशल विकास के लिए दिशा-निर्देश तय करना।
  - ✓ सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबन्धन पर केन्द्र सरकार, राज्य सरकारों तथा स्थानीय प्राधिकरणों को तकनीकी सलाह व सहायता प्रदान करना।
  - ✓ वाहन इंजीनियरिंग क्षेत्र में नई वाहन प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना व अन्तर्राष्ट्रीय तकनीकी मानकों और घरेलू तकनीकी मानकों के बीच निरन्तरता को बढ़ाना।
  - ✓ सड़क सुरक्षा, यातायात प्रबन्धन, दुर्घटना जाँच में सुधार के लिए अनुसन्धान करना।

## आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत स्वास्थ्य लाभ पैकेज में संशोधन

- 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' (एबीपीएम-जेएवाई) को लागू करने के लिए शीर्ष संस्था राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (National Health Authority -NHA) ने योजना के तहत् स्वास्थ्य लाभ पैकेज मास्टर में अक्टूबर 2021 में परिवर्तन किए हैं।
- स्वास्थ्य लाभ पैकेज (Health Benefit Package (HBP 2.2)) के संशोधित संस्करण में एबीपीएम-जेएवाई [(Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana (AB PM-JAY)] के तहत् कुछ स्वास्थ्य पैकेजों की दरों को 20% से लेकर 400% तक बढ़ाया गया है तथा लगभग 400 प्रसीजर्स दरों (procedure rates) को संशोधित किया गया है।
  - ✓ संशोधन के तहत् ब्लैक फंगस (black fungus) से सम्बन्धित एक नया अतिरिक्त चिकित्सा प्रबन्धन पैकेज भी जोड़ा गया है।
- चिकित्सा प्रबन्धन प्रसीजर्स (medical management procedures) के तहत् वेंटिलेटर के साथ आईसीयू की दरों में 100%, बिना वेंटिलेटर के आईसीयू के लिए दरों में 136%, एचडीयू के लिए दरों में 22% की वृद्धि की गई है, जबकि रूटीन वार्ड के लिए कीमतों में 17% की वृद्धि की गई है।
  - ✓ एचबीपी 2.2 के नवम्बर 2021 से शुरू होने की उम्मीद है।

### अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- वर्तमान में आयुष्मान भारत पीएम-जेएवाई में 1669 उपचार प्रसीजर्स हैं, जिनमें से 1080 सर्जिकल, 588 मेडिकल और एक अन्य पैकेज है।
- वर्ष 2018 में आयुष्मान भारत योजना को कुल 1,393 पैकेजों के साथ एचबीपी 1.0 के साथ लॉन्च किया गया था।
  - ✓ इस योजना का उद्देश्य सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (एसईसीसी)-2011 आँकड़ों के अनुसार 10.74 करोड़ से अधिक गरीब और कमजोर परिवारों (53 करोड़ से अधिक लाभार्थी) को प्रति परिवार ₹ 5 लाख सालाना तक मुफ्त और कैशलेस स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है।

## इलेक्ट्रिक पेंशन पेमेंट ऑर्डर डिजि लॉकर के साथ एकीकृत

- रक्षा मंत्रालय के भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा रक्षा पेंशनभोगियों के जीवन को आसान बनाने के लिए डिजि लॉकर के साथ प्रधान रक्षा लेखा नियंत्रक (पीसीडीए) पेंशन, इलाहाबाद द्वारा उत्पन्न इलेक्ट्रॉनिक पेंशन भुगतान आदेश (Electronic Pension Payment Order -EPPO) को एकीकृत कर दिया गया है।
- तदनुसार पीसीडीए, पेंशन (Principal Controller of Defence Accounts **(PCDA) Pension) इलाहाबाद** को डिजि लॉकर प्लेटफॉर्म के माध्यम से 23 लाख से अधिक रक्षा पेंशनभोगियों के **ईपीपीओ प्रदान करने के लिए एक सेवा प्रदाता के रूप में पंजीकृत** किया गया है।
  - ✓ इससे रक्षा पेंशनभोगी दुनिया में कहीं से भी अपने ईपीपीओ का उपयोग कर पाएँगे।

## आयुध निर्माणी बोर्ड की सात नई रक्षा कम्पनियाँ राष्ट्र को समर्पित

- आयुध निर्माणी बोर्ड (Ordnance Factory Board -OFB) की सात नई रक्षा कम्पनियों को नई दिल्ली में 'विजयादशमी' के अवसर पर रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में 15 अक्टूबर 2021 को राष्ट्र को समर्पित किया गया।
- **राष्ट्र को समर्पित सात नई रक्षा कम्पनियाँ –** एमआईएल (Munitions India Limited ); आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (Armoured Vehicles Nigam Limited -AVANI);एडब्ल्यूई इंडिया (Advanced Weapons and Equipment India Limited ); टीसीएल (Troop Comforts Limited) (Troop Comfort Items); वाईआईएल (Yantra India Limited ); आईओएल (India Optel Limited ) और जीआईएल (Gliders India Limited) ।
- **संचालन –**इन कम्पनियों ने 1 अक्टूबर, 2021 से कारोबार शुरू कर दिया है।



## महत्वपूर्ण तथ्य

- सरकार ने देश की रक्षा तैयारियों में आत्मनिर्भरता में सुधार के उपाय के रूप में संचालन स्वायत्तता, दक्षता बढ़ाने और नई विकास क्षमता और नवाचार लाने के लिए आयुध निर्माणी बोड (ओएफबी) को सरकारी विभाग से सात 100 प्रतिशत सरकारी स्वामित्व वाली कॉर्पोरेट कम्पनियों में बदलने का निर्णय लिया था।
- इस निर्णय से उनके अधीन 41 कारखानों के कामकाज में जवाबदेही और दक्षता में सुधार होगा।
- रक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2024 तक एयरोस्पेस और रक्षा उपकरणों और सेवाओं में ₹ 1.75 लाख करोड़ का कारोबार हासिल करने का लक्ष्य रखा है, जिसमें ₹ 35,000 करोड़ का निर्यात भी शामिल है।

## स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) को वर्ष 2025-26 तक जारी रखने को मंजूरी

- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) के परिणामों पर जोर, सभी शहरों में ठोस कचरे का वैज्ञानिक प्रसंस्करण शुरू करने और जनगणना 2011 में 1 लाख से कम आबादी वाले शहरों (ऐसे शहर जिन्हें अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) में शामिल नहीं किया गया था) में अपशिष्ट जल के प्रबन्धन पर जोर के साथ, 'स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)' [Swachh Bharat Mission (Urban) (SBM-U)] को वर्ष 2025-26 तक जारी रखने की मंजूरी 12 अक्टूबर, 2021 को दे दी।
- प्रधानमंत्री द्वारा 1 अक्टूबर, 2021 को लॉन्च किए गए 'एसबीएम-यू 2.0' का मुख्य जोर हासिल की गई स्वच्छता और ठोस कचरा प्रबन्धन के परिणामों को बनाए रखना व उनकी गति बढ़ाने पर होगा, जिससे मिशन के 'गारबेज मुक्त' शहरी भारत के लक्ष्य को हासिल किया जा सके।
- स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत् सभी सांविधिक शहरों को कम से कम ओडीएफ प्लस बनाने, 1 लाख से कम जनसंख्या वाले शहरों को ओडीएफ प्लस प्लस बनाने और अपशिष्ट जल के सुरक्षित तरीके के साथ शोधन की अपेक्षित परिणाम की आशा की गई है।
- वर्ष 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए ₹ 36,465 करोड़ की केन्द्रीय हिस्सेदारी के साथ 'एसबीएम-यू 2.0' के लिए कुल ₹ 1,41,600 करोड़ का वित्तीय परिव्यय तय किया गया है, जो मिशन के पिछले चरण के ₹ 62,009 करोड़ के वित्तीय परिव्यय से 2.5 गुना अधिक है।
- केन्द्र और राज्यों के बीच फण्ड की साझेदारी अग्रांकित प्रकार से इस प्रकार है –
  - ✓ 10 लाख से ज्यादा जनसंख्या वाले रशहरों में : 25:75
  - ✓ 1-10 लाख तक जनसंख्या वाले शहरों में : 33:67
  - ✓ एक लाख से कम जनसंख्या वाले शहरों में : 50:50
  - ✓ बिना विधानसभा वाले केन्द्र शासित प्रदेशों में : 100:0
  - ✓ विधानसभा वाले केन्द्र शासित प्रदेशों में : 80:20

## अटल मिशन-अमृत 2.0 को वर्ष 2025-26 तक जारी रखने को मंजूरी

- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने आत्म-निर्भर भारत की दिशा में एक कदम के रूप में और पानी की सर्कुलर इकोनॉमी के जरिए शहरों को 'जल सुरक्षित' एवं 'आत्म-निर्भर' बनाने के उद्देश्य से नवीकरण और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (अमृत 2.0) को वर्ष 2025-26 तक जारी रखने की मंजूरी 12 अक्टूबर, 2021 को दी।
- 'अमृत 2.0' सभी 4,378 वैधानिक शहरों में घरेलू नल कनेक्शन प्रदान करके पानी की आपूर्ति के सावभौमिक कवरेज का लक्ष्य रखता है।
  - ✓ इसके तहत् 500 अमृत शहरों में घरेलू सीवरेज/सेप्टेज प्रबन्धन का 100 प्रतिशत कवरेज इसका एक और उद्देश्य है।
- 'अमृत 2.0' के लिए कुल सांकेतिक परिव्यय ₹ 2,77,000 करोड़ है, जिसमें वित्त वर्ष 2021-22 से वित्तीय वर्ष 2025-26 तक पाँच वर्षों के लिए ₹ 76,760 करोड़ का केन्द्रीय हिस्सा शामिल है।

## कोविड-19 के कारण भारत में जीवन प्रत्याशा में कमी आई

- मुम्बई की आईआईपीएस (International Institute for Population Sciences) के वैज्ञानिकों ने दिल्ली की जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर एक रिपोर्ट तैयार की है, जिसके अनुसार भारत में, कोविड-19 महामारी के कारण जीवन प्रत्याशा (Life Expectancy) में लगभग दो वर्ष की गिरावट आई है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार पुरुषों और महिलाओं के लिए जन्म के समय जीवन प्रत्याशा वर्ष 2019 में क्रमशः 69.5 वर्ष और 72 वर्ष से घटकर वर्ष 2020 में 67.5 वर्ष और 69.8 वर्ष हो गई है।
- अध्ययन में कहा गया है कि 35-79 वर्ष के लोगों में सामान्य वर्षों की तुलना में वर्ष 2020 में कोविड संक्रमण के कारण अधिक मौतें हुईं इनमें सबसे ज्यादा हिस्सा 35-69 आयु वर्ग का रहा।

# National News InShort

### पीएसए ऑक्सीजन संयन्त्र

- एम्स ऋषिकेश (उत्तराखण्ड) में आयोजित एक कार्यक्रम में 35 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में पीएम केयर्स के तहत् स्थापित 35 पीएसए (Pressure Swing Adsorption) ऑक्सीजन संयन्त्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 7 अक्टूबर, 2021 को राष्ट्र को समर्पित किए गए।
  - ✓ इसके साथ ही देश के सभी जिलों को अब पीएसए ऑक्सीजन संयन्त्र, जो संचालन में हैं, उनकी सुविधा मिल जाएगी।


### गो फर्स्ट

- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू और कश्मीर की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान श्रीनगर, शारजाह (संयुक्त अरब अमीरात) के बीच पहली सीधी अन्तर्राष्ट्रीय उड़ान का उद्घाटन 23 अक्टूबर, 2021 को किया।
- वस्तुतः वाडिया समूह द्वारा संचालित विमानन कम्पनी 'गो फर्स्ट' द्वारा श्रीनगर से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शारजाह के लिए सीधी हवाई उड़ान सेवा शुरू की।
  - ✓ इसके साथ ही 'गो फर्स्ट' इन दोनों देशों के बीच उड़ानें शुरू करने वाली पहली एयरलाइन बन गई है।

# राउण्ड-अप
Round-up

- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने केन्द्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए 3% महँगाई भत्ता और महँगाई राहत (Dearness Relief -DR) बढ़ोतरी को मंजूरी 21 अक्टूबर, 2021 को दे दी। इस निर्णय से केन्द्रीय कर्मचारियों को 1 जुलाई, 2021 से महँगाई भत्ता और पेंशनर को महँगाई राहत में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी करके 31 प्रतिशत किया गया है।

............................................................शेष पृष्ठ 28 पर



# अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी

- क्षुद्र ग्रहों के अध्ययन हेतु नासा ने लॉन्च किया मिशन 'लूसी'
- चीन ने छः माह के मिशन पर भेजा अन्तरिक्ष यात्रियों का दल
- चीन ने अपना पहला सौर अन्वेषण उपग्रह लॉन्च किया
- नूरी : दक्षिण कोरिया का पहला अन्तरिक्ष रॉकेट
- भारत ने किया अग्नि - 5 मिसाइल का सफल परीक्षण
- भारतीय नौसेना हेतु हथियारों की खरीद के लिए अमेरिका के साथ अनुबन्ध
- आईएनएस विक्रांत का दूसरा समुद्री परीक्षण
- डीआरडीओ ने किया हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट 'अभ्यास' का सफल परीक्षण
- अमेरिका ने किया हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण

## अन्तरिक्ष प्रौद्योगिकी

### क्षुद्र ग्रहों के अध्ययन हेतु नासा ने लॉन्च किया मिशन 'लूसी'

- अमेरिकी अन्तरिक्ष एजेंसी नासा (National Aeronautics and Space Administration) ने बृहस्पति के ट्रोजन क्षुद्रग्रहों का अध्ययन करने के लिए अपना पहला अन्तरिक्ष यान 16 अक्टूबर, 2021 को लॉन्च किया।
- 16 अक्टूबर, 2021 को फ्लोरिडा 'केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन' (Cape Canaveral Space Force Station) के कॉम्पलेक्स 41 से एलायंस एटलस V रॉकेट (Alliance Atlas V rocket) से लॉन्च किए गए इस मिशन/ इस अन्तरिक्ष यान को **'लूसी' (Lucy)** नाम दिया गया है।

#### मिशन के बारे में

- 'लूसी' बृहस्पति के ट्रोजन क्षुद्रग्रहों का अध्ययन करने वाला नासा का पहला अन्तरिक्ष यान है।

#### नामकरण

- अन्तरिक्ष यान **'लूसी'** को यह नाम 32 लाख वर्ष पुराने मनुष्यों के पूर्वजों के कंकाल के अवशेष का नाम दिया गया है, जिसे इथोपिया में लगभग 50 वर्ष पहले खोजा गया था।
  - ✓ नासा के अन्तरिक्ष यान का लूसी नाम इंग्लिश बैंड बीटल्स (1967 ) के गाने 'लूसी इन द स्काई विद डायमंड्स' से प्रेरित है।

#### कार्य/ उद्देश्य

- लूसी का पहला कार्य बृहस्पति ग्रह के तथाकथित ट्रोजन घेरे (Trojan entourage) में प्रवेश करना है, जहाँ पर लाखों की संख्या में एस्टेरॉयड उपस्थित हैं, जो सूर्य के चारों ओर बृहस्पति की कक्षा में रहते हुए चक्कर लगाते हैं।
- 981 मिलियन डॉलर की लागत वाला यह मिशन अपनी 12 वर्ष की यात्रा के दौरान मंगल और बृहस्पति के बीच मुख्य बेल्ट में 8 अलग-अलग क्षुद्रग्रहों का अध्ययन करेगा।
  - ✓ लूसी द्वारा अध्ययन किए जाने वाले क्षुद्रग्रहों में सात ट्रोजन एस्टेरॉयड्स हैं।
- लूसी स्पेसक्राफ्ट सौर मंडल से बाहर जाने से पहले जिन क्षुद्रग्रहों (asteroids) का अध्ययन करेगा उनमें 52246 डोनाल्डजॉन्सन, 3547 यूरीबेट्स और उसका उपग्रह क्वेटा, 15094 पॉलीमेले, 11351 लियुकस, 21900 ओरस और जोड़े 617 पेट्रोक्लस/मेनोइटियस शामिल हैं।

#### ट्रोजन एस्टेरॉयड्स

- ये दो समूहों में सूर्य की परिक्रमा करते हैं, एक समूह बृहस्पति के आगे से और दूसरा समूह उसके पीछे से। इन क्षुद्रग्रहों का निर्माण उस मौलिक पदार्थ के अवशेषों के बाद हुआ था जिससे बृहस्पति और अन्य बाहरी ग्रहों का निर्माण हुआ था।

### चीन ने छः माह के मिशन पर भेजा अन्तरिक्ष यात्रियों का दल

- चीन ने अपने अन्तरिक्ष स्टेशन के लिए तीन अन्तरिक्ष यात्रियों के एक दल को शेनझोउ-13 अन्तरिक्ष यान (Shenzhou -13 spacecraft) द्वारा 6 महीने के मिशन पर 16 अक्टूबर, 2021 को भेजा है।
- इस मिशन का मुख्य उद्देश्य चीनी स्पेस स्टेशन को अगले छह महीने तक ऑपरेट करना है साथ ही वहाँ पर अन्तरिक्ष स्टेशन के काम को पूरा करना है।
  - ✓ चीन के इस मिशन का एक अन्य उद्देश्य सबसे लम्बा समय अन्तरिक्ष में बिताने का रिकॉर्ड बनाने का भी है।
- **अन्तरिक्ष दल –** चीन द्वारा भेजे गए इस दल में दो अनुभवी अन्तरिक्ष यात्री झाई झिगांग 55 वर्ष व वांग यापिंग 41 वर्ष शामिल हैं।
  - ✓ इसके अलावा एक महिला अन्तरिक्ष यात्री ये गुआंगफू भी इस मिशन का हिस्सा हैं, जिनकी यह पहली अन्तरिक्ष यात्रा है।

### चीन ने अपना पहला सौर अन्वेषण उपग्रह लॉन्च किया

- चीन द्वारा अपना पहला सौर अन्वेषण उपग्रह उत्तरी शांक्सी प्रांत के ताइयुआन उपग्रह प्रक्षेपण केन्द्र (Taiyuan Satellite Launch Center ) से 'लॉन्ग मार्च-2डी' रॉकेट के माध्यम से 14 अक्टूबर, 2021 को प्रक्षेपित किया गया, जिसने अपनी नियोजित कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश किया।
- चाइनीज एच एल्फा सोलर एक्सप्लोरर (Chinese H-alpha Solar Explorer) नामक इस उपग्रह का चीनी नाम साय (Xihe) है जो चीन में सूर्य की देवी का नाम है।
  - ✓ इस सैटेलाइट में चीन का पहला सौर टेलीस्कोप लगा हुआ है जिससे वैज्ञानिक सौर ज्वालाओं का अध्ययन कर सकेंगे।
- इसके साथ ही 10 छोटे उपग्रह, एक कक्षीय वायुमण्डलीय घनत्व मापने वाला प्रायोगिक उपग्रह तथा एक वाणिज्यिक मौसम सम्बन्धी खोज नक्षत्र प्रायोगिक उपग्रह, को भी इस रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया।

## नूरी : दक्षिण कोरिया का पहला अन्तरिक्ष रॉकेट

- दक्षिण कोरिया ने अपना पहला अन्तरिक्ष रॉकेट 21 अक्टूबर, 2021 को लॉन्च किया। यह दक्षिण कोरिया में पूरी तरह से विकसित और निर्मित पहला रॉकेट था।
- केएसएलवी-द्वितीय रॉकेट (जिसे नूरी के नाम से भी जाना जाता है) ने 700 किमी. की लक्ष्य ऊँचाई तक उड़ान भरी, किन्तु यह 1.5 टन के डमी उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने में विफल रहा।

# रक्षा प्रौद्योगिकी

## भारत ने किया अग्नि - 5 मिसाइल का सफल परीक्षण

- भारत द्वारा सतह से सतह पर मार करने वाली अन्तरमहाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल [Surface to Surface intercontinental ballistic missile (ICBM)] अग्नि-5 (Agni-5) का परीक्षण ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से 27 अक्टूबर, 2021 को सफलतापूर्वक किया गया।
  - ✓ यह अग्नि-5 का आठवाँ परीक्षण था, इस मिसाइल का पहला परीक्षण अप्रैल 2012 में किया गया था, जबकि इसका सातवाँ सफल परीक्षण 10 दिसम्बर, 2018 किया गया था।।
  - ✓ यह अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का पहला यूजर ट्रायल है, इस सफल परीक्षण से इसके स्ट्रेटेजिक फोर्स कमांड में शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है।
- तीन - चरण ठोस-ईंधन इंजन का उपयोग करने वाली 'अग्नि-5' में बहुत उच्च सटीकता के साथ 5,000 किलोमीटर तक के लक्ष्य को भेदने की क्षमता है।
  - ✓ 17 मीटर लम्बी, दो मीटर चौड़ी यह मिसाइल 1.5 टन तक के परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है।
- भारत की इस शक्तिशाली मिसाइल का निर्माण रक्षा अनुसन्धान एवं विकास संगठन और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड ने मिलकर किया है।
- इसके साथ ही भारत इस तरह की मिसाइल विकसित करने वाला दुनिया का पाँचवाँ देश बन गया है। अभी तक ऐसी मिसाइलें अमेरिका, रूस, फ्रांस और चीन के पास ही थीं।

## भारतीय नौसेना हेतु हथियारों की खरीद के लिए अमेरिका के साथ अनुबन्ध

- भारतीय नौसेना के सुदृढ़ीकरण के क्रम में केन्द्रीय रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए ₹ 423 करोड़ की लागत के हथियार अमेरिका से खरीदने के समझौते पर 21 अक्टूबर 2021 को हस्ताक्षर किए।
- अमेरिकी सरकार के साथ किए गए इस अनुबंध [(विदेशी सैन्य बिक्री (एफएमएस)] के तहत् भारतीय नौसेना के लिए एमके 54 टॉरपीडो और एक्सपेंडेबल (शैफ एण्ड फ्लेयर्स) की खरीद की जाएगी।
- यह हथियार पी-8आई एयरक्राफ्ट के अंग हैं, जिसका उपयोग लम्बी दूरी की समुद्री निगरानी, पनडुब्बी रोधी युद्ध और सरफेस-रोधी युद्ध (एएसवी) के लिए किया जाता है।
- **विशेष** – भारतीय नौसेना के बेड़े में अमेरिकी वैमानिकी कम्पनी बोइंग द्वारा निर्मित कुल 11 पी-8आई (P-8 I) विमान हैं।
  - ✓ पी-8आई विमान को इसकी पनडुब्बी रोधी युद्धक क्षमताओं के साथ ही आधुनिक समुद्री टोही क्षमताओं के लिए भी जाना जाता है।

## आईएनएस विक्रांत का दूसरा समुद्री परीक्षण

- भारत के पहले स्वदेशी विमान वाहक पोत (first indigenous aircraft carrier) 'आईएनएस विक्रांत' (INS Vikrant) का दूसरा समुद्री परीक्षण शुरू हो गया है। इसके लिए 'आईएनएस विक्रांत' कोच्चि (केरल) से 24 अक्टूबर, 2021 को रवाना हुआ।
  - ✓ भारत में बने अब तक के सबसे बड़े और लगभग 40 हजार टन वजनी जटिल युद्धपोत ने अपने प्रथम समुद्री परीक्षण में अगस्त 2021 में सफलतापूर्वक पाँच दिन की समुद्री यात्रा पूरी की थी।
- इस विमान वाहक पोत से मिग-29 के लड़ाकू विमान, कामोव-31 हेलीकॉप्टर और एमएच-60आर बहुद्देशीय हेलीकॉप्टर का परिचालन किया जा सकता है।
- लगभग ₹ 23 हजार करोड़ की लागत से निर्मित इस युद्धपोत के निर्माण के साथ भारत उन देशों की सूची में शामिल हो गया है, जो स्वयं आधुनिक विमान वाहक युद्धपोतों का निर्माण कर सकते हैं।

### आईएएस विक्रांत : अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- 'आईएनएस विक्रांत' अधिकतम करीब 28 नॉटिकल मील की रफ्तार से चल सकता है जबकि सामान्य गति 18 नॉटिकल मील है एवं 7,500 नॉटिकल तक का सफर कर सकता है।
- यह 262 मीटर लम्बा, 62 मीटर चौड़ा और 59 मीटर ऊँचा है।
- स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर (आईएसी) 'आईएनएस विक्रांत' का निर्माण 28 फरवरी 2009 से कोच्चि के कोचीन शिपयार्ड में शुरू किया गया था।
  - ✓ दो वर्ष में निर्माण पूरा होने के बाद विक्रांत को 12 अगस्त, 2013 को लॉन्च किया गया था।
  - ✓ पूर्णतः तैयार इस स्वदेशी जहाज ने अगस्त 2020 में हार्बर ट्रायल पूरा किया था, जिसके बाद सितम्बर 2020 में इस अत्याधुनिक आईएनएस विक्रांत को परीक्षणों के लिए समुद्र में उतारा गया था।
- 'आईएएस विक्रांत' को योजना के तहत् अगस्त 2022 में नौसेना में शामिल किया जाना है।
- **विशेष** – वर्तमान में भारतीय नौसेना के पास एकमात्र विमानवाहक पोत 'आईएनएस विक्रमादित्य' सेवा में है।

## डीआरडीओ ने किया हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट 'अभ्यास' का सफल परीक्षण

- भारत ने देश में ही विकसित 'हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट' (High-speed Expendable Aerial Target - HEAT) का परीक्षण ओडिशा के चाँदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से 22 अक्टूबर, 2021 को सफलतापूर्वक किया।
- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन द्वारा विकसित इस हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट 'हीट' को 'अभ्यास' (ABHYAS) का नाम दिया गया है।
- **'अभ्यास' का उपयोग** –इस वाहन का उपयोग विभिन्न मिसाइल प्रणालियों के मूल्यांकन हेतु हवाई लक्ष्य (aerial target) के रूप में किया जा सकता है।
  - ✓ यह स्वदेशी लक्ष्य विमान (indigenous target aircraft) एक बार विकसित होने के बाद भारतीय सशस्त्र बलों के लिए हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट (एचईएटी) की आवश्यकताओं को पूरा करेगा।

...........................................................शेष पृष्ठ 41 पर



# आर्थिक परिदृश्य

- रेलवे ने किया लम्बी मालगाड़ियों का सफलतापूर्वक संचालन
- कोकिंग कोल क्षेत्र में भारत का रूस के साथ समझौता
- एमबीईडी हेतु रूपरेखा जारी
- औद्योगिक पार्क रेटिंग प्रणाली रिपोर्ट 2.0 लॉन्च
- भारत-जर्मनी के मध्य तकनीकी सहयोग परियोजना के क्रियान्वयन हेतु समझौता के लिए एमओयू
- इंडिया एक्सपोर्ट पहल का शुभारम्भ
- कैप्टिव खानों से कोयले की बिक्री हेतु नियम अधिसूचित
- नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड ने किया आईजीजीएल के साथ आरओयू
- पीएम मित्र पार्कों की स्थापना हेतु अधिसूचना जारी
- आरबीआई ने एनबीएफसी आईपीओ फण्डिंगको सीमित किया
- प्रधानमंत्री ने किया 'पीएम गतिशक्ति' का शुभारम्भ
- 'पॉवर फाइनेंस कॉर्पोरेशन' को 'महारत्न' कम्पनी का दर्जा

## रेलवे ने किया लम्बी मालगाड़ियों का सफलतापूर्वक संचालन

- भारतीय रेलवे ने दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) पर पहली बार दो लम्बी मालगाड़ियों (long haul freight trains) **'त्रिशूल' और 'गरुड़'** का सफलतापूर्वक संचालन किया है।
- मालगाड़ियों की सामान्य संरचना से दोगुनी या कई गुना बड़ी, लम्बी दूरी की यह रेल महत्वपूर्ण सैक्शनों में क्षमता की कमी की समस्या का एक बहुत प्रभावी समाधान प्रदान करती हैं।
- **त्रिशूल** – दक्षिण मध्य रेलवे की पहली लम्बी दूरी की रेल 'त्रिशूल' में तीन मालगाड़ियाँ अर्थात् 177 वैंगन शामिल हैं।
  - ✓ यह रेल विजयवाड़ा मण्डल के कोंडापल्ली स्टेशन से पूर्वी तट रेलवे के खुर्दा मण्डल के लिए 7 अक्टूबर, 2021 को रवाना हुई थी।
- **गरुड़** – दक्षिण मध्य रेलवे ने गुंतकल डिवीजन के रायचूर से सिकंदराबाद डिवीजन के मनुगुरु तक इसी तरह की एक और रेल को 8 अक्टूबर, 2021 को रवाना किया, जिसे 'गरुड़' नाम दिया गया है।

## कोकिंग कोल क्षेत्र में भारत का रूस के साथ समझौता

- भारत और रूस ने खनन और इस्पात क्षेत्र में सहयोग करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (Memorandum of Understanding-MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।
- वस्तुतः केन्द्रीय इस्पात मंत्री आरसीपी सिंह 13 - 15 अक्टूबर, 2021 को मास्को दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने 'रूसी ऊर्जा सप्ताह' के आयोजन के अवसर पर रूसी संघ के ऊर्जा मंत्री निकोले शुलगिनोव से मुलाकात कर इस ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

### एमओयू के निहितार्थ

- इस समझौता ज्ञापन में कोकिंग कोल में संयुक्त परियोजनाओं/वाणिज्यिक गतिविधियों के कार्यान्वयन की परिकल्पना की गई है।
- इसमें भारत को उच्च गुणवत्ता वाले कोकिंग कोल की लम्बी अवधि की आपूर्ति, कोकिंग कोल डिपोजिट्स का विकास और लॉजिस्टिक्स विकास, कोकिंग कोल उत्पादन प्रबन्धन में अनुभव साझा करना, खनन की तकनीकें, बेनीफिकेशन और प्रसंस्करण के साथ-साथ प्रशिक्षण भी शामिल हैं।
- **विशेष** – इस सौदे पर हस्ताक्षर करना भारत की 'राष्ट्रीय इस्पात नीति 2017' का हिस्सा है। 'राष्ट्रीय इस्पात नीति 2017' के तहत्, भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक 30 करोड़ टन इस्पात उत्पादन तक पहुँचना है।
  - ✓ भारत की कोकिंग कोयले की करीब 85% जरूरत को आयात के जरिए पूरा किया जाता है।
  - ✓ भारत कम से कम 50% कोकिंग कोयले का आयात रूस से कर सकता है।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- ◆ भारत में कोयले के औद्योगिक खनन की कहानी पश्चिम बंगाल के रानीगंज से शुरु हुई, जहाँ ईस्ट इंडिया कम्पनी ने नारायणकुड़ी क्षेत्र में 1774 ई. में पहली बार कोयले का खनन किया था।
- ◆ भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकता का 70% से अधिक कोयला संचालित संयन्त्रों से ही प्राप्त करता है। वर्ष 1973 में कोयला खदानों के राष्ट्रीयकरण के बाद से अधिकतर कोयले का उत्पादन, सरकारी कम्पनियाँ ही करती हैं।
- ◆ **भारत के प्रमुख कोयला क्षेत्र – झरिया (सबसे बड़ा), बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, करणपुरा, रामगढ़, डाल्टनगंज (सभी झारखण्ड में), रानीगंज (पश्चिम बंगाल) सिंगरौली, सुहागपुर, जोहला, उमरिया, सतपुरा कोयलाफील्ड (मध्य प्रदेश), तलचर, हिमगिरी, रामपुर (ओडिशा), कोरबा, बिसरमपुर, सोनहट, झिलमिल (छत्तीसगढ) इत्यादि।**

## एमबीईडी हेतु रूपरेखा जारी

- विद्युत मंत्रालय द्वारा उपभोक्ताओं को बिजली खरीद की लागत कम करने के लिए केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (Central Electricity Regulatory Commission-CERC) द्वारा शुरू किए गए **'बाजार आधारित आर्थिक प्रेषण - चरण 1' (Market Based Economic Despatch - MBED)** के कार्यान्वयन की रूपरेखा 8 अक्टूबर, 2021 को जारी की गई।
- यह बिजली बाजार के संचालन में सुधार और 'एक राष्ट्र, एक ग्रिड, एक आवृत्ति, एक मूल्य' (One Nation, One Grid, One Frequency, One Price) ढाँचे की ओर बढ़ने में एक आवश्यक अगला कदम है।
- एमबीईडी के 'चरण - 1' का कार्यान्वयन 1 अप्रैल, 2022 से शुरू करने की योजना है।
- एमबीईडी यह सुनिश्चित करेगा कि देश भर में सबसे सस्ते उत्पादन के संसाधनों का समग्र प्रणाली की माँग को पूरा करने के लिए प्रयोग किया जाता रहे।

## औद्योगिक पार्क रेटिंग प्रणाली रिपोर्ट 2.0 लॉन्च

- ✦ **शीर्षक –** औद्योगिक पार्क रेटिंग प्रणाली रिपोर्ट (Industrial Park Rating System -IPRS)
- ✦ **संस्करण –** द्वितीय
- ✦ **जारीकर्ता –** डीपीआईआईटी (Department for Promotion of Industry and Internal Trade) द्वारा
- ✦ **जारी करने की तिथि –** 5 अक्टूबर, 2021

- आईपीआरएस 2.0 रिपोर्ट वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आत्म-निर्भर अभियान का हिस्सा है और आजादी का अमृत महोत्सव त्योहार के दौरान जारी की गई है।
- 'औद्योगिक पार्क रेटिंग प्रणाली रिपोर्ट 2.0' भारत औद्योगिक भूमि बैंक (India Industrial Land Bank-IILB) का एक विस्तार है, जिसमें निवेशकों को निवेश के लिए उनके पसंदीदा स्थान की पहचान करने में सहायता करने के लिए एक जीआईएस-सक्षम डाटाबेस में 4,400 से अधिक औद्योगिक पार्क शामिल हैं।

**आईपीआरएस : महत्वपूर्ण तथ्य**

- 41 औद्योगिक पार्कों को 'अग्रणी (Leaders)' के रूप में आंका गया है।90 औद्योगिक पार्कों को 'चैलेंजर (Challenger )' वर्ग के तहत् आँका गया है, जबकि 185 की रेटिंग 'आकांक्षियों (Aspirers)' के रूप में की गई है।
- भारत के सभी राज्य और 29 निजी सहित 51 एसईजेड ने आईपीआरएस 2.0 रिपोर्ट में भाग लिया है, इसमें निजी क्षेत्र के 24 औद्योगिक पार्क भी नामित हुए हैं।
- 'भारत औद्योगिक भूमि बैंक' (आईआईएलबी) एक बटन के क्लिक पर 5.6 लाख हेक्टेयर से अधिक का विवरण प्रदान करता है जिसका आकार लगभग 30-40 देशों की तुलना में भी अधिक है।

**महत्वपूर्ण तथ्य**

- ◆ भारत की जीडीपी में वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही के दौरान 20% से अधिक की वृद्धि हुई है, वहीं निर्यात अगस्त 2021 में 45.17 % बढ़ कर 33.14 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया, जो पिछले वर्ष के इस महीने के दौरान 22.83 बिलियन डॉलर पर था।
- ◆ भारत में पिछले वर्ष 81.72 बिलियन डॉलर का रिकॉर्ड एफडीआई (foreign direct investment) आया था। वर्तमान वित्त वर्ष के पहले तीन महीनों के दौरान 22.53 बिलियन डॉलर का एफडीआई प्रवाह हुआ जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले लगभग दोगुना है।

## भारत - जर्मनी के मध्य तकनीकी सहयोग परियोजना के क्रियान्वयन हेतु समझौता के लिए एमओयू

- भारत-जर्मनी विकास सहयोग संरचना के अंग के रूप में जर्मनी के आर्थिक सहयोग और विकास मंत्रालय, भारत के वस्त्र मंत्रालय के साथ सहयोग हेतु सहमत हुए हैं।
- इस क्रम में वस्त्र मंत्रालय (भारत सरकार) और डॉयचे जिसेलसॉफ्ट फ्यूर इंटरनेशनल सुसामनआरबायत (जीआईजेड) ने 'कपास अर्थव्यवस्था में मूल्य संवर्धन और निरन्तरता' के भारत-जर्मनी तकनीकी सहयोग परियोजना के क्रियान्वयन समझौते के लिए समझौता-ज्ञापन पर 7 अक्टूबर, 2021 को हस्ताक्षर किए।
- **उद्देश्य –** परियोजना का लक्ष्य कपास की निरन्तरता बनाए रखने और उसके बाद की प्रसंस्करण प्रक्रिया को मजबूत करने पर ध्यान देते हुए भारत में कपास की पैदावार का मूल्य सम्वर्धन करना है तथा उसमें बढ़ोतरी करना है।
  - ✓ परियोजना के तहत् कपास की पैदावार करने वाले जिन चार प्रमुख राज्यों को केन्द्र में रखा गया है उनमें महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु शामिल हैं।
- **विशेष –** भारत दुनिया का सबसे बड़ा कपास उत्पादक देश है और दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा कपास उपभोक्ता देश भी है।

## इंडिया एक्सपोर्ट पहल का शुभारम्भ

- केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे ने नई दिल्ली में 'इंडिया एक्सपोर्ट पहल' (India Export Initiative) और 'इंडिया एक्सपोर्ट्स 2021' (IndiaXports 2021 Portal) पोर्टल का वर्चुअल उद्घाटन 29 सितम्बर, 2021 को किया।
- इसके प्रमुख उद्देश्यों में मौजूद टैरिफ लाइनों में अप्रयुक्त निर्यात क्षमता पर ध्यान केन्द्रित करना है और एमएसएमई का समर्थन करने के उद्देश्य से इसकी निर्यात संख्या में बढ़ोत्तरी तथा वर्ष 2022 में एसएमई निर्यात को 50% बढ़ाना है।
- यह पहल निर्यात के बारे में अधिक जानने के इच्छुक 1 लाख से अधिक एमएसएमई को लक्षित करती है एवं क्रियाशील निर्यातकों के आधार को दोगुना करते हुए निर्यात प्रारम्भ करने हेतु 30,000+ एमएसएमई को मार्गदर्शन प्रदान करती है।
- इसमें एक निर्यात हेल्प डेस्क के अलावा अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में विशिष्ट उत्पादों में अवसरों को सामने रखने वाले विशिष्ट क्षेत्रों के लिए सत्रों की एक शृंखला के माध्यम से एमएसएमई को प्रशिक्षक के नेतृत्व वाला प्लेटफॉर्म भी प्रदान किया जाएगा।

## कैप्टिव खानों से कोयले की बिक्री हेतु नियम अधिसूचित

- कोयला मंत्रालय द्वारा 'खनिज रियायत अधिनियम, 1960' में अक्टूबर 2021 में संशोधन किया गया है।
- संशोधन के तहत् एक वित्तीय वर्ष में कैप्टिव खदानों द्वारा 50% तक कोयला और लिग्नाइट की बिक्री, अतिरिक्त भुगतान पर की जा सकेगी।
  - ✓ यह बिक्री तभी होगी, जब उस खदान से जुड़े संयन्त्र की कोयले और लिग्नाइट की माँग पूरी हो जाएँगी।
- इसके अलावा सरकार ने किसी सरकारी कम्पनी या निगम को कोयला या लिग्नाइट के लिए 50 वर्ष की अवधि के लिए खनन पट्टा देने का भी प्रावधान किया है।
  - ✓ पट्टे की 50 वर्ष की अवधि को 20 वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकेगा।
- नए नियम निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की कैप्टिव खानों दोनों पर लागू होंगे।
- **लाभ –** 50 वर्ष की अवधि के लिए खनन पट्टों का प्रावधान सरकारी कम्पनियों या निगमों को देने से राष्ट्र को कोयला/लिग्नाइट का उत्पादन अबाध रूप से होता रहेगा, जिसके जरिए देश को कोयले या लिग्नाइट की उपलब्धता की सुरक्षा मिलती रहेगी।

## नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड ने किया आईजीजीएल के साथ आरओयू

- नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (Numaligarh Refinery Limited -NRL) द्वारा इन्द्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड (आईजीजीएल)

के साथ एक पाइपलाइन 'उपयोग का अधिकार' (Right to Use -RoU) साझा करने के समझौते पर 21 अक्टूबर, 2021 को हस्ताक्षर किए गए।

- एनआरएल और आईजीजीएल के पाइपलाइन को साझाकरण समझौता से 'पीएनसीपीएल' (Paradip Numaligarh Crude Pipeline) परियोजना और 'एनईआर(North East Region) गैस ग्रिड परियोजना' के बीच आपसी तालमेल का लाभ मिलता है, क्योंकि पाइपलाइन लगभग 386 किलोमीटर के लिए बैहाटा (उत्तर गुवाहाटी) से नुमालीगढ़ तक एक साझा मार्ग साझा करती है।

### एनआरएल और आईजीजीएल : प्रोजेक्ट के बारे में

#### एनआरएल

- 'नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड' (एनआरएल) 1,630 किलोमीटर लम्बी एक पारादीप नुमालीगढ़ क्रूड पाइपलाइन (पीएनसीपीएल) बिछाने की प्रक्रिया में है।
- यह पाइपलाइन पारादीप बंदरगाह (ओडिशा) से शुरू होकर पश्चिम बंगाल, झारखण्ड और बिहार होते हुए असम के नुमालीगढ़ स्थित अपनी रिफाइनरी तक जाएगी।
  - ✓ यह पाइपलाइन परियोजना 3 एमएमटीपीए (मिलियन मैट्रिक टन प्रति वर्ष) से 9 एमएमटीपीए तक क्षमता विस्तार के लिए एनआरएल की बृहद् एकीकृत रिफाइनरी विस्तार परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे ₹ 28,000 करोड़ से अधिक के निवेश के साथ पूरा किया जा रहा है।

#### आईजीजीएल

- 'इन्द्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड' (आईजीजीएल) भारत के पूर्व-उत्तर क्षेत्र (एनईआर) को राष्ट्रीय गैस ग्रिड से जोड़ने के लिए अपनी प्रमुख परियोजना के हिस्से के रूप में गुवाहाटी से नुमालीगढ़ तक एक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने का काम कर रही है।
- आईजीजीएल की प्राकृतिक गैस पाइपलाइन गुवाहाटी को ईटानगर, दीमापुर, कोहिमा, इंफाल, आइजोल, अगरतला, शिलांग, सिलचर, गंगटोक और नुमालीगढ़ जैसे उत्तर-पूर्व क्षेत्र के प्रमुख शहरों को जोड़ेगी।

#### महत्वपूर्ण तथ्य

- ◆ आईजीजीएल (Indradhanush Gas Grid Limited) इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसीएल), ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी), गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (जीएआईएल) और ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) के साथ एनआरएल का संयुक्त उद्यम है।

## पीएम मित्र पार्कों की स्थापना हेतु अधिसूचना जारी

- केन्द्र सरकार ने 'पीएम-मित्र' योजना के तहत् ₹ 4,445 करोड़ की कुल लागत वाले सात वृहत कपड़ा पार्क स्थापित करने के लिए अधिसूचना 21 अक्टूबर, 2021 को जारी कर दी।
- **परिकल्पना** – संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास लक्ष्य 9 (लचीले बुनियादी ढाँचे का निर्माण, सतत् औद्योगीकरण को बढ़ावा देना और नवाचार को प्रोत्साहन देना) को प्राप्त करने में भारत की मदद करने के लिए 'पीएम मित्र पार्क' की परिकल्पना की गई है।
- **उद्देश्य** – इस योजना का उद्देश्य टैक्सटाइल उद्योग की सम्पूर्ण मूल्य-श्रृंखला के लिए एकीकृत बड़े पैमाने पर आधुनिक औद्योगिक बुनियादी ढाँचा सुविधा को विकसित करना है। यह लॉजिस्टिक लागत को कम करेगी और भारतीय टैक्सटाइल की प्रतिस्पर्द्धा में सुधार लाएगी।

### पीएम-मित्र योजना : महत्वपूर्ण तथ्य

- पीएम मित्र (PM Mega Integrated Textile Region and Apparel - PM MITRA) योजना प्रधानमंत्री के '5एफ' विजन से प्रेरित है।
  - ✓ इस 5 एफ फॉमूर्ले में 'फार्म टू फाइबर, फाइबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन, फैशन टू फॉरन' (Farm to fibre; fibre to factory; factory to fashion; fashion to foreign) सम्मिलित हैं।
- सात पीएम मेगा एकीकृत टैक्सटाइल क्षेत्र एवं परिधान (पीएम मित्र) पार्कों को विभिन्न इच्छुक राज्यों में स्थित ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड स्थलों पर स्थापित किया जाएगा।
  - ✓ **ग्रीनफील्ड** – ग्रीनफील्ड पीएम मित्र पार्क के लिए भारत सरकार विकास पूँजी सहायता परियोजना लागत की 30% होगी, जिसकी अधिकतम सीमा ₹ 500 करोड़ होगी।
  - ✓ **ब्राउनफील्ड** – ब्राउनफील्ड स्थलों के लिए मूल्यांकन के बाद विकास पूँजी सहायता शेष बकाया बुनियादी ढाँचे की परियोजना लागत की 30% होगी तथा अन्य सहायक सुविधाएँ विकसित की जाएँगी, जो ₹ 200 करोड़ की सीमा तक होगी।
  - ✓ राज्य सरकार की सहायता में विश्व स्तरीय औद्योगिक सम्पदा के विकास के लिए 1,000 एकड़ भूमि का प्रावधान भी शामिल होगा।
- प्रत्येक 'पीएम मित्र' पार्क में टैक्सटाइल विनिर्माण इकाइयों को शीघ्र स्थापित करने के लिए ₹ 300 करोड़ की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रोत्साहन सहायता (Competitiveness Incentive Support - CIS) भी प्रदान की जाएगी।
- 'पीएम मित्र' पार्क का स्वामित्व राज्य सरकार और भारत सरकार के पास सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड में होगा।

## आरबीआई ने एनबीएफसी आईपीओ फण्डिंग को सीमित किया

- भारतीय रिजर्व बैंक ने गैर-बैंकिंग वित्त कम्पनियों (non-banking finance companies-NBFC) के लिए उधार सीमा 22 अक्टूबर, 2021 को तय कर दी, जो 1 अप्रैल 2022 से लागू होगी।
- केन्द्रीय बैंक द्वारा आरोपित उक्त सीमा बन्धन के बाद गैर-बैंकिंग वित्त कम्पनियाँ (एनबीएफसी) 1 अप्रैल, 2022 से शुरुआती शेयर बिक्री में स्टॉक खरीदने के इच्छुक निवेशकों को ₹ 1 करोड़ से अधिक उधार नहीं दे सकती हैं। अर्थात्
  - ✓ नए ढाँचे के तहत्, एक प्रारम्भिक सार्वजनिक पेशकश (Initial Public Offering -IPO) की सब्सक्रिप्शन के वित्तपोषण के लिए प्रति उधारकर्ता ₹ 1 करोड़ की सीमा रखी गई है।
- उक्त प्रतिबन्ध आरबीआई के 'पैमाने-आधारित नियमों' (Scale Based Regulation) का एक हिस्सा हैं, जिसका उद्देश्य प्रणालीगत जोखिमों को कम करना है।

## प्रधानमंत्री ने किया 'पीएम गतिशक्ति' का शुभारम्भ

- देश के अवसंरचना परिदृश्य से जुड़े एक ऐतिहासिक आयोजन के तहत् प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रगति मैदान, नई दिल्ली में 'पीएम गतिशक्ति - मल्टी- मॉडल कनेक्टिविटी के लिए राष्ट्रीय मास्टर प्लान' (PM GatiShakti - National Master Plan for multi-modal connectivity) का शुभारम्भ 13 अक्टूबर, 2021 को किया।

- पीएम गतिशक्ति अगली पीढ़ी के अवसंरचना के निर्माण से सम्बन्धित है, जो जीवन को सुगम बनाने के साथ-साथ व्यापार करना और अधिक आसान बनाता है।
  - ✓ मल्टी- मॉडल कनेक्टिविटी, परिवहन के एक साधन से दूसरे साधन में लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए एकीकृत और निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।
- पीएम गतिशक्ति छह स्तम्भों – व्यापकता (Comprehensiveness), प्राथमिकता (Prioritization), अधिकतम उपयोग (Optimization), सामजस्यीकरण (Synchronization), विश्लेषणात्मक (Analytical) और गतिशीलता (Dynamic) पर आधारित है।

#### पीएम गतिशक्ति : महत्वपूर्ण तथ्य

- पीएम गतिशक्ति प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं हेतु समस्त पक्षों के लिए समग्र योजना को संस्थागत रूप देकर पिछले सभी मुद्दों को सुलझाएगी।
- एक-दूसरे से अलग-थलग रहकर योजना बनाने और डिजाइन तैयार करने के बजाय परियोजनाओं को एक साझा नजरिए से तैयार और कार्यान्वित किया जाएगा।
- इसमें विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों की अवसंरचना योजनाओं जैसे कि भारतमाला, सागरमाला, अन्तर्देशीय जलमार्गों, शुष्क/भूमि बंदरगाहों, उड़ान, इत्यादि को शामिल किया जाएगा।
- कनेक्टिविटी बेहतर करने एवं भारतीय व्यवसायों को और भी अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए टेक्सटाइल क्लस्टर, फार्मास्युटिकल क्लस्टर, रक्षा कॉरिडोर, इलेक्ट्रॉनिक पार्क, इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर, फिशिंग क्लस्टर, एग्री जोन जैसे आर्थिक क्षेत्रों को कवर किया जाएगा।
- इसमें विभिन्न प्रौद्योगिकियों का भी व्यापक उपयोग किया जाएगा, जिनमें बीआईएसएजी-एन (भास्कराचार्य राष्ट्रीय अन्तरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना संस्थान) द्वारा विकसित इसरो इमेजरी युक्त स्थानिक नियोजन उपकरण भी शामिल होंगे।

### 'पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन' को 'महारत्न' कम्पनी का दर्जा

- केन्द्र सरकार ने राज्य-स्वामित्व वाली 'पॉवर फाइनेंस कॉरपोरेशन' (PFC) को 'महारत्न' का दर्जा अक्टूबर 2021 में प्रदान किया है।
  - ✓ इससे सम्बन्धित आदेश वित्त मंत्रालय के तहत् 'सार्वजनिक उद्यम विभाग' द्वारा जारी किया गया है।
- इस दर्जे के पश्चात् 'पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन' 'महारत्न' कम्पनियों की प्रतिष्ठित श्रेणी में प्रवेश करने वाली देश की 11वीं सरकारी स्वामित्व वाली कम्पनी बन गई है।

#### 'महारत्न' का दर्जा

- यह दर्जा उस कम्पनी को दिया जाता है जिसने लगातार बीते तीन वर्षों में ₹ 5,000 करोड़ से अधिक का शुद्ध लाभ प्राप्त किया है, **अथवा**
- बीते तीन वर्षों के लिए उसका औसत वार्षिक कारोबार 25,000 करोड़ रुपए था, **या**
- फिर बीते तीन वर्षों के लिए उसका औसत वार्षिक शुद्ध मूल्य ₹ 15,000 करोड़ है।
- उल्लेखनीय है कि 'पॉवर फाइनेंस कॉर्पोरेशन' को वर्ष 1986 में निगमित किया गया था।

#### महारत्न का दर्जा प्राप्त अन्य कम्पनियाँ

- वर्तमान में जिन कम्पनियों को महारत्न का दर्जा मिला हुआ है, उनमें– भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, कोल इण्डिया लिमिटेड, गेल (इण्डिया) लिमिटेड, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, एनटीपीसी लिमिटेड, ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड, पॉवरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड और स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड शामिल हैं।

### एयर इण्डिया विनिवेश : टाटा संस ने जीती बोली

- टाटा संस ने घाटे में चल रही सरकारी विमानन कम्पनी 'एयर इण्डिया' (Air India) के लिए बोली जीत ली है, इस प्रकार अब टाटा ग्रुप लगभग 68 वर्ष के बाद एक बार फिर 'एयर इण्डिया' का मालिक होगा।
- वस्तुतः सरकार ने 'एयर इण्डिया' (Air India) में भारत सरकार की शत-प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी की बिक्री (विनिवेश) के लिए 'टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड' की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी '**टैलेस प्राइवेट लिमिटेड**' (Talace Pvt Ltd) की सबसे उच्चतम मूल्य बोली को अक्टूबर 2021 में मंजूरी दे दी।
  - ✓ 'एयर इण्डिया' के लिए टाटा संस ने ₹ 18 हजार करोड़ की बोली लगाई, जबकि स्पाइसजेट के अजय सिंह ने ₹ 15 हजार करोड़ की बोली लगाई थी।
- इस विनिवेश प्रक्रिया के पूर्ण होने के पश्चात् 'एयर इण्डिया' में टाटा की 100% हिस्सेदारी होगी। इसके अलावा इसकी अन्तर्राष्ट्रीय शाखा- 'एयर इण्डिया एक्सप्रेस' में 100% और ग्राउंड हैंडलिंग संयुक्त उद्यम- 'एआई एसएटीएस' में 50% की हिस्सेदारी होगी।

#### एयर इण्डिया विनिवेश : महत्वपूर्ण तथ्य

- 31 अगस्त, 2021 की स्थिति के अनुसार 'एयर इण्डिया' के ऊपर ₹ 61,562 करोड़ का बकाया है।
  - ✓ इसमें से टाटा संस की होल्डिंग कम्पनी 'टैलेस प्राइवेट लिमिटेड' ₹ 15,300 करोड़ की जिम्मेदारी लेगी और शेष ₹ 46,262 करोड़ एआईएएचएल को हस्तान्तरित किया जाएगा।
- सरकार को इस डील में ₹ 2,700 करोड़ का कैश मिलेगा।
- वर्तमान में 'एयर इण्डिया' 4400 घरेलू उड़ानें और विदेशों में 1800 लैंडिंग और पार्किंग स्लॉट को कंट्रोल करती है।
- एयर इंडिया को बेचने की प्रक्रिया जनवरी 2020 में ही शुरू कर दी गई थी।

#### महत्वपूर्ण तथ्य

- ◆ टाटा एयरलाइंस के नाम से एयर इण्डिया की शुरुआत टाटा समूह द्वारा अक्टूबर 1932 में की गई थी।
- ◆ वर्ष 1947 में देश की आजादी के बाद एक राष्ट्रीय एयरलाइंस की जरूरत महसूस हुई, ऐसे में भारत सरकार ने एयर इण्डिया में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण कर लिया।
- ◆ इसके बाद वर्ष 1953 में भारत सरकार ने 'एयर कॉर्पोरेशन एक्ट' पारित कर टाटा समूह से इस कम्पनी में बहुलांश हिस्सेदारी खरीद ली, बाद में इसे एक सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनी बना दिया गया।

## Economic News InShort

### भारत की आर्थिक विकास पर आईएमएफ रिपोर्ट

- अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा 15 अक्टूबर, 2021 को प्रकाशित अपनी वार्षिक रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2021-2022 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 9.5% रहने का अनुमान लगाया है।

- इसके अतिरिक्त इसने 5.6% पर हेडलाइन उपभोक्ता मूल्य-आधारित मुद्रास्फीति का अनुमान लगाया है।
  - ✓ महँगाई दर अगस्त, 2021 में घटकर 5.3% और सितम्बर, 2021 में 4.3% पर आ गई है।

## सिन्धुदुर्ग

- केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने भारत सरकार की क्षेत्रीय सम्पर्क योजना- उड़े देश का आम नागरिक आरसीएस-उड़ान (Regional Connectivity Scheme - Ude Desh Ka Aam Naagrik) योजना के तहत् महाराष्ट्र में ग्रीनफील्ड सिंधुदुर्ग हवाई अड्डे का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन 9 अक्टूबर, 2021 को किया।
- महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में स्थित सिंधुदुर्ग हवाई अड्डे (275 हेक्टेयर क्षेत्र में विस्तृत) को चिपी हवाई अड्डे के नाम से भी जाना जाता है।

## आरएएस

- केन्द्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन ने 'प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना' (पीएमएमएसवाई) के अन्तर्गत निजी क्षेत्र में 'इंद्रधनुषी मछली' (rainbow trout) का पालन करने के लिए 'री-सर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम' (Re-circulatory Aquaculture Systems -RAS) तकनीक का उद्घाटन अवंतीपुरा में 9 अक्टूबर, 2021 को किया, जो कि जम्मू-कश्मीर में अपने प्रकार की पहली परियोजना है।
- ₹ 50 लाख के अनुमानित व्यय से बनने वाले इस संयन्त्र में 10 सर्कुलर टैंक लगे हुए हैं, जिनमें से प्रत्येक में 50,000 लीटर पानी धारण करने की क्षमता है।
- **विशेष** – डॉ एल मुरुगन द्वारा उपर्युक्त के अलावा जम्मू - कश्मीर के जावूरा में सरकारी शीप ब्रीडिंग फार्म और मनलू में शीप ब्रीडिंगबेटन फ्लोर शेड का उद्घाटन भी 10 अक्टूबर, 2021 को किया गया।

## आईआरएसडीसी

- रेलवे बोर्ड ने देशभर के स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए गठित 'भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम' (Indian Railway Station Development Corporation-IRSDC) को बंद करने का आदेश अक्टूबर 2021 में जारी किया। आदेश में कहा गया है कि आईआरएसडीसी जिन स्टेशनों का प्रबन्धन करता है, उन्हें सम्बन्धित क्षेत्रीय रेलवे को सौंपा जाएगा।
  - ✓ आईआरएसडीसी 12 अप्रैल 2012 से रेल भूमि विकास प्राधिकरण, राइट्स और इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड की एक संयुक्त उद्यम कम्पनी है।
- रेल मंत्रालय के तहत् यह दूसरा संगठन है, जिसे बंद करने का आदेश जारी किया गया है, इससे पहले 7 सितम्बर, 2021 को भारतीय रेलवे वैकल्पिक ईंधन संगठन (Indian Railways Organization For Alternate Fuels - IROAF) को बंद किया गया था।

## आरबीआई ने मौद्रिक नीति में ब्याज दरों को रखा अपरिवर्तित

- भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति की चौथी द्विमासिक समीक्षा बैठक के बाद 8 अक्टूबर, 2021 को जारी वक्तव्य के अनुसार प्रमुख ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखा गया है ।
- भारत के केन्द्रीय बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने प्रमुख उधार दर – रेपो दर को लगातार आठवीं बार 4% पर अपरिवर्तित रखा है। इसी प्रकार रिवर्स रेपो रेट को 3.35% पर अपरिवर्तित रखा गया है तथा सीमांत स्थायी सुविधा (Marginal Standing Facility-MSF) दर एवं बैंक दर 4.25 प्रतिशत पर बनी हुई हैं।
- **अन्य प्रमुख आकलन –**
  - ✓ आरबीआई ने वित्त वर्ष 2021-22 के जीडीपी विकास अनुमान को 9.5 फीसदी पर बरकरार रखा है।
  - ✓ वित्त वर्ष 2021-22 के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान पहले के 5.7% से घटाकर 5.3% कर दिया है।

## ईसीजीसी

- आर्थिक मामलों की मंत्रिमण्डलीय समिति ने 'निर्यात ऋण गारंटी निगम लिमिटेड' (Export Credit Guarantee Corporation Ltd: ECGC)) को 'सेबी (पूँजी निर्गम और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2018' के तहत् आरम्भिक सार्वजनिक निर्गम (Initial Public Offer - IPO) के माध्यम से स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध करने की मंजूरी 29 सितम्बर, 2021 को दे दी।
- सरकार द्वारा ईसीजीएस में वर्ष 2021-22 से पाँच वर्षों में ₹ 4,400 करोड़ की पूँजी लगाई जाएगी।
- **विशेष** – मंत्रिमण्डल ने 'राष्ट्रीय निर्यात बीमा खाता' (National Export Insurance Account - NEIA) योजना को जारी रखने और पाँच वर्षों में ₹ 1,650 करोड़ की सहायता अनुदान को भी मंजूरी दी।

**महत्वपूर्ण तथ्य**

◆ 'निर्यात ऋण गारंटी निगम लिमिटेड – ईसीजीसी' वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई है। इसकी स्थापना भारत सरकार द्वारा वर्ष 1957 के प्रारम्भ में निर्यात जोखिम बीमा निगम (Export Risks Insurance Corporation) के रूप में की थी।



## व्यापक हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना

- वस्त्र मंत्रालय ने ₹ 160 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ 'व्यापक हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना' को जारी रखने की मंजूरी 5 अक्टूबर, 2021 को दी, जिसके तहत् यह योजना अब मार्च 2026 तक जारी रहेगी।
- 'व्यापक हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना' (Comprehensive Handicrafts Cluster Development Scheme – CHCDS) देश के दूर-दराज के क्षेत्रों में स्थित गरीब कारीगरों को लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से वस्त्र मंत्रालय द्वारा शुरू की गई है।
  - ✓ इसका लक्ष्य विश्व स्तरीय आधारिक अवसंरचना तैयार करना है जो उत्पादन एवं निर्यात को प्रोत्साहन देने हेतु स्थानीय कारीगरों एवं एसएमई की व्यावसायिक आवश्यकताओं को पूरा करना है।
  - ✓ इसके उद्देश्यों में आधुनिक आधारभूत अवसंरचना, नवीनतम तकनीक एवं पर्याप्त प्रशिक्षण के साथ विश्व स्तरीय इकाइयाँ स्थापित करने हेतु कारीगरों एवं उद्यमियों की सहायता के लिए इन समूहों की स्थापना करना शामिल है।
  - ✓ यह मानव संसाधन विकास आगत भी प्रदान करता है, साथ ही बाजार संयोजन एवं उत्पादन विविधीकरण भी प्रदान करता है।
- इस योजना के तहत् समग्र विकास के लिए 10,000 से अधिक कारीगरों वाले मेगा हस्तशिल्प समूहों का चयन किया जाएगा।

## विशिष्ट इस्पात के लिए पीएलआई हेतु दिशा-निर्देश

- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा 29 जुलाई 2021 को अधिसूचित विशिष्ट इस्पात के लिए उत्पादन सम्बन्धित प्रोत्साहन योजना (Production-Linked Incentive) के संदर्भ में पीएलआई योजना के प्रभावी संचालन और सुचारू कार्यान्वयन के लिए दिशा-निर्देश इस्पात मंत्रालय द्वारा 20 अक्टूबर, 2021 को जारी कर दिए गए हैं।
- पीएलआई योजना के तहत् विशिष्ट इस्पात की पाँच श्रेणियों को चुना गया है, जो निम्नवत हैं –
  1. लेपित/परतदार इस्पात उत्पाद,
  2. उच्च शक्ति / टूट-फूट प्रतिरोधी इस्पात,
  3. विशेष रेल इस्पात,
  4. मिश्र धातु वाले इस्पात उत्पाद और इस्पात के तार तथा
  5. विद्युतीय इस्पात
- **विशेष** – पीञएलआई के कारण वर्ष 2026-27 के अन्त तक विशिष्ट इस्पात (Specialty Steel) का उत्पादन 4.2 करोड़ टन हो जाएगा। देश में लगभग ₹ 2.5 लाख करोड़ मूल्य के विशिष्ट इस्पात का उत्पादन और उपभोग किया जाएगा। इसी प्रकार विशिष्ट इस्पात का निर्यात लगभग 55 लाख टन हो जाएगा, जो कि वर्तमान में 17 लाख टन है।

## एनटीएस


- भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (National Payments Corporation of India - NPCI) द्वारा व्यापारियों के साथ कार्ड विवरण संग्रहीत करने के विकल्प के रूप में कार्ड के टोकनाइजेशन को सहायता प्रदान करने के लिए 'एनपीसीआई टोक नाइजेशन सिस्टम' (NPCI Tokenization System -NTS) शुरू करने की घोषणा 20 अक्टूबर, 2021 को की गई।
- एनपीसीआई की टोकन रेफरेंस ऑन फाइल (Token Reference On File - TROF) सेवा रुपे कार्डधारकों को उनके वित्तीय डेटा की सुरक्षा बनाए रखने में मदद करेगी। रुपे नेटवर्क सिक्योर वॉल्ट में ग्राहकों का कार्ड विवरण पूरी तरह से सुरक्षित रहेगा।

## राउण्ड-अप
Round-up

- श्रीलंका ने भारत से 3.1 मिलियन लीटर उच्च गुणवत्ता वाले गैर-हानिकारक नैनो नाइट्रोजन तरल उर्वरक (high quality non-harmful Nano Nitrogen liquid fertiliser) की पहली खेप 20 अक्टूबर, 2021 को प्राप्त की। यह उर्वरक श्रीलंका को मक्का और धान की खेती में मदद करेगा।
- तमिलनाडु के चेन्नई शहर की बाढ़ की स्थिति से जूझने की क्षमता को मजबूत करने के उद्देश्य से चेन्नई- कोसस्थलैयर बेसिन में जलवायु-लचीला और एकीकृत शहरी बाढ़ सुरक्षा और प्रबन्धन स्थापित करने के लिए भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक ने 28 अक्टूबर, 2021 को 25.10 करोड़ डॉलर के ऋण से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**पृष्ठ 20 का शेष** ........................................................

- केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में पहली बार **सेब महोत्सव** का आयोजन किया गया। वर्चुअल तौर पर आयोजित इस समारोह का उद्घाटन 28 अक्टूबर, 2021 को केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने किया। उल्लेखनीय है कि 2.2 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक के वार्षिक उत्पादन के साथ जम्मू-कश्मीर का सेब राष्ट्रीय उत्पादन का 87 प्रतिशत योगदान देता है।
- प्रभावकारी लम्बी दूरी की समुद्री संचार प्रदान करने के लिए एक बहुत जरूरी समाधान के रूप में कोलकाता स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट (एसएमपी, कोलकाता) में रेडियो ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल (आरओआईपी) प्रणाली का उद्घाटन 25 अक्टूबर, 2021 को किया गया। किसी भी प्रमुख भारतीय पत्तन में पहली बार आरओआईपी प्रणाली को एक समुद्री संचार माध्यम के रूप में पेश किया जा रहा है।
- केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा शिलांग-डिब्रूगढ़ सेक्टर पर पहली सीधी उड़ान का उद्घाटन 26 अक्टूबर, 2021 को किया गया। इस उड़ान को क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना (Regional Connectivity Scheme -RCS) 'उड़े देश का आम नागरिक' (उड़ान) के तहत् परिचालित किया गया है।
- सभी को सस्ती कीमतों पर अच्छी किस्म की जेनेरिक दवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना' (पीएमबीजेपी) को रसायन और उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार के फार्मास्यूटिकल्स विभाग द्वारा नवम्बर, 2008 में शुरू किया गया था। 10 अक्टूबर 2021तक, जेनेरिक दवाओं की दुकानों की संख्या बढ़कर 8,366 हो गई है। योजना के तहत सभी 736 जिले शामिल हैं। सरकार ने मार्च 2024 तक प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केन्द्रों की संख्या को 10,000 तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।
- ऊर्जा मंत्रालय के 'केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण' (Central Electricity Authority-CEA) द्वारा ऊर्जा क्षेत्र में साइबर सुरक्षा हेतु दिशा-निर्देश (guideline for the Cyber Security in Power Sector) तैयार किए गए हैं। यह दिशा-निर्देश 7अक्टूबर, 2021 को जारी किए गए। यह पहली बार है जब बिजली क्षेत्र के लिए साइबर सुरक्षा पर एक व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।



# प्रादेशिक परिदृश्य

## राजस्थान / Rajasthan

### जस्टिस कुरैशी बने राजस्थान उच्च न्यायालय के 38वें मुख्य न्यायाधीश

- राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन में जस्टिस अकील अब्दुल हामिद कुरैशी को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ 12 अक्टूबर, 2021 को दिलाई।
  - ✓ जस्टिस कुरैशी राजस्थान उच्च न्यायालय के 38वें मुख्य न्यायाधीश हैं।
  - ✓ जस्टिस कुरैशी ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश इंद्रजीत महांती का स्थान लिया है, जो 6 अक्टूबर 2019 से 11 अक्टूबर 2021 तक इस पद पर आसीन रहे।



जस्टिस अकील अब्दुल हामिद कुरैशी

- सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा 13 राज्यों के उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस के लिए की गई सिफारिश के तहत् जस्टिस अकील कुरैशी को त्रिपुरा से राजस्थान स्थानान्तरित किया गया है।
- जस्टिस अकील अब्दुल हामिद कुरैशी 7 मार्च 2022 को सेवानिवृत्त होंगे, इस प्रकार उनका कार्यकाल लगभग साढ़े पाँच महीने का ही रहेगा।
- **जस्टिस कुरैशी के बारे में –**
  - ✓ 7 मार्च 1960 को गुजरात में जन्मे जस्टिस कुरैशी ने वर्ष 1983 में एलएलबी की तथा वह वकील कोटे से मार्च 2005 में गुजरात हाईकोर्ट के जज बने इसके बाद बॉम्बे हाईकोर्ट में जज रहे।
  - ✓ गुजरात हाईकोर्ट में जज रहते हुए अमित शाह और गुजरात सरकार के खिलाफ फैसला सुनाने को लेकर वह चर्चा में आए थे।
  - ✓ जस्टिस कुरैशी ने वर्ष 2012 में सेवानिवृत्त न्यायाधीश आरए मेहता की लोकायुक्त के रूप में नियुक्ति को बरकरार रखा था।

#### राजस्थान उच्च न्यायालय को मिले छः नए न्यायाधीश

- राजस्थान उच्च न्यायालय (मुख्य पीठ) जोधपुर में मुख्य न्यायाधीश अकील अहमद कुरैशी ने छः नवनियुक्त जजों को 18 अक्टूबर, 2021 को शपथ दिलाई। इनमें से जस्टिस एम एम श्रीवास्तव छतीसगढ़ से स्थानान्तरित होकर आए हैं।
  - ✓ छः न्यायाधीशों की नियुक्ति के साथ ही राजस्थान उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 27 (मुख्य न्यायाधीश सहित) हो गई है।
- **नियुक्त न्यायाधीश–** नियुक्त किए गए न्यायाधीशों में से फरजंद अली, सुदेश बंसल, अनूप कुमार धंद को अधिवक्ता से न्यायाधीश नियुक्त किया गया है, जबकि राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त किए गए विनोद कुमार भरवानी और मदन गोपाल व्यास न्यायिक अधिकारी हैं।
  - ✓ भारत के संविधान के अनुच्छेद 217 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए अधिसूचना के जरिए राष्ट्रपति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश के साथ परामर्श के बाद उपर्युक्त अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों को राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में 11 अक्टूबर, 2021 को नियुक्त किया था।

**महत्वपूर्ण तथ्य**

- ◆ राजस्थान उच्च न्यायालय की स्थापना 29 अगस्त, 1949 को 'राजस्थान उच्च न्यायालय अध्यादेश, 1949' के अन्तर्गत की गई थी, इसका मुख्यालय जोधपुर में है, जबकि इसकी पीठ जयपुर में है।
- ◆ सत्यनारायण राव समिति की सिफारिश पर वर्ष 1958 में राजस्थान उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ जोधपुर बनाई गई।

### जयपुर ओपन गोल्फ प्रतियोगिता 2021

- पीजीटीआई टूर सत्र-2021 की गोल्फ प्रतियोगिता जयपुर ओपन, 2021 जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में 12-15 अक्टूबर, 2021 को सम्पन्न हुई।
- राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित इस गोल्फ प्रतियोगिता का खिताब बेंगलुरू के खालिन एच. जोशी ने अपने ही दोस्त एम. धर्मा को हराकर जीता। चण्डीगढ़ के हरेन्द्र गुप्ता और कोलकाता के सुनीत चौरसिया संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।
- खालिन एच जोशी को पुरस्कारस्वरूप ₹ 40 लाख की राशि मिली।

### प्रदेश में सौर ऊर्जा क्षेत्र के लिए पारेषण प्रणाली का शुभारम्भ

- पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पॉवरग्रिड) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी - 'पावरग्रिड खेतड़ी ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड' पीकेटीएसएल (POWERGRID Khetri Transmission System Ltd.) ने राजस्थान सौर ऊर्जा क्षेत्र (Solar Energy Zone) पार्ट-सी से जुड़ी पारेषण प्रणाली को 4 अक्टूबर, 2021 को चालू किया है।
  - ✓ यह राजस्थान में स्थापित सबसे बड़ी अन्तरराज्यीय (Inter State) टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (Tariff Based Competitive Bidding -TBCB) वाली परियोजनाओं में शामिल है।
- पारेषण परियोजना में खेतड़ी (राजस्थान) में एक नया 765 केवी सब-स्टेशन शामिल है।
- यह 765 केवी डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन के माध्यम से झटिकारा (दिल्ली) से जोड़ने के साथ-साथ 400 केवी डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन के माध्यम से सीकर (राजस्थान) को भी जोड़ता है।
- **लाभ** – पीकेटीएसएल प्रणाली के चालू होने से राजस्थान से देश के विभिन्न हिस्सों में अक्षय ऊर्जा के अन्तरण की सुविधा होगी। यह उद्योगों, घरों और व्यवसायों को लाभान्वित करेगा, जिससे राजस्थान सहित देश के आर्थिक विकास को समग्र रूप से बढ़ावा मिलेगा।
  - ✓ यह नवीकरणीय ऊर्जा का लाभ प्राप्त करने के लिए पारेषण बुनियादी ढाँचे को बढ़ाएगा, जिससे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होगी।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- भारत सरकार ने वर्ष 2030 तक 450 गीगावाट अक्षय ऊर्जा प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है।
- पॉवरग्रिड में वर्तमान में 263 सब-स्टेशन हैं, जिसमें 1,72,000 सीकेएम एवं 4,47,000 एमवीए से अधिक ट्रांसफॉर्मेशन की क्षमता है।

## प्रदेश के चार शहरों को आरयूआईडीपी के फेज-4 ट्रेंच-2 से जोड़ने को मंजूरी मिली

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने **माउण्ट आबू, पुष्कर, नाथद्वारा एवं पिलानी** को आरएसटीडीएसपी (Rajasthan Secondary Towns Development Sector Project - RSTDSP) के तहत् आरयूआईडीपी (Rajasthan Urban Infrastructure Development Project (RUIDP)) के फेज-4 के ट्रेंच-2 में जोड़ने के लिए स्वायत्त शासन विभाग द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को 12 अक्टूबर, 2021 को स्वीकृति प्रदान कर दी।
- एशियन डवलपमेंट बैंक (Asian Development Bank-ADB) द्वारा वित्त पोषित आरयूआईडीपी फेज-4-ट्रेंच-2 में जोड़े गए इन चारों शहरों में विभिन्न प्रकार के विकास एवं सौन्दर्यकरण के कार्य होंगे।
  - ✓ आरयूआईडीपी के चौथे चरण में 14 शहरों में सैनिटेशन, ड्रैनेज, पेयजल आपूर्ति एवं पर्यटन स्थलों के सौन्दर्यकरण से सम्बन्धित कार्य पहले से ही चल रहे हैं।

## आईजीएनपी क्षेत्र में चार एस्केप रिजर्वायर्स के प्रस्ताव को मंजूरी

- इंदिरा गांधी नहर परियोजना (आईजीएनपी) की मेन कैनाल क्षेत्र में ₹ 1274.26 करोड़ की लागत से चार एस्केप रिजर्वायर्स बनाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया है।
  - ✓ उपर्युक्त निर्णय जल जीवन मिशन (जेजेएम) अन्तर्गत राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति (State Level Sanctioning Committee - SLSC) की वर्चुअली आयोजित बैठक में 8 अक्टूबर, 2021 को लिया गया।

### रिजर्वायर्स के लिए चयनित स्थल

- ये एस्केप रिजर्वायर्स बीकानेर जिले में सत्तासर के पास 507 आरडी और गजनेर लिफ्ट परियोजना के समीप 750 आरडी तथा जैसलमेर में 1356 आरडी तथा जोधपुर में 1121 आरडी के पास बनाए जाएँगे।

### रिजर्वायर्स का निर्माण

- इन रिजर्वायर्स का निर्माण उपलब्ध सरकारी भूमि पर जल संसाधन विभाग द्वारा डिपॉजिट वर्क्स के तहत् कराया जाएगा।

### रिजर्वायर्स के लाभ

- इन एस्केप रिजर्वायर्स के बनने से जल जीवन मिशन के तहत् 43 वृहद पेयजल परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त पानी की उपलब्ध हो सकेगी।
  - ✓ इससे क्षेत्र के 6,707 गाँवों में 20.87 लाख से अधिक परिवारों को लाभ होगा।
- आईजीएनपी क्षेत्र में बनने वाले इन रिजर्वायर्स में जलदाय विभाग द्वारा आईजीएनपी मुख्य नहर में वर्षा के मौसम में बहने वाले अतिरिक्त जल में से लगभग 300 क्यूसेक अतिरिक्त पानी का स्टोरेज किया जा सकेगा।
  - ✓ वर्तमान में आईजीएनपी सिस्टम में जलदाय विभाग को पेयजल के लिए 1031 क्यूसेक पानी आवंटित है, जबकि आवश्यकता 1100 क्यूसेक पानी की है।
- **विशेष** – एसएलएससी की बैठक में प्रदेश में रेग्यूलर विंग और मेजर प्रोजेक्ट्स में जेजेएम की 153 नई परियोजनाओं के तहत् 798 गाँवों में ₹ 1192.16 करोड़ की लागत से 1,57,652 हर घर नल कनेक्शन की भी स्वीकृति दी गई।

## सांभर झील प्रबन्धन एजेंसी के गठन को स्वीकृति

- सांभर झील की सुरक्षा, संरक्षण और सर्वांगीण विकास के लिए पर्यावरण विभाग के प्रस्ताव पर सांभर झील प्रबन्धन हेतु गठित स्टैडिंग कमेटी के अनुमोदन उपरान्त '**सांभर लेक मैनेजमेंट एजेंसी**' के गठन की अनुमति मुख्यमंत्री द्वारा अक्टूबर, 2021 प्रदान की गई है।
  - ✓ 'सांभर लेक मैनेजमेंट एजेंसी' चिल्का, ईकेडब्ल्यू और लोकटक के बाद देश में चौथी ऐसी झील प्रबन्धन एजेंसी होगी।

### एजेंसी का ढ़ाँचा

- **अध्यक्ष** – वन एवं पर्यावरण मंत्री और मुख्य सचिव
- **सचिव** – खान, भू-जल एवं अभियांत्रिकी विभाग, वन एवं पर्यावरण, राजस्व, ऊर्जा विभाग, स्वायत्त शासन विभाग, मत्स्य एवं पशुपालन विभाग, उद्योग विभाग, वित्त विभाग, पंचायती राज विभाग, जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग, पर्यटन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग और नगरीय विकास विभाग के प्रभारी।

### कार्य

- सांभर झील के प्रबन्धन को सुदृढ़ और परिणाम केन्द्रित बनाने के उद्देश्य से गठित यह मैनेजमेंट एजेंसी सांभर झील क्षेत्र की सुरक्षा, संरक्षण और विकास के लिए कार्य करेगी।
  - ✓ एजेंसी के अधीन क्षेत्र के भू-प्रबन्ध, अतिक्रमण हटाने, वन एवं वन्य जीव सुरक्षा एवं संरक्षण, मत्स्य एवं पशुपालन के नियंत्रण, पर्यटन के नियंत्रण, अपशिष्ट से बचाव एवं औद्योगिक विकास के नियंत्रण इत्यादि के लिए अलग से इकाइयाँ बनाई जाएँगी।

### अन्य प्रमुख तथ्य

- जयपुर, अजमेर और नागौर जिलों में फैली सांभर झील अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रामसर साइट है।
  - ✓ वर्तमान में राजस्थान में सांभर और भरतपुर के रूप में दो रामसर साइट्स चिन्हित हैं।
- यह झील भारत की दूसरी और राज्य की सबसे बड़ी खारे पानी की झील तथा एशिया का सबसे बड़ा अंतर स्थलीय नमक उत्पादन केन्द्र है।
  - ✓ पर्यटन की दृष्टि से भी सांभर झील का विशेष महत्व है।

## जिला स्तरीय पर्यटन समिति तैयार करेगी वार्षिक कार्य योजना

- राजस्थान के मुख्यमंत्री द्वारा लॉन्च की गई नई 'राजस्थान राज्य पारिस्थितिकी पर्यटन नीति-2021' के प्रावधानों के तहत् जिला स्तर पर **जिला कलेक्टर की अध्यक्षता** में जिला स्तरीय पारिस्थितिकी पर्यटन कमेटी का गठन अक्टूबर 2021 में किया गया है।
  - ✓ स्थाई समिति की 3 माह में एक बार बैठक आयोजित की जाएगी।
- **समिति में सम्मिलित विभाग** –इस समिति में पर्यटन विभाग, जन-जातीय क्षेत्र विभाग, शिक्षा विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, कृषि विभाग, पुरातत्व विभाग और वन विभाग शामिल हैं।
- **समिति के कार्य** – राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने और राज्य की जैव विविधता का अन्वेषण करने के लिए जिलों में गठित पर्यटन कमेटी द्वारा वार्षिक कार्य योजना तैयार की जाएगी।
  - ✓ इस योजना को वित्तीय प्रावधान हेतु वन विभाग को प्रस्तुत किया जाएगा।

- ✓ समिति अपने-अपने जिलों में स्थानीय समुदायों का ध्यान रखते हुए पर्यटन प्रबन्धन की गतिविधियों और सम्भावित पर्यटन स्थानों का चयन कर 5 वर्ष के लिए पर्यटन प्रबन्ध योजना बनाएगी।
- ✓ जिला स्तरीय पर्यटन कमेटी द्वारा प्रतिवर्ष कराई जाने वाली वार्षिक कार्य योजना भी तैयार की जाएगी।

## डीबीटी सलाहकार बोर्ड के गठन को मंजूरी

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में सीएसएस की विभिन्न विभागों द्वारा संचालित प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण से सम्बन्धित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग एवं मूल्यांकन के लिए डीबीटी सलाहकार बोर्ड के गठन को मंजूरी 6 अक्टूबर, 2021 को दे दी।
- **बोर्ड की संरचना** – इस बोर्ड के **चेयरमैन मुख्य सचिव** होंगे। मुख्य सचिव के अलावा बोर्ड में कुल 11 सदस्य होंगे।
  - ✓ इनमें डीबीटी योजनाओं से जुड़े विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/शासन सचिव सदस्य होंगे, जबकि शासन सचिव आयोजना विभाग जो कि, पदेन महानिदेशक जन आधार (डीबीटी सेल के स्टेट कोऑर्डिनेटर) भी हैं, इसके सदस्य सचिव होंगे।
- **बोर्ड का कार्य** – बोर्ड प्रत्यक्ष लाभ हस्तान्तरण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं तकनीकी सहयोग के लिए भारत सरकार के डीबीटी मिशन के साथ समन्वय स्थापित करेगा एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों को निर्देशित करेगा।
  - ✓ बोर्ड यह सुनिश्चित करेगा कि डीबीटी योजनाओं का समयबद्ध रूप से लाभ सम्बन्धित लाभार्थियों को मिल सके।
- **विशेष**– राज्य डीबीटी पोर्टल अर्थात जनआधार डीबीटी पोर्टल पर राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित 171 में से 85 योजनाओं का भी संचालन किया जा रहा है।

## प्रशासन गाँवों के संग और प्रशासन शहरों के संग का शुभारम्भ

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती के शुभ अवसर पर 'प्रशासन गाँवों के संग' एवं 'प्रशासन शहरों के संग' अभियान की शुरुआत 2 अक्टूबर, 2021 को की ।
  - ✓ इस अवसर पर मुख्यमंत्री गहलोत ने 'गांधी दर्शन म्यूजियम' का शिलान्यास एवं 'महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एण्ड सोशल साइंसेज' का लोकार्पण भी किया।
  - ✓ गांधी दर्शन म्यूजियम सेंट्रल पार्क में बनेगा, जबकि कनक भवन में 1.07 करोड़ की लागत से बने महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एण्ड सोशल साइंसेज में गांधीजी से जुड़े शोध कार्य होंगे।
- **आरएचबी आवास**– इसअवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा राजस्थान आवासन मण्डल के मोबाइल एप आरएचबी आवास (RHB AWAS ) को भी लॉन्च किया गया। राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा राज्य के सभी नगर निकाय क्षेत्रों में प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 के अन्तर्गत विभिन्न श्रेणियों के आवासों की आवश्यकता जानने के लिए डिमांड सर्वे करवाया जाएगा।

## एससी एवं ओबीसी विकास कोष के गठन को मंजूरी

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एससी और ओबीसी समुदाय के समावेशी विकास के लिए अनुसूचित जाति विकास कोष एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास कोष के गठन को मंजूरी 4 अक्टूबर, 2021 को दे दी।
- **कोष के अन्तर्गत किए जाने वाले कार्य** – इस कोष से अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए बने छात्रावासों का एवं आवासीय विद्यालयों का आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, उनमें सुविधाओं के विकास, खेलकूद सामग्री एवं कम्प्यूटर उपलब्ध कराने, इन वर्गों के युवाओं को रोजगारपरक कार्यों हेतु औजार खरीदने के लिए ₹ 5 हजार प्रति व्यक्ति सहायता जैसे कार्य किए जा सकेंग।

### वाल्मिकी कोष

- एससी व ओबीसी विकास कोष के गठन की स्वीकृति देने के अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने वाल्मिकी समाज के बच्चों एवं युवाओं को आगे बढ़ने के उचित अवसर उपलब्ध करवाने की दृष्टि से गठित 'वाल्मिकी कोष' से ₹ 5.57 करोड़ व्यय करने को मंजूरी भी दी है।
  - ✓ इस राशि का उपयोग वाल्मिकी समाज के छात्रावासों के आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, सफाई के पेशे में लगे लोगों के बच्चों को मैरिट के आधार पर अतिरिक्त ₹ 5 हजार की वार्षिक वित्तीय सहायता, रोजगारपरक कार्यों हेतु औजार खरीदने के लिए ₹ 5 हजार प्रति व्यक्ति सहायता जैसे कार्यों पर किया जाएगा।

## जालौर में जनता क्लिनिक का शुभारम्भ

- राजस्थान सरकार के चिकित्सा मंत्री डॉ. रघु शर्मा द्वारा जालौर के इंडस्ट्रियल एरिया जनता क्लिनिक का शुभारम्भ वर्चुअल माध्यम से 3 अक्टूबर, 2021 को किया।

### जनता क्लिनिक के बारे में

- मुख्यमंत्री के वर्ष 2019-20 की बजट घोषणा के अनुसार प्रदेश के अरबन स्लम एरिया, सघन बस्तियों में राजकीय स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित क्षेत्रों में जनता क्लिनिक का संचालन किया जाना था, किन्तु यह कार्य कोविड-19 महामारी के कारण रूक गया था।


प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ (ऑफलाइन बैच)
सोमवार, 8 नवम्बर, 2021 से नये बैच प्रारम्भ
राज. पुलिस कॉनिस्टेबल
विज्ञप्ति जारी पद :4438
फीस मात्र 4500/-
नया बैच :8 नवम्बर, सोमवार प्रातः 8 बजे से एवं सायं 3 बजे से
2nd Grade / PTI
शिक्षक
द्वितीय प्रश्न -पत्र
(हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान)
के रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ
नया बैच : 11 नवम्बर, गुरुवार सायं 4 बजे से
V.D.O., LDC, वनपाल-वनरक्षक इत्यादि बैच उपलब्ध
Rathore Sir & K.D. Sir के द्वारा संचालित
Printed Notes
Daily & Weekly Test
अतुल्य INSTITUTE
रातानाडा, जोधपुर
79763-44347

- ✓ जालौर के लिए जनता क्लिनिक के शुभारम्भ के साथ ही एक बार फिर इस प्रकार के क्लिनिक खोलने का काम शुरू किया जा रहा है, जिन्हें चरणबद्ध रूप से प्रदेशभर में खोला जाएगा।
- जनता क्लिनिक के माध्यम से आमजन को प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएँ एवं परामर्श, एएनसी सेवाएँ, टीकाकरण सेवाएँ, परिवार कल्याण सेवाएँ, एनसीडी स्क्रीनिंग सेवाएँ, निःशुल्क जाँचें (प्राथमिक स्तर), निःशुल्क दवा (प्राथमिक स्तर) आदि सहित लगभग 325 तरह की दवाएँ व 8 तरह की जाँचें निशुल्क करवाई जा सकेंगी।
- **विशेष** – राजस्थान में अब तक 12 जनता क्लिनिक जयपुर व 4 जोधपुर में खोले जा चुके हैं।

### सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल तापीय विद्युतगृह का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू

- 'राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम' के सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल तापीय विद्युतगृह की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई-8 का वाणिज्यिक उत्पादन 7 अक्टूबर, 2021 को प्रारम्भ कर दिया गया।
  - ✓ इस सुपर क्रिटिकल इकाई के लिए उत्पादन निगम द्वारा मैसर्स बी.एच.ई.एल. को 28 मार्च 2013 को कार्यादेश दिया गया था।
- राज्य सरकार द्वारा 660-660 मेगावाट की दो सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल विद्युत इकाइयों की स्वीकृति 2 मार्च 2009 को दी गई थी।
  - ✓ इस इकाई का कोयले पर सिंक्रोनाइज 23 मार्च, 2021 को एवं फुल लोड पर विद्युत उत्पादन 30 अगस्त, 2021 को प्रारम्भ हुआ था।
- **राविउनि की क्षमता** – श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ तहसील में स्थित सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल थर्मल विद्युत परियोजना की नवस्थापित 660 मेगावाट क्षमता की इकाई-8 प्रतिदिन 1.584 करोड़ यूनिट बिजली उत्पादित करेगी। इकाई-8 से नियमित वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ होने से राविउनि (राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम) की कुल उत्पादन क्षमता 7,937.35 से बढ़कर 8,597.35 मेगावाट हो गई है।

## Rajasthan News InShort

### पूर्व प्राथमिक कक्षाएँ अंग्रेजी माध्यम से शुरू करने वाला पहला राज्य

- प्रदेश के महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में पूर्व प्राथमिक कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। शिक्षा मंत्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने इस सम्बन्ध में 23 अक्टूबर, 2021 को दिशा-निर्देश जारी किए।
- इस क्रम में प्रथम चरण में 33 जिला मुख्यालयों पर संचालित महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में इसी सत्र से पूर्व प्राथमिक कक्षाएँ शुरू की जाएँगी।
- पूर्व प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम की अवधि तीन वर्ष की होगी, जिसमें 3 वर्ष या उससे अधिक आयु के बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा ।
  - ✓ प्रत्येक खण्ड में विद्यार्थियों की संख्या 25 होगी।

### प्रतापगढ़

- प्रतापगढ़ राजस्थान का ऐसा पहला जिला बन गया है, जहाँ **कोरोना वैक्सीन की प्रथम डोज शत-प्रतिशत** लोगों को लगाई जा चुकी है।
  - ✓ जिले में 23 अक्टूबर, 2021 को प्रथम और द्वितीय डोज लगवाने वाले लोगों की संख्या 9,71,841 हो गई है।
- **विशेष** – प्रदेश में पहली बार हेल्थवर्कर/फर्न्ट लाइन वर्कर को टीके लगाने की शुरुआत 16 जनवरी, 2021 को हुई। इसके बाद 1 मार्च, 2021 को 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को टीके लगाए जाने शुरू हुए।
  - ✓ इसी क्रम में 1 अप्रैल, 2021 को 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों का टीकाकरण शुरू हुआ। 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वाले लोगों का टीकाकरण 10 मई 2021 को वृहत् स्तर पर शुरू किया गया।

### भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा 'भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र' में ₹ 235 करोड़ की लागत से बनने वाले आईपीडी के द्वितीय ब्लॉक का शिलान्यास 23 अक्टूबर, 2021 को किया गया।
- इस ब्लॉक में बोनमेरो ट्रांसप्लांट, रोबोटिक सर्जरी, टोमोथैरेपी, सिंटीमेमोग्राफी और इंटरवेशनल रेडियोलॉजी कैथलेब जैसी आधुनिकतम सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।

### चूरू

- सितम्बर माह के लिए शिक्षा विभाग द्वारा 21 अक्टूबर, 2021 को जारी संयुक्त जिला रैंकिंग में चूरू जिला प्रदेशभर में प्रथम स्थान पर रहा है।
- शाला दर्पण पर उपलब्ध डाटा के आधार पर तैयार की गई इस रैंकिंग में जयपुर व अलवर को क्रमशः दूसरी और तीसरी रैंक प्राप्त हुई है।
- धौलपुर, कोटा व राजसमन्द रैंकिंग में अन्तिम तीन स्थान प्राप्त करने वाले जिले रहे।

### विधानसभा में ग्रिड कनेक्टेड सोलर प्लांट

- राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी. पी. जोशी ने गुरुवार को राजस्थान विधानसभा परिसर में 560 किलोवाट क्षमता के ग्रिड कनेक्टेड सॉलर पॉवर प्लांट का लोकपर्ण किया।
- राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोग निगम और राजस्थान राज्य खान एवं खनिज लिमिटेड कॉरपोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी के तहत् 50-50 प्रतिशत राशि वहन की गई। कुल ₹ 346.80 लाख लागत राशि से विधानसभा में बने इस सॉलर पॉवर प्लांट की स्थापना राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्सट्रूमेंट्स द्वारा की गई है।
- इस प्लांट से लगभग 814 टन वार्षिक कारबन उत्सर्जन की भी बचत हो सकेगी।

### 3704 गाँव अभावग्रस्त घोषित

- राज्य सरकार ने इस वर्ष मानसून की बारिश में जल जमाव एवं बाढ़ आदि से खरीफ की फसल में खराबा होने के कारण प्रदेश के 7 जिलों के 3,704 गाँवों को अभावग्रस्त घोषित किया है।
- आपदा प्रबन्धन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार बारां जिले में सर्वाधिक 1236 गाँव, झालावाड़ में 1177 गाँव, कोटा में 485 गाँव, बूँदी में 469 गाँव, टोंक जिले में 224 गाँव, धौलपुर में 72 गाँव और सवाई माधोपुर में 41 गाँव अभावग्रस्त घोषित किए गए हैं।

### चौहटन व धनाऊ

- राज्य सरकार ने बाड़मेर जिले की दो तहसीलों चौहटन और धनाऊ का पुनर्गठन किया है।
- राजस्व विभाग में इस सम्बन्ध में भू-राजस्व अधिनियम-1956 के प्रावधानों के तहत् जारी संशोधित अधिसूचना के अनुसार पुनर्गठित चौहटन एवं धनाऊ तहसीलों में क्रमशः 7 और 5 भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त शामिल किए गए हैं।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम

- 'राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम' के अन्तर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा द्वारा 25 अक्टूबर, 2021 को किया गया।
- यह कार्यक्रम चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश भर में 25 - 30 अक्टूबर, 2021 को संचालित किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत प्रदेश के 1 - 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमिनाशक एल्बेंडाजोल दवा खिलाई जा रही है।

## इन्वेस्ट राजस्थान 2022

- 'इन्वेस्ट राजस्थान - 2022' समिट का आयोजन 24 और 25 जनवरी, 2022 को किया जाएगा जिसकी थीम 'कमिटेड और डिलिवर्ड' रखी गई है ताकि अधिक से अधिक निवेश को धरातल पर उतारा जा सके।
- इस समिट में भविष्य की जरूरतों को देखते हुए एग्रो एण्ड एग्रो प्रोसेसिंग, ईवी, केमिकल्स एण्ड पेट्रोकेमिकल्स, ईएसडीएम, टूरिज्म, मेडिकल एण्ड हैल्थ, माइंस, मिनरल्स एण्ड सिरेमिक, रिन्यूबल एनर्जी, टैक्सटाइल जैसे सेक्टर्स पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## ग्लोबल यूथ टोबेको सर्वे

- भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंसेज द्वारा कराए 'ग्लोबल यूथ टोबेको सर्वे' के अनुसार प्रदेश के 13 से 15 आयु वर्ग के बच्चों में तम्बाकू सेवन का प्रतिशत 4.1 है। सर्वे के अनुसार राष्ट्रीय औसत 8.5 प्रतिशत है।
- **विशेष** – राज्य सरकार द्वारा युवाओं में नशे की लत रोकने के लिए राज्य में इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के विक्रय, वितरण, भंडारण एवं विज्ञापन को 30 मई, 2019 से प्रतिबन्धित किया गया है।
  - ✓ राज्य में हुक्का बार संचालन पर भी पूर्ण प्रतिबन्ध लगाया जा चुका है, हुक्का बार सचालन प्रतिबन्ध के नियमों के उल्लंघन पर ₹ 1 से 3 लाख का जुर्माना तथा 6 माह से 1 वर्ष तक के कारावास का प्रावधान किया गया है।

## फसली ऋण वितरण लक्ष्य

- सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना द्वारा 18 अक्टूबर, 2021 को प्रदत्त जानकारी के अनुसार सहकारी बैंकों से जुड़े किसानों को अधिक मात्रा में अल्पकालीन फसली ऋण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्ष 2021-22 में ₹16,000 करोड़ के फसली ऋण वितरण के लक्ष्य को बढ़ाकर ₹ 18,500 करोड़ किया गया है।
  - ✓ किसानों को इस वित्तीय वर्ष में ₹ 2,500 करोड़ से अधिक फसली ऋण वितरित होगा।
- उल्लेखनीय है कि राज्य बजट वर्ष 2021-22 में केन्द्रीय सहकारी बैंकों द्वारा किसानों को ₹ 16,000 करोड़ के अल्पकालीन फसली ऋण वितरित करने की घोषणा की गई थी, साथ ही 3 लाख नए किसानों को राज्य सरकार की शून्य ब्याज पर फसली ऋण योजना से जोड़े जाने की भी घोषणा की गई थी।

## महिपाल मदेरणा

- राजस्थान के पूर्व मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता महिपाल मदेरणा का 17 अक्टूबर, 2021 को निधन हो गया।
- चाडी गाँव फलोदी(जोधपुर) में 5 मार्च 1952 को जन्मे महिपाल मदेरणा 20 वर्ष तक जोधपुर जिला परिषद् के अध्यक्ष रहे। वह राजस्थान विधानसभा के लिए दो बार विधायक रहे, दूसरी बार विधायक बनने के बाद उन्हें अशोक गहलोत की सरकार में जल संसाधन मंत्री बनाया गया, लेकिन भंवरी देवी हत्याकांड में नाम आने के चलते उन्हें पद छोड़ना पड़ा।

## राष्ट्रीय अमृता हाट

- स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा हस्तनिर्मित उत्पादों की बिक्री के लिए जवाहर कला केन्द्र के शिल्पग्राम में आयोजित होने वाली 'राष्ट्रीय अमृता हाट' का उद्घाटन महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री ममता भूपेश द्वारा 15 अक्टूबर, 2021 को किया गया।
- इस अवसर पर उन्होंने यूएनएफपीए (United Nations Population Fund (UNFPA) पूर्व नाम (United Nations Fund for Population Activities) की ओर से तैयार किए गए जागरूकता रथों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- 15 – 24 अक्टूबर, 2021 को आयोजित राष्ट्रीय अमृता हाट में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों की लगभग 140 स्टाल्स लगाई गईं।

## राजस्व दिवस

- राजस्थान में 15 अक्टूबर, 2021 को 'राजस्व दिवस' के रूप में मनाया गया।
- राज्य में 15 अक्टूबर को 'राजस्व दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा राजस्व मंत्री श्री हरीश चौधरी ने राजस्थान विधानसभा में 28 फरवरी 2020 को राजस्व विभाग की बजट अनुदान माँगों पर अपने भाषण के दौरान की थी।
- राजस्थान में 'राजस्थान काश्तकारी अधिनियम' 15 अक्टूबर, 1955 को लागू हुआ था, जिससे काश्तकारों को खातेदारी अधिकार सम्भव हुए थे।

## अन्तर्राष्ट्रीय ई–वेस्ट दिवस

- राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल द्वारा 'अन्तर्राष्ट्रीय ई-वेस्ट दिवस- 2021' के अवसर पर 14 - 24 अक्टूबर,2021 को ई-कलेक्शन ड्राइव का संचालन किया गया। इसके तहत् राज्य में ई-वेस्ट के अधिकृत डिस्मेंटलर तथा रिसाईकलर्स द्वारा उपयोगकर्ताओं से ई-वेस्ट एकत्रित किया गया।
  - ✓ राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल द्वारा 'अन्तर्राष्ट्रीय-ई-वेस्ट दिवस-2021' का प्रथम बार आयोजन किया गया है।
  - ✓ इस अवसर पर भीलवाड़ा, जोधपुर, अलवर व भिवाड़ी के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों एवं रिहायशी कॉलोनियों, रेजिडेन्शियल वेलफेयर एसोसिएशन, शॉपिंग मॉल व अन्य वाणिज्यिक संस्थानों के लिए 'ई-वेस्ट कलेक्शन ड्राइव' का आयोजन किया गया।
  - ✓ इस ड्राइव के लिए आर.एल.जी. इण्डिया द्वारा ई-वेस्ट 'टेक बैक वेब पोर्टल' भी विकसित किया गया है।
- **विशेष**– राजस्थान में ई-वेस्ट के समुचित निस्तारण को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में ई-वेस्ट के अध्ययन के लिए 'एन्वायर्नमेंट प्रोटेक्शन ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट, हैदराबाद' के साथ एमओए किया गया है। इसके तहत् संस्था द्वारा राज्य के 5 शहरों जयपुर, जोधपुर, अजमेर, कोटा तथा उदयपुर में ई-वेस्ट का अध्ययन किया जाएगा।

## घुमन्तु समुदाय के लिए अतिरिक्त बजट आवंटन

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के बजट में प्रदेश के विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु समुदायों के उत्थान के लिए 'डिनोटिफाइड ट्राइब पॉलिसी' लाने तथा ₹ 50 करोड़ की लागत से 'विकास कोष' की स्थापना करने की घोषणा की थी।
- इसी क्रम में मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु समुदायों के सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक उन्नयन सम्बन्धी गतिविधियों के लिए ₹ 23.92 करोड़ के अतिरिक्त बजट आवंटन की स्वीकृति अक्टूबर 2021 में दी है।

## डॉ. एसएन सुब्बाराव

- डॉ. एसएन सुब्बाराव वयोवृद्ध गांधीवादी विचारक एवं चिन्तक थे जिनका 27 अक्टूबर, 2021 को जयपुर में निधन हो गया।
- 7 फरवरी, 1929 को बेंगलुरू में जन्मे एसएन सुब्बाराव ने महात्मा गांधी से प्रभावित होकर 13 वर्ष की उम्र में 'भारत छोड़ो आंदोलन' में भाग लिया था।
- 18 भाषाओं के ज्ञाता सुब्बाराव ने चम्बल के 600 से अधिक डाकुओं से आत्मसमर्पण करवाया था। वर्ष 1972 में मुरैना के जौरा गांधी आश्रम में जयप्रकाश नारायण की उपस्थिति में 450 डकैतों से आत्मसमर्पण करवाया था। इसी दौरान धौलपुर में भी 100 से ज्यादा डकैतों ने आत्मसमर्पण किया था।

## राजीविका दीपावली ग्रामीण हाट मेला

- राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् द्वारा इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में आयोजित 'राजीविका दीपावली ग्रामीण हाट मेला' का आयोजन 27 - 31 अक्टूबर, 2021 को जयपुर में किया गया।
- इस ग्रामीण हाट मेले में 90 महिला स्वयं सहायता समूह ने हिस्सा लिया।

## एम–पासपोर्ट

- भारत सरकार के विदेश मंत्रालय तथा राज्य के गृह विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एम-पासपोर्ट एप का शुभारम्भ 12 अक्टूबर, 2021 को किया गया।
  - ✓ प्रदेश में कुछ जगहों पर 'पायलट रन' के बाद अब इसे पूरे राज्य में लागू किया जा रहा है।
  - ✓ प्रदेश के सभी पुलिस थानों को इस एप से जोड़कर मैपिंग कर दी गई है।
- **लाभ–** इसके शुरू होने से पासपोर्ट के लिए पुलिस सत्यापन की अवधि दो सप्ताह से घटकर एक सप्ताह हो जाएगी।
  - ✓ पुलिस सत्यापन प्रक्रिया में एम-पासपोर्ट एप के उपयोग से भारतीय नागरिकों के लिए पासपोर्ट प्राप्त करना तो आसान होगा ही, विदेश में रह रहे भारतीयों तथा भारतीय मूल के लोगों के लिए 'पुलिस क्लीयरेन्स सर्टिफिकेट' प्राप्त करने में भी यह एप उपयोगी होगा।

## घर–घर सहजन

- मटका पद्धति से पौधरोपण से राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आए चूरू जिले के तारानगर ब्लॉक ने एक और नवाचार के तहत् पौष्टिक तत्वों से भरपूर सहजन के पौधे को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए ब्लॉक में पंचायत समिति की ओर से 'घर-घर सहजन' कार्यक्रम 8 अक्टूबर, 2021 से शुरू किया गया है।
- **विशेष –** सहजन एक बहुउद्देश्यीय महत्व का पौधा है जो 300 रोगों के उपचार में कारगर है। सहजन को **मोंरिगा, मुनगा** के नाम से भी जाना जाता है जो कि औषधीय गुणों से भरपूर है।
  - ✓ सहजन कुपोषण व रक्त की कमी को दूर करने वाला औषधीय पौधा है, यह शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है।

## राजेन्द्र नाथ भार्गव

- स्वतंत्रता सेनानी राजेन्द्र नाथ भार्गव का 96 वर्ष की आयु में 6 अक्टूबर, 2021 को निधन हो गया।
- भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले स्व. भार्गव को राज्य सरकार द्वारा ताम्रपत्र देकर सम्मानित किया गया था।

## खाद्य सुरक्षा निदेशालय

- मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में 'शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान के सतत् एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 'खाद्य सुरक्षा निदेशालय' का गठन किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी अक्टूबर 2021 में दी है।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री गहलोत ने वर्ष 2021-22 के राज्य बजट में 'शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान की निरन्तरता सुनिश्चित करने के लिए 'खाद्य सुरक्षा निदेशालय' के गठन की घोषणा की थी।

## पाक विस्थापितों के लिए नागरिकता विशेष कैम्प

- पाक विस्थापितों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा 8 अक्टूबर से 26 नवम्बर, 2021 तक नागरिकता विशेष कैम्प आयोजित किए जाएँगे। इन कैम्पों में 6 जिलों में बसे 13,150 पात्र विस्थापितों को नागरिकता दी जाएगी।
- **विशेष –**राज्य सरकार द्वारा अब तक 2,393 पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता प्रदान की जा चुकी है।

## तालछापर

- वन विभाग के अग्रिम पंक्ति के कार्मिकों को मरुस्थलीय क्षेत्रों की वानिकी, वन्य जीव संरक्षण के साथ-साथ इससे सम्बन्धित ज्ञानवर्धन और प्रशिक्षण देने के लिए ताल छापर में 'वाइल्ड लाइफ मैनेजमेंट एण्ड डेजर्ट इको-सिस्टम ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट' का उद्घाटन वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री सुखराम बिश्नोई द्वारा 1 अक्टूबर, 2021 को किया गया।
- वर्ष 2021-22 के बजट घोषणा की अनुपालना में शुरु किए गए इस इंस्टीट्यूट से स्टाफ को काले हिरण सहित अन्य वन्यजीवों के संरक्षण और संवर्धन की ट्रेनिंग दी जा सकेगी, साथ ही ग्रास लैण्ड, डेजर्ट इको-सिस्टम और उसके आस-पास के क्षेत्रों के सम्बन्ध में भी स्टडी और ट्रेनिंग हो सकेगी।
- **विशेष–**यह राजस्थान का चौथा ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट है, जिसमें वन विभाग के स्टाफ को कैपेसिटी बिल्डिंग और ज्ञान वर्धन हेतु विशेष ट्रेनिंग करवाई जाएंगी।

## डॉ. बी. एम. शर्मा

- राज्य सरकार ने मुम्बई के 'टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज' तथा पुणे स्थित 'महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी स्कूल ऑफ गवर्नेंस' जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की तर्ज पर जयपुर में 'महात्मा गांधी दर्शन म्यूजियम' एवं 'महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एवं सोशल साइंसेज' की स्थापना के आदेश 30 सितम्बर, 2021 को जारी किए।
  - ✓ स्वयं का भवन बनने तक यह संस्थान कनक भवन, सेंट्रल पार्क में संचालित किया जाएगा। संस्थान का प्रशासनिक विभाग उच्च शिक्षा विभाग होगा।
  - ✓ राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष **डॉ. बी एम शर्मा को संस्थान का निदेशक नियुक्त** किया गया है।

## प्रो. अजय कुमार

- राज्यपाल कलराज मिश्र ने राज्य सरकार के परामर्श से आदेश जारी कर कॉलेज ऑफ टेक्नोलोजी एण्ड इंजीनियरिंग, महाराणा प्रताप यूनिवसिटी ऑफ एग्रीकल्चर एण्ड टेक्नोलोजी, उदयपुर में डीन के पद कार्यरत प्रो. अजय कुमार शर्मा को **'एम.बी.एम., विश्वविद्यालय जोधपुर' का प्रथम कुलपति** 30 सितम्बर, 2021 को नियुक्त किया है।

## राउण्ड-अप Round-up

- राजस्थान पर्यटन द्वारा सभी पर्यटकों एवं यात्रा उत्साही लोगों के लिए '**राजस्थान डायरी**' शृंखला के क्रम में 24 अक्टूबर, 2021 को 'राजस्थान के पारम्परिक व्यंजन' विषय पर वर्चुअल चर्चा का आयोजन किया गया।
- मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के अनुरूप ही राज्य कर्मचारियों के महँगाई भत्ते तथा पेंशनर्स को देय महँगाई राहत की दर में 3% वृद्धि को मंजूरी अक्टूबर, 2021 में दे दी। अब राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को 1 जुलाई 2021 से 31% महँगाई भत्ता एवं महँगाई राहत दर देय होगी। पूर्व में राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को 28% महँगाई भत्ता दिया जा रहा था।
- प्रदेश में गर्भवती महिलाओं एवं एक वर्ष तक के शिशुओं को रेफरल परिवहन सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 11 'चिरंजीवी 104 जननी एक्सप्रेस एम्बुलेंस' 14 अक्टूबर, 2021 को हरी झंडी दिखाकर रवाना कीं।
- जल जीवन मिशन के तहत 22 वृहद जल आपूर्ति परियोजनाओं के लिए ₹ 4877.71 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री द्वारा अक्टूबर 2021 में मंजूरी दे दी गई है।
- अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर प्रशासन गाँवों के संग अभियान के तहत् प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित समस्त शिविरों में '**बेटी जन्मोत्सव**' का आयोजन 11 अक्टूबर 2021 को किया गया।
- राज्यपाल कलराज मिश्र ने हस्तशिल्प निर्यात सम्वर्धन परिषद् तथा लघु उद्योग भारती महिला संगठन जयपुर की ओर से आयोजित '**स्वयंसिद्धा हस्तशिल्प प्रदर्शनी-2021**' का उद्‌घाटन जवाहर कला केन्द्र परिसर में 8 अक्टूबर, 2021 को किया।
- राज्य में जयपुर जिले के **फागी** और बीकानेर के **छतरपुर** के पास दो 'बायोमॉस पॉवर प्रोजेक्ट' लगाए जाएँगे। इन प्रोजेक्टों से लगभग 22.9 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जाएगा।
- 'इन्वेस्ट राजस्थान-2022' को सफल बनाने के लिए राज्य सरकार की 12-18 नवम्बर, 2021 को दुबई में होने वाले 'दुबई एक्सपो' के साथ ही अमेरिका, जर्मनी, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, फ्रांस एवं यूके में अन्तर्राष्ट्रीय रोड शो आयोजित करने की योजना है।
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की संघर्ष यात्रा को दर्शाती चित्र प्रदशनी 'मोहनदास से महात्मा' का उद्घाटन 4 अक्टूबर, 2021 को किया।
- मुख्यमंत्री ने बहुमंजिला भवनों में ₹ 50 लाख मूल्य तक के फ्लैट्स के दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी में 2% की रियायत की अवधि 31 दिसम्बर, 2021 तक करने की मंजूरी दी है। इसके साथ ही ₹ 25 लाख मूल्य तक के आवासीय भू-खण्डों पर स्टाम्प ड्यूटी भी 6% से घटाकर 4% की गई है। यह छूट 31 दिसम्बर, 2021 तक जारी रहेगी।
- मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम पंचायतों द्वारा नवीन कार्यों के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी करने की सीमा ₹ 5 लाख से बढ़ाकर ₹ 10 लाख करने की मंजूरी 1 अक्टूबर, 2021 को दी, इस मंजूरी से पंचायती राज संस्थाओं का वित्तीय सशक्तीकरण होने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्य शीघ्रता के साथ सम्पादित हो सकेंगे।
- अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में 1- 31 अक्टूबर, 2021 तक **वृद्धजन माह** का आयोजन किया गया।
- राज्य में राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम द्वारा संचालित '**पीएम कुसुम कम्पोनेन्ट-ए' योजना** के अन्तर्गत 8वें सौर ऊर्जा संयन्त्र से झालावाड़ जिले की खानपुर तहसील के बाघेर गाँव में ऊर्जा उत्पादन 29 सितम्बर, 2021 को प्रारम्भ हो गया है।

## उत्तर प्रदेश / Uttar Pradesh

### प्रधानमंत्री ने रामनगर में किया सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश की अपनी यात्रा के दौरान रामनगर, वाराणसी में 10 एमएलडी क्षमता वाले नए अत्याधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (State of the Art Sewage Treatment Plant —STP) का उद्घाटन 25 अक्टूबर, 2021 को किया।
- यह एसटीपी वाराणसी में अपने प्रकार का पहला अभियान है, जिसमें अत्याधुनिक तकनीक लगी हुई है। इसे नवीनतम ए2ओ (Anaerobic-Anoxic-Anoxic) तकनीक के आधार पर बनाया गया है।
- इस 10 एमएलडी क्षमता वाले एसटीपी की विशेषता यह है कि प्रदूषित पानी को विभिन्न देशों के आधुनिक और उन्नत उपकरणों के माध्यम से उपचारित किया जाएगा और केवल उपचारित पानी को ही गंगा नदी में गिराया जाएगा।
- **विशेष**– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी जिले में ₹ 18.96 करोड़ की लागत से शहर के आठ पवित्र कुण्डों (तालाबों) के सौंदर्यीकरण और संरक्षण वाली परियोजना का भी उद्घाटन किया। इन कुण्डों में कलहा, दुधिया, लक्ष्मी, पहाड़िया, पंचकोसी, कबीर, रीवा और बखरिया कुण्ड शामिल हैं।


अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी की अनुपम प्रस्तुति

आरएएस/आरटीएस, पटवार, ग्राम विकास अधिकारी, राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उपयोगी



राजस्थान सम-सामयिक वार्षिकी 2021

- राजस्थान सम-सामयिकी घटनाओं का वन-लाइनर एवं विषयवार प्रस्तुति करण
- विगत् परीक्षाओं में आए करेन्ट अफेयर्स पर आधारित प्रश्नों का समावेश

आज ही अपने निकटतम पुस्तक विक्रेता से खरीदें   मूल्य : ₹ 60

## प्रधानमंत्री ने किया कुशीनगर अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बौद्ध तीर्थस्थलों को विश्वभर से जोड़ने की कोशिश के तहत् उत्तर प्रदेश में बनाए गए कुशीनगर अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (Kushinagar International Airport) का उद्घाटन 20 अक्टूबर, 2021 को किया।
- कुशीनगर गौतमबुद्ध का महापरिनिर्वाण स्थल है और बौद्ध समुदाय के लोगों का एक अहम् तीर्थ स्थल है। लगभग ₹ 260 करोड़ की लागत से 589 एकड़ भू-भाग में बना यह उत्तर प्रदेश का तीसरा अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है।
- इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कुशीनगर के महापरिनिर्वाण मन्दिर में अभिधम्म दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया।

## प्रधानमंत्री ने प्रदेश की 75 शहरी विकास परियोजनाओं का उद्घाटन/शिलान्यास किया

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने लखनऊ दौरे के दौरान लखनऊ में 'आजादी@75- नया शहरी भारतः शहरी परिदृश्य में बदलाव' (Azadi@75 – New Urban India: Transforming Urban Landscape) सम्मेलन-सह-एक्सपो का उद्घाटन 5 अक्टूबर, 2021 को किया।
- इस अवसर पर उन्होंने उत्तर प्रदेश को ₹ 4,737 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात देते हुए 'स्मार्ट सिटी मिशन' और 'अमृत' के तहत् उत्तर प्रदेश की 75 शहरी विकास परियोजनाओं का उद्घाटन/शिलान्यास भी 5 अक्टूबर, 2021 को किया।

### अन्य प्रमुख तथ्य

- प्रधानमंत्री ने लखनऊ के बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में स्व. **अटल बिहारी वाजपेयी पीठ** की स्थापना की घोषणा की।
- प्रधानमंत्री ने डिजिटल रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के तहत् बनाए गए घरों की चाबी उत्तर प्रदेश के 75 जिलों के 75 हजार लाभार्थियों को सौंपी।

## उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के वर्ष 2020 के पुरस्कार एवं सम्मान

- उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा वर्ष 2020 के पुरस्कारों/सम्मानों की घोषणा 1 अक्टूबर, 2021 को की गई।
- इसके तहत् संस्थान के सर्वोच्च पुरस्कार 'भारत-भारती सम्मान' के लिए अमृतसर के पांडेय शशिभूषण शीतांशु को चुना गया।
  - ✓ इस पुरस्कार के तहत् इन्हें ₹ 8 लाख, प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किया जाएगा।
  - ✓ पिछली बार (2019 में) का यह सम्मान मुम्बई की साहित्यकार डॉ. सूर्यबाला को प्रदान किया गया था।

### संस्थान द्वारा घोषित अन्य प्रमुख पुरस्कार

- **लोहिया साहित्य सम्मान** : डॉ. रामकठिन सिंह (लखनऊ)
- **हिंदी गौरव सम्मान** : भगवान सिंह (गाजियाबाद)
- **महात्मा गांधी साहित्य सम्मान** : डॉ. महेन्द्र मधुकर (मुजफ्फरपुर, बिहार)
- **पं. दीनदयाल उपाध्याय साहित्य सम्मान** : डॉ. देवेन्द्र दीपक (भोपाल)
- **अवन्तिबाई साहित्य सम्मान** : डॉ. सीतेश आलोक, नोएडा
- **राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन सम्मान** : गुजरात प्रांतीय राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, अहमदाबाद।
  - ✓ उक्त सभी पुरस्कारों के तहत् विजेता को ₹ 5.00 लाख की राशि प्रदान की जाएगी।

## 'निर्भया : एक पहल' अभियान

- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने लखनऊ में महिलाओं में उद्यमिता कौशल को प्रोत्साहित करने के लिए मिशन शक्ति के तीसरे चरण के तहत् **'निर्भया-एक पहल' कार्यक्रम की शुरुआत 29 सितम्बर, 2021** को की है।
- नई पहल के तहत् राज्य के प्रत्येक ज़िले से लगभग 1000-1000 महिलाओं, अर्थात् कुल 75,000 महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण किट वितरित की जाएँगी।
- उल्लेखनीय है कि 'मिशन शक्ति' उत्तर प्रदेश सरकार का प्रमुख कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। 'मिशन शक्ति' का पहला चरण अक्टूबर 2020 में शुरू किया गया था।

## राउण्ड-अप
Round-up

- उत्तर प्रदेश सरकार ने फैज़ाबाद जंक्शन का नाम बदलकर अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन करने का फैसला किया है। भाजपा सरकार ने इससे पहले इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज और मुगलसराय रेलवे जंक्शन को पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन कर दिया। फैज़ाबाद रेलवे स्टेशन उत्तर रेलवे क्षेत्र के अन्तर्गत आता है।

# मध्य प्रदेश / Madhya Pradesh

## 'मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार' योजना

- 19 अक्टूबर, 2021 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद् द्वारा गरीब जनजाति परिवारों की सुविधा के लिए प्रदेश के आदिवासी विकास खण्डों की उचित मूल्य दुकानों के आश्रित ग्रामों के पात्र परिवारों को उनके ही ग्राम से राशन सामग्री वितरण की योजना 'मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार' लागू करने का निर्णय लिया गया।
- यह योजना निर्वाचन आचार संहिता वाले ज़िलों को छोड़कर शेष ज़िलों के आदिवासी विकास खण्डों में नवम्बर 2021 से लागू की जाएगी।
- योजना के तहत् 16 ज़िलों के 74 विकास खण्डों के 7,511 गाँवों के आदिवासी परिवारों को लाभ मिलेगा।

## 'चिन्नौर चावल' जीआई टैग हासिल करने वाली मध्य प्रदेश की पहली कृषि उपज

- मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में उत्पादित चिन्नौर चावल ने जीआई टैग हासिल किया है।
- 29 सितम्बर, 2021 को जीआई टैग हासिल करने वाली यह मध्य प्रदेश की पहली कृषि उपज है।
- भारत में उत्पादित बेहतरीन स्वदेशी चावल की किस्मों में से एक, चिन्नौर को पारम्परिक रूप से 'राज्य के धान के कटोरे' में उगाया जाता है, जिसमें जबलपुर सम्भाग में बालाघाट जिला शामिल है।




# पुरस्कार एवं सम्मान


## नोबेल पुरस्कार-2021

- वर्ष 2021 के नोबेल पुरस्कारों की घोषणा 4-11 अक्टूबर, 2021 के दौरान अलग-अलग तिथियों में की गई।
- नोबेल शान्ति पुरस्कार के अलावा अन्य सभी पुरस्कारों की घोषणा पूर्व वर्षों की भाँति स्टॉकहोम में की गई, जबकि नोबेल शान्ति पुरस्कार की घोषणा ओस्लो (नार्वे) में की गई।
- विभिन्न क्षेत्रों में यह पुरस्कार निम्नलिखित को दिए गए हैं–

### चिकित्सा में नोबेल पुरस्कार-2021



Ardem Patapoutian



David Julius


- **पुरस्कार की घोषणा** : 4 अक्टूबर, 2021; कारोलिंस्का इंस्टीट्यूट की नोबेल सभा (The Nobel Assembly at Karolinska) द्वारा।
- **पुरस्कार विजेता** : अमेरिका वैज्ञानिकों डेविड जूलियस (David Julius) और अर्डेम पटापाउटियन (Ardem Patapoutian) को संयुक्त रूप से।
- **योगदान** : 'तापमान और स्पर्श के लिए रिसेप्टर्स (Receptors) की अपनी खोजों के लिए' ("for their discoveries of receptors for temperature and touch")।
- **पुरस्कार राशि** : 10 मिलियन स्वीडिश क्रोन (दोनों को बराबर)

### भौतिकी में नोबेल पुरस्कार-2021

- **पुरस्कार की घोषणा** : 5 अक्टूबर, 2021; द रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंस (The Royal Swedish Academy of Sciences) द्वारा।



Giorgio Parisi



Klaus Hasselmann




Syukuro Manabe

- **पुरस्कार विजेता** : जापान में जन्मे अमेरिका के जलवायु विज्ञान स्यूकुरो मनाबे (Syukuro Manabe) और जर्मनी के जलवायु विज्ञानी क्लास हैसलमैन (Klaus Hasselmann) और इटली के भौतिक विज्ञानी जियोर्जियो परिसी (Giorgio Parisi)।
- **योगदान** : 'पृथ्वी की जलवायु के भौतिक मॉडलिंग, परिवर्तनशीलता की मात्रा निर्धारित करने और ग्लोबल वार्मिंग की मजबूती से भविष्यवाणी करने' के लिए (For the physical modelling of Earth's climate, quantifying variability and reliably predicting global warming)।
- **पुरस्कार राशि** : 10 मिलियन स्वीडिश क्रोन (आधा हिस्सा स्यूकुरो मनाबे और क्लास हैसलमैन को बराबर तथा शेष आधा हिस्सा जियोर्जियो परिसी को)।
- **वर्ष 2020 को भौतिकी का नोबेल पुरस्कार** : यूनाइटेड किंगडम के रोजर पेनरोज (Roger Penrose) तथा यूएसए के रेनहार्ड गेनजेल (Reinhard Genzel) व एंड्रिया गेज (Andrea Ghez) को।

### रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार, 2021

- **पुरस्कार की घोषणा** : 6 अक्टूबर, 2021; द रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंस (The Royal Swedish Academy of Sciences) द्वारा।
- **पुरस्कार विजेता** : जर्मन वैज्ञानिक बेंजामिन लिस्ट (Benjamin List) और यूके में जन्मे अमेरिकी वैज्ञानिक डेविड डब्ल्यूसी मैकमिलन (David WC MacMillan) को संयुक्त रूप से।



Benjamin List


- **योगदान** : 'ऐसिमेट्रिक ऑर्गेनोकैटलिसिस के विकास के लिए (for the development of asymmetric organocatalysis)।
- **पुरस्कार राशि** : 10 मिलियन स्वीडिश क्रोन (दोनों को बराबर)
- **वर्ष 2020 में रसायन का नोबेल पुरस्कार** : फ्रांस के इमैनुएल कारपेंटियर (Emmanuelle Charpentier) और यूएसए के जेनिफर ए. डाउडना (Jennifer A. Doudna) को संयुक्त रूप से।



David W.C. MacMillan

### साहित्य का नोबेल पुरस्कार-2021

- **पुरस्कार घोषणा** : 7 अक्टूबर, 2020 को स्वीडिश एकेडमी द्वारा।
- **विजेता** : ब्रिटेन के 73 वर्षीय लेखक अब्दुलरजाक गुरनाह (Abdulrazak Gurnah)।
- **योगदान** : उपनिवेशवाद के प्रभावों और संस्कृतियों व महाद्वीपों के बीच शरणार्थियों की स्थिति के करुणामय चित्रण के लिए (for his uncompromising and compassionate penetration of the effects of colonialism and the fate of the refugee in the gulf between cultures and continents)।



Abdulrazak Gurnah

- **पुरस्कार राशि** : 10 मिलियन स्वीडिश क्रोन
- **वर्ष 2020 में साहित्य के क्षेत्र का नोबेल पुरस्कार** : अमेरिकी लेखिका लुईस ग्लक (Louise Glück) को प्रदान किया गया।

## शान्ति का नोबेल पुरस्कार, 2021

- **पुरस्कार की घोषणा** : 8 अक्टूबर, 2021को ओस्लो (नॉर्वे) में 'द नॉर्वेजियन नोबेल इंस्टीट्यूट' (The Norwegian Nobel Institute) द्वारा।
- **पुरस्कार विजेता** : फिलीपींस की मारिया रेसा (Maria Ressa) और रूस के दिमित्री मुराटोव (Dmitry Muratov) को संयुक्त रूप से।


Maria Ressa


Dmitri Muratov

- **योगदान** : अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षा के प्रयासों के लिए, जो लोकतंत्र और स्थायी शांति के लिए एक पूर्व शर्त है। (for their efforts to safeguard freedom of expression, which is a precondition for democracy and lasting peace)।
  - ✓ मारिया रेसा अपने मूल देश फिलीपींस में सत्ता के दुरुपयोग, हिंसा के इस्तेमाल और बढ़ते अधिनायकवाद को उजागर करने के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उपयोग करती हैं।
  - ✓ वहीं दिमित्री मुराटोव रूस में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद दशकों तक अभिव्यक्ति की आजादी के पैरोकार रहे हैं।
- **पुरस्कार राशि** : 10 मिलियन स्वीडिश क्रोन (दोनों को बराबर)
- **वर्ष 2020 का शांति का नोबेल पुरस्कार** : विश्व खाद्य कार्यक्रम (World Food Programme—WFP) को दिया गया।

## अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार, 2021

- **पुरस्कार** : The Sveriges Riksbank Prize in Economic Sciences in Memory of Alfred Nobel 2020
- **पुरस्कार घोषणा** : 11 अक्टूबर, 2021 को स्टॉकहोम में 'द रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज' द्वारा।
- **पुरस्कार विजेता** : अमेरिकी अर्थशास्त्री डेविड कार्ड (David Card), जोशुआ एंग्रिस्ट (Joshua Angrist) और गुइडो इम्बेन्स (Guido Imbens) को संयुक्त रूप से।


David Card Joshua D. Angrist Guido W. Imbens

- **योगदान** : डेविड कार्ड को 'श्रम अर्थशास्त्र में उनके अनुभवजन्य योगदान के लिए' (for his empirical contributions to labour economics) तथा जोशुआ एंग्रिस्ट और गुइडो इम्बेन्स को 'कारण सम्बन्धों के विश्लेषण में उनके पद्धतिगत योगदान के लिए' (for their methodological contributions to the analysis of causal relationships)।
- **पुरस्कार राशि** : 10 मिलियन स्वीडिश क्रोन (पुरस्कार राशि का आधा भाग डेविड कार्ड को तथा शेष आधा भाग जोशुआ एंग्रिस्ट और गुइडो इम्बेन्स को)।
- **वर्ष 2020 में अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार** : अमेरिकी अर्थशास्त्री पॉल आर. मिलग्रोम (Paul R. Milgrom) और रॉबर्ट बी. विल्सन (Robert B. Wilson) को संयुक्त रूप से।

## यूरोपीय संसद का सखारोव पुरस्कार (2021)

- यूरोपीय संसद का वर्ष 2021 का सखारोव पुरस्कार रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी (Alexei Navalny) को प्रदान करने की घोषणा 20 अक्टूबर 2021 को की गई है।
  - ✓ 45 वर्षीय कार्यकर्ता को व्लादिमीर पुतिन के शासन के भ्रष्टाचार के खिलाफ अथक रूप से लड़ने के लिए उनकी अपार व्यक्तिगत बहादुरी के लिए सम्मानित किया गया है।
- 50 हजार यूरो के इस पुरस्कार का वितरण 15 दिसम्बर, 2021 को स्ट्रेसबर्ग में आयोजित समारोह में दिया जाएगा।
- वैचारिक रूसी भौतिक विज्ञानी मतभेद वाले आन्द्रे सखारोव की स्मृति में यूरोपीय संसद द्वारा 1988 से स्थापित यह पुरस्कार वैचारिक स्वतंत्रता के लिए प्रतिवर्ष दिया जाता है।
- विगत वर्ष 2020 में यह पुरस्कार 'बेलारूस के लोकतांत्रिक विपक्ष' को प्रदान किया गया था।

## लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार 2021

- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक और प्रख्यात पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. रणदीप गुलेरिया को '22वाँ लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार 2021' अक्टूबर, 2021 में प्रदान किया गया।
- कोविड-19 महामारी के बारे में जागरूकता पैदा करने में डॉ. रणदीप गुलेरिया की उत्कृष्ट भूमिका के लिए उन्हें यह पुरस्कार उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने 11 अक्टूबर, 2021 को प्रदान किया।
- वर्ष 2020 में यह (21वाँ) पुरस्कार इंफोसिस फाउण्डेशन की चेयरपर्सन सुधा मूर्ति को प्रदान किया गया था।

### पुरस्कार के बारे में

- 'लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार' को लाल बहादुर शास्त्री प्रबन्धन संस्थान, दिल्ली द्वारा स्थापित किया गया है।
- यह पुरस्कार प्रति वर्ष अपने चुने हुए क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एक विशिष्ट व्यक्ति को दिया जाता है।
- इस पुरस्कार के तहत् ₹ 5 लाख की राशि, स्मृति चिह्न और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाता है।
- पहला लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार वर्ष 1999 में प्रो. सी.के. प्रहलाद को प्रदान किया गया था।

## लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई पुरस्कार 2021

- उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने असम सरकार के द्विवार्षिक 'राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रीय योगदान के लिए लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई पुरस्कार 2021' (Lokpriya Gopinath Bordoloi Award for National Integration and Contribution) 3 अक्टूबर, 2021 को गुवाहाटी में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किए।
- पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट की असम शाखा, जर्मनी में रहने वाले असमिया साहित्यकार डॉ. निरोद कुमार बरूआ और श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र में 'शिलांग चैंबर चोइर' (Shillong Chamber Choir) शामिल हैं।
- पुरस्कार में प्रत्येक को ₹ 5 लाख, एक प्रशस्ति-पत्र और एक अंगवस्त्रम प्रदान किया गया।
- इस पुरस्कार का नाम असम के पहले मुख्यमंत्री और स्वतंत्रता सेनानी गोपीनाथ बोरदोलोई के नाम पर रखा गया है। उन्हें 1999 में मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

पुरस्कार विजेता : एक परिचय

- जर्मनी स्थित लेखक-विद्वान डॉ. निरोद कुमार बरुआ, जो गुवाहाटी स्थित कॉटन कॉलेज और बनारस विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र थे, ने दिल्ली विश्वविद्यालय में आधुनिक इतिहास पढ़ाया, असम के विशेष संदर्भ में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन पर कई पुस्तकें और शोध-पत्र लिखे।
- कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट की असम शाखा, जिसे 9 जनवरी, 1946 को महात्मा गांधी द्वारा स्थापित किया गया था, ने राष्ट्रीय एकता बनाने और अहिंसक प्रतिरोध के आदर्शों को बढ़ावा देने के लिए बड़े प्रयास शुरू किए थे। ट्रस्ट महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काफी योगदान दे रहा है।
- प्रसिद्ध संगीत मंडली मेघालय के शिलांग चैंबर चोइर (एससीसी), जिसे 2001 में स्थापित किया गया था, ने कई राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय प्लेटफॉर्मों में प्रदर्शन किया है और बहुत प्रशंसा प्राप्त की है।

## रजनीकांत : दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित

- 25 अक्टूबर, 2021 को 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में अभिनेता, निर्माता और पटकथा लेखक के रूप में उनके योगदान के लिए अभिनेता रजनीकांत को प्रतिष्ठित 51वें दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- उन्हें भारतीय सिनेमा में उनके शानदार योगदान के लिए उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू से प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला।
- पुरस्कार समारोह में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के अलावा राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का वितरण भी इस दौरान किया गया।
- समारोह में रजनीकांत के दामाद सुपरस्टार धनुष को फिल्म 'असुरन' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। धनुष के साथ मनोज वाजपेयी को भी सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार फिल्म 'भोंसले' के लिए उन्हें मिला।
  - ✓ **मनोज वाजपेयी तीसरी बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित** हुए हैं, इससे पहले वर्ष 1998 में फिल्म 'सत्या' के लिए 'सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता' का तथा वर्ष 2003 में फिल्म 'पिंजर' के लिए उन्हें 'स्पेशल ज्यूरी अवॉर्ड' मिला।
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार कंगना रनौत को उनकी फिल्म 'मणिकर्णिका' और 'पंगा' के लिए मिला।
  - ✓ **कंगना रनौत को चौथी बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित** किया गया है, इससे पहले उन्हें वर्ष 2014 (62वें) में फिल्म 'क्वीन' के लिए और वर्ष 2015 (63वें) में फिल्म 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार तथा वर्ष 2008 (56वें) में फिल्म 'फैशन' में सर्वश्रेष्ठ सह अभिनेत्री के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- उल्लेखनीय है कि 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों (2019) की घोषणा 22 मार्च, 2021 को की गई थी, जबकि दादासाहेब फाल्के पुरस्कार की घोषणा 1 अप्रैल, 2021 को की गई।

## मेघालय के मंत्री को पेटा इंडिया पुरस्कार

- पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (PETA) इण्डिया ने 13 अक्टूबर, 2021 को मेघालय के पर्यावरण और वन मंत्री जेम्स पी के संगमा को राज्य में 'वेगन लेदर' के उत्पादन के उनके दृष्टिकोण के लिए 'प्रोग्रेसिव बिजनेस कॉन्सेप्ट अवॉर्ड' के लिए नामित किया है।
- राज्य में किसानों को अनानास के 'वेगन लेदर' के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करने के अलावा, संगमा की एक जलवायु परिवर्तन संग्रहालय खोलने और स्कूल पाठ्यक्रम में जलवायु परिवर्तन को पेश करने की भी योजना है।
- 'वेगन लेदर' एक ऐसी सामग्री है जो चमड़े की तरह होती है, लेकिन जानवरों की खाल के बजाय कृत्रिम या पादप उत्पादों से बनाई जाती है।
- उल्लेखनीय है कि मेघालय भारत के प्रमुख अनानास उत्पादक राज्यों में से एक है। यह भारत में उत्पादित कुल अनानास का 8 प्रतिशत योगदान देता है।

## अर्थशॉट पुरस्कार 2021

- दिल्ली के उद्यमी 'विद्युत मोहन' को फसल अवशेषों की बिक्री योग्य जैव उत्पादों में बदलने की परियोजना के लिए पहले पर्यावरणीय 'अर्थशॉट पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है।
- महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के पोते प्रिंस विलियम ने 17 अक्टूबर, 2021 को लंदन में एक समारोह के दौरान अर्थशॉट पुरस्कार प्रदान किए।
- विद्युत मोहन के नेतृत्व वाली 'टकाचार' परियोजना को फसलों के अवशेषों को बिक्री योग्य जैव उत्पादों में बदलने की नवोन्मेषी किफायती तकनीक के लिए 'हमारी स्वच्छ वायु' (Clean our Air) की श्रेणी में विजेता घोषित किया गया है।
  - ✓ यह तकनीक फसल अवशेषों को ईंधन और उर्वरक जैसे बिक्री योग्य जैव उत्पादों में बदलने में मदद करेगी।
  - ✓ यह तकनीक धुएँ और कार्बन के उत्सर्जन को 98% तक कम करती है।
  - ✓ कृषि अपशिष्ट को जलाने से वायु प्रदूषण होता है जिससे कुछ क्षेत्रों में जीवन प्रत्याशा एक दशक तक कम हो गई है।
- विद्युत मोहन दुनियाभर में इस पुरस्कार के पाँच विजेताओं में से एक हैं।
- 'अर्थशॉट पुरस्कार' निम्नलिखित पाँच श्रेणी में प्रदान किए गए–
  - ✓ **प्रोटेक्ट एण्ड रिस्टोर नेचर** : द रिपब्लिक ऑफ कोस्टा रिका; यह अवार्ड वर्षावन को दोबारा जीवन देने के लिए स्थानीय नागरिकों की ओर से नेचुरल ईकोसिस्टम को बहाल करने के लिए दिया गया।
  - ✓ **क्लीन अवर एयर** : टकाचार (भारत)
  - ✓ **रिवाइव अवर ओशियन्स** : कोरल वीटा (बहामास); दो दोस्तों द्वारा चलाए गए प्रोजेक्ट के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। इन दोस्तों ने मिलकर विशेष टैंकों का इस्तेमाल कर सामान्य रूप से प्रकृति में 50 गुना तेजी से मूंगा विकसित करने का एक तरीका विकसित किया है।
  - ✓ **बिल्ड ए बेस्ट-फ्री वर्ल्ड** : द सिटी ऑफ मिलन फूड वेस्ट हब्स (इटली)
  - ✓ **फिक्स अवर क्लाइमेट** : एईएम इलेक्ट्रोलाइजर (थाईलैण्ड/जर्मनी/इटली) बनाने के लिए, जो पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में विभाजित करके हाइड्रोजन बनाने के लिए अक्षय ऊर्जा का उपयोग करता है। हाइड्रोजन एक स्वच्छ गैस है लेकिन यह आमतौर पर जीवाश्म ईंधन को जलाने से उत्पन्न होती है।

## अर्थशॉट पुरस्कार

- इस पुरस्कार की स्थापना प्रिंस विलियम और रॉयल फाउण्डेशन द्वारा की गई है।
    - ✓ 'रॉयल फाउण्डेशन' ड्यूक एण्ड डचेज़ ऑफ कैम्ब्रिज और इतिहासकार डेविड एटनबरो द्वारा स्थापित चैरिटी है।
- इस पुरस्कार की स्थापना वर्ष 2020 में की गई थी तथा वर्ष 2021 में पहली बार फाइनलिस्ट्स को उनके योगदान के लिए पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है।
- यह पुरस्कार जलवायु संकट से मुकाबला करने हेतु समाधान विकसित करने के लिए वर्ष 2021 और वर्ष 2030 के बीच पाँच फाइनलिस्टस को दिया जाएगा।
- विजेता को एक मिलियन यूरो की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

## ग्लोबल लीडरशिप अवॉर्ड-2021


- यूएस इण्डिया बिजनेस काउंसिल (USIBC) ने वर्ष 2021 के 'ग्लोबल लीडरशिप अवॉर्ड' की घोषणा 30 सितम्बर, 2021 को की।
- इस वर्ष यह पुरस्कार एचसीएल टेक्नोलॉजीज के संस्थापक और चेयरमैन एमेरिटस शिव नाडार और ट्रैक्टर्स एण्ड फार्म इक्विपमेंट लि. (टैफे) की चेयरमैन एवं प्रबन्ध निदेशक मल्लिका श्रीनिवासन को प्रदान किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2007 से यह पुरस्कार अमेरिका और भारत के शीर्ष कॉरपोरेट अधिकारियों को दिया जाता है, जिन्होंने देश के बीच रणनीतिक एवं आर्थिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाई है।

## ड्रामा फिल्म 'कूझंगल' ऑस्कर 2022 के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि

- फिल्म निर्माता विनोथराज पीएस के निर्देशन में बनी तमिल फिल्म 'कूझंगल' (पेबल्स–Pebbles) को 94वें अकादमी पुरस्कार (ऑस्कर अवॉर्ड) के लिए भारत की ओर से आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना गया है।
    - ✓ यह फिल्म 94वें ऑस्कर अवॉर्ड में सर्वश्रेष्ठ अन्तर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में प्रतिस्पर्द्धा करेगी।
- फिल्म फेडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा निर्माता शाजी एन करुण की अध्यक्षता में गठित 15 सदस्यीय जूरी ने इस फिल्म का सर्वसम्मति से चयन किया।
    - ✓ इससे पहले यह फिल्म वर्ष के शुरुआत में नीदरलैण्ड्स में हुए 50वें अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल रॉटरडैम में टाइगर अवॉर्ड भी जीत चुकी है।
    - ✓ फिल्म के प्रोड्यूसर नयनतारा और विग्नेश शिवन हैं, जबकि इसका म्यूजिक युवान शंकर राजा ने कंपोज किया है।
- वर्ष 2021 के लिए (94वें) ऑस्कर अवॉर्ड्स समारोह 27 मार्च, 2022 को लॉस एंजिल्स में आयोजित किया जाएगा, जबकि इसके लिए नामांकन की घोषणा 8 फरवरी, 2022 को की जाएगी।
- वर्ष 2020 में 93वें ऑस्कर अवॉर्ड्स के लिए लीजो जोस पेल्लीस्सेरी द्वारा निर्देशित मलयालम फिल्म 'जल्लीकट्टू' भारत की आधिकारिक प्रविष्टि थी।
    - ✓ वर्ष 2020 (पुरस्कार वितरण अप्रैल, 2021) के ऑस्कर अवॉर्ड्स समारोह में थॉमस विंटरबर्ग द्वारा निर्देशित डेनिस फिल्म 'एनदर राउण्ड' ने सर्वश्रेष्ठ अन्तर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म का अवॉर्ड जीता था।


## सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

- हॉलीवुड फिल्म निर्देशक मार्टिन स्कॉर्सेस (Martin Scorsese) और हंगरी के मशहूर फिल्म निर्माता इस्तवान स्जाबो (Istevan Szabo) को इस वर्ष के (52वें) भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (International Film Festival of India–IFFI) में 'सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा।



इस्तवान स्जाबो


- यह जानकारी केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने 22 अक्टूबर, 2021 को दी।
- भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 52वें संस्करण का आयोजन 20-28 नवम्बर, 2021 को गोवा में किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि इस्तवान स्जाबो को वर्ष 1966 में आई 'फादर' और 1981 में आई 'मैफिस्टो' जैसी मशहूर फिल्म के लिए जाना जाता है। वहीं, स्कॉर्सेस 'न्यू हॉलीवुड युग' के प्रमुख निर्माताओं में से एक हैं, जिन्हें व्यापक रूप से फिल्म इतिहास में सबसे महान और सबसे प्रभावशाली निर्देशकों में से एक माना जाता है। यह युग 1980 के लगभग तक चला था।



मार्टिन स्कॉर्सेस

## आर्यभट्ट पुरस्कार

- एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इण्डिया (एएसआई) ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष डॉ. जी. सतीश रेड्डी को प्रतिष्ठित 'आर्यभट्ट पुरस्कार' से सम्मानित किया है।



डॉ. जी सतीश रेड्डी

- डॉ. रेड्डी का यह पुरस्कार 9 अक्टूबर, 2021 को यूआर राव सैटेलाइट सेंटर बैंगलोर में आयोजित पुरस्कार समारोह में प्रदान किया।
- भारत में अन्तरिक्ष के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए यह पुरस्कार दिया जाता है।
- डॉ. जी सतीश रेड्डी उन्नत एवियोनिक्स, नेविगेशन और मिसाइल प्रौद्योगिकियों के अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में अग्रणी हैं।
- उन्होंने सामरिक और मिसाइल प्रणालियों में बहुत योगदान दिया है तथा देश को महत्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकियों में आत्म-निर्भर बनने में मदद की है।

## परम्बिकुलम टाइगर कंजर्वेशन फाउण्डेशन ने जीता अर्थ गार्जियन अवाड्‌र्स 2021

- परम्बिकुलम टाइगर कंजर्वेशन फाउण्डेशन (Parambikulam Tiger Conservation Foundation–PaTCoF) को नेटवेस्ट ग्रुप द्वारा स्थापित अर्थ गार्जियन अवॉर्ड (Earth Guardian Award) से सम्मानित किया गया है।
    - ✓ PaTCoF वन विभाग के तहत् एक गैर-लाभकारी संगठन है जो परम्बिकुलम टाइगर रिजर्व में बाघ और जैव विविधता के संरक्षण की सुविधा प्रदान करता है।
- अवॉर्ड के आठ विजेताओं को एक आभासी समारोह के माध्यम से मुख्य अतिथि इवोन हिगुएरो (महासचिव, संयुक्त राष्ट्र वन्य जीव एवं वनस्पति लुप्तप्राय प्रजातियों में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार संघ) द्वारा सम्मानित किया गया।

## अर्थ गार्जियन अवॉर्ड : महत्वपूर्ण तथ्य

✦ ये पुरस्कार नेटवेस्ट ग्रुप इंडिया द्वारा स्थापित किए गए थे। वे एक पहल का हिस्सा हैं जो भारत में जैव विविधता के संरक्षण के द्वारा जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए काम कर रहे व्यक्तियों और संस्थानों के प्रयासों को सम्मानित करते हैं।

## एफआईएच के हॉकी स्टार अवॉर्ड्स-2020-21 : हरमनप्रीत सिंह और गुरजीत कौर बने 'एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर'

- 'अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ' (FIH) ने वर्ष 2020-21 के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले हॉकी खिलाड़ियों के लिए अपने वार्षिक हॉकी स्टार पुरस्कारों की घोषणा अक्टूबर 2021 में की।
- एफआईएच के इन पुरस्कारों में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला।
- भारतीय खिलाड़ियो ने टोक्यो ओलम्पिक में शानदार प्रदर्शन के बाद हॉकी स्टार अवॉर्ड्स 2020-21 में भारतीय झण्डा फहराया।
- भारतीय खिलाड़ियो और कोच ने आठ अलग-अलग वर्गों में पुरस्कार अपने नाम किए।
- वर्ष के **एफआईएच सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी** का पुरस्कार भारत की **गुरजीत कौर** ने जीता, जबकि 'एफआईएच **सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी**' का पुरस्कार भारतीय पुरुष हॉकी खिलाड़ी हरमनप्रीत सिंह ने जीता।
- इनके अलावा सविता पूनिया और पीआर श्रीजेश ने क्रमशः महिला एवं पुरुष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का अवॉर्ड जीता।
- महिला हॉकी खिलाड़ी शर्मिला देवी ने महिला वर्ग में उभरते हुए खिलाड़ी (राइजिंग स्टार) का पुरस्कार मिला, वहीं विवेक प्रसाद ने पुरुष वर्ग में उभरते हुए खिलाड़ी (राइजिंग स्टार) का अवॉर्ड जीता।
- इनके अलावा भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच न्यूजीलैण्ड की जोअर्ड मारिन (Sjoerd Marijne) ने महिला टीम के श्रेष्ठ कोच का और भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच ऑस्ट्रेलिया के ग्राहम रीड ने पुरुष टीम के श्रेष्ठ कोच का अवॉर्ड अपने नाम किया।

### हॉकी महासंघ के वर्ष 2020-21 के पुरस्कारों की सूची

| श्रेणी | पुरुष | महिला |
|---|---|---|
| वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी | हरमनप्रीत सिंह (भारत) | गुरजीत कौर (भारत) |
| वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर | पीआर श्रीजेश (भारत) | सविता पूनिया (भारत) |
| राइज़िंग स्टार ऑफ द ईयर | विवेक प्रसाद (भारत) | शर्मिला देवी (भारत) |
| वर्ष के सर्वश्रेष्ठ कोच | ग्राहम रीड (ऑस्ट्रेलिया); टीम भारत) | जोअर्ड मारिन (न्यूजीलैण्ड); टीम भारत |

## यिदान पुरस्कार (2021) की घोषणा

- यिदान प्राइज फाउण्डेशन ने 28 सितम्बर, 2021 को वर्ष 2021 के पुरस्कारों की घोषणा की।
- अमेरिका के प्रोफेसर एरिक ए हनुशेक (Eric A. Hanushek) और भारत की **डॉ. रुक्मिणी बनर्जी** को बड़े पैमाने पर स्कूलों में सीखने के परिणामों में सुधार के लिए शिक्षा विकास हेतु 2021 यिदान पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
  - ✓ डॉ. रुक्मिणी बनर्जी गैर-सरकारी संगठन 'प्रथम एजुकेशन फाउण्डेशन' की मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं।
- शिक्षा के माध्यम से एक बेहतर दुनिया बनाने के लिए वर्ष 2016 में चार्ल्स चेन यिदान द्वारा यिदान पुरस्कार की स्थापना की गई थी। तब से अब तक यह पुरस्कार केवल 9 लोगों को ही दिया गया है।
  - ✓ यिदान पुरस्कार विजेता को एक स्वर्ण पदक और HK$30 मिलियन ($3.9 मिलियन) की राशि प्राप्त होती है। इस धनराशि में फाउण्डेशन की ओर से HK$15 मिलियन नकद पुरस्कार और HK$15 मिलियन का एक प्रोजेक्ट फण्ड शामिल है।

पृष्ठ 22 का शेष ........................................................

- **विकास** – 'अभ्यास' को डीआरडीओ (Defence Research and Development Organisation) के बेंगलुरू स्थित 'वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान' (Aeronautical Development Establishment -ADE) द्वारा डिजाइन तथा विकसित किया गया है।
  - ✓ एयर व्हीकल को ट्विन अंडर-स्लंग बूस्टर (twin under-slung boosters) का उपयोग करके लॉन्च किया जाता है, जो वाहन को प्रारम्भिक त्वरण प्रदान करते हैं।

## अमेरिका ने किया हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण

- अमेरिका ने आधुनिक ब्रह्मास्त्र कहे जाने वाले हाइपरसोनिक मिसाइल तकनीक (hypersonic missile technology) का सफल परीक्षण किया है।
- अमेरिकी नौसेना द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार इस नई मिसाइल का परीक्षण नासा के वर्जीनिया स्थित वल्लोप्स केन्द्र (NASA facility in Wallops, Virginia) में 22 अक्टूबर, 2021 को किया गया।
- इस हाइपरसोनिक मिसाइल तकनीक परीक्षण ने रियलिस्टिक ऑपरेटिंग वातावरण में एडवांस्ड हाइपरसोनिक तकनीकों, क्षमताओं और प्रोटोटाइप सिस्टम का प्रदर्शन किया।

### हाइपरसोनिक मिसाइल : सामान्य जानकारी

- हाइपरसोनिक मिसाइल अन्य मिसाइलों की तरह ही होती हैं लेकिन वे ध्वनि की 5 गुना ज्यादा गति से उड़ान भरने में सक्षम हैं।
- हाइपरसोनिक मिसाइलें हवा में ही तेजी से अपना रास्ता बदलने में सक्षम हैं।
- ये बैलिस्टिक मिसाइलों की तरह आर्क और प्रॉजेक्टाइल नहीं बनाती हैं, अतः इनके लक्ष्य का पता लगाना काफी मुश्किल होता है, ऐसे में ये एंटी मिसाइल डिफेंस सिस्टम की पकड़ में नहीं आती हैं।
- इस तकनीक से लैस मिसाइलों की दिशा को लॉन्चिंग के बाद निर्देशित किया जा सकता है, ये मिसाइल राडार की पकड़ में भी नहीं आती हैं। इससे इन मिसाइलों के लक्ष्य को लेकर एक भ्रम की स्थिति पैदा होती है।
- **विशेष** – रूस द्वारा भी हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल 'जिरकोन' (Zircon) का टेस्ट जुलाई 2021 में किया गया था, जिसे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का प्रोजेक्ट कहा गया था।



# खेल परिदृश्य

## क्रिकेट / Cricket

### चेन्नई सुपरकिंग्स चौथी बार आईपीएल की विजेता

- भारतीय क्रिकेट कन्ट्रोल बोर्ड (BCCI) के टी-20 क्रिकेट के इण्डियन प्रीमियर लीग के 14वें संस्करण का खिताब चेन्नई सुपरकिंग्स ने अपने नाम किया।
- आईपीएल के अपने चौथे खिताब के लिए इसने कोलकाता नाइट राइडर्स को 27 रन से पराजित किया।
- आईपीएल के 14वें संस्करण का आयोजन (कोरोना-19 प्रकोप के कारण) दो चरणों (9 अप्रैल-2 मई और 19 सितम्बर-15 अक्टूबर, 2021) में हुआ।
  - ✓ आईपीएल टूर्नामेंट के शुरुआती मैच (29 मैच) भारत के विभिन्न शहरों में खेले गए थे, लेकिन टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों के कोविड पॉजिटिव पाए जाने के कारण इस टूर्नामेंट को 4 मई, 2021 को निलंबित कर दिया गया।
  - ✓ 29 मई, 2021 को बीसीसीआई ने टूर्नामेंट के शेष मैचों (27 मैच) को सितम्बर-अक्टूबर, 2021 में संयुक्त अरब अमीरात में कराने की घोषणा की तथा इसका कार्यक्रम 25 जुलाई, 2021 को जारी किया गया।
- पिछली बार की भाँति इस बार भी आईपीएल के वर्ष 2021 के इस संस्करण में 8 टीमें शामिल थीं।
- लीग मैचों के पश्चात् प्लेऑफ दौर में पहुँचने वाली चार टीमें–दिल्ली कैपिटल्स, चेन्नई सुपरकिंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलौर और कोलकाता नाइटराइडर्स थीं।

#### प्ले ऑफ मैचों के परिणाम : एक नजर में

- **पहला क्वालीफायर मैच** (10 अक्टूबर, 2021) : दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के मध्य।
  - ✓ यह मैच चेन्नई सुपरकिंग्स ने 4 विकेट से जीता।
- **एलिमिनेटर मैच** (11 अक्टूबर, 2021) : अंक तालिका में क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं रॉयल चैलेंजर्स बंगलौर और कोलकाता नाइट राइडर्स के मध्य।
  - ✓ कोलकाता नाइट राइडर्स ने यह मैच 4 विकेट से जीता।
  - ✓ एलिमिनेटर में विजयी रही कोलकाता नाइट राइडर्स का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से हुआ।
- **दूसरा क्वालीफायर मैच** (13 अक्टूबर, 2021) : दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के मध्य।
  - ✓ यह मैच कोलकाता नाइट राइडर्स ने 3 विकेट से जीता।
- चेन्नई सुपरकिंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खिताबी मुकाबला दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 15 अक्टूबर, 2021 को खेला गया।
- फाइनल में पहले खेलते हुए महेन्द्र सिंह धोनी के नेतृत्व वाली चेन्नई सुपर किंग्स ने 192 रन (20 ओवर में 3 विकेट खोकर) बनाए, लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 165 रन ही बना सकी।
- चेन्नई सुपर किंग्स के दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर **फेफ डू प्लेसिस (Faf du Plessis) को फाइनल मैच में 'प्लेयर ऑफ द मैच'** घोषित किया गया। फेयर प्ले अवॉर्ड 'राजस्थान रॉयल्स' को प्रदान किया गया।
- चेन्नई सुपर किंग्स ने चौथी बार यह खिताब जीतने में सफलता प्राप्त की है। इससे पूर्व 2010, 2011 और 2018 में चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल विजेता रह चुकी है।
- चेन्नई सुपर किंग्स टीम के कोच न्यूजीलैण्ड के स्टीफन फ्लेमिंग (Stephen Fleming) हैं।
- इस वर्ष आईपीएल-XIV में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार रॉयल चैलेंजर्स बंगलौर के हर्षल पटेल को मिला।

#### आईपीएल-14 : अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- रॉयल चैलेंजर्स बंगलौर के हर्षल पटेल को आईपीएल के इस सत्र का 'सबसे मूल्यवान खिलाड़ी' (Most Valuable Player) चुना गया। हर्षल पटेल ने इस सत्र में 15 मैचों में 32 विकेट प्राप्त किए। (पुरस्कार राशि–₹ 10 लाख)
- **टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने के लिए 'ऑरेंज कैप'** : ऋतुराज गायकवाड (635 रन), चेन्नई सुपरकिंग्स। (पुरस्कार राशि–₹ 10 लाख)
- **टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने हेतु 'पर्पल कैप'** : हर्षल पटेल (32 विकेट; 15 मैच), रॉयल चैलेंजर्स बंगलौर। (पुरस्कार राशि–₹ 10 लाख)
- **इमर्जिंग प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट** : ऋतुराज गायकवाड (635 रन; 16 मैच), चेन्नई सुपरकिंग्स। (पुरस्कार राशि–₹ 10 लाख)
- **फेयर प्ले अवॉर्ड** : राजस्थान रॉयल्स।
- **ड्रीम इलेवन गेम चेंजर ऑफ द सीजन** : हर्षल पटेल (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलौर)(पुरस्कार राशि–₹ 10 लाख)
- **सर्वाधिक छक्के**–30, के एल राहुल (पंजाब किंग्स) (पुरस्कार राशि–₹ 10 लाख)
- **सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन** : शिमरॉन हेत्मयेर (दिल्ली कैपिटल्स); स्ट्राइक रेट 168.05 (पुरस्कार राशि–₹ 10 लाख)
- **पॉवर प्लेयर ऑफ द सीजन** : वेंकटेश अय्यर (कोलकाता नाइट राइडर्स)(पुरस्कार राशि–₹ 10 लाख)

#### महत्वपूर्ण तथ्य

- **आईपीएल 14 में 4 खिलाड़ियों ने शतक लगाए, जो निम्न हैं** : ऋतुराज गायकवाड (चेन्नई सुपर किंग्स), संजू सेमसन (राजस्थान रॉयल्स), देवदूत पेडिक्कल (रॉयल चैलेंजर्स बंगलौर), जोस बटलर (राजस्थान रॉयल्स)।

- **सबसे तेज शतक :** देवदूत पेडिक्कल (रॉयल चेलेंजर्स बंगलौर), 51 गेंदों पर राजस्थान रॉयल्स के विरुद्ध।
- **सबसे तेज अर्द्धशतक :** इशान किशन (मुम्बई इंडियन्स); 16 गेंदों पर सनराइजर्स हैदराबाद के विरुद्ध।
- **एक पारी में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर :** ऋतुराज गायकवाड (124 रन) राजस्थान रॉयल्स; सनराइजर्स हैदराबाद के विरुद्ध।
- **सर्वाधिक चौके :** 64, ऋतुराज गायकवाड (चेन्नई सुपरकिंग्स)।

### लखनऊ और अहमदाबाद होंगी आईपीएल की दो नई टीमें

- इण्डियन प्रीमियर लीग 2022 में भाग लेने वाली दो नई टीमें– अहमदाबाद और लखनऊ होंगी।
- अब प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों की संख्या दस हो जाएगी।
- 24 अक्टूबर, 2021 को दुबई में आईपीएल की इन दोनों टीमों के लिए बोली लगाई गई, जिसमें लखनऊ के लिए आरपी-संजीव गोयनका ग्रुप ने 7,090 करोड़ की बोली लगाई, जबकि सीवीसी कैपिटल्स उर्फ इरेलिया ने अहमदाबाद के लिए ₹ 5,625 करोड़ की बोली लगाई।
- उल्लेखनीय है कि आइपीएल की शुरुआत वर्ष 2008 में हुई थी और तब 8 टीमें इस लीग में शामिल थीं। इसके बाद वर्ष 2011 में इस लीग में 10 टीमें शामिल थीं तो वहीं वर्ष 2012 व 2013 में इसमें 9 टीमों ने हिस्सा लिया था।
  - ✓ आईपीएल टूर्नामेंट के अब तक 14 सीजन हो चुके हैं। उक्त तीन सीजन को छोड़कर अन्य सीजन में आठ टीमों ने हिस्सा लिया था।

### एमी हंटर : वनडे में शतक बनाने वाली सबसे कम आयु की खिलाड़ी

- आयरलैण्ड की युवा बल्लेबाज एमी हंटर (Amy Hunter) एकदिवसीय मैच में शतक बनाने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गईं हैं।
- यह उपलब्धि उन्होंने 11 अक्टूबर, 2021 को जिम्बाब्वे के विरुद्ध अपने 16वें जन्मदिन पर 121 रन की नाबाद पारी खेलकर हासिल की।
- उन्होंने इस मामले में भारत की मिताली राज के रिकॉर्ड को तोड़ा, जो उन्होंने जून1999 में आयरलैण्ड के खिलाफ 16 वर्ष और 205 दिन की आयु में शतकीय पारी खेलकर बनाया था।
- पुरुष क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के शाहिद आफरीदी के नाम है।
  - ✓ आफरीदी ने वर्ष 1996 में श्रीलंका के विरुद्ध 16 वर्ष और 217 दिन की उम्र में 102 रन बनाकर यह रिकॉर्ड बनाया था।

## फॉर्मूला वन रेस / Formula-1 Race

### फॉर्मूला-1 रेस सत्र 2021

#### तुर्की ग्रैंड प्रिक्स

- इस सत्र की 16वीं फॉर्मूला वन रेस तुर्की ग्रैंड प्रिक्स 2021 तुर्की के तूज़ला स्थित इस्तांबुल पार्क में 10 अक्टूबर, 2021 को सम्पन्न हुई।
- **विजेता :** वेल्टरी विक्टर बोटास (Valtteri Viktor Bottas); फिनलैण्ड, टीम–मर्सिडीज
- **दूसरा स्थान :** मेक्स वर्स्टाप्पन (M. Verstappen); नीदरलैण्ड्स, टीम–रेड बुल रेसिंग-होंडा
- **तीसरा स्थान :** सर्जियो परेज़ (Sergio Pérez); मैक्सिको, टीम–रेड बुल रेसिंग-होंडा

#### यूनाइटेड स्टेट्स ग्रैंड प्रिक्स

- इस सत्र की 17वीं फॉर्मूला वन रेस यूनाइटेड स्टेट्स ग्रैंड प्रिक्स 2021 संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्किट ऑफ द अमेरिका, ऑस्टिन टेक्सास में 24 अक्टूबर, 2021 को सम्पन्न हुई।
- **विजेता :** मेक्स वर्स्टाप्पन (M. Verstappen); नीदरलैण्ड्स, टीम–रेड बुल रेसिंग-होंडा
- **दूसरा स्थान :** लुईस हैमिल्टन (Lewis Hamilton); ब्रिटेन, टीम–मर्सिडीज
- **तीसरा स्थान :** सर्जियो परेज़ (Sergio Pérez); मैक्सिको, टीम–रेड बुल रेसिंग-होंडा

### फॉर्मूला-1 रेस सत्र 2021 के विजेता

| क्रम | एफ-1 ग्रैंड प्रिक्स | विजेता |
|---|---|---|
| 1. | बहरीन | लुईस हैमिल्टन (मर्सिडीज-ग्रेट ब्रिटेन) |
| 2. | एमिलिया-रोमाग्ना | मेक्स वर्स्टाप्पन (रेड बुल - नीदरलैण्ड) |
| 3. | पुर्तगाल | लुईस हैमिल्टन |
| 4. | स्पेनिश | लुईस हैमिल्टन |
| 5. | मोनाको | मेक्स वर्स्टाप्पन |
| 6. | अज़रबैजान | सर्जियो पेरेज़ (रेड बुल- मेक्सिको) |
| 7. | फ्रेंच | मेक्स वर्स्टाप्पन |
| 8. | स्टायरियन | मेक्स वर्स्टाप्पन |
| 9. | ऑस्ट्रियाई | मेक्स वर्स्टाप्पन |
| 10. | ब्रिटिश | लुईस हैमिल्टन |
| 11. | हंगेरियन | इस्टेबैन ओकोन (अल्पाइन रेनॉल्ट- फ्रांस) |
| 12. | बेल्जियम | मेक्स वर्स्टाप्पन |
| 13. | डच | मेक्स वर्स्टाप्पन |
| 14. | इटालियन | डेनियल रिचियार्डो |
| 15. | रूसी | लुईस हैमिल्टन |
| 16. | तुर्की | वाल्टेरी बोटास (मर्सिडीज-फिनलैण्ड) |
| 17. | यूनाइटेड | मेक्स वर्स्टाप्पन |

## टेबल टेनिस / Table tennis

### (25वीं) एशियन टेबल टेनिस चैम्पियनशिप-2021

- (25वीं) एशियन टेबल टेनिस चैम्पियनशिप-2021 का आयोजन 28 सितम्बर-5 अक्टूबर, 2021 को दोहा (कतर) में किया गया।
- इस चैम्पियनशिप में जापान ने कुल 9 पदक (4 स्वर्ण और 5 कांस्य) जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।
- वहीं दक्षिण कोरिया कुल 8 पदक (3 स्वर्ण, 4 रजत एवं 1 कांस्य) के साथ पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा।
- भारत कुल 3 कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में 5वें स्थान पर रहा।
- चैम्पियनशिप में व्यक्तिगत एवं टीम स्पर्द्धाओं के विजेता इस प्रकार हैं–

#### पुरुष एकल

- **स्वर्ण पदक :** ली सेंग-सू (दक्षिण कोरिया)
- **रजत पदक :** चुआंग ची-युआन (ताइवान)

- **कांस्य पदक** : जंग वू-जिन (दक्षिण कोरिया) एवं शुनशुके टोगामी (जापान)

### महिला एकल

- **स्वर्ण पदक** : हिना हयाता (जापान)
- **रजत पदक** : शिन यू-बिन (दक्षिण कोरिया)
- **कांस्य पदक** : मिनॉमी अंडो (जापान) एवं साकी शीबाता (जापान)

### पुरुष युगल

- **स्वर्ण पदक** : यूकिया उदा एवं शुनशुके टोगामी (दोनों जापान)
- **रजत पदक** : जंग वू-जिन और लिम जोंग-हून (दोनों दक्षिण कोरिया)
- **कांस्य पदक** : हरमीत देसाई एवं मानव ठक्कर (दोनों भारत) तथा शरथ कमल एवं साथियान गुनासेकरन (दोनों भारत)

### महिला युगल

- **स्वर्ण पदक** : जेवोन जी-ही एवं शिन यू-बिन (दोनों दक्षिण कोरिया)
- **रजत पदक** : डू होई केम एवं ली हो चिंग (दोनों हांगकांग)
- **कांस्य पदक** : मियू नागासाकी एवं मिनॉमी अंडो (दोनों जापान) तथा चेंग सीन जू एवं लियू सिंग यिन (ताइवान)

### मिश्रित युगल

- **स्वर्ण पदक** : शुनशुके तोगामी एवं हिना हयाता (दोनों जापान)
- **रजत पदक** : जंग वू-जिन एवं जेओन जी-ही (दोनों दक्षिण कोरिया)
- **कांस्य पदक** : वोंग चुन टिंग एवं डू होई केम (दोनों हांगकांग) तथा हो क्वान किट एवं ली हो चिंग (दोनों हांगकांग)।

### पुरुष टीम

- **स्वर्ण पदक** : दक्षिण कोरिया
- **रजत पदक** : चीनी ताइपे
- **कांस्य पदक** : भारत और जापान

### पुरुष टीम

- **स्वर्ण पदक** : जापान
- **रजत पदक** : दक्षिण कोरिया
- **कांस्य पदक** : हांगकांग और सिंगापुर

# फुटबॉल / Football

## फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 का आधिकारिक शुभंकर 'इभा'

- फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था, फीफा ने 11 अक्टूबर, 2021 को वर्ष 2022 में होने वाले 'फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप' के आधिकारिक शुभंकर 'इभा' (Ibha) का अनावरण किया।
- फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप का आयोजन 11-30 अक्टूबर, 2022 को भारत में किया जाएगा।
- 'इभा' एशियाई शेरनी है, जो महिला शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है।



फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप का शुभंकर 'इभा'

  - ✓ 'इभा' नाम मेघालय की 'खासी' भाषा से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'अच्छी दृष्टि या निर्णय वाला'।
  - ✓ इभा एक मजबूत, चंचल और आकर्षक एशियाई शेरनी है जिसका उद्देश्य टीम वर्क, लचीलापन, दयालुता और दूसरों को सशक्त बनाने के जरिए महिलाओं और लड़कियों को प्रेरित और प्रोत्साहित करना है।

## यूईएफए (UEFA) नेशंस लीग 2020-21

- अन्तर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता यूईएफए (UEFA) नेशंस लीग (2020-21) का फाइनल 10 अक्टूबर, 2021 को मिलान, इटली में खेला गया।
- फाइनल मुकाबले में फ्रांस ने स्पेन को 2-1 से पराजित कर पहली बार खिताब जीता।
- तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में इटली ने बेल्जियम को 2-1 से पराजित किया।
- स्पेन के सर्जियो बुस्क्वेट्स (Sergio Busquets) को 'प्लेयर ऑफ द फाइनल्स' चुना गया।

## भारत 8वीं बार सैफ फुटबॉल चैम्पियन

- ◆ **संस्करण** : 13वाँ
- ◆ **आयोजन तिथि** : 1-16 अक्टूबर, 2021
- ◆ **मेजबान देश** : मालदीव
- ◆ **प्रतिभागी देश** : 5 (बांग्लादेश, भारत, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका)
- ◆ **विजेता** : भारत (8वीं बार)


सुनील छेत्री

- मालदीव की राजधानी माले में सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप (SAFF) के फाइनल में 16 अक्टूबर, 2021 को भारत का मुकाबला नेपाल से हुआ।
- भारत ने नेपाल को 3-0 से पराजित कर इस प्रतियोगिता का खिताब आठवीं बार अपने नाम किया।
  - ✓ भारत ने इससे पूर्व सात बार (1993, 1997, 1999, 2005, 2009, 2011 और 2015) यह खिताब जीता।
- भारतीय फुटबाल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने खेल के 49वें मिनट में पहला गोल किया।
  - ✓ इसके साथ ही उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में लियोनेल मैसी के 80 गोल की बराबरी कर ली और मौजूदा सक्रिय खिलाड़ियों में दूसरे स्थान पर आ गए।
  - ✓ छेत्री ने 125 मैचों में, जबकि मैसी ने 155 मैचों में 80 गोल किए हैं।
  - ✓ सर्वाधिक 115 गोल करने का रिकॉर्ड क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम है।
- भारत को इस जीत के साथ प्राइज मनी के रूप में 50 हजार अमेरिकी डॉलर तथा उपविजेता नेपाल को 25 हजार अमेरिकी डॉलर की राशि मिली।
- इस प्रतियोगिता का विगत चैम्पियन (12वीं सैफ प्रतियोगिता) मालदीव था।

प्रतियोगिता में प्रदत्त विशेष पुरस्कार

- **सर्वश्रेष्ठ गोल स्कोरर** : सुनील छेत्री (5 गोल, भारत)
- **बेस्ट प्लेयर (मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर)** : सुनील छेत्री (भारत)
- **फेयर प्ले अवॉर्ड** : मालदीव

### फीफा रैंकिंग 2021 में भारत 106वें स्थान पर

- फीफा (फेडरेशन इंटरनेशनल डी फुटबॉल एसोसिएशन) रैंकिंग 2021 में भारत 106वें स्थान पर आ गया है।
- भारत की रैंकिंग में सुधार सैफ (साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन) चैम्पियनशिप 2021 में जीत के बाद हुआ है।
- फीफा रैंकिंग में बेल्जियम पहले, ब्राजील दूसरे तथा फ्रांस तीसरे स्थान पर है।

### क्रिस्टियानो रोनाल्डो : अन्तर्राष्ट्रीय मैच में सबसे अधिक बार हैट्रिक गोल करने वाले फुटबॉलर

- पुर्तगाली फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अन्तर्राष्ट्रीय मैच में सबसे अधिक बार हैट्रिक गोल करने वाले फुटबॉलर अक्टूबर 2021 में बने हैं।
- यह उपलब्धि उन्होंने 12 अक्टूबर, 2021 को फीफा विश्व कप क्वालिफायर्स में लक्जमबर्ग के खिलाफ दो गोल पेनल्टी और एक गोल हेडर से करके हासिल की।
- रोनाल्डो ने अन्तर्राष्ट्रीय मैच में 10वीं बार हैट्रिक लगाई है। उन्होंने स्वीडन के स्वेन रिडेल के 9 हैट्रिक गोल करने के रिकॉर्ड को तोड़ा। उन्होंने वर्ष 2019 में लिथुआनिया के खिलाफ रिडेल के 9 बार हैट्रिक की बराबरी की थी।
- क्रिस्टियानो रोनाल्डो अन्तर्राष्ट्रीय फुटबॉल में वर्तमान में सबसे अधिक गोल (115 गोल) करने वाले खिलाड़ी हैं।

### डूरंड कप (2021)

- एफसी गोवा ने 3 अक्टूबर, 2021 को कोलकाता के विवेकानन्द युवा भारती क्रिरंगन (साल्ट लेक स्टेडियम) में खेले गए फाइनल में मोहम्मडन स्पोर्टिंग को हराकर पहला डूरंड कप (130वाँ) फुटबॉल खिताब 1-0 से जीत लिया।



Durand Cup 2021
September 5 - October 3

- एशिया के सबसे प्राचीन व विश्व में तीसरे सबसे पुराने इस टूर्नामेन्ट का आयोजन दो वर्ष के अन्तराल के पश्चात् हुआ। इसका पिछला (129वाँ) आयोजन अगस्त 2019 में कोलकाता में हुआ था, जिसमें गोकुलम केरला टीम विजयी रही थी।
- इस टूर्नामेंट की विजेता टीम को ईनामी राशि के रूप में ₹ 40 लाख तथा उपविजेता टीम को ₹ 20 लाख प्रदान किए गए। ₹ 5-5 लाख सेमीफाइनल में पहुँचने वाली दोनों अन्य टीमों को मिले।

2021 सीज़न पुरस्कार विजेता

- **सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए गोल्डन ग्लव** : नवीन कुमार (गोवा)
- **शीर्ष स्कोरर के लिए गोल्डन बूट** : मार्कस जोसेफ (मोहम्मडन)
- **सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए गोल्डन बॉल** : एडु बेडिया (गोवा)

## निशानेबाजी/Shooting

### आईएसएसएफ (ISSF) जूनियर विश्व चैम्पियनशिप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन), 2021

- **आयोजन तिथि** : 27 सितम्बर-10 अक्टूबर, 2021
- **आयोजन स्थल** : लीमा, पेरू

- आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैम्पियनशिप में भारत ने कुल 43 पदक (17 स्वर्ण, 16 रजत और 10 कांस्य) जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।
- संयुक्त राज्य अमेरिका कुल 21 पदक (7 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य) के साथ पदक तालिका में दूसरे तथा इटली कुल 10 पदक (3 स्वर्ण, 3 रजत और 4 कांस्य) जीतकर तीसरे स्थान पर रहा।

स्वर्ण पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी

**पुरुष वर्ग**

- ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर : 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस
- धनुष श्रीकंठ, राजप्रीत सिंह एवं पार्थ मखिजा : 10 मी. एयर राइफल टीम स्पर्द्धा
- विजयवीर सिद्धू : 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल
- अर्जुन सिंह चीमा : 50 मीटर पिस्टल
- सरबजीत सिंह, नवीन एवं शिवा नरवाल : 10 मी. एयर पिस्टल टीम स्पर्द्धा
- आदर्श सिंह, विजयवीर सिद्धू एवं अनीश : 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टीम स्पर्द्धा
- विनय प्रताप सिंह चंद्रावत : डबल ट्रैप स्पर्द्धा

**महिला वर्ग**

- मनु भाकर : 10 मीटर एयर पिस्टल
- नाम्या कपूर : 25 मीटर पिस्टल
- रिदम सांगवान : 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल
- शिखा नरवाल : 50 मीटर पिस्टल
- रिदम सांगवान, मनुभाकर एवं शिखा नरवाल : 10 मी. एयर पिस्टल टीम स्पर्द्धा
- रिदम सांगवान, नाम्या कपूर एवं मनु भाकर : 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्द्धा
- मानवी सोनी : डबल ट्रैप स्पर्द्धा
- अरीबा खान, रायजा ढिल्लन एवं गणमत सेखो : स्कीट टीम स्पर्द्धा

**मिश्रित**

- मनु भाकर एवं सरबजीत सिंह : 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम
- विजयवीर सिद्धू एवं रिदम सांगवान : 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्द्धा

महत्वपूर्ण तथ्य

- 14 वर्षीय नाम्या कपूर ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्द्धा का स्वर्ण पदक जीता। वह अन्तर्राष्ट्रीय पदक जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय निशानेबाज बनीं।
- मनु भाकर इस चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण और एक कांस्य पदक के साथ सबसे सफल भारतीय निशानेबाज रही।

# कुश्ती / Wrestling

### विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप 2021

- विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप 2021 का आयोजन 2-10 अक्टूबर 2021 को ओस्लो (नॉर्वे) में किया गया।
- ऑस्लो के जोरडल एम्फी स्टेडियम में खेली गई इस चैम्पियनशिप में ईरान ने कुल 13 पदक (7 स्वर्ण, 3 रजत, 3 कांस्य) जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।
- संयुक्त राज्य अमेरिका ने कुल 15 पदक (5 स्वर्ण, 5 रजत, 5 कांस्य) प्राप्त कर पदक तालिका में दूसरा तथा जापान ने कुल 12 पदकों (5 स्वर्ण, 3 रजत, 4 कांस्य) के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- भारत 1 रजत व 1 कांस्य पदक जीतकर बेलारूस एवं कजाखस्तान के साथ संयुक्त रूप से पदक तालिका में 15वें स्थान पर रहा।

**भारतीय प्रदर्शन**

- भारत की **अंशु मलिक** को 7 अक्टूबर, 2021 को विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप 2021 के महिलाओं के 57 किग्रा. वर्ग के फाइनल में अमेरिका की हेलेन मारौलिस (Helen Maroulis) से पराजित होने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।
  - ✓ वह विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में **रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान** बन गई हैं।
  - ✓ इससे पहले 6 अक्टूबर, 2021 को अंशु मलिक यूक्रेन की सोलोमिया विंक को हराकर विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुँचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनी थीं।
  - ✓ अंशु मलिक ओवरऑल छठवीं भारतीय पहलवान हैं, जो विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप के फाइनल तक पहुँची हैं। इनसे पहले बिशम्बर सिंह (1967), सुशील कुमार (2010), अमित दहिया (2013), बजरंग पूनिया (2018) और दीपक पूनिया (2019) विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुँचे थे।
  - ✓ भारत के लिए विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में अबतक एकमात्र स्वर्ण पदक सुशील कुमार (2010) ने जीता है।
- दो बार की एशियाई चैम्पियन, भारत की सरिता मोर ने प्लेऑफ में स्वीडन की सारा लिंडबोर्ग को 8-2 से हराकर महिलाओं के 59 किग्रा. में कांस्य पदक जीता।
- इससे पहले वर्ल्ड कुश्ती चैम्पियनशिप में केवल पाँच भारतीय महिलाओं–**अलका तोमर** (2006), **गीता फोगट** (2012), **बबीता फोगट** (2012), **पूजा ढांडा** (2018) और **विनेश फोगट** (2019) ने विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

# शतरंज / Chess

### फिडे विश्व महिला टीम शतरंज चैम्पियनशिप-2021

- फिडे (FIDE) विश्व महिला टीम शतरंज चैम्पियनशिप-2021 स्पेन के सिटजेस (Sitages) में 26 सितम्बर-3 अक्टूबर, 2021 के मध्य सम्पन्न हुई।
- इस चैम्पियनशिप के फाइनल मुकाबले में रूस ने भारत को 2-0 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीता।




  - ✓ भारत ने विश्व महिला टीम चैंपियनशिप में पहली बार रजत पदक जीता है।
  - ✓ भारतीय महिला टीम ने जॉर्जिया को पराजित कर पहली बार फाइनल में प्रवेश किया था।
  - ✓ भारतीय महिला टीम में डी. हरिका द्रोणावल्ली, वैशाली, तानिया सचदेव, भक्ति कुलकर्णी और मैरी अन गोम्स शामिल थीं।

### दिव्या देशमुख : भारत की 21वीं महिला ग्रैंडमास्टर

- 15 वर्षीय दिव्या देशमुख हंगरी के बुडापेस्ट में फर्स्ट सेटरडे ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के दौरान भारत की नई ग्रैंडमास्टर बनीं।
- ग्रैंड मास्टर (जीएम) में अपना दूसरा अन्तर्राष्ट्रीय मास्टर (आईएम) हासिल करने के बाद दिव्या देशमुख भारत की 21वीं महिला ग्रैंड मास्टर बन गईं।
- उन्होंने नौ राउण्ड में पाँच अंक बनाए और 2452 रेंटिंग अंक हासिल किए। अब वह अन्तर्राष्ट्रीय मास्टर बनने से एक नॉर्म दूर हैं।

# बैडमिंटन / Badminton

### थॉमस कप व उबेर कप (2020)

- विश्व बैडमिंटन महासंघ (BWF) के पुरुषों व महिलाओं की टीम चैम्पियनशिप के क्रमशः थॉमस कप व उबेर कप टूर्नामेन्ट्स का आयोजन डेनमार्क के आरहूस में 9-17 अक्टूबर, 2021 को हुआ।
- थॉमस कप का यह 31वाँ तथा उबेर कप का यह 28वाँ आयोजन था।
- पूर्व में इस चैम्पियनशिप का आयोजन 15-23 अगस्त, 2020 को किया जाना था, लेकिन कोविड-19 महामारी के चलते इसे स्थगित कर दिया गया था।
- पुरुषों के थॉमस कप के लिए मुकाबला इण्डोनेशिया और चीन के मध्य 17 अक्टूबर, 2021 को हुआ।
  - ✓ केरेस एरीना कोर्ट में हुए इस मुकाबले में चीन को 3-0 से हराकर इण्डोनेशिया ने यह खिताब अपने नाम किया।
  - ✓ इण्डोनेशिया ने वर्ष 2002 के बाद पहली बार थॉमस कप ट्रॉफी जीती।
  - ✓ इण्डोनेशिया 14वीं बार थॉमस कप जीतने में सफल रहा है।
  - ✓ डेनमार्क और जापान ने इस टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीते
- महिलाओं के उबेर कप के लिए मुकाबला जापान और चीन के मध्य 16 अक्टूबर, 2021 को हुआ।

- ✓ केरेस एरीना कोर्ट में हुए इस मुकाबले में जापान को 3-1 से हराकर चीन ने यह खिताब अपने नाम किया।
- ✓ चीन ने 15वीं बार उबेर कप जीतने में सफलता प्राप्त की।
- ✓ सेमीफाइनल में पराजित कोरिया और थाईलैण्ड की टीमों को कांस्य पदक दिया गया।

**महत्वपूर्ण तथ्य**

- उबेर और थॉमस कप बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन के सदस्यों की महिलाओं और पुरुषों की राष्ट्रीय टीमों द्वारा खेली जाने वाली अन्तर्राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप है।
- इस टूर्नामेंट का आयोजन 2-2 वर्ष के अन्तराल के पश्चात् होता है।
- पिछली बार वर्ष 2018 में थॉमस कप चीन ने तथा उबेर कप जापान ने जीते।
- इन टूर्नामेन्ट्स का अगला आयोजन वर्ष 2022 में होगा।

**विभिन्न देशों ने अब तक कितनी बार जीते हैं—थॉमस कप व उबेर कप**

| देश | थॉमस कप | उबेर कप | देश | थॉमस कप | उबेर कप |
|---|---|---|---|---|---|
| चीन | 10 | 15 | अमेरिका | – | 3 |
| जापान | 1 | 6 | द. कोरिया | 3 | 1 |
| डेनमार्क | 1 | – | मलेशिया | 5 | – |
| इण्डोनेशिया | 14 | 3 | | | |

### बाबोलत बुल्गारिया इंटरनेशनल चैम्पियनशिप-2021

- बैडमिंटन की 2021 की बाबोलत बुल्गारिया इंटरनेशनल चैम्पियनशिप 7-10 अक्टूबर, 2021 को बुल्गारिया में सम्पन्न हुई।
- इस चैम्पियनशिप के पुरुष व महिला एकल का खिताब क्रमशः भारत के युवा शटलर मीराबा लुवांग मैसनाम (Meiraba Luwang Maisnam) और सामिदा इमाद फारुकी ने जीता।
- पुरुष एकल के लिए खेले गए फाइनल मुकाबले में मैसनाम मीराबा लुवांग ने बुल्गारिया के डैनियल निकोलोव (Daniel Nikolov) को पराजित किया।
- वहीं भारत की सामिदा इमाद फारुकी (Samiya Imad Farooqui) ने तुर्की की ओज्गे बेराक (Ozge Bayrak) को पराजित कर महिला एकल का खिताब अपने नाम किया।

### डेनमार्क ओपन-2021

- डेनमार्क के ओंडसे में 19-24 अक्टूबर, 2021 को सम्पन्न डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष व महिला वर्ग के एकल खिताब क्रमशः विक्टर एक्सेलसन (डेनमार्क) और अकाने यामागुची (जापान) ने जीते।
- डेनमार्क के ओलम्पिक चैम्पियन एक्सेलसन ने पुरुषों के एकल खिताब के लिए विश्व के नंबर एक जापान के केंटो मोमोटा को पराजित किया।
- महिलाओं का एकल खिताब जापान की अकाने यामागुची ने दक्षिण कोरिया की एन से-योंग को पराजित कर जीता।

## विविध खेल / Misc Games

### एशियन फेडरेशन क्रॉस कंट्री चैम्पियनशिप

- 2022 साउथ एशियन फेडरेशन क्रॉस कंट्री चैम्पियनशिप (South Asian Federation Cross Country Championships) का आयोजन 15 जनवरी, 2022 को कोहिमा, नागालैण्ड में किया जाएगा।
- इस आयोजन में आठ दक्षिण एशियाई (अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और मालदीव) देशों के शीर्ष एथलीट भाग लेंगे।
- इन देशों के शीर्ष एथलीट दिन भर चलने वाले अन्तर्राष्ट्रीय खेल आयोजन में भाग लेंगे।
- चैम्पियनशिप में विभिन्न प्रकार के इलाकों में दौड़ना शामिल होगा, जिसमें स्प्रिंट ओवर डर्ट, जॉग डाउनहिल और माउंटिंग अपहिल शामिल हैं।

## चर्चित खिलाड़ी / Players In News

### बीरेन्द्र लाकड़ा, एसवी सुनील और रूपिन्दर पाल सिंह का अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा

- भारतीय हॉकी खिलाड़ी रूपिन्दर सिंह, बीरेन्द्र लाकड़ा और एस वी सुनील ने अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा सितम्बर-अक्टूबर 2021 में की।




रूपिन्दर पाल सिंह | एसवी सुनील | बीरेन्द्र लाकड़ा

- ओलम्पिक कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी खिलाड़ी रूपिन्दर पाल सिंह और बीरेन्द्र लाकड़ा ने युवा और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए रास्ता बनाने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा 30 सितम्बर, 2021 को की।
  - ✓ 30 वर्षीय स्टार ड्रैग फ्लिकर रूपिन्दर ने अपने 13 वर्ष के हॉकी कॅरियर में 223 मैचों में भारतीय हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व किया।
  - ✓ भारतीय हॉकी स्टार डिफेंडर बीरेन्द्र लाकड़ा उप-कप्तान के रूप में टोक्यो ओलम्पिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। उन्होंने 197 मैचों में 10 गोल के साथ भारत का प्रतिनिधित्व किया है।
- भारत की पुरुष हॉकी टीम के अनुभवी फॉरवर्ड और स्टार स्ट्राइकर एस वी सुनील ने अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा 1 अक्टूबर, 2021 को की।
  - ✓ कर्नाटक के 32 वर्षीय सुनील टोक्यो ओलम्पिक में भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थे।
  - ✓ सुनील ने 264 अन्तर्राष्ट्रीय मैच खेलकर 72 गोल किए।




# अद्यतन सामान्य ज्ञान

## निर्वाचन/नियुक्तियाँ

### राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

- राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने भारत के मुख्य न्यायाधीश एन वी रमन की सलाह पर विभिन्न आठ उच्च न्यायालयों में मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति तथा पाँच मुख्य न्यायाधीशों के स्थानान्तरण को मंजूरी दी।
- विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग की ओर से उक्त नियुक्तियों एवं स्थानान्तरण की अधिसूचना 9 अक्टूबर, 2021 को जारी की गई।

**विभिन्न उच्च न्यायालयों में नियुक्त मुख्य न्यायाधीश अग्रलिखित हैं–**

| उच्च न्यायालय | मुख्य न्यायाधीश | पूर्व पद |
|---|---|---|
| इलाहाबाद | न्यायमूर्ति राजेश बिंदल | कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, कलकत्ता उच्च न्यायालय |
| तेलंगाना | न्यायमूर्ति सतीश चन्द्र शर्मा | कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, कर्नाटक उच्च न्यायालय |
| कलकत्ता | न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव | मुख्य न्यायाधीश, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय |
| मध्य प्रदेश | न्यायमूर्ति आर.वी. मलीनाथ | कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय |
| कर्नाटक | न्यायमूर्ति रितुराज अवस्थी | न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय |
| गुजरात | न्यायमूर्ति अरविन्द कुमार | न्यायाधीश, कर्नाटक उच्च न्यायालय |
| आन्ध्र प्रदेश | न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा | न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय |
| मेघालय | न्यायमूर्ति रंजीत वी. मोरे | न्यायाधीश, मेघालय उच्च न्यायालय |
| राजस्थान | न्यायमूर्ति ए.ए. कुरैशी | मुख्य न्यायाधीश, त्रिपुरा उच्च न्यायालय |
| त्रिपुरा | न्यायमूर्ति इन्द्रजीत मोहान्ती | मुख्य न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय |
| हिमाचल प्रदेश | न्यायमूर्ति मोहम्मद रफीक | मुख्य न्यायाधीश, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय |
| सिक्किम | न्यायमूर्ति विश्वनाथ सोमाद्दर | मुख्य न्यायाधीश, मेघालय उच्च न्यायालय |
| छत्तीसगढ़ | न्यायमूर्ति ए.के. गोस्वामी | मुख्य न्यायाधीश, आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय |

### कमोडोर अमित रस्तोगी : राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक नियुक्त

- सेवानिवृत्त कमोडोर अमित रस्तोगी ने राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (National Research Development Corporation—NRDC) के नए अध्यक्ष और प्रबन्ध निदेशक का कार्यभार 18 अक्टूबर, 2021 को ग्रहण किया।
- उन्होंने अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी गहन युद्ध प्रणालियों में विविध विभागों का कार्यभार सँभाला है और उनके पास मिसाइल प्रणालियों को शामिल करने में समृद्ध अनुभव है।

**राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम : महत्वपूर्ण तथ्य**

✦ भारत सरकार द्वारा **'एनआरडीसी'** की स्थापना वर्ष 1953 में विभिन्न राष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास संस्थानों/विश्वविद्यालयों में विकसित प्रौद्योगिकियों, आविष्कारों, पेटेंट और प्रक्रियाओं को बढ़ावा देने तथा विकसित करने में सहयोग प्रदान करने के लिए की गई थी।

✦ वर्तमान में यह **वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग** (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय) के प्रशासनिक नियंत्रण में है।

### अमित खरे : प्रधानमंत्री के सलाहकार नियुक्त

- भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी अमित खरे को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सलाहकार अक्टूबर 2021 में नियुक्त किया गया है।
- पूर्व नौकरशाह 1985 बैच के झारखण्ड कैडर के आईएएस अधिकारी अमित खरे मानव संसाधन विकास और सूचना प्रसारण मंत्रालयों में सचिव रह चुके हैं।
- वह झारखण्ड के चाईबासा में 1990 के दशक में जिलाधिकारी थे। उनके कार्यकाल के दौरान ही चारा घोटाले का पर्दाफाश हुआ था।
- पिछले कुछ दिनों के दौरान पूर्व कैबिनेट सचिव पीके सिन्हा व पूर्व सचिव अमरजीत सिन्हा ने पीएमओ में सलाहकार के पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके हटने के बाद रिक्त हुए स्थान पर ही अमित खरे की नियुक्ति की गई है।



**अमित खरे**

**पीएमओ में अन्य अधिकारी**

- **प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव** : डॉ. पी.के मिश्र
- **राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार** : अजीत डोभाल (कीर्ति चक्र)
- **प्रधानमंत्री के सलाहकार** : भास्कर खुल्बे और अमित खरे।

### सहदेव यादव : भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के नए अध्यक्ष

- अनुभवी खेल प्रशासक सहदेव यादव को सर्वसम्मति से भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (Indian Weightlifting Federation—IWLF) का अध्यक्ष 4 अक्टूबर, 2021 को चुना गया है।
  - ✓ सहदेव यादव आईडब्ल्यूएफएफ के पूर्व महासचिव रह चुके हैं।

- ताजा चुनाव में एसएच आनंदे गौड़ा और नरेश शर्मा की नियुक्ति क्रमशः आईडब्ल्यूएलएफ के नए महासचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में की गई है।
  - ✓ चुनाव दिल्ली जिला न्यायालय के रिटर्निंग ऑफिसर नरिंदर पॉल कौशिक के द्वारा आयोजित किए गए।

## ईआर शेख : आयुध निदेशालय के पहले महानिदेशक

- ईआर शेख ने आयुध निदेशालय (समन्वय और सेवाएँ) के पहले महानिदेशक के रूप में पद्भार 30 सितम्बर, 2021 को ग्रहण किया।
- रक्षा मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह ऑर्डिनेंस फैक्ट्री बोर्ड (ओएफबी) का उत्तराधिकारी संगठन है।
- उल्लेखनीय है कि रक्षा मंत्रालय ने 1 अक्टूबर, 2021 से 'ऑर्डिनेंस फैक्ट्री बोर्ड' (ओएफबी) को भंग कर दिया है तथा उसकी सम्पत्ति, कर्मचारियों और प्रबन्धन को 7 सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (पीएसयू) के सुपुर्द कर दिया गया है।



सहदेव यादव

  - ✓ केन्द्र सरकार ने 16 मई, 2020 को घोषणा की थी कि वह आत्म-निर्भर भारत के तहत् ओएफबी के निगमीकरण द्वारा आयुध आपूर्ति में स्वायत्तता, जवाबदेही और दक्षता में सुधार करेगी।
  - ✓ ओएफबी वर्तमान में रक्षा मंत्रालय की एक अधीनस्थ इकाई है। यह तीनों सशस्त्र बलों एवं अर्धसैन्य बलों को महत्वपूर्ण हथियार और गोला-बारूद की आपूर्ति करती है।

### अन्य नियुक्तियाँ

- **ए. बालासुब्रमण्यम** : अध्यक्ष, एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फण्ड्स इन इण्डिया; AMFI (अक्टूबर, 2021)
  - ✓ इस पद पर इन्होंने कोटक म्यूचुअल फण्ड के प्रबन्ध निदेशक नीलेश शाह का स्थान लिया है।
  - ✓ बालासुब्रमण्यम आदित्य बिड़ला सन लाइफ एसेट मैनेजमेंट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हैं।

**महत्वपूर्ण तथ्य**

- ✦ **एएमएफआई की स्थापना** : 1995
- ✦ **मुख्यालय** : मुम्बई

- **अमिताभ चौधरी** : प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (MD & CEO), एक्सिस बैंक; AMFI (अक्टूबर, 2021)।
  - ✓ इस पद पर इनकी पुनर्नियुक्ति हुई है।
  - ✓ उन्होंने 1 जनवरी, 2019 को उक्त कार्यभार ग्रहण किया था।
- **प्रदीप कुमार** : अध्यक्ष, कर्नाटक बैंक (अक्टूबर, 2021)।
- **नवरंग सैनी** : अध्यक्ष (अतिरिक्त प्रभार), भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (Insolvency and Bankruptcy Board of India—IBBI); अक्टूबर, 2021।
  - ✓ नवरंग सैनी आईबीबीआई के पूर्णकालिक सदस्य हैं।
  - ✓ इन्होंने इस पद पर एम एस साहू का स्थान लिया है, जो 30 सितम्बर को सेवानिवृत्त हो गए।
  - ✓ उल्लेखनीय है कि आईबीबीआई दिवाला और दिवालियापन संहिता (आईबीसी) को लागू करने वाली एक प्रमुख संस्था है, जिसकी स्थापना 1 अक्टूबर, 2016 को हुई थी।
- **अरुण कुमार मिश्रा** : मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (Energy Efficiency Services Limited - EESL); अक्टूबर, 2021।
  - ✓ 'एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड', एक सुपर एनर्जी सर्विस कम्पनी (एस्को) है, जो उपभोक्ताओं, उद्योगों और सरकारों के लिए ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकियों के माध्यम से उनकी ऊर्जा जरूरतों का प्रभावपूर्ण प्रबन्धन करती है।
  - ✓ वर्ष 2009 में स्थापित ईईएसएल, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित, चार प्रतिष्ठित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों–एनटीपीसी लिमिटेड, पॉवर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड, आरईसी लिमिटेड और पॉवर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड का संयुक्त उपक्रम है।
- **रजनीश कुमार** : अध्यक्ष, भारतपे (अक्टूबर, 2021)।
  - ✓ फिनटेक स्टार्टअप 'भारतपे' ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के पूर्व अध्यक्ष रजनीश कुमार को अपने बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया है।
- **पी.एल. हरनाध** : अध्यक्ष, पारादीप पोर्ट ट्रस्ट (अक्टूबर, 2021)।
  - ✓ पारादीप पोर्ट ट्रस्ट (पीपीटी) ओडिशा का एकमात्र प्रमुख बंदरगाह है।
- **बी.सी. पटनायक** : प्रबन्ध निदेशक, भारतीय जीवन बीमा निगम (अक्टूबर, 2021)।
  - ✓ वर्तमान में भारतीय जीवन बीमा निगम में एक अध्यक्ष और चार प्रबन्ध निदेशक हैं।
  - ✓ एम.आर. कुमार, एलआईसी के अध्यक्ष तथा राजकुमार, सिद्धार्थ मोहान्ती, श्रीमती मिनी आइपे और बीसी पटनायक प्रबन्ध निदेशक हैं।

# अन्तर्राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

### अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं में नियुक्त भारतीय/भारतीय मूल के व्यक्ति

## अनीता आनंद : कनाडा में नई रक्षामंत्री

- कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने मंत्रिमण्डल में फेरबदल करते हुए भारतीय मूल की कनाडाई महिला अनीता आनंद को देश का नया रक्षामंत्री नियुक्त किया है।
- 54 वर्षीय अनीता आनंद ने 26 अक्टूबर, 2021 को भारतीय मूल के रक्षामंत्री हरजीत सज्जन का स्थान लिया है।
  - ✓ हरजीत सज्जन को अन्तर्राष्ट्रीय विकास मंत्री बनाया गया है।
- अनिता कनाडा का रक्षा मंत्रालय सँभालने वाली दूसरी महिला हैं। इससे पहले 1990 में किम कैंपबेल (Kim Campbell) ने यह जिम्मेदारी सँभाली थी।

## सज्जन सिंह जिंदल : वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन के अध्यक्ष नियुक्त

- वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन (World Steel Association—WSA) ने 'जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड' के अध्यक्ष और प्रबन्ध निदेशक सज्जन जिंदल को वर्ष 2021-22 के लिए अध्यक्ष अक्टूबर 2021 में चुना है।
- वह डब्ल्यूएसए के अध्यक्ष के रूप में सेवा करने वाले भारत के पहले प्रतिनिधि हैं।

- जेएसडब्ल्यू स्टील भारत और दुनिया भर में लौह और इस्पात उत्पादों के निर्माण में लगा हुआ है। यह जेएसडब्ल्यू समूह का प्रमुख व्यवसाय है।

### वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन : महत्वपूर्ण तथ्य

- वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन एक गैर-लाभकारी संस्था है।
- **मुख्यालय** : ब्रुसेल्स (बेल्जियम)
- **स्थापना** : 10 जुलाई, 1967 को इंटरनेशनल आयरन एण्ड स्टील इंस्टीट्यूट के रूप में की गई थी। 6 अक्टूबर, 2008 को इसका नाम बदलकर 'वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन' कर दिया गया।

### फुमियो किशिदा : जापान के प्रधानमंत्री

- जापान की संसद द्वारा चुने गए लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के अध्यक्ष फुमियो किशिदा (Fumio Kishida) ने जापान के नए प्रधानमंत्री के रूप में 4 अक्टूबर, 2021 को पद्भार ग्रहण किया। वह जापान के 100वें प्रधानमंत्री हैं।
- फुमियो किशिदा वर्ष 2012 से 2017 तक जापान के विदेश मंत्री तथा जुलाई 2017 से अगस्त 2017 तक रक्षा मंत्री रहे।
- जापान के प्रधानमंत्री पद पर इन्होंने योशिहिदे सुगा (Yoshihide Suga) का स्थान लिया।

### अक्टूबर 2021 में पद ग्रहण करने वाले प्रमुख राजनेता (अन्तर्राष्ट्रीय)

- **कार्लोस विला नोवा** (Carlos Vila Nova) : राष्ट्रपति, साओ टोमे और प्रिंसिपे (पद ग्रहण–2 अक्टूबर, 2021)
- **फुमियो किशिदा** (Fumio Kishida) : प्रधानमंत्री, जापान (पद ग्रहण–4 अक्टूबर, 2021)
- **मोहामेद बीवोगुई** (Mohamed Béavogui) : अंतरिम प्रधानमंत्री, गुनिया (पद ग्रहण–4 अक्टूबर, 2021)
- **अलार करीस** (Alar Karis) : राष्ट्रपति, इस्टोनिया (पद ग्रहण–11 अक्टूबर, 2021)
- **नाजला बाउडेन** (Najla Bouden) : प्रधानमंत्री, ट्यूनीशिया (पद ग्रहण–11 अक्टूबर, 2021)
- **जोनास गेहर स्टॉर** (Jonas Gahr Støre) : प्रधानमंत्री, नॉर्वे (पद ग्रहण–14 अक्टूबर, 2021)
- **डेमे किंडी किरो** (Dame Cindy Kiro) : गवर्नर-जनरल, न्यूजीलैण्ड (पद ग्रहण–21 अक्टूबर, 2021)

## इस्तीफा/पदत्याग/सेवानिवृत्ति


### केवी सुब्रमण्यम

- देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार केवी सुब्रमण्यम ने 8 अक्टूबर, 2021 को अपने पद से इस्तीफा दे दिया।
- अपना तीन वर्षीय कार्यकाल समाप्त करने के पश्चात् उन्होंने यह घोषणा की।
- अरविंद सुब्रमण्यम के पद छोड़ने के लगभग 5 माह पश्चात् 7 दिसम्बर, 2018 को केवी सुब्रमण्यम देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार बनाए गए थे।

## निधन

### डॉ. अब्दुल कादिर खान

- पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम के जनक रहे डॉ. अब्दुल कादिर खान का 10 अक्टूबर, 2021 को निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे।
- वर्ष 1936 में भोपाल (भारत) में जन्मे कादिर खान विभाजन के बाद पाकिस्तान में बस गए थे।
- पाकिस्तान को दुनिया की पहली इस्लामी परमाणु शक्ति में बदलने और देश की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने में उनके योगदान के लिए परमाणु वैज्ञानिक डॉ. खान को एक राष्ट्रीय नायक के रूप में सम्मानित किया गया था।



डॉ. अब्दुल कादिर

- उन पर ईरान, लीबिया और उत्तर कोरिया तथा कई अन्य देशों को परमाणु बमों के लिए समृद्ध यूरेनियम बनाने और सामग्री आपूर्ति का आरोप लगा था।

### कॉलिन पावेल

- अमेरिका के पहले अश्वेत विदेश मंत्री कॉलिन पावेल का कोरोना संक्रमण के कारण 18 अक्टूबर, 2021 को निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे।
- पावेल के माता-पिता जमैका से अमेरिका आए थे।
- पावेल रोनाल्ड रीगन के राष्ट्रपति रहने के दौरान अमेरिका के पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बने थे।
- इसके बाद राष्ट्रपति जॉर्ज एचडब्ल्यू बुश ने उन्हें जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ का पहला प्रमुख बनाया। वे इस पद पर पहुँचने वाले पहले अश्वेत और सबसे युवा व्यक्ति थे।
- विदेश मंत्री रहने के दौरान वह इराक पर हमले के बड़े पैरोकार के तौर पर उभरकर सामने आए थे।

### अन्य दिवंगत हस्तियाँ

- **अबोलहसन बनिसद्र** : ईरान के पहले राष्ट्रपति (निधन : 9 अक्टूबर,, 2021); आयु : 88 वर्ष।
  - ✓ वह 4 फरवरी, 1980 से 22 जून, 1981 तक ईरान के राष्ट्रपति रहे।
- **सरनजीत सिंह**: पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी (निधन : 14 अक्टूबर, 2021); आयु : 59 वर्ष।
- **बंदुला वर्णपुरा** : श्रीलंकाई क्रिकेटर (निधन : 18 अक्टूबर, 2021); आयु : 68 वर्ष।
  - ✓ वह श्रीलंका के पहले टेस्ट कप्तान थे।
  - ✓ दाएँ हाथ के बल्लेबाज ने 1982 में इंग्लैण्ड के खिलाफ श्रीलंका के पहले टेस्ट के दौरान कप्तानी की।
- **बलविंदर सिंह नकई** : उर्वरक कम्पनी इफको के अध्यक्ष (निधन : 11 अक्टूबर, 2021); आयु : 87 वर्ष।
  - ✓ वह एक प्रख्यात किसान-सहकार्मी थे और पिछले तीन दशकों से भारतीय सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान करने में शामिल थे।

- **नेदुमुदी वेणुः** तमिल और मलयालम फिल्मों के अभिनेता (निधन : 11 अक्टूबर, 2021); आयु : 73 वर्ष।
  - ✓ उन्होंने अपने प्रदर्शन के लिए तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और छह केरल राज्य फिल्म पुरस्कार जीते।
- **अरविन्द त्रिवदी** : वयोवृद्ध टीवी अभिनेता (निधन : 6 अक्टूबर, 2021); आयु : 82 वर्ष।
  - ✓ रामानंद सागर के टीवी धारावाहिक 'रामायण' में 'रावण' की भूमिका के लिए प्रसिद्ध थे।
  - ✓ अपने अभिनय कॅरियर के अलावा 1991 में वह गुजरात में सावरकांठा निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के सदस्य के रूप में सांसद चुने गए।
  - ✓ उन्होंने वर्ष 2002-03 तक केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (Central Board of Film Certification–CBFC) के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया।
- **शक्ति सिन्हा** : पूर्व आईएएस अधिकारी और शिक्षाविद् (निधन : 4 अक्टूबर, 2021); आयु : 64 वर्ष।
  - ✓ वह दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के निजी सचिव थे।
  - ✓ 1979 बैच के आईएएस अधिकारी सिन्हा नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एण्ड लाइब्रेरी के पूर्व निदेशक भी थे।
  - ✓ उन्होंने 'वाजपेयीः द इयर्स दैट चेंज्ड इण्डिया' (Vajpayee: The Years That Changed India) नामक एक संस्मरण लिखा था।
- **घनश्याम नायक** : वयोवृद्ध टेलीविजन अभिनेता (निधन : 3 अक्टूबर, 2021); आयु : 77 वर्ष। (कैंसर के कारण निधन)
  - ✓ 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में नट्टू काका के रूप में अपनी भूमिका के लिए प्रसिद्ध थे।
- **येसुदासन** : प्रख्यात कार्टूनिस्ट (निधन : 6 अक्टूबर, 2021); आयु : 83 वर्ष।

## चर्चित व्यक्ति

### गीता गोपीनाथ

- अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ अपने तीन वर्षीय कार्यकाल के पश्चात् जनवरी 2022 में सेवामुक्त हो रही हैं।
- 49 वर्षीय प्रमुख भारतीय-अमेरिकी अर्थशास्त्री जनवरी 2019 में मुख्य अर्थशास्त्री के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में शामिल हुई थीं।
- वह हार्वर्ड विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में प्रोफेसर के रूप में अपना कार्य पुनः शुरू करेंगी।
- उल्लेखनीय है कि गीता गोपीनाथ 'अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष' की पहली महिला मुख्य अर्थशास्त्री और रघुराम राजन के बाद यह प्रतिष्ठित पद सँभालने वाली दूसरी भारतीय थीं।

### विलियम शैटनर : अन्तरिक्ष में उड़ान भरने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति

- प्रतिष्ठित 'स्टार ट्रेक' सीरीज में 'कैप्टन जेम्स टी. किर्क' की भूमिका निभाने वाले 90 वर्षीय महान कनाडाई अभिनेता 'विलियम शैटनर' (William Shatner) अन्तरिक्ष में उड़ान भरने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति बन गए हैं।
  - ✓ शटनर ने विमानन अग्रणी वैली फंक (Wally Funk) का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, वह 82 वर्ष की आयु में 20 जुलाई, 2021 के अन्तरिक्ष में जाने वाली ब्लू ओरिजिन उड़ान का हिस्सा थीं।
- 13 अक्टूबर, 2021 को शैटनर जेफ बेजोस की स्पेसफ्लाइट कम्पनी ब्लू ओरिजिन के 'न्यू शेपर्ड' एनएस-18 (New Shepard NS-18) मिशन के चार सदस्यीय दल का हिस्सा थे।

## चर्चित स्थल

### माउंड 'एसो' ज्वालामुखी

- जापान के दक्षिणी द्वीप क्यूशू में 20 अक्टूबर, 2021 को माउंट 'एसो' ज्वालामुखी में विस्फोट हुआ।
- जापान के मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार ज्वालामुखी का पाइरोक्लास्टिक प्रवाह लगभग 2 किमी. के भीतर के क्षेत्रों में फैल गया।
- 'माउंट एसो' जापान का सबसे बड़ा सक्रिय ज्वालामुखी है तथा यह दुनिया के सबसे बड़े ज्वालामुखी में से एक है।
- माउंट 'एसो' का निकटतम आबादी वाला शहर 'एसो' है, जिसकी जनसंख्या लगभग 26,500 है।

### 'माउंट हैरियट' का नाम बदलकर 'माउंट मणिपुर' किया

- केन्द्र सरकार ने हाल ही में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के ऐतिहासिक पर्यटन स्थल 'माउंट हैरियट' का नाम बदलकर 'माउंट मणिपुर' कर दिया।
- यह घोषणा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की पोर्ट ब्लेयर की यात्रा के दौरान 16 अक्टूबर, 2021 को की गई।
- इस सम्बन्ध में घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि मणिपुर का वर्ष 1857 की क्रांति और वर्ष 1891 में पूर्वोत्तर में अंग्रेज़ों को रोकने में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।
- मणिपुर एक ऐसा राज्य था जिसने अपना संविधान लागू कर दिया था।
- उल्लेखनीय है कि मणिपुर युद्ध के नायक युवराज टिकेन्द्रजीत और जनरल थंगल को इम्फाल के फीदा में सार्वजनिक तौर पर फाँसी दी गई थी।
- एंग्लो-मणिपुर युद्ध 1891 में एक महीने से अधिक तक मणिपुर के लोगों और अंग्रेजों के मध्य लड़ा गया। युद्ध के पहले चरण में अंग्रेजों को आत्मसमर्पण करना पड़ा था लेकिन दूसरे चरण में अंग्रेजों ने तीन ओर से इंफाल के कांगला किले पर हमला कर मणिपुर को अपनी नई रियासत बना लिया था।
- 'माउंट हैरियट' अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में तीसरी सबसे ऊँची चोटी है। यहीं पर मणिपुर के महाराजा कुलचन्द्र ध्वज सिंह और 22 स्वतंत्रता सेनानियों को रखा गया था।

## दिवस/सप्ताह/वर्ष

- **अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस** : 1 अक्टूबर
  - ✓ वर्ष 2021 के वृद्धजन दिवस की थीम 'सभी आयु के लिए डिजिटल इक्विटी' (Digital Equity for All Ages)।
  - ✓ संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 14 दिसम्बर 1990 को 1 अक्टूबर को वृद्ध व्यक्तियों के अन्तर्राष्ट्रीय दिवस (संकल्प 45/106) के रूप में नामित किया।

- ✓ संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2021-2030 को '**स्वस्थ वृद्धावस्था दशक**' घोषित किया है।
- **राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस** : 1 अक्टूबर
  - ✓ रक्तदान जागरूकता के लिए 1975 से प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के रूप में मनाया जाता है।
  - ✓ ज्ञातव्य है कि विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून को मनाया जाता है।
- **अन्तर्राष्ट्रीय कॉफी दिवस** : 1 अक्टूबर
- **विश्व शाकाहारी दिवस** : 1 अक्टूबर
- **लाल बहादुर शास्त्री जयंती** : 2 अक्टूबर
  - ✓ पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 117वीं जयंती 2 अक्टूबर, 2021 को मनाई गई।
- **अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस (गांधी जयंती)**: 2 अक्टूबर
  - ✓ 2 अक्टूबर, 2021 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 152वीं जयंती थी।
  - ✓ संयुक्त राष्ट्र महासभा में 15 जून, 2007 को सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव के तहत् महात्मा गांधी के जन्म-दिवस को 'अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस' के रूप में विश्व-भर में मनाया जाता है।
- **विश्व पर्यावास दिवस** : 4 अक्टूबर
  - ✓ इस वर्ष इस दिवस की मेजबानी (Global Observance venue) कैमरून की राजधानी यौंडे (Yaounde) को सौंपी गई।
  - ✓ संयुक्त राष्ट्र ने प्रत्येक वर्ष अक्टूबर के पहले सोमवार को विश्व पर्यावास दिवस के रूप में नामित किया है।
  - ✓ यह दिवस मुख्य तौर पर मानव बस्तियों की स्थिति और पर्याप्त पर्यावास के मानवीय अधिकार पर ध्यान केन्द्रित करता है।
  - ✓ वर्ष 2021 के विश्व पर्यावास दिवस की थीम 'कार्बन मुक्त दुनिया के लिए शहरी कार्रवाई में तेजी लाना (Accelerating urban action for a carbon-free world)' थी।
  - ✓ विश्व पर्यावास दिवस पहली बार वर्ष 1986 में मनाया गया, जिसकी थीम 'शेल्टर इज माय राइट' थी। उस वर्ष इसके पालन के लिए नैरोबी मेजबान शहर था।
- **विश्व पशु दिवस** : 4 अक्टूबर
  - ✓ भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (एडब्ल्यूबीआई) ने 4 अक्टूबर को विश्व पशु दिवस, 2021 मनाया।
  - ✓ यह दिवस प्रत्येक वर्ष 4 अक्टूबर को, जानवरों के संरक्षक असीसी के संत फ्रांसिस के पर्व पर, मनुष्यों को शिक्षित करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य मनुष्यों को यह बताना है कि उनके कार्य से जानवर किस प्रकार से प्रभावित होते हैं और पूरी दुनिया में जानवरों की सुरक्षा के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना।
  - ✓ विश्व पशु दिवस का पहला उत्सव मार्च, 1925 में मनाया गया था।
- **गंगा नदी डॉल्फिन दिवस** : 5 अक्टूबर
  - ✓ गंगा नदी डॉल्फिन के संरक्षण को प्रोत्साहित करने और जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रति वर्ष 5 अक्टूबर को 'गंगा नदी डॉल्फिन दिवस' मनाया जाता है।
- **विश्व शिक्षक दिवस** : 5 अक्टूबर
  - ✓ वर्ष 2021 के अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस की थीम 'शिक्षा सुधार के केन्द्र में शिक्षक' (Teachers at the Heart of Education Recovery) थी।
- **विश्व कपास दिवस** : 7 अक्टूबर
  - ✓ 7 अक्टूबर, 2021 को विश्व कपास दिवस (WCD) का उद्देश्य कपास क्षेत्र को बढ़ावा देना, आर्थिक विकास, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार और गरीबी उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।
  - ✓ डब्ल्यूसीडी दिवस की शुरुआत कपास-4 देशों के समूह बेनिन, बुर्किना फासो, चाड और माली द्वारा वैश्विक वस्तु के रूप में कपास के महत्व को दर्शाने के लिए की गई थी।
- **भारतीय वायु सेना दिवस** : 8 अक्टूबर
  - ✓ भारतीय वायु सेना ने वर्ष 2021 में अपनी 89वीं वर्षगाँठ मनाई।
  - ✓ भारतीय वायु सेना को आधिकारिक तौर पर 8 अक्टूबर, 1932 को ब्रिटिश साम्राज्य द्वारा रॉयल इण्डियन एयर फोर्स के रूप में स्थापित किया गया था। वर्ष 1950 में इसका नाम बदलकर भारतीय वायु सेना कर दिया गया।
  - ✓ भारतीय वायु सेना के पहले कमांडर इन चीफ, एयर मार्शल सर थॉमस डब्ल्यू एल्महर्स्ट थे।
  - ✓ आजादी के बाद सर थॉमस डब्ल्यू एल्महर्स्ट को भारतीय वायु सेना का पहला चीफ, एयर मार्शल बनाया गया था।
- **विश्व अण्डा दिवस** : 8 अक्टूबर
  - ✓ यह दिवस प्रतिवर्ष अक्टूबर माह के दूसरे शुक्रवार को मनाया जाता है।
  - ✓ 2021 विश्व अण्डा दिवस की थीम 'सभी के लिए अंडे : प्रकृति का सम्पूर्ण पैकेज (Eggs for all: Nature's perfect package)' थी।
  - ✓ यह दिवस वर्ष 1996 से प्रतिवर्ष मनाया जा रहा है।
- **विश्व प्रवासी पक्षी दिवस** : 9 अक्टूबर
  - ✓ वर्ष 2006 में शुरू होने के बाद से प्रतिवर्ष विश्व प्रवासी पक्षी दिवस (World Migratory Bird Day–WMBD) आधिकारिक तौर पर वर्ष में दो बार (मई के दूसरे शनिवार को और फिर अक्टूबर के दूसरे शनिवार) मनाया जाता है।
  - ✓ वर्ष 2021 में यह 8 मई और 9 अक्टूबर को आयोजित किया गया।
  - ✓ विश्व प्रवासी पक्षी दिवस 2021 'सिंग, फ्लाई, सोअर - लाइक ए बर्ड' (Sing, Fly, Soar like a Bird!) थीम के साथ मनाया गया।
- **विश्व डाक दिवस** : 9 अक्टूबर
  - ✓ वर्ष 2021 के विश्व डाक दिवस की थीम 'इनोवेट टु रिकवर' (Innovate to recover) थी।
- **मृत्युदण्ड के खिलाफ विश्व दिवस** : 10 अक्टूबर
  - ✓ 10 अक्टूबर, 2021 को पूरे विश्व में मृत्युदण्ड के खिलाफ 19वें विश्व दिवस का आयोजन किया गया।
  - ✓ वर्ष 2021 के इस दिवस की थीम : महिलाओं को मौत की सजाः एक अदृश्य वास्तविकता (Women Sentenced to Death: An Invisible Reality)।
  - ✓ मृत्युदण्ड के खिलाफ प्रथम विश्व दिवस का आयोजन वर्ष 2003 में किया गया था।
- **विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस** : 10 अक्टूबर
  - ✓ विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2021 की थीम 'एक असमान दुनिया में मानसिक स्वास्थ्य' (Mental health in an unequal world)' है।

- **राष्ट्रीय डाक दिवस** : 10 अक्टूबर
  - ✓ भारत में पहली बार वर्ष 1766 में डाक व्यवस्था की शुरुआत की गई। भारत में एक विभाग के रूप में इसकी स्थापना 1 अक्टूबर, 1854 को हुई।
  - ✓ भारत में पहला पोस्ट ऑफिस कोलकाता में वर्ष 1774 में वॉरेन हेस्टिंग ने शुरू किया था।
- **लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयन्ती** : 11 अक्टूबर
- **अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस** : 11 अक्टूबर
  - ✓ वर्ष 2021 के अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस की थीम 'डिजिटल पीढ़ी, हमारी पीढ़ी' (Digital generation. Our generation.) थी।
  - ✓ अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों और उनके अधिकारों के संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करना है।
  - ✓ पहला अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस 11 अक्टूबर, 2012 को मनाया गया और उस समय इसकी थीम थी–'बाल विवाह को समाप्त करना'।
- **विश्व अर्थराइटिस दिवस** : 12 अक्टूबर
  - ✓ यह दिन सबसे पहले 12 अक्टूबर, 1996 को मनाया गया था।
  - ✓ इसे अर्थराइटिस एण्ड रूमेटिज्म इंटरनेशनल (ARI) द्वारा आयोजित किया गया था।
  - ✓ तभी से इस दिन को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता और बचाव के उद्देश्य से मनाया जाता है।
  - ✓ वर्ष 2021 की थीम : 'Don't Delay, Connect Today: Time2Work'
- **अन्तर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस** : 13 अक्टूबर
  - ✓ वर्ष 2021 के इस दिवस की थीम : 'विकासशील देशों के लिए उनके आपदा जोखिम और आपदा नुकसान को कम करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग' (International co-operation for developing countries to reduce their disaster risk and disaster losses)
  - ✓ संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1989 में इस दिवस की स्थापना की थी।
  - ✓ इसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर आपदा न्यूनीकरण तथा आपदा में कमी की वैश्विक संस्कृति को बढ़ावा देना है।
- **विश्व मानक दिवस** : 14 अक्टूबर
  - ✓ **2021 की थीम** : 'सतत् विकास लक्ष्यों के लिए मानक - एक बेहतर दुनिया के लिए साझा दृष्टिकोण' (Standards for sustainable development goals - shared vision for a better world)
  - ✓ **उद्देश्य** : उपभोक्ताओं, नियामकों और उद्योग के बीच वैश्विक अर्थव्यवस्था में मानकीकरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।
- **अन्तर्राष्ट्रीय ई-कचरा दिवस** : 14 अक्टूबर
  - ✓ यह दिवस वर्ष 2018 से प्रतिवर्ष 14 अक्टूबर को मनाया जाता है।
  - ✓ वर्ष 2021 के अन्तर्राष्ट्रीय ई-कचरा दिवस की थीम 'उपभोक्ता परिपत्र अर्थव्यवस्था की कुंजी है!' थी।
  - ✓ उद्देश्य : दुनिया भर में ई-कचरे के सही निपटान को बढ़ावा देना है, जिसका उद्देश्य पुनः उपयोग, वसूली और रीसाइक्लिंग दरों में वृद्धि करना है।
- **विश्व छात्र दिवस** : 15 अक्टूबर
  - ✓ 15 अक्टूबर, 2010 को संयुक्त राष्ट्र संगठन ने शिक्षा को बढ़ावा देने की कोशिशों के लिए डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के 79वें जन्म-दिवस पर विश्व छात्र दिवस या विश्व विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। इसके बाद प्रतिवर्ष उनकी जयंती को विश्व 'विश्व छात्र दिवस' के रूप में मनाता है।
  - ✓ डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का जन्म 15 अक्टूबर, 1931 को तमिलनाडु के धनुषकोडी, रामेश्वरम में हुआ था।
  - ✓ उनका पूरा नाम अवुल पकिर जैनुलाब्दीन अब्दुल कलाम था। 2002 में उन्हें भारत के राष्ट्रपति के रूप में चुना गया था।
  - ✓ इससे पहले वह भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) में एक एयरोस्पेस इंजीनियर के रूप में काम करते थे।
- **ग्रामीण महिलाओं का अन्तर्राष्ट्रीय दिवस** : 15 अक्टूबर
  - ✓ **वर्ष 2021 के इस दिवस की थीम** : 'सभी के लिए अच्छे भोजन की खेती करने वाली ग्रामीण महिलाएँ' (Rural women cultivating good food for all)
- **ग्लोबल हैंडवाशिंग डे** : 15 अक्टूबर
  - ✓ **वर्ष 2021 के इस दिवस की थीम** : 'हमारा भविष्य हाथ में है- चलो एक साथ आगे बढ़ते हैं।' (Our Future is at Hand – Let's Move Forward Together)
- **विश्व खाद्य दिवस** : 16 अक्टूबर
  - ✓ **वर्ष 2021 के इस दिवस की थीम** : 'हमारे कार्य हमारा भविष्य हैं- बेहतर उत्पादन, बेहतर पोषण, बेहतर वातावरण और बेहतर जीवन' (Our actions are our future- Better production, better nutrition, a better environment and a better life)
- **अन्तर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस** (International Day for the Eradication of Poverty) : 17 अक्टूबर
  - ✓ **उद्देश्य** : दुनिया भर में, विशेष रूप से विकासशील देशों में गरीबी और गरीबी उन्मूलन की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
  - ✓ **वर्ष 2021 की थीम**: 'एक साथ आगे बढ़ना : लगातार गरीबी को समाप्त करना, सभी लोगों और हमारे ग्रह का सम्मान करना'
- **विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस** (World Osteoporosis Day–WOD): 20 अक्टूबर
  - ✓ **उद्देश्य** : ऑस्टियोपोरोसिस और मेटाबोलिक हड्डी रोग की रोकथाम, निदान और उपचार के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाना।
  - ✓ **आयोजनकर्ता** : इंटरनेशनल ऑस्टियोपोरोसिस फाउण्डेशन (International Osteoporosis Foundation–IOF)
  - ✓ 2021 में वैश्विक WOD अभियान का विषय 'हड्डियों की ताकत की सेवा' है।
- **अन्तर्राष्ट्रीय शेफ दिवस** : 20 अक्टूबर
- **विश्व सांख्यिकी दिवस** : 20 अक्टूबर
- **पुलिस स्मृति दिवस** : 21 अक्टूबर
  - ✓ यह दिवस प्रतिवर्ष उन पुलिसकर्मियों को याद करने और उनका सम्मान करने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने अपने दायित्त्वों का निर्वहन करते हुए अपना जीवन दांव पर लगा दिया।

- **विश्व आयोडीन अल्पता दिवस :** 21 अक्टूबर
- **अन्तर्राष्ट्रीय हकलाना जागरूकता दिवस** (International Stuttering Awareness Day) **:** 22 अक्टूबर
  - ✓ **उद्देश्य :** उन लाखों लोगों के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना, जो हकलाते हैं या जिन्हें बोलते समय हकलाने की समस्या होती है।
  - ✓ **थीम 2021:** 'वह परिवर्तन बोलें जो आप देखना चाहते हैं'।
- **विश्व पोलिया दिवस :** 24 अक्टूबर
  - ✓ वर्ष 2021 के विश्व पोलियो दिवस की **थीम थी :** 'एक वादे पर डिलिवरी' (Delivering on a Promise)।
- **विश्व विकास सूचना दिवस :** 24 अक्टूबर
- **संयुक्त राष्ट्र दिवस :** 24 अक्टूबर
  - ✓ 24 अक्टूबर, 1945 को संयुक्त राष्ट्र चार्टर लागू हुआ था।
  - ✓ 'संयुक्त राष्ट्र' नाम संयुक्त राज्य के राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट द्वारा दिया गया था।
- **अन्तर्राष्ट्रीय हिम तेंदुआ दिवस :** 24 अक्टूबर
  - ✓ हिम तेंदुआ का वैज्ञानिक नाम : पैंथेरा अनकिया (Panthera uncia)।
  - ✓ वर्ष 2013 की बिश्केक घोषणा के तहत् 23 अक्टूबर को 'अन्तर्राष्ट्रीय हिम तेंदुआ दिवस' के रूप में अधिसूचित किया गया।
  - ✓ उल्लेखनीय है कि वर्ष 2013 में 12 स्नो लेपर्ड रेंज देशों (अफगानिस्तान, भूटान, चीन, भारत, कज़ाखस्तान, किर्गिज गणराज्य, मंगोलिया, नेपाल, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज़्बेकिस्तान) द्वारा बिश्केक घोषणा पर हस्ताक्षर किए गए थे।
  - ✓ 'प्रोजेक्ट स्नो लेपर्ड' की शुरुआत वर्ष 2009 में देश के पाँच राज्यों (जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश) में की गई थी।
- **विश्व श्रव्य-दृश्य विरासत दिवस (**World Day for Audiovisual Heritage**) :** 27 अक्टूबर
  - ✓ **ऑडियो-विजुअल हेरिटेज 2021 के लिए विश्व दिवस की थीम :** 'विश्व के लिए आपकी खिड़की'
- **भारतीय सेना का 75वाँ इन्फैंट्री दिवस :** 27 अक्टूबर
  - ✓ भारतीय सेना ने 27 अक्टूबर, 2021 को अपना 75वाँ इन्फैंट्री दिवस मनाया।

## विभिन्न संस्थानों के स्थापना दिवस

- **राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का स्थापना दिवस :** 12 अक्टूबर
  - ✓ राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने अपना 28वाँ स्थापना दिवस 12 अक्टूबर, 2021 को मनाया।
  - ✓ राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का गठन मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 के तहत् 12 अक्टूबर, 1993 को हुआ था।
  - ✓ इसका उद्देश्य मानवाधिकारों को प्रोत्साहन देना और उनका संरक्षण करना है।
  - ✓ आयोग किसी भी प्रकार के मानवाधिकार हनन का स्वतः संज्ञान लेता है, मानवाधिकारों के हनन के मामलों में पड़ताल करता है, पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए लोकाधिकारियों को अनुमोदन करता है, मानवाधिकारों का हनन करने वाले जनसेवकों के खिलाफ कानूनी और अन्य दण्डनीय कार्रवाई करता है।
- **भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) दिवस :** 1 अक्टूबर
  - ✓ आईबीबीआई ने अपना पाँचवाँ वार्षिक दिवस 1 अक्टूबर, 2021 को मनाया।
- **72वाँ प्रादेशिक सेना दिवस :** 9 अक्टूबर
  - ✓ प्रादेशिक सेना ने 9 अक्टूबर, 2021 को अपना 72वाँ स्थापना दिवस मनाया।
  - ✓ प्रादेशिक सेना अपने वर्तमान स्वरूप में तब अस्तित्व में आई जब18 अगस्त, 1948 को प्रादेशिक सेना अधिनियम लागू किया गया। शुरुआत में प्रादेशिक सेना में इन्फैंट्री, बख्तरबंद कोर, एयर डिफेंस तोपखाने, सिग्नल, आपूर्ति और अन्य विभागीय इकाइयाँ शामिल थीं।
  - ✓ इसे औपचारिक रूप से पहले गवर्नर जनरल सी राजगोपालाचारी द्वारा 9 अक्टूबर, 1949 को बनाया गया था, जिसे तब से प्रादेशिक सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है ।
- **अण्डमान और निकोबार कमान का 21वाँ स्थापना दिवस:** 8 अक्टूबर
- **एकीकृत रक्षा स्टाफ (आईडीएस) का 21वाँ स्थापना दिवस :** 1 अक्टूबर
  - ✓ मुख्यालय आईडीएस को 1 अक्टूबर, 2001 को एक ट्राई-सर्विस इकाई के रूप में 'संयुक्तता के माध्यम से जीत' के व्यापक आदर्श वाक्य के साथ स्थापित किया गया था।
- **मिलिट्री नर्सिंग सर्विस (एमएनएस) का 96वाँ स्थापना दिवस :** 1 अक्टूबर
  - ✓ मिलिट्री नर्सिंग सर्विस ने 1 अक्टूबर, 2021 को अपना 96वाँ स्थापना दिवस मनाया।
  - ✓ 1 अक्टूबर, 1926 को भारतीय सेना के एक हिस्से के रूप में एक स्थायी नर्सिंग सेवा शुरू की गई थी।
  - ✓ 15 सितम्बर, 1943 को सैन्य अध्यादेश की घोषणा से सशस्त्र बलों के हिस्से के रूप में एमएनएस को स्थायी रूप से स्थापित किया गया।
  - ✓ एमएनएस की महानिदेशक मेजर जनरल स्मिता देवरानी हैं।
- **राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) का 37वाँ स्थापना दिवस :** 16 अक्टूबर
  - ✓ वर्ष 1984 में स्थापित एनएसजी को 'ब्लैक कैट्स' के नाम से भी जाना जाता है।
  - ✓ यह भारतीय गृह मंत्रालय के तहत् एक विशिष्ट आतंकवाद विरोधी इकाई है।

## प्रमुख सप्ताह

- **अन्तर्राष्ट्रीय शाकाहारी सप्ताह-2021 :** 1-7 अक्टूबर, 2021
- **वन्यजीव सप्ताह-2021 :** 2-8 अक्टूबर, 2021
  - ✓ वर्ष 2021 के इस सप्ताह की थीम 'वन और आजीविका : लोगों और ग्रह को कायम रखना' (Forests and Livelihoods: Sustaining People and Planet) था।
  - ✓ यह सप्ताह पहली बार वर्ष 1957 में मनाया गया।
- **विश्व अन्तरिक्ष सप्ताह-2021 :** 4-10 अक्टूबर, 2021
  - ✓ प्रतिवर्ष 4-10 अक्टूबर तक 'विश्व अन्तरिक्ष सप्ताह' अन्तरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण घटनाओं की स्मृति में मनाया जाता है।

- ✓ 4 अक्टूबर, 1957 को पृथ्वी के पहले कृत्रिम उपग्रह, 'स्पुतनिक-1' को लॉन्च किया गया था तथा 10 अक्टूबर, 1967 को संयुक्त राष्ट्र ने 'बाहरी अन्तरिक्ष के अन्वेषण और उपयोग स्थिति का शासन' पर ने करार किया था।
- ✓ वर्ष 2021 के इस सप्ताह की थीम **'अन्तरिक्ष में महिलाएँ (Women in Space)'** थी।

- **विश्व निवेशक सप्ताह-2021** : 4-10 अक्टूबर, 2021
  - ✓ बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 4 अक्टूबर, 2021 से देश में विश्व निवेशक सप्ताह की शुरुआत की।
  - ✓ विश्व निवेश सप्ताह हर साल दुनिया भर में मनाया जाता है।
  - ✓ इसका आयोजन प्रतिभूति नियामकों का वैश्विक संगठन आईओएससीओ (International Organization of Securities Commissions—IOSCO) करता है।
  - ✓ इस आयोजन का उद्देश्य विभिन्न निवेशक शिक्षा व जागरूकता प्रयासों को बढ़ावा देना है।
- **विश्व डाक सप्ताह** : 9-15 अक्टूबर, 2021
  - ✓ भारतीय डाक ने राष्ट्रीय डाक सप्ताह की शुरुआत विश्व डाक दिवस के साथ की है, जिसे प्रति वर्ष 9 अक्टूबर को मनाया जाता है जो कि 1874 में बर्न में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यूपीयू) की स्थापना की वर्षगाँठ है।
  - ✓ इसका उद्देश्य लोगों के बीच डाक सेवा के महत्व के प्रति जागरूकता पैदा करना है।
- **सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2021** : 24 अक्टूबर–1 नवम्बर, 2021
  - ✓ केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा 26 अक्टूबर–1 नवम्बर 2021 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021 का आयोजन किया गया है।
  - ✓ सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021 का विषयः **'स्वतंत्र भारत @ 75: अखण्डता के साथ आत्म निर्भरता'** है।
  - ✓ सतर्कता जागरूकता सप्ताह प्रत्येक वर्ष उस सप्ताह के दौरान मनाया जाता है, जिसमें सरदार वल्लभभाई पटेल (31 अक्टूबर) का जन्मदिन आता है।
  - ✓ यह जागरूकता सप्ताह नागरिक भागीदारी के माध्यम से सार्वजनिक जीवन मे ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।

### माह

- **स्तन कैंसर जागरूकता माह** : 1-31 अक्टूबर, 2021
  - ✓ वार्षिक अन्तर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान का उद्देश्य बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसके कारण, रोकथाम, निदान, उपचार और इलाज में अनुसंधान के लिए धन जुटाना है।
  - ✓ गुलाबी रिबन (Pink Ribbon) स्तन कैंसर जागरूकता का एक अन्तर्राष्ट्रीय प्रतीक है।

## चर्चित पुस्तकें

- नो योर राइट्स एण्ड क्लेम देमः ए गाइड फॉर यूथ (Know Your Rights and Claim Them: A Guide for Youth) —**एमनेस्टी इंटरनेशनल और एंजेलीना जोली**
- जंगलनामा (Jungle Nama) —**अमिताव घोष**
- 100, 200 - प्रैक्टिकल एप्लिकेशन्स इन स्ट्रेंथ एण्ड कंडीशनिंग' (100, 200 - Practical Applications in Strength and Conditioning) **बासु शंकर**
- द ब्लाइंड मैट्रिआर्क (The Blind Matriarch) **नमिता गोखले**
- राइटिंग फॉर माई लाइफ (Writing for My Life) **रश्किन बॉण्ड**
- द ओरिजिन स्टोरी ऑफ इंडियाज स्टेट्स (The Origin Story of India's States) —**वेंकटराघवन सुभा श्रीनिवासन**

## सम्मेलन/बैठक/कॉन्फ्रेंस

### 18वाँ भारत-आसियान शिखर सम्मेलन

- 38वें व 39वें आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान आसियान के वर्तमान अध्यक्ष और ब्रुनेई के सुल्तान हसनल बोलकिया के आमंत्रण पर 28 अक्टूबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी '18वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन' में शामिल हुए। सम्मेलन वर्चुअल तरीके से आयोजित किया गया।
- इससे एक दिन पहले (27 अक्टूबर, 2021 को) प्रधानमंत्री वर्चुअल तौर पर16वें पूर्वी एशिया सम्मेलन में शामिल हुए।
  - ✓ 38वें व 39वें आसियान शिखर सम्मेलन का आयोजन 26-28 अक्टूबर, 2021 को वर्चुअल तौर पर आयोजित किया गया।
  - ✓ इस बार **आसियान शिखर सम्मेलन का विषय 'वी केयर, वी प्रिपेयर, वी प्रास्पर'** था।
  - ✓ ब्रुनेई वर्ष 2021 के लिए आसियान का अध्यक्ष है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की एक्ट-ईस्ट नीति और व्यापक हिन्द-प्रशांत क्षेत्र के लिए भारत की परिकल्पना में आसियान के महत्व को रेखांकित किया।

#### महत्वपूर्ण बिन्दु

- भारत ने आसियान को म्यांमार में मानवीय कार्यों के लिए दो लाख डॉलर की सहायता दी है।
- भारत ने आसियान कोविड कार्रवाई निधि के लिए 10 लाख डॉलर का योगदान दिया है।
- भारत-आसियान भागीदारी की 30वीं वर्षगाँठ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नेताओं ने वर्ष 2022 को भारत-आसियान मित्रता वर्ष घोषित किया।
- उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने पिछले वर्ष नवम्बर में वर्चुअली आयोजित 17वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में भाग लिया था।

#### महत्वपूर्ण तथ्य

✦ आसियान की स्थापना बैंकॉक, थाईलैण्ड में 8 अगस्त, 1967 को हुई थी जब 5 संस्थापक सदस्यों– इण्डोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैण्ड ने 'आसियान घोषणा' पर हस्ताक्षर किए थे। बाद में ब्रुनेई दारुस्सलाम, कम्बोडिया, लाओ पीडीआर, म्यांमार और वियतनाम आसियान में शामिल हुए।

### प्रथम भारत-ब्रिटेन समुद्री वार्ता 2021

- प्रथम भारत-ब्रिटेन समुद्री वार्ता, 2021 वर्चुअली 18 अक्टूबर, 2021 को आयोजित की गई।

- मई 2021 में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच वर्चुअल शिखर सम्मेलन में अपनाए गए भविष्य के सम्बन्धों के लिए भारत-ब्रिटेन रोडमैप, 2030 में सहमति के फलस्वरूप यह वार्ता हुई।
- इसमें समुद्री क्षेत्र, भारत-प्रशांत और क्षेत्रीय/बहुपक्षीय सहयोग के बारे में विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

## अफगानिस्तान पर जी-20 विशेष शिखर सम्मेलन

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 अक्टूबर, 2021 को अफगानिस्तान पर जी-20 विशेष शिखर सम्मेलन में वर्चुअल तौर पर भाग लिया।
- यह बैठक वर्तमान में जी-20 की अध्यक्षता कर रहे इटली द्वारा बुलाई गई थी।
- इस शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता इटली के प्रधानमंत्री मारियो ड्रैगी (Mario Draghi) ने की।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इससे पहले अफगानिस्तान पर शंघाई सहयोग परिषद् (एससीओ)– सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (सीएसटीओ) में पहुँच कर शिखर बैठक में भाग लिया था।
  - ✓ विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान अलग से अफगानिस्तान पर जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लिया था।

### जी-20 के बारे में

- जी-20 समूह विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्था वाले 20 देशों का एक महत्वपूर्ण मंच है।
- यह अन्तर्राष्ट्रीय आम सहमति विकसित करने और संयुक्त राष्ट्र तथा इसकी एजेंसियों सहित बहुपक्षीय संगठनों के बीच समन्वित दृष्टिकोण सुविधाजनक बनाने और अफगानिस्तान में बिगड़ते मानवीय संकट के समाधान के लिए वैश्विक और क्षेत्रीय पक्षों को मदद प्रदान करता है।

## भारतीय नौसेना कमांडर सम्मेलन-2021/2

- भारतीय नौसेना के कमांडर सम्मेलन के दूसरे संस्करण का आयोजन 18-22 अक्टूबर, 2021 को नई दिल्ली में किया गया।
- सम्मेलन नौसेना कमांडरों के लिए सैन्य-रणनीतिक स्तर पर महत्वपूर्ण समुद्री मामलों पर चर्चा करने के साथ-साथ वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए एक संस्थागत मंच के रूप में कार्य करता है।
- सम्मेलन की अध्यक्षता नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह ने की।
- सम्मेलन के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय सुरक्षा से सम्बन्धित मामलों पर नौसेना कमाण्डरों को सम्बोधित किया।
- 'भारतीय नौसेना की परिचालन सम्पत्तियों पर प्रधानता रखना' नौसेना कमाण्डरों के सम्मेलन के विषय थे।

## निवेश पर भारत-यूएई उच्च स्तरीय संयुक्त कार्यबल की 9वीं बैठक

- निवेश पर भारत-यूएई उच्च स्तरीय संयुक्त कार्यबल की 9वीं बैठक, 2021 दुबई (यूएई) में 2 अक्टूबर, 2021 को सम्पन्न हुई।
- अबू धाबी अमीरात की कार्यकारी परिषद् के सदस्य शेख हमीद बिन जायेद अल नहयान तथा केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस बैठक की सह-अध्यक्षता की।
- बैठक के दौरान भारत में प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में यूएई सॉवरेन निवेश निकायों से और अधिक निवेश को सुगम बनाने के लिए परस्पर लाभदायक पद्धतियों एवं प्रोत्साहनों की खोज करने पर विचार-विमर्श किया गया।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- संयुक्त कार्यबल की स्थापना यूएई तथा भारत के बीच आर्थिक सम्बन्धों को बढ़ावा देने के लिए एक प्रमुख फोरम के रूप में 2013 में हुई थी, जिसे जनवरी 2017 में दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक समझौते पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा अबू धाबी के क्राउन प्रिंस एवं यूएई सशस्त्र बलों के डिप्टी सुप्रीम कमांडर शेख मोहम्मद बिन जायेद अल नाहयान द्वारा हस्ताक्षर कर और मजबूत बनाया गया।

## औद्योगिक सुरक्षा समझौता (आईएसए) शिखर सम्मेलन

- भारत एवं संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच 'औद्योगिक सुरक्षा समझौता' (Industrial Security Agreement–ISA) शिखर सम्मेलन 27 सितम्बर से 1 अक्टूबर, 2021 के बीच नई दिल्ली में आयोजित किया गया।
- शिखर सम्मेलन दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच वर्गीकृत सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए प्रोटोकॉल विकसित करने हेतु आयोजित किया गया था।
- शिखर सम्मेलन का नेतृत्व 'Designated Security Authorities (DSAs)' अर्थात् भारतीय पक्ष का नेतृत्व अनुराग बाजपेयी ने और अमेरिकी पक्ष का नेतृत्व डेविड पॉल बगनाती ने किया था।
- दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच वर्गीकृत सूचनाओं के आदान-प्रदान की सुविधा के लिए दिसम्बर 2019 में आईएसए (ISA) पर हस्ताक्षर किए गए थे।

## फ्यूचर टेक-2021

- भारतीय उद्योग परिसंघ (Confederation of Indian Industry–CII) ने 19-27 अक्टूबर, 2021 तक डिजिटल प्रौद्योगिकियों पर एक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी 'फ्यूचर टेक 2021-प्रौद्योगिकी अपनाने और त्वरण के लिए डिजिटल परिवर्तन की यात्रा' का आयोजन किया है।
- इस सम्मेलन में केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी और कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने वर्चुअल तौर पर भाग लिया।
- अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का फोकस विषय 'भविष्य के निर्माण के लिए ड्राइविंग प्रौद्योगिकियाँ, हम सभी भरोसा कर सकते हैं' था।

### अन्य प्रमुख शिखर सम्मेलन : एक नजर में

- **7वीं जी-20 पार्लियामेंट्री स्पीकर्स समिट, 2021**
  - ✓ **आयोजन तिथि** : 7-8 अक्टूबर, 2021
  - ✓ **मेजबान** : रोम, इटली
  - ✓ **भारतीय प्रतिनिधित्व** : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह और दोनों सदनों के महासचिवों सहित भारत के 8 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने इस सम्मेलन में भाग लिया।
- **इण्डिया आईडियाज शिखर सम्मेलन, 2021**
  - ✓ **आयोजन तिथि** : 6-7 अक्टूबर, 2021 (वर्चुअली सम्पन्न)
  - ✓ **आयोजक** : अमेरिका-भारत व्यापार परिषद् (USIBC)
  - ✓ **थीम** : 'फ्रॉम रिकवरी टू रिसवर्जेंस' (From Recovery to Resurgence)।
  - ✓ **तथ्य** : यूएसआईबीसी का गठन वर्ष 1975 में हुआ था। इसका मुख्यालय वाशिंगटन में है। निशा देसाई बिस्वाल इसकी चेयरमैन हैं।

- **शिक्षा मंत्रियों का 5वाँ पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन, 2021**
  - ✓ **आयोजन तिथि** : 1 अक्टूबर, 2021 (वर्चुअली सम्पन्न)
  - ✓ **भारतीय प्रतिनिधित्व** : केन्द्रीय शिक्षा और कौशल विकास मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने किया
  - ✓ इस अवसर पर उन्होंने मनीला एक्शन प्लान के सिद्धांतों का समर्थन करने वाली शिक्षा, प्रौद्योगिकी-आधारित शिक्षा के सार्वभौमीकरण, समानता, गुणवत्ता, लागत-प्रभावशीलता और लचीलेपन को सुनिश्चित करने हेतु भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को साझा किया।

# समझौता/सहयोग

## एपीडा और केन्द्रीय साइट्रस अनुसंधान संस्थान के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

- कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने साइट्रस (नींबू वर्गीय) और इसके मूल्य वर्धित उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए आईसीएआर-केन्द्रीय नींबूवर्गीय फल अनुसंधान संस्थान (ICAR–CCRI—Central Citrus Research Institute) नागपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर 11 अक्टूबर, 2021 को किए हैं।
- इस एमओयू में प्रभावी एवं उत्कृष्ट खेती पर फोकस के साथ एपीडा तथा आईसीएआर-सीसीआरआई द्वारा प्रौद्योगिकीयों के विकास के साथ-साथ उत्पाद विशिष्ट क्लस्टरों के सृजन पर ध्यान केन्द्रित करने निर्यात को बढ़ावा देने की परिकल्पना की गई है।
- मूल्यवर्द्धनों को बढ़ावा देने तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए, एपीडा ने हैदराबाद स्थित **आईसीएआर-भारतीय कदन्न अनुसंधान संस्थान** (ICAR-Indian Institute of Millet Research), कोयम्बटूर स्थित **तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय**, बेंगलुरू के **कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, नेशनल एग्रीकल्चर को-ऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (नाफेड)** तथा अन्य के साथ कई एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।

**महत्वपूर्ण तथ्य**

- ✦ केन्द्रीय नींबू वर्गीय फल अनुसंधान संस्थान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (ICAR) के तहत् एक शोध संस्थान है।
- ✦ इसका मुख्य कार्य फसल सुधार, सतत् उत्पादकता, फसल संरक्षण और साइट्रस के उपयोग पर बुनियादी, रणनीतिक और अनुप्रयुक्त अनुसंधान करना तथा साइट्रस पर आनुवंशिक संसाधनों और वैज्ञानिक जानकारी का संग्रह करना है।

# योजनाएँ/कार्यक्रम/पहल/मिशन

## आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25 अक्टूबर, 2021 को वाराणसी, उत्तर प्रदेश में 'आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन' (Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission) का शुभारम्भ किया।
- **उद्देश्य** : शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में एक मजबूत सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचा सुनिश्चित करना है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों या बीमारी के प्रकोप का जवाब देने में सक्षम हो।

**महत्वपूर्ण बिन्दु**

- यह योजना विशेष रूप से चिह्नित 10 राज्यों के 17,788 ग्रामीण स्वास्थ्य और कल्याण केन्द्रों को समर्थन प्रदान करेगी।
  - ✓ इसके अलावा, सभी राज्यों में 11,024 शहरी स्वास्थ्य और कल्याण केन्द्र स्थापित किए जाएँगे।
- 5 लाख से अधिक आबादी वाले देश के सभी जिलों में 'एक्सक्लूसिव क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक' के माध्यम से गहन चिकित्सा (क्रिटिकल केयर) सेवाएँ उपलब्ध होंगी, जबकि शेष जिलों को रेफरल सेवाओं के माध्यम से कवर किया जाएगा।
- इस आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन का उद्देश्य ब्लॉक, जिला, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर निगरानी प्रयोगशालाओं के नेटवर्क के माध्यम से एक 'आईटी-सक्षम रोग निगरानी प्रणाली' स्थापित करना है।

## गुड समैरिटन स्कीम

- केन्द्र सरकार के सड़क मंत्रालय द्वारा 4 अक्टूबर, 2021 को 'गुड समैरिटन' स्कीम (नेक आदमी योजना) की शुरुआत की गई है।
- इस योजना के तहत् जो कोई भी सड़क दुर्घटना के शिकार व्यक्ति को 'गोल्डन ऑवर' के भीतर अस्पताल ले जाकर उसकी जान बचाएगा, उसे सरकार ₹ 5,000 की वित्तीय राशि इनाम स्वरूप प्रदान करेगी।
  - ✓ गोल्डन ऑवर आमतौर पर दर्दनाक दुर्घटना के बाद 1 घण्टे की अवधि को कहा जाता है, जिसके अन्तर्गत पीड़ित की जान बचाना काफी हद तक सम्भव होता है।
- इस योजना को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य सड़क हादसे में घायल होने वाले लोगों की ज्यादा से ज्यादा मदद करना है।
- मंत्रालय के अनुसार इस योजना को देश के राज्य एवं केन्द्रशासित प्रदेशों के परिवहन विभाग द्वारा सुचारू रूप से लागू किया जाएगा।
- इस योजना की अवधि 15 अक्टूबर 2021 से लेकर 31 मार्च 2026 तक रखी गई है। मोटर वाहन संशोधन अधिनियम 2019 की धारा 134 a के तहत् अच्छे लोगों के लिए ऐसी योजना को तय किया गया है।
- इस सम्बन्ध में जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, एक व्यक्ति को एक वर्ष में अधिकतम 5 बार पुरस्कार दिया जा सकता है।
- इसमें प्रतिवर्ष 10 राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार भी होंगे, जिसके तहत् उन लोगों को चुना जाएगा जिन्हें पूरे वर्ष के दौरान सम्मानित किया गया है और उनमें से प्रत्येक को ₹ 1 लाख का पुरस्कार दिया जाएगा।
- योजना के प्रारम्भिक दौर में केन्द्र सरकार सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के परिवहन विभाग को ₹ 5 लाख प्रदान करेगी।

**मध्य प्रदेश में योजना लागू**

- केन्द्र की 'गुड सेमेरिटन (नेक आदमी) योजना' को मध्य प्रदेश सरकार ने 15 अक्टूबर, 2021 से लागू किया है।

## व्यापक हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना

- वस्त्र मंत्रालय ने ₹ 160 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ व्यापक हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना (Comprehensive Handicrafts Cluster Development Scheme–CHCDS) को जारी रखने की मंजूरी दी है। यह योजना मार्च, 2026 तक जारी रहेगी।
- इस योजना के तहत् हस्तशिल्प कारीगरों को बुनियादी ढाँचागत सहायता, बाजार तक पहुँच, डिजाइन और प्रौद्योगिकी उन्नयन से जुड़ी सहायता आदि प्रदान की जाएगी।

- इस योजना का उद्देश्य विश्वस्तरीय बुनियादी ढाँचा तैयार करना है, जो उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय कारीगरों व लघु एवं मध्यम उद्यमों (एसएमई) की व्यावसायिक जरूरतों को पूरा करता हो।
- संक्षेप में, इन समूहों को स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य कारीगरों और उद्यमियों को आधुनिक बुनियादी ढाँचे, नवीनतम प्रौद्योगिकी व पर्याप्त प्रशिक्षण और मानव संसाधन विकास इनपुट, मार्केट लिंकेज और उत्पादन सम्बन्धी विविधीकरण के साथ जुड़ाव युक्त विश्वस्तरीय इकाइयाँ स्थापित करने में सहायता करना है।
- इस योजना के तहत् समग्र विकास के लिए 10,000 से अधिक कारीगरों वाले बड़े हस्तशिल्प समूहों का चयन किया जाएगा।

# आयोग/समिति

## निपुण भारत मिशन के कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय संचालन समिति का गठन

- निपुण भारत मिशन के कार्यान्वयन के लिए एक राष्ट्रीय संचालन समिति का गठन 25 अक्टूबर, 2021 को किया गया है।
- संचालन समिति की अध्यक्षता केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान तथा सह-अध्यक्षता शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी करेंगी।

### निपुण भारत मिशन (NIPUN Bharat Mission)

- **NIPUN का पूर्ण नाम** : National Initiative for Proficiency in Reading with Understanding and Numeracy
- स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने **5 जुलाई, 2021** को बेहतर समझ तथा संख्यात्मक ज्ञान के साथ शिक्षा में प्रवीणता के लिए राष्ट्रीय पहल-'**निपुण भारत मिशन' शुरू** किया था, जैसा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में परिकल्पित किया गया है।
  - ✓ जिसका उद्देश्य ग्रेड 3 तक हर बच्चे के लिए मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (Foundational Literacy & Numeracy) में सार्वभौमिक दक्षता (Universal Proficiency) के लक्ष्य को प्राप्त करना है।

### समिति का उद्देश्य

- राष्ट्रीय संचालन समिति की स्थापना 'मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता पर राष्ट्रीय मिशन' (National Mission on Foundational Literacy & Numeracy) की प्रगति की निगरानी के उद्देश्य से की गई है।
- यह समिति नीतिगत मुद्दों पर मार्गदर्शन भी प्रदान करेगी और 2026-27 में वांछित लक्ष्य प्राप्त करने में मदद करेगी।

# ऑपरेशन/अभियान/अभ्यास

## आठ देशों की वायुसेनाओं का संयुक्त युद्धाभ्यास 'ब्लू फ्लैग-2021'

- आठ देशों की वायुसेना का संयुक्त युद्धाभ्यास 'ब्लू फ्लैग-2021' का आयोजन अक्टूबर 2021 में इजरायल में किया गया।
- 28 अक्टूबर, 2021 तक चले इस अभ्यास में मेजबान इजरायल के साथ भारत, जर्मनी, इटली, ब्रिटेन, फ्रांस, ग्रीस और अमेरिका के लड़ाकू विमानों सहित 1500 से ज्यादा जवान शामिल हुए जिसमें भारतीय वायुसेना के 85 अधिकारी भी थे।
- यह इजरायल में अब तक का सबसे बड़ा और आधुनिक हवाई अभ्यास है।
  - ✓ इजरायल के गठन के बाद पहली बार ब्रिटिश लड़ाकू विमान इजरायल की धरती पर उतरे।
- भारत ने इससे पहले वर्ष 2017 में भी इस द्विवार्षिक युद्धाभ्यास में हिस्सा लिया था।

## भारत-श्रीलंका द्विपक्षीय संयुक्त अभ्यास 'मित्र शक्ति-21'

- भारत-श्रीलंका द्विपक्षीय संयुक्त अभ्यास 'मित्र शक्ति-21' का 8वाँ संस्करण 4-15 अक्टूबर, 2021 तक श्रीलंका के कॉम्बैट ट्रेनिंग स्कूल, अंपारा में सम्पन्न हुआ।
  - ✓ इससे पहले 'मित्र शक्ति' सैन्य अभ्यास का 7वाँ संस्करण वर्ष 2019 में पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित किया गया था।
- अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में आतंकवाद विरोधी और विद्रोह रोधी अभियानों पर आधारित अभ्यास 'मित्र शक्ति' श्रीलंकाई सेना द्वारा किया जा रहा सबसे बड़ा द्विपक्षीय अभ्यास है और यह भारत और श्रीलंका की बढ़ती रक्षा साझेदारी का एक प्रमुख हिस्सा है।

### श्रीलंका के साथ अन्य द्विपक्षीय अभ्यास

- **नौसैन्य अभ्यास 'स्लीनेक्स-20'** : भारत और श्रीलंका की नौसेनाओं का संयुक्त वार्षिक द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास 'स्लीनेक्स-20' का 8वाँ संस्करण 19-21 अक्टूबर, 2020 तक त्रिंकोमाली श्रीलंका के तट पर आयोजित किया गया था।

## भारत-अमेरिका का प्रशिक्षण अभ्यास 'पूर्व युद्ध अभ्यास-21'

- भारत-अमरीका ने अमरीका के अलास्का में स्थित संयुक्त बेस एल्मेंडॉर्फ-रिचर्डसन (Elmendorf–Richardson) में 15 अक्टूबर, 2021 को संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास के 17वें संस्करण 'पूर्व युद्ध अभ्यास-21' का शुभारम्भ किया। यह अभ्यास 29 अक्टूबर, 2021 तक चला।
  - ✓ इस अभ्यास के पिछले संस्करण का आयोजन फरवरी 2021 में राजस्थान के बीकानेर के 'महाजन फील्ड फायरिंग रेंज' में किया गया था।
- इस अभ्यास का उद्देश्य दो सेनाओं के बीच समझ, सहयोग और अंतर-संचालन को बढ़ाना है।
- संयुक्त अभ्यास दोनों देशों के बीच बारी-बारी से आयोजित किया जाता है।

### अमेरिका के साथ अन्य द्विपक्षीय अभ्यास

- **टाइगर ट्राइम्फ अभ्यास** : त्रि-सेवा युद्ध अभ्यास (13-21 नवम्बर, 2019); मानवीय सहायता एवं आपदा राहत।
- **वज्र प्रहार** : विशेष बलों द्वारा (13-28 अक्टूबर, 2021)

## अजय वॉरियर

- भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'अजेय वॉरियर-2021' (AJEYA WARRIOR-2021) का छठवाँ संस्करण भारत में उत्तराखण्ड के रानीखेत के चौबटिया छावनी में 7-20 अक्टूबर, 2021 को आयोजित किया गया।
  - ✓ इससे पहले 'अजय वॉरियर-2020' के पाँचवें संस्करण का आयोजन यूनाइटेड किंगडम के सेलिसबरी मैदान में 13-26 फरवरी, 2020 को किया गया।

- यह युद्धाभ्यास विदेशी राष्ट्रों के साथ अंतर-संचालनीयता और विशेषज्ञता साझा करने की पहल का हिस्सा है।
- यह अभ्यास बारी-बारी से एक बार भारत में तथा एक बार यूनाइटेड किंगडम में आयोजित किया जाता है।

### बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास 'मालाबार 2021' का दूसरा चरण

- 'क्वाड' समूह में शामिल देशों (भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया) की नौसेनाओं के 'मालाबार-2021' के 25वें संस्करण का दूसरा चरण 12-15 अक्टूबर, 2021 को बंगाल की खाड़ी में सम्पन्न हुआ।
  - ✓ मालाबार नौसैन्य अभ्यास-2021 के पहले चरण (समुद्री चरण) का आयोजन फिलीपीन सागर (पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र) में 26-29 अगस्त, 2021 को किया गया था।
  - ✓ इस वर्ष के अभ्यास की मेजबानी अमेरिकी नौसेना द्वारा की गई।
- इस अभ्यास में भारतीय नौसेना, जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेएमएसडीएफ), रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी (आरएएन) और यूनाइटेड स्टेट्स नेवी (यूएसएन) ने भाग लिया।
- अभ्यास का दूसरा चरण अभ्यास के पहले चरण के दौरान बनाए गए तालमेल, समन्वय और अंतर-संचालन पर आधारित तथा उन्नत सतह तथा पनडुब्बी रोधी युद्ध अभ्यास, सीमेनशिप विकास और हथियार फायरिंग पर ध्यान केन्द्रित था।

#### मालाबार अभ्यास

- अभ्यास की मालाबार शृंखला वर्ष 1992 में भारत और अमेरिका के मध्य एक वार्षिक द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के रूप में शुरू हुई थी।
- इस अभ्यास के दो और संस्करण वर्ष 1995 और 1996 में सम्पन्न हुए, तत्पश्चात् भारत के परमाणु परीक्षणों के चलते वर्ष 2002 तक इसे रोक दिया गया।
- वर्ष 2002 के बाद से यह अभ्यास प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है।
  - ✓ जापान और ऑस्ट्रेलिया ने पहली बार वर्ष 2007 में भाग लिया था।
  - ✓ वर्ष 2014 के बाद से भारत, अमेरिका और जापान ही प्रतिवर्ष इस अभ्यास में हिस्सा ले रहे थे। वर्ष 2020 में ऑस्ट्रेलिया भी मालाबार अभ्यास में शामिल हुआ।
  - ✓ 'मालाबार 2020' में सभी चार क्वाड सदस्यों की भागीदारी देखी गई।
- इस अभ्यास का 24वाँ संस्करण नवम्बर, 2020 में बंगाल की खाड़ी तथा अरब सागर में आयोजित किया गया था।

### जापान-भारत द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास 'जिमेक्स-21'

- जापान और भारत के बीच द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास जिमेक्स (JIMEX-21) का 5वाँ संस्करण 6-8 अक्टूबर, 2021 तक अरब सागर में आयोजित किया गया।
- इस अभ्यास में जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेएमएसडीएफ) और भारतीय नौसेना के जहाजों और विमानों को शामिल किया गया था।
- फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग वेस्टर्न फ्लीट रियर एडमिरल अजय कोचर की कमान में भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व स्वदेशी गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर आईएनएस कोच्चि और गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस तेग द्वारा किया गया।
- जेएमएसडीएफ का नेतृत्व एस्कॉर्ट फ्लोटिला थ्री के कमांडर रियर एडमिरल इकेउची इजुरु (IkeuchiIzuru) ने किया, जिसमें इजुमो क्लास हेलीकॉप्टर कैरियर कागा और गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर मुरासामे शामिल थे।
- इस अभ्यास का उद्देश्य समुद्री अभियानों के समस्त आयामों में अनेक उन्नत अभ्यासों के संचालन के माध्यम से अभियानगत प्रक्रियाओं की सामान्य समझ विकसित करना और अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना है।
- जिमेक्स का पिछला संस्करण सितम्बर 2020 में उत्तरी अरब सागर में आयोजित किया गया था।
- समुद्री सुरक्षा पर केन्द्रित जिमेक्स शृंखला की शुरुआत जनवरी 2012 में की गई थी।

### कोंकण शक्ति-2021

- भारत और यूके की तीनों सेनाओं का पहला द्विपक्षीय त्रि-सेवा युद्धाभ्यास 'कोंकण शक्ति' (KONKAN SHAKTI) 21-27 अक्टूबर, 2021 को हुआ।
- भारत के पश्चिमी तट पर सम्पन्न हुए इस अभ्यास का समुद्र से जुड़ा भाग दो चरणों में आयोजित हुआ।
  - ✓ बंदरगाह चरण 21-23 अक्टूबर, 2021 को मुम्बई में सम्पन्न हुआ, जबकि समुद्री चरण में 24-27 अक्टूबर, 2021 के बीच अभ्यास हुआ।
- भारतीय सेना और यूके आर्मी के बीच सम्पन्न अभ्यास का जमीनी चरण सूर्या कमाण्ड की गोल्डन डिवीजन के संरक्षण में 21-27 अक्टूबर, 2021 के बीच चौबटिया में आयोजित हुआ।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

### सी-डॉट में क्वांटम कम्युनिकेशन लैब का उद्घाटन

- दूरसंचार सचिव और डिजिटल संचार आयोग के अध्यक्ष के. राजारमन ने 10 अक्टूबर, 2021 को सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (C-DOT), दिल्ली में क्वांटम कम्युनिकेशन लैब (Quantum Communication Lab) का उद्घाटन किया।
  - ✓ सी-डॉट दूरसंचार विभाग, संचार मंत्रालय, भारत सरकार का प्रमुख दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास केन्द्र है।
- के. राजारमन ने सी-डॉट द्वारा विकसित स्वदेशी क्वांटम कुंजी वितरण (क्यूकेडी) समाधान का अनावरण किया, जो मानक ऑप्टिकल फाइबर पर 100 किलोमीटर से अधिक की दूरी का वहन कर सकता है।
- क्वांटम प्रौद्योगिकी को मोटे तौर पर चार वर्टिकल में विभाजित किया जा सकता है, जो है– क्वांटम कम्प्यूटिंग, क्वांटम संचार, क्वांटम सेंसर और क्वांटम सामग्री।
- क्वांटम प्रौद्योगिकियाँ सूक्ष्म कणों (जैसे फोटॉन, इलेक्ट्रॉन, परमाणु आदि) द्वारा प्रदर्शित परिघटनाओं पर आधारित होती हैं, जो सामान्य मैक्रोस्कोपिक वस्तुओं के व्यवहार से काफी भिन्न होती हैं।

- सरकार ने क्वाटम टेक्नोलॉजीज और अनुप्रयोगों पर राष्ट्रीय मिशन के लिए $ 1 बिलियन का आवंटन किया है।

### पहला मलेरिया रोधी टीका डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुमोदित

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 6 अक्टूबर, 2021 को पहले मलेरिया-रोधी टीके RTS, S/AS01 (RTS, S) को उपचार हेतु अनुमोदित कर दिया है।
  - ✓ जिसमें उप-सहारा अफ्रीका के बच्चों में एवं मध्यम से उच्च प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम मलेरिया संचरण वाले अन्य क्षेत्रों में प्रथम बार मलेरिया रोधी टीका, आरटीएस, एस (RTS, S) का अनुमोदन किया गया है।
- इस टीके का निर्माण GlaxoSmithKline (GSK) ने किया है तथा इस मलेरिया वैक्सीन का व्यावसायिक नाम 'मॉसक्यूरिक्स' (Mosquirix) है।
- डब्ल्यूएचओ के अनुसार, RTS, S/AS01 मलेरिया वैक्सीन के द्वारा मध्यम से उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में विशेषतः बच्चों में मलेरिया के कारण होने वाली मौतों को रोकने में सफलता प्राप्त होगी।
- बच्चों को इस मलेरिया वैक्सीन के 4 डोज दिए जाएँगे, जिनकी आयु 5 महीने से ज्यादा होगी।
  - ✓ पहली तीन डोज 5 महीने से 17 महीने की उम्र के बीच दी जाएगी तथा चौथी डोज इसके लगभग 18 महीने बाद दी जा सकेगी।
- डब्ल्यूएचओ ने घाना, केन्या और मलावी के स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ मिलकर वर्ष 2019 में इस पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी। जिसके परिणामों का अध्ययन करने के बाद पहली मलेरिया वैक्सीन के बच्चों में व्यापक इस्तेमाल को मंजूरी दी गई है।

**महत्वपूर्ण तथ्य**

- ✦ मलेरिया एक प्राण घातक रोग है जो सूक्ष्मजीवों के कारण उत्पन्न होता है, जो प्लाज्मोडियम प्रजाति से सम्बन्धित होते हैं एवं संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छरों द्वारा संचारित होते हैं।

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

### छत्तीसगढ़ में भारत का नवीनतम टाइगर रिजर्व

- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) ने छत्तीसगढ़ सरकार के 'गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान' और 'तमोर पिंगला वन्यजीव अभयारण्य' के संयुक्त क्षेत्रों को एक नए टाइगर रिजर्व के तौर पर घोषित करने के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी 5 अक्टूबर, 2021 को दी।
- यह नया टाइगर रिजर्व झारखण्ड और मध्य प्रदेश की सीमा से लगे राज्य के उत्तरी भाग में स्थित है।
  - ✓ अचानकमार, उदंती-सीतानदी और इंद्रावती रिजर्व के बाद छत्तीसगढ़ में यह चौथा टाइगर रिजर्व होगा।
- छत्तीसगढ़ सरकार के प्रस्ताव पर NTCA की 11वीं तकनीकी समिति ने 1 सितम्बर को विचार किया था।
  - ✓ एक माह पश्चात् वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 38V (1) के तहत् इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

## विविध

### तमिलनाडु की 'करुप्पुर कलमकारी पेंटिंग' और 'कल्लाकुरिची लकड़ी की नक्काशी' को जीआई टैग

- तमिलनाडु की 'करुप्पुर कलमकारी पेंटिंग' और 'कल्लाकुरिची लकड़ी की नक्काशी' को भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्रदान किया गया है।
- कलमकारी पेंटिंग शुद्ध सूती कपड़े पर की जाती है, जो मुख्य रूप से मन्दिरों में छतरी के कवर, बेलनाकार हैंगिंग और रथ कवर आदि के लिए उपयोग की जाती है।
- वहीं 'कल्लाकुरिची लकड़ी की नक्काशी' लकड़ी की नक्काशी का एक अनूठा रूप है, जिसमें शिल्पकारों द्वारा पारम्परिक शैलियों से प्राप्त अलंकरण और डिजाइनों का उपयोग किया जाता है।
- दस्तावेज़ी साक्ष्यों से पता चलता है कि 'कलमकारी पेंटिंग' 17वीं शताब्दी की शुरुआत में 'नायक शासकों' के संरक्षण में विकसित हुई, जबकि 'कल्लाकुरिची लकड़ी की नक्काशी' का विकास तब हुआ, जब मदुरै प्राचीन काल में विभिन्न राजशाही शासनों के तहत् एक महत्वपूर्ण शहर था।
  - ✓ समय के साथ लकड़ी पर नक्काशी करने वाले शिल्पकार दूसरे शहरों और स्थानों पर चले गए, जहाँ उन्होंने कल्लाकुरिची वुडवर्किंग की तरह अपनी एक विशिष्ट शैली विकसित की।

### राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज में प्रवेश के लिए लड़कियों को अनुमति

- सर्वोच्च न्यायालय ने 7 अक्टूबर, 2021 को केन्द्र सरकार को दिसम्बर 2021 में होने वाली राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज (आरआईएमसी) की प्रवेश परीक्षा में लड़कियों को शामिल होने की अनुमति देने का निर्देश दिया है।
- राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज एक अंतर-सेवा श्रेणी 'ए' प्रतिष्ठान है, जिसे रक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में सेना प्रशिक्षण कमान के माध्यम से प्रशासित किया जाता है।
- यह दून वैली, देहरादून में स्थित एक मिलिट्री स्कूल है।

### विश्व का सबसे बड़ा खादी राष्ट्रीय ध्वज

- 2 अक्टूबर, 2021 को गांधी जयंती के अवसर पर लद्दाख की लेह घाटी के सामने एक ऊँचे पहाड़ पर विश्व का सबसे बड़ा खादी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।
- लद्दाख के उपराज्यपाल आर.के. माथुर ने 'फायर एण्ड फ्यूरी कॉर्प्स' (Fire and Fury Corps) द्वारा लेह गैरीसन में आयोजित कार्यक्रम में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग द्वारा खादी से बनाए दुनिया के सबसे बड़े राष्ट्रीय ध्वज का अनावरण किया। इस अवसर पर थल सेना प्रमुख मनोज मुकुंद नरवणे भी उपस्थित थे।
- खादी से बना यह ध्वज 225 फीट लम्बा, 150 फीट चौड़ा है तथा इसका वजन 1400 किलोग्राम है। इस राष्ट्रीय ध्वज में अशोक चक्र है, जिसका व्यास 30 फीट है।
- 70 खादी कारीगरों ने 49 दिनों में यह झंडा तैयार किया है।
- यह खादी ग्रामोद्योग आयोग से सम्बद्ध मुम्बई स्थित 'खादी डायर्स और प्रिंटर' द्वारा निर्मित किया गया है।

# विगत परीक्षाओं में पूछे गए करेन्ट अफेयर्स पर आधारित प्रश्न

पटवार भर्ती परीक्षा-2021 (23.10.21-प्रथम पारी)

1. 31 अगस्त, 2021 को सर्वोच्च न्यायालय के नौ नए जजों ने शपथ ली। अब सर्वोच्च न्यायालय में महिला जजों की संख्या है?
(A) 4 (B) 5
(C) 6 (D) इनमें से कोई नहीं **(A)**

- 31 अगस्त, 2021 को शपथ लेने वाले सर्वोच्च न्यायालय में नौ नए न्यायाधीशों में तीन महिला न्यायाधीश भी शामिल थीं। इनके सहित सर्वोच्च न्यायालय में महिला जजों की संख्या चार हो गई है। इन चार महिला न्यायाधीशों के नाम हैं– जस्टिस इंदिरा बनर्जी, जस्टिस हेमा कोहली, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी।

2. 1 सितम्बर, 2021 को जम्मू एवं कश्मीर केन्द्रशासित क्षेत्र में पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त करने के लिए संसदीय पहुँच कार्यक्रम का उद्घाटन किसने किया?
(A) श्री नरेन्द्र मोदी (B) श्री अमित शाह
(C) श्री ओम बिड़ला (D) श्री राजनाथ सिंह **(C)**

- श्रीनगर में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र में पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तिकरण के संसदीय पहुँच कार्यक्रम (Parliamentary Outreach Programme) का उद्घाटन किया।

3. 29 अगस्त, 2021 को अल्जीरिया के समुद्रतट पर भारत एवं अल्जीरिया की नौसेनाओं द्वारा प्रथम नौसैनिक अभ्यास किया गया। किस जहाज ने भारत का प्रतिनिधित्व किया?
(A) आई.एन.एस. द्रोणाचार्य (B) आई.एन.एस. कल्कि
(C) आई. एन.एस. त्रिशूल (D) आई.एन.एस.तबार **(D)**

- भारत और अल्जीरिया की नौसेनाओं ने अल्जीरिया के अपतटीय क्षेत्र में पहली बार अभ्यास किया।
- 29 अगस्त को हुए इस अभ्यास में भारतीय नौसेना के आईएनएस 'तबार' और अल्जीरियाई नौसेना के पोत 'एज़्ज़ादजेर' ने भाग लिया।

4. 1 सितम्बर, 2021 को एस.बी.आई. ने............पर तैरता हुआ ए.टी.एम. खोला।
(A) नैनी झील, नैनीताल (B) चिल्का झील, पुरी
(C) डल झील, श्रीनगर (D) नक्की झील, माउण्ट आबू **(C)**

- भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने श्रीनगर की प्रसिद्ध डल झील पर एक तैरता हुआ एटीएम खोला है।

5. उज्जवला 2.0 (प्रधानमंत्री उज्जवला योजना) को...........में 10 अगस्त, 2021 को प्रारम्भ किया गया।
(A) पानीपत, हरियाणा (B) महोबा, यू.पी.
(C) भोपाल, एम.पी (D) गांधीनगर, गुजरात **(B)**

- 10 अगस्त, 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महोबा (उत्तर प्रदेश) में महिला लाभार्थियों को एलपीजी गैस कनेक्शन सौंपकर उज्ज्वला 2.0 का शुभारम्भ किया।

6. 7 जुलाई, 2021 को निम्न में से किस मंत्री ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के नए केन्द्रीय मंत्री के रूप में शपथ ली?
(A) मनसुख मांडविया (B) किरेन रिजिजू
(C) राजकुमार सिंह (D) डॉ. हर्षवर्धन **(A)**

- 7 जुलाई, 2021 को मनसुख मांडविया ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण में नए केन्द्रीय मंत्री के रूप में शपथ ली। इससे पहले यह मंत्रालय डॉ. हर्षवर्धन के पास था।

7. केन्द्र सरकार की योजनाओं एवं उनके प्रवर्तन की तारीखों के निम्नलिखित युग्मों में से कौनसा सही नहीं है?
(A) आत्म-निर्भर भारत अभियान - 13 मई, 2020
(B) मिशन कर्मयोगी - 20 नवम्बर, 2020
(C) प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना - 1 जून, 2020
(D) समर्थ योजना - 14 मई, 2020 **(B)**

- केन्द्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामले मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने 13 मई, 2020 से 17 मई, 2020 तक प्रेस कॉन्फ्रेंस की एक श्रृंखला के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत पैकेज 1.0 के विवरणों को प्रस्तुत किया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा 1 जून, 2020 को केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की बैठक में स्वनिधि योजना को शुरू करने का निर्णय लिया।
- केन्द्र सरकार ने 2 सितम्बर 2020 को सिविल सेवाओं में कार्मिकों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता विकास कार्यक्रम (NPCSCB) 'मिशन कर्मयोगी' को मंजूरी दी।
- 14 मई, 2020 को राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान (NIT) ने समर्थ (SAMARTH) योजना लागू की

8. किस राज्य ने सोनू सूद को कोविड टीकाकरण के एम्बेसडर के रूप में नियुक्त किया है?
(A) हरियाणा (B) महाराष्ट्र
(C) पंजाब (D) गुजरात **(C)**

- पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने फिल्म अभिनेता सोनू सूद को पंजाब में कोरोनारोधी टीकाकरण मुहिम के ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा 11 अप्रैल, 2021 को की थी।

9. जनवरी 2021 में किसे राजस्थान मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?
(A) जी. के. व्यास (B) महेश गोयल
(C) बनवारीलाल शर्मा (D) इनमें से कोई नहीं **(A)**

- पूर्व न्यायाधीश गोपाल कृष्ण व्यास (जी के व्यास) को राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- इसके साथ ही भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी महेश गोयल को मानवाधिकार आयोग का सदस्य नियुक्त किया है।

10. सन् 2021 में घोषित 'पद्मश्री' सम्मान से राजस्थान से किसे सम्मानित किया गया?
(A) अर्जुनसिंह शेखावत (B) लाखा खान
(C) श्यामसुन्दर पालीवाल (D) इन सभी **(D)**

- वर्ष 2021 में पद्मश्री सम्मान से सम्मानित हस्तियों में जोधपुर के सारंगी वादक लाखा खान, राजसमंद के रहने वाले पर्यावरणविद् श्यामसुंदर पालीवाल और पाली जिले के लेखक अर्जुन सिंह शेखावत के नाम शामिल हैं।

11. राजस्थान के कृष्णा नागर के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
(1) वह जयपुर जिले से सम्बन्धित हैं।
(2) उन्होंने टोक्यो पैरालम्पिक्स में स्वर्ण पदक जीता।
(3) उन्होंने पेरा- बैडमिंटन पुरुष एकल SH3 प्रतियोगिता में पदक जीता।
(4) उन्हें गौरव खन्ना द्वारा प्रशिक्षण मिला।
उपर्युक्त में से कौनसे सही है?
(A) 2, 3 और 4 (B) 1, 2 और 4
(C) 1, 2 और 3 (D) 1, 3 और 4 **(B)**

- जयपुर निवासी कृष्णा नागर ने पुरुष एकल SH6 प्रतिस्पर्धा के फाइनल में हांगकांग के चू मान काई को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता।
- नागर ने भारतीय पैरा-बैडमिंटन टीम के मुख्य कोच और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता गौरव खन्ना से प्रशिक्षण लिया।

12. 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में किसे प्रतिष्ठित 51वें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?
(A) अक्षय कुमार (B) अमिताभ बच्चन
(C) रजनीकांत (D) विनोद खन्ना **(C)**

13. जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का निम्न में से कौनसा संस्करण 19 से 28 फरवरी, 2021 को आयोजित हुआ था?
**(A) 14** (B) 15
(C) 12 (D) 13 **(A)**

- जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ) के (14वें) संस्करण का आयोजन 19-28 फरवरी, 2021 को वर्चुअल तौर पर किया गया।

## पटवार भर्ती परीक्षा-2021 (23.10.21-द्वितीय पारी)

14. राजस्थान राज्य सूचना आयोग के वर्तमान सूचना आयुक्त कौन हैं?
(A) देवेन्द्र भूषण गुप्ता (B) इनमें से कोई नहीं
(C) एच.सी. मीणा (D) पी.के. तिवारी **(A)**

- राजस्थान के मुख्य सूचना आयुक्त डी.बी. गुप्ता और सूचना आयुक्तों नारायण बारेठ तथा शीतल धनकड़ ने 11 दिसम्बर, 2021 को पद की शपथ ली।
- राज्यपाल कलराज मिश्र ने डी.बी. गुप्ता को मुख्य सूचना आयुक्त तथा नारायण बारेठ और शीतल धनकड़ को राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलाई।

15. भारतीय संविधान में अनुच्छेद 338-B पिछड़े वर्गों के लिए राष्ट्रीय आयोग अन्तःस्थापित किया गया-
(A) 105वें संशोधन अधिनियम, 2021 द्वारा
(B) 103वें संशोधन अधिनियम, 2019 द्वारा
(C) 102वें संशोधन अधिनियम, 2018 द्वारा
(D) 104वें संशोधन अधिनियम, 2020 द्वारा **(C)**

- 2018 में संसद ने संविधान में 102वाँ संशोधन पारित किया था जिसमें संविधान में तीन नए अनुच्छेद शामिल किए गए थे।
- नए अनुच्छेद 338-बी के ज़रिए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया।
- इसी तरह एक और नया अनुच्छेद 342ए जोड़ा गया जो अन्य पिछड़ा वर्ग की केन्द्रीय सूची से सम्बन्धित है।
- तीसरा नया अनुच्छेद 366(26सी) सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों को परिभाषित करता है।

16. मीराबा लुवांग मैसम नाम जो हाल ही में चर्चा में था, किस खेल से सम्बन्धित है?
(A) निशानेबाजी (B) बैडमिंटन
(C) टेनिस (D) शतरंज **(B)**

- मीराबा लुवांग मणिपुर के निवासी हैं।

17. सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय ने पंजीकरण की भारत सीरीज (BH सीरीज) अधिसूचित की है। BH सीरीज ऐच्छिक आधार पर उपलब्ध होगी?
(A) प्राइवेट क्षेत्र की वह कम्पनियों, जिनके चार अधिक राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में कार्यालय हैं, के कर्मचारी को।
(B) ये सभी
(C) रक्षा कर्मियो को
(D) सरकारी कर्मचारियों को **(B)**

- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने नए वाहनों के लिए एक नया पंजीकरण मार्क यानी 'भारत श्रृंखला (BH-series)' लॉन्च की है।
- BH-series मार्क वाले वाहनों को एक नए पंजीकरण चिह्न के असाइनमेंट की आवश्यकता नहीं होगी, जब वाहन का मालिक एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थानांतरित हो जाता है।
- यह सुविधा रक्षा कर्मियों, केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/केन्द्र/राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों और निजी क्षेत्र की कम्पनियों/संगठनों के लिए स्वैच्छिक आधार पर उपलब्ध है, जिनके कार्यालय चार या अधिक राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों में हैं।

18. फ्लिप कार्ट द्वारा शुरू किया गया एप जो भारतीयों को कैटेलॉग साझा द्वारा निवेश रहित अपना ऑनलाइन व्यवसाय शुरू करने की सुविधा देता है?
(A) मीशो (B) एजियो
(C) शॉप्सी (D) मिंत्रा **(C)**

- फ्लिपकार्ट का लक्ष्य 2023 तक Shopsy की मदद से 25 मिलियन से अधिक ऑनलाइन उद्यमियों को सक्षम बनाना है।

19. हाल ही में किस मंत्रालय ने निपुण (NIPUN) भारत कार्यक्रम, बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (FLN) पर राष्ट्रीय मिशन प्रारम्भ किया?
(A) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(B) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
(C) शिक्षा मंत्रालय
(D) संसदीय कार्य मंत्रालय **(C)**

- तत्कालीन केन्द्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक द्वारा वर्चुअल माध्यम से समझ के साथ पढ़ने तथा संख्या गणना में निपुणता के लिए राष्ट्रीय पहल निपुण भारत को लॉन्च किया गया।
- नई शिक्षा नीति-2020, कक्षा-3 तक के सभी बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को वर्ष 2026-27 तक सुनिश्चित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

20. 1 करोड़ फास्टैग जारी करने का लक्ष्य प्राप्त करने वाला देश का प्रथम बैंक कौनसा बना?
(A) पेटीएम पेमेन्ट बैंक लिमिटेड
(B) आई.सी.आई.सी.आई. बैंक
(C) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
(D) फेडरल बैंक **(A)**

- (27 जुलाई, 2021 को) पेटीएम पेमेंट्स बैंक एक करोड़ फास्टैग जारी करने का मुकाम हासिल करने वाला देश का पहला बैंक बना।
- भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के अनुसार, जून 2021 के अंत तक सभी बैंकों द्वारा कुल मिलाकर 3.47 करोड़ से अधिक फास्टैग जारी किए थे।
- फास्टैग जारी करने वाले बैंक के तौर पर पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) की बाजार में अब करीब 28 फीसदी हिस्सेदारी है।

21. हाल ही में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया?

(A) के. सिवन (B) इनमें से कोई नहीं

(C) सुरेश एन. पटेल (D) इकबाल सिंह लालपुरा **(D)**

✦ सरदार इकबाल सिंह लालपुरा ने 10 सितम्बर, 2021 को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

22. संसद द्वारा पास किया गया आवश्यक रक्षा सेवा अधिनियम, 2021, जो केन्द्र सरकार को आवश्यक रक्षा सेवाओं में लगी इकाइयों में............को प्रतिबंधित करने का अधिकार देता है।

(A) ले-ऑफ (B) ये सभी

(C) हड़ताल (D) तालाबंदी **(B)**

✦ 'आवश्यक रक्षा सेवा अधिनियम, 2021' आवश्यक रक्षा सेवाओं में शामिल कर्मियों के हड़ताल करने एवं किसी भी तरह के विरोध-प्रदर्शन पर रोक लगाता है।

23. 12 वर्ष के ऊपर के बच्चों के लिए अनुमोदन पानेवाला भारत का प्रथम कोविड-19 टीका है?

(A) कोवीशील्ड (B) कोवैक्सीन

(C) स्पूतनिक (D) जायकोव-डी **(D)**

✦ अगस्त 2021 में सरकारी विशेषज्ञ समिति की ओर से सिफारिश के बाद ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने 12 साल से ऊपर के बच्चों को जायडस कैडिला की कोरोना वैक्सीन **ZyCoV-D** के इस्तेमाल की आपात मंजूरी दी थी।

✦ **अन्य वैक्सीन** : सीरम इंस्टीट्यूट की कोविशील्ड, भारत बॉयोटेक की कोवैक्सिन, रूस की स्पूतनिक-वी, अमेरिका की मॉडर्ना व जॉनसन एण्ड जॉनसन की वैक्सीन को भारत में इससे पूर्व मंजूरी मिली थी।

✦ भारत बायोटेक द्वारा विकसित 'कोवैक्सिन' देश की पहली स्वदेशी वैक्सीन है।

24. खावड़ा, गुजरात के कच्छ क्षेत्र के रण में देश की एकमात्र सबसे बड़ी प्रकाश वोल्टीय परियोजना का निर्माण.........के द्वारा किया जाएगा।

(A) NHPC (B) PGCIL

(C) RIL (D) NTPC-REL **(D)**

✦ एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (आरईएल) को गुजरात के खावड़ा स्थित कच्छ के रण में 4,750 मेगावाट के रिन्यूएबल एनर्जी पार्क की स्थापना के लिए नवीनीकृत उर्जा मंत्रालय की ओर से मंजूरी मिली है।

✦ यह देश के सबसे बड़े विद्युत उत्पादक की ओर से निर्मित भारत का सबसे बड़ा सोलर पार्क होगा।

## पटवार भर्ती परीक्षा-2021 (24.10.21-प्रथम पारी)

25. निम्न में से कौनसा/कौनसी डिजिटल इण्डिया फ्लैगशिप स्कीम के अन्तर्गत सरकार द्वारा शुरू किया गया/की गई डिजिटल इण्डिया इ-निशिएटिव/सेवाएँ हैं?

(A) मोबाइल आधारित उमंग सेवाएँ

(B) डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर

(C) डिजी लॉकर

(D) ये सभी **(D)**

26. आर. बी.आई. के निर्देशानुसार, 1 अक्टूबर से एक महीने में दस घण्टे से अधिक नकद की अनुपलब्धता के लिए बैंकों पर प्रति ए.टी.एम. ₹ ............दण्ड लगाया जाएगा।

(A) 25,000 (B) 10,000

(C) 15,000 (D) 5,000 **(B)**

✦ भारतीय रिजर्व बैंक ने 'एटीएम की गैर-पुनःपूर्ति के लिए दण्ड की योजना (Scheme of Penalty for non-replenishment of ATMs) शुरू की है, जिसके अनुसार वह उन एटीएम/डबल्यूएलए पर मौद्रिक दण्ड लगाएगा जो नकदी से बाहर हो जाते हैं।

✦ महीने में दस घण्टे से अधिक के किसी भी एटीएम से कैश-आउट करने पर प्रति एटीएम रु 10,000/- का एक समान जुर्माना लगेगा।

27. निम्न में से कौन भारत का कोविड-19 टीका पाने वाला प्रथम देश है?

(A) ब्राजील (B) दक्षिण अफ्रीका

(C) मालदीव (D) इण्डोनेशिया **(C)**

✦ भारत से कोविड-19 वैक्सीन हासिल करने वाले देशों में मालदीव सबसे पहला देश है।

28. किन देशों के रेलवे के संयुक्त प्रयासों से बहाल हल्दीबाड़ी- चिलाहाटी रेल मार्ग पर मालगाड़ी (फ्रेट ट्रेन) नियमित रूप से फिर से शुरू की गई?

(A) भारत-म्यांमार (B) भारत-पाकिस्तान

(C) भारत-बांग्लादेश (D) भारत-नेपाल **(C)**

✦ भारत और बांग्लादेश के बीच हल्दीबाड़ी-चिलाहाटी रेलवे लिंक पर वाणिज्यिक सेवाएँ मालगाड़ी के सफर के साथ 1 अगस्त, 2021 से शुरू हुईं।

✦ दोनों देशों के बीच इस रेल लिंक पर वाणिज्यिक सेवाएँ 1965 से बंद थीं।

✦ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना ने 17 दिसम्बर, 2021 को इस रेल लिंक का उद्घाटन किया था।

29. डी.आर.डी.ओ. के अध्यक्ष कौन हैं?

(A) सी. विजयाकुमार (B) डॉ. जी. सतीश रेड्डी

(C) के. सिवन (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)**

✦ रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष डॉ. जी. सतीश रेड्डी हैं।

30. बुद्धदेव गुहा, एक प्रख्यात.........थे, जिनका हाल ही में देहावसान हुआ।

(A) राजनीतिज्ञ (B) खिलाड़ी

(C) लेखक (D) संगीतज्ञ **(C)**

✦ प्रसिद्ध बंगाली लेखक बुद्धदेव गुहा का निधन 29 अगस्त, 2021 को हुआ।

31. राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारत की प्रथम आकस्मिक लैन्डिंग सुविधा (हवाई-पट्टी) का उद्घाटन हाल ही में राजस्थान के किस जिले में हुआ?

(A) बीकानेर (B) उदयपुर

(C) बाड़मेर (D) जयपुर **(C)**

✦ केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केन्द्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राजस्थान के बाड़मेर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर आपातकालीन लैंडिंग सुविधा का उद्घाटन किया।

✦ इस आपातकालीन लैंडिंग सुविधा का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) 925A के सट्टा-गंधव खंड पर किया गया है।

✦ यह पहला अवसर है जब भारतीय वायुसेना के विमान की आपात लैंडिंग के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-925) का इस्तेमाल किया जाएगा।

32. प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में ब्रिक्स सम्मेलन-2021 की परोक्ष रूप से (वर्चुअली) अध्यक्षता की। यह सम्मेलन वार्षिक कार्यक्रम का कौनसा संस्करण था?

(A) 12 (B) 13

(C) 15 (D) 11 **(B)**

✦ 9 सितम्बर, 2021 को प्रधानमंत्री ने वर्चुअल रूप से आयोजित 13वें ब्रिक्स वार्षिक शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की।

✦ इस वर्ष ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का विषय 'ब्रिक्स@15: निरंतरता, समेकन और आम सहमति हेतु ब्रिक्स के बीच सहयोग' था।

33. मरियप्पन थंगवेलू और शरद कुमार, जिन्होंने टोक्यो पैरालम्पिक्स में पदक जीते थे, किस खेल से सम्बन्धित हैं?

(A) ऊँची कूद (हाई जम्प) (B) भाला फेंक (जैवलिन थ्रो)
(C) निशानेबाजी (D) इनमें से कोई नहीं **(A)**

✦ मरियप्पन थंगावेलु और शरद कुमार ने टोक्यो पैरालम्पिक खेलों में पुरुषों की ऊँची कूद टी63 स्पर्द्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।

✦ मरियप्पन ने 1.86 मीटर तथा शरद कुमार ने 1.83 मीटर की कूद लगाई।

## पटवार भर्ती परीक्षा-2021 (24.10.21-द्वितीय पारी)

34. फिल्म-फेयर पुरस्कार 2021 में किसने सहायक भूमिका में श्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता?

(A) फारोख जफर (B) तापसी पन्नू
(C) तिलोतमा शोम (D) आलिया फर्निचरवाला **(A)**

✦ 66वें फिल्मफेयर पुरस्कार के तहत् सहायक भूमिका में श्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार फारोख जफर को फिल्म 'गुलाबो सिताबो' में फातिमा बेगम की भूमिका के लिए मिला, जबकि सहायक भूमिका में श्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार सेफ अली खान को फिल्म 'तान्हाजी' के लिए प्राप्त हुआ।

35. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा खुदरा निवेशकों के लिए कौनसी योजना शुरू की गई जिसके द्वारा वे प्राथमिक एवं द्वितीय दोनों प्रकार की सरकारी प्रतिभूतियों G-secs को सीधे खरीद और बेच सकते हैं?

(A) आर.बी.आई. रिटेल डायरेक्ट स्कीम
(B) जी-सेक ऑन सेल स्कीम
(C) आर.बी.आई. इन्वेस्ट
(D) इनमें से कोई नहीं **(A)**

✦ भारतीय रिज़र्व बैंक ने 'आरबीआई रिटेल डायरेक्ट' योजना की घोषणा जुलाई, 2021 में की है।

✦ इस योजना के तहत् व्यक्तिगत खुदरा निवेशकों को भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ 'खुदरा प्रत्यक्ष गिल्ट खाता' (RDG Account) खोलने और उसे नियंत्रित करने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

36. भारत की प्रथम भू-तापीय विद्युत परियोजना........में स्थापित की जाएगी।

(A) हिमाचल प्रदेश (B) लद्दाख
(C) जम्मू एवं कश्मीर (D) इनमें से कोई नहीं **(B)**

✦ भारत की पहली भू-तापीय विद्युत (Geothermal energy) परियोजना पूर्वी लद्दाख के पुगा गाँव में स्थापित की जाएगी।

37. मोदी सरकार में निम्न में से कौन वर्तमान में केन्द्रीय सूचना एव प्रसारण मंत्री हैं?

(A) अनुराग सिंह ठाकुर (B) नरेन्द्र सिंह तोमर
(C) निर्मला सीतारमण (D) इनमें से कोई नहीं **(A)**

✦ वर्तमान में (7 जुलाई, 2021 से) अनुराग सिंह ठाकुर केन्द्र सरकार में सूचना एवं प्रसारण मंत्री हैं और वह हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) से भारतीय जनता पार्टी के सांसद हैं।

38. वह सर्वप्रथम आई.ए.एस. अधिकारी कौन है, जिसने पैरालम्पिक पदक जीता?

(A) सुमित अंतिल (B) सुहास यथिराज
(C) देवेन्द्र झाझड़िया (D) कृष्णा नागर **(B)**

✦ भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुहास यथिराज ने टोक्यो पैरालम्पिक-2020 में बैडमिंटन पुरुष एकल SL4 प्रतिस्पर्द्धा में रजत पदक जीता था।

✦ सुहास उत्तर प्रदेश कैडर के 2007 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

39. भारत के किस शहर को 'नर्मदापुरम' पुनर्नामित किया गया?

(A) भरुच (B) होशंगाबाद
(C) जबलपुर (D) नरसिंहपुर **(B)**

✦ मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने होशंगाबाद का नाम नर्मदापुरम किए जाने की घोषणा की है।

✦ मार्च 2021 में मध्य प्रदेश विधानसभा में इस सम्बन्ध में अशासकीय संकल्प पेश किया गया, जिसे सर्वसम्मति से मंजूरी मिल गई।

40. भारत की प्रथम हवाई टैक्सी सेवाएँ कहाँ से शुरू की गई थीं?

(A) हैदराबाद (B) चण्डीगढ़
(C) कोलकाता (D) इनमें से कोई नहीं **(B)**

✦ हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने केन्द्र सरकार की उड़ान योजना के तहत् चण्डीगढ़ से हिसार तक चण्डीगढ़ हवाई अड्डे से हवाई टैक्सी सेवाओं का उद्घाटन 14 जनवरी, 2021 को किया।

41. भारत का प्रथम देशी विकसित डी.एन.ए. प्लाज्मिड टीका है?

(A) जायकोव-डी (B) कोवैक्सीन
(C) कोवीशील्ड (D) इनमें से कोई नहीं **(A)**

✦ अहमदाबाद स्थित फार्मास्युटिकल प्रमुख कम्पनी जायडस कैडिला की 'जायकोव-डी' विश्व की पहली डीएनए आधारित वैक्सीन है।

✦ जायकोव-डी 12 से 18 वर्ष के आयु वर्ग में तीन खुराक में दी जाती है।

42. ''बुलेट्स ओवर बॉम्बे : सत्या एण्ड दि हिन्दी फिल्म गैंगस्टर'' शीर्षक वाली नई पुस्तक निम्न में से किसने लिखी है?

(A) विशाल भारद्वाज (B) गोपाल वर्मा
(C) अनुराग कश्यप (D) उदय भाटिया **(D)**

✦ उदय भाटिया द्वारा लिखित एक नई पुस्तक का शीर्षक 'बुलेट्स ओवर बॉम्बे: सत्या एण्ड द हिंदी फिल्म गैंगस्टर' है।

✦ पुस्तक राम गोपाल वर्मा, अनुराग कश्यप, मनोज वाजपेयी, विशाल भारद्वाज और सौरभ शुक्ला से सम्बन्धित है।

43. भारत का प्रथम समुद्री गाय संरक्षण रिजर्व स्थापित करने वाला प्रथम राज्य कौनसा है?

(A) केरल (B) ओडिशा
(C) तमिलनाडु (D) इनमें से कोई नहीं **(C)**

✦ तमिलनाडु राज्य सरकार ने पाल्क खाड़ी के उत्तरी भाग में समुद्री गाय (Sea Cow) के संरक्षण के लिए भारत का पहला 'डुगोंग संरक्षण रिजर्व' स्थापित करने की घोषणा की है। डुगोंग को आमतौर पर समुद्री गाय के रूप में जाना जाता है।

✦ सी काऊ (समुद्री गाय) एक लुप्तप्राय समुद्री स्तनपायी है।

# कौन, क्या है? WHO'S WHO

| | |
|---|---|
| राष्ट्रपति | श्री रामनाथ कोविंद |
| उपराष्ट्रपति | श्री एम. वेंकैया नायडू |
| प्रधानमंत्री | श्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी |
| मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय | न्यायमूर्ति नूतलपति वेंकटरमण |
| भारत के महान्यायवादी | के.के. वेणुगोपाल |
| भारत के सॉलीसिटर जनरल | तुषार मेहता |
| लोकपाल (देश के पहले लोकपाल) | न्यायमूर्ति पी.सी. घोष |
| सर्वोच्च सेनापति | राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद |
| (पहले) चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) | जनरल विपिन रावत |
| थल सेनाध्यक्ष | जनरल मनोज मुकुंद नरवणे |
| नौ सेनाध्यक्ष | एडमिरल करमबीर सिंह |
| वायु सेनाध्यक्ष | एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी |
| सभापति, राज्य सभा | एम. वेंकैया नायडू |
| उप सभापति, राज्य सभा | हरबंस नारायण सिंह |
| महासचिव, राज्य सभा | देश दीपक वर्मा |
| नेता सत्तापक्ष, राज्य सभा | पीयूष गोयल |
| नेता विपक्ष, राज्य सभा | मल्लिकार्जुन खड़गे |
| लोकसभाध्यक्ष | ओम बिड़ला |
| महासचिव, लोक सभा | उत्पल कुमार सिंह |
| नेता सत्तापक्ष, लोक सभा | नरेन्द्र मोदी |
| नेता कांग्रेस, लोक सभा | अधीर रंजन चौधरी |
| भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक | गिरीश चन्द्र मुर्मु |
| मुख्य चुनाव आयुक्त | सुशील चन्द्र |
| आयुक्त, निर्वाचन आयोग | राजीव कुमार, अनूप चन्द्र पाण्डेय |
| राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार | अजित डोभाल |
| मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार, भारत सरकार | के. विजय राघवन |
| सलाहकार, प्रधानमंत्री | अमित खरे, भास्कर खुल्बे |
| कार्यवाहक, मुख्य सतर्कता आयुक्त | सुरेश एन. पटेल |
| अध्यक्ष, नीति आयोग | प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी |
| उपाध्यक्ष, नीति आयोग | डॉ. राजीव कुमार |
| सीईओ, नीति आयोग | अमिताभ कांत |
| अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग | प्रदीप कुमार जोशी |
| अध्यक्ष, कर्मचारी चयन आयोग | दीप्ति उमाशंकर |
| अध्यक्ष, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग | भगवान लाल साहनी |
| अध्यक्षा, राष्ट्रीय महिला आयोग | रेखा शर्मा |
| अध्यक्ष, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण | प्रियांक कानूनगो |
| अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग | प्रो. धीरेन्द्र पाल सिंह |
| अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निपटान आयोग | जस्टिस आर.के. अग्रवाल |
| अध्यक्ष, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग | इकबाल सिंह लालपुरा |
| उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग | आतिफ रशीद |
| अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग | विजय सांपला |
| अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग | हर्ष चौहान |
| अध्यक्ष, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग | जस्टिस अरुण कुमार मिश्रा |
| अध्यक्ष, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान परिषद (ISRO) | के. सिवान |
| चेयरमैन, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) | जी. सतीश रेड्डी |

## राज्यों का प्रशासन

| प्रदेश | राज्यपाल | मुख्यमंत्री |
|---|---|---|
| आन्ध्र प्रदेश | बिस्व भूषण हरिचंद्रन | जगनमोहन रेड्डी |
| अरुणाचल प्रदेश | ब्रिगेडियर (सेवा.) बी.डी. मिश्रा | पेमा खांडू |
| असम | जगदीश मुखी | हेमन्त बिस्वा शर्मा |
| बिहार | फागू चौहान | नीतीश कुमार |
| छत्तीसगढ़ | सुश्री अनुसुइया उइके | भूपेश बघेल |
| गोवा | पी.एस. श्रीधरन पिल्लई | प्रमोद सावंत |
| गुजरात | आचार्य देवव्रत | भूपेन्द्रभाई पटेल |
| हरियाणा | बंडारू दत्तात्रेय | मनोहरलाल खट्टर |
| हिमाचल प्रदेश | राजेन्द्र विश्वनाथ अरलेकर | जयराम ठाकुर |
| झारखण्ड | रमेश बैस | हेमन्त सोरेन |
| कर्नाटक | थावरचंद गहलोत | बासावराज सोमप्पा बोम्मई |
| केरल | आरिफ मोहम्मद खान | पिनाराई विजयन |
| मध्य प्रदेश | मंगुभाई सी पटेल | शिवराज सिंह चौहान |
| महाराष्ट्र | भगत सिंह कोश्यारी | उद्धव बालासाहेब ठाकरे |
| मणिपुर | एल. गणेशन | एन. बीरेन सिंह |
| मेघालय | सत्यपाल मलिक | कॉनराड कोंगकल संगमा |
| मिजोरम | हरि बाबू कंभमपति | पी. जोरमथंगा |
| नगालैण्ड | जगदीश मुखी | निफ्यू रियो |
| ओडीशा | प्रो. गणेशीलाल | नवीन पटनायक |
| पंजाब | बनवारी लाल पुरोहित | चरणजीत सिंह चन्नी |
| राजस्थान | कलराज मिश्र | अशोक गहलोत |
| सिक्किम | गंगा प्रसाद | प्रेमसिंह तमांग |
| तमिलनाडु | आर.एन. दवे | थिरू एम. के. स्टालिन |
| तेलंगाना | तमिलसाई सुंदरराजन | के. चन्द्रशेखर राव |
| त्रिपुरा | सत्यदेव नारायण आर्य | बिप्लव कुमार देव |
| उत्तर प्रदेश | श्रीमती आनंदी बेन पटेल | योगी आदित्यनाथ |
| उत्तराखण्ड | ले. जन. गुरमीत सिंह | पुष्कर सिंह धामी |
| पश्चिम बंगाल | जगदीप धनखड़ | ममता बनर्जी |
| **केन्द्रशासित प्रदेश** | **उपराज्यपाल/प्रशासक** | **मुख्यमंत्री** |
| अण्डमान एवं निकोबार | एडमिरल (सेवा.) डी.के जोशी (उपराज्यपाल) | – |
| दिल्ली | अनिल बैजल (उपराज्यपाल) | अरविन्द केजरीवाल |
| जम्मू-कश्मीर | मनोज सिन्हा (उपराज्यपाल) | – |
| लद्दाख | राधाकृष्ण माथुर (उपराज्यपाल) | |
| पुडुचेरी | श्रीमती टी. सुन्दरराजन (उपराज्यपाल) | एन. रंगास्वामी |
| चण्डीगढ़ | बनवारी लाल पुरोहित (प्रशासक) | – |
| दादर एवं नगर हवेली एवं दमन व दियु | प्रफुल्ल खोडा पटेल (प्रशासक) | – |
| लक्षद्वीप | प्रफुल्ल खोडा पटेल (प्रशासक) | – |

# नवीनतम वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) द्वारा उत्सर्जन गैप रिपोर्ट 2021 का संस्करण किस शीर्षक से 26 अक्टूबर, 2021 को जारी किया गया?
(A) द हीट इज ऑन (B) लेट डाउन द हीट
(C) कम टुगेदर टू सेव अर्थ (D) वेनिशिंग अर्थ
2. किस कैरेबियाई देश ने गणतांत्रिक देश बनने से पहले डेम सैंड्रा मेसन को अपनी पहली राष्ट्रपति 20 अक्टूबर, 2021 को चुना?
(A) क्यूबा (B) बारबाडोस
(C) प्यूर्टो रिको (D) सूरीनाम
3. 'मर्सर सीएफए इंस्टीट्यूट वैश्विक पेंशन सूचकांक 2021' (19 अक्टूबर, 2021 को जारी) में भारत विश्वभर में 43 पेंशन प्रणालियों में कौनसे स्थान पर रहा है?
(A) 38वें (B) 39वें
(C) 40वें (D) 41वें
4. 'स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)' के तहत् एक लाख से कम जनसंख्या वाले शहरों में केन्द्र और राज्यों के बीच फण्ड की साझेदारी क्रमशः किस प्रकार से तय की गई है?
(A) 100:00 (B) 50:50
(C) 80:20 (D) 75:25
5. डाक विभाग प्रति वर्ष अक्टूबर माह में राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाता है, इस संदर्भ में सही कथन नहीं है?
(A) राष्ट्रीय डाक सप्ताह की शुरुआत विश्व डाक दिवस (9 अक्टूबर) से होती है।
(B) 12 अक्टूबर 2021 को पीएलआई दिवस के रूप में मनाया गया।
(C) डाक विभाग द्वारा डाक जीवन बीमा (पीएलआई) वर्ष 1884 में शुरू की गई।
(D) ग्रामीण डाक जीवन बीमा (आरपीएलआई) की शुरुआत वर्ष 1989 में की गई।
6. अन्तर्राष्ट्रीय मैच में सर्वाधिक बार हैट्रिक गोल करने वाले पुर्तगाली फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 12 अक्टूबर, 2021 तक कितनी बार हैट्रिक (अन्तर्राष्ट्रीय मैच में) लगाई हैं?
(A) 10 बार (B) 11 बार
(C) 12 बार (D) 13 बार
7. सिटजेस (स्पेन) में 26 सितम्बर से 3 अक्टूबर, 2021 को सम्पन्न 'फिडे विश्व महिला टीम चैम्पियनशिप 2021' के फाइनल मुकाबले में रूस ने किस देश को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता?
(A) कजाखस्तान (B) भारत
(C) जापान (D) चीन
8. एलेक्जेंडर शेलेनबर्ग को किस देश के चांसलर (सेबेस्टियन कुर्ज के इस्तीफे के बाद) के रूप में 11 अक्टूबर, 2021 को चुना गया?
(A) ऑस्ट्रिया (B) डेनमार्क
(C) स्वीडन (D) एस्टोनिया
9. संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन कॉप-15 में चीन के राष्ट्रपति द्वारा कितनी राशि के 'जैव विविधता कोष की घोषणा' अक्टूबर, 2021 को की गई?
(A) 23.3 करोड़ डॉलर (B) 30.3 करोड़ डॉलर
(C) 35.3 करोड़ डॉलर (D) 40.3 करोड़ डॉलर
10. 'संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम' और 'ऑक्सफोर्ड गरीबी और मानव विकास पहल' द्वारा जारी 'वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2021 रिपोर्ट' के अनुसार कितने लोग बहुआयामी गरीब हैं?
(A) 2.5 मिलियन (B) 3.3 मिलियन
(C) 1.3 बिलियन (D) 2.3 बिलियन
11. भारत ने किस देश के साथ अपने 2030 रोडमैप के तहत् 'बिजली और स्वच्छ परिवहन, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित वित्त और हरित ऊर्जा अनुसंधान पर फॉरवर्ड एक्शन प्लान' पर समझौता किया है?
(A) यूएसए (B) यूनाइटेड किंगडम
(C) स्वीडन (D) आस्ट्रेलिया
12. आयुध निर्माणी बोर्ड (Ordnance Factory Board -OFB) की कितनी नई रक्षा कम्पनियों को 15 अक्टूबर 2021 को राष्ट्र को समर्पित किया गया?
(A) 5 (B) 6
(C) 7 (D) 8
13. किस पूर्व उच्च शिक्षा सचिव को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सलाहकार के रूप में 12 अक्टूबर, 2021 को नियुक्त किया गया है?
(A) दिवाकर पाण्डे (B) कैलाश अग्रवाल
(C) आशुतोष गायकवाड़ (D) अमित खरे
14. 'हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2021' में भारत की रैंक पिछले वर्ष से छह स्थान फिसलकर किस स्थान पर पहँच गई है?
(A) 85वें (B) 88वें
(C) 90वें (D) 92वें
15. रूस ने पहली बार परमाणु पनडुब्बी से हाइपरसोनिक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण अक्टूबर 2021 में किया। इसका नाम है–
(A) टार्जन (B) गेलेक्सी-1
(C) हार्पून- 1 (D) जिरकॉन
16. उपन्यासकार अब्दुलरजाक गुरनाह किस देश से सम्बन्धित हैं, जिन्हें 'द स्वीडिश एकेडमी' द्वारा वर्ष 2021 के लिए साहित्य के क्षेत्र का नोबेल पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा 7 अक्टूबर, 2021 को की गई?
(A) मंगोलिया (B) तंजानिया
(C) दक्षिण अफ्रीका (D) मिस्र
17. ईरान ने अपने विशाल केन्द्रीय रेगिस्तान में आयोजित दो दिवसीय वायु रक्षा अभ्यास (12-13 अक्टूबर, 2021) को क्या नाम दिया था?
(A) वेलायत (B) खारगोन
(C) दस्तलुक-13 (D) डेलिमा-13
18. वर्ष 1984 बैच के भारतीय आयुध निर्माणी सेवा के किस अधिकारी ने आयुध निदेशालय (समन्वय एवं सेवाएँ) के पहले महानिदेशक के रूप में पद्भार 30 सितम्बर, 2021 को ग्रहण किया?
(A) ई.आर. शेख (B) मोहम्मद मंसूर हुसैन
(C) के एस अहमद (D) वसीम अहमद भट

**उत्तरमाला**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. (A) | 2. (B) | 3. (C) | 4. (B) | 5. (D) | 6. (A) |
| 7. (B) | 8. (A) | 9. (A) | 10. (C) | 11. (B) | 12. (C) |
| 13. (D) | 14. (C) | 15. (D) | 16. (B) | 17. (A) | 18. (A) |